सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

मंगलवार, 10 फरवरी, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 40, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com



## सेंसेक्स में 485 अंकों की उछाल

शेयर बाजार में लगातार दूसरे कारोबारी सत्र में तेजी जारी रही। इस दौरान सेंसेक्स 485 .35 अंक बढ़कर 84,065 .75 अंक पर बंद हुआ। } 14

## 31 मार्च तक खत्म हो जायेगी नक्सलवाद की समस्या

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने छत्तीसगढ़ में बस्तर पंडुम 2026 सांस्कृतिक कार्यक्रम के समापन अवसर पर एक बार फिर दोहराया कि देश से नक्सलवाद 31 मार्च तक पूरी तरह खत्म हो जायेगा। } 16

## टी-20 वर्ल्ड कप : भारत-पाक में होगा मुकाबला!

### पीएम शाहबाज शरीफ 24 घंटे में लेंगे अंतिम निर्णय

एजेंसी




नई दिल्ली/लाहौर। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के प्रमुख मोहसिन नकवी ने सोमवार को कहा कि भारत के खिलाफ टी20 विश्व कप मैच के बहिष्कार पर अंतिम फैसला अगले 24 घंटे में आ जायेगा। उन्होंने यह भी कहा कि बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष अमीनुल इस्लाम बुलबुल के साथ आईसीसी से लगातार बातचीत की जा रही है।

यहां एक प्रेस कांफ्रेंस में नकवी ने कहा कि पीसीबी आईसीसी और बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड से कुछ मसलों पर जवाब का इंतजार कर रहा है। भारत के खिलाफ मैच 15 फरवरी को कोलंबो में होना है। नकवी ने पत्रकारों से कहा हमने उनसे बात की है। मेरे लिये अभी कोई टिप्पणी करना सही नहीं होगा। हमें उनका जवाब मिल जाने के बाद हम फैसला करेंगे। हम आईसीसी का जवाब मिलने के बाद प्रधानमंत्री (शाहबाज शरीफ) के पास सलाह के लिये फिर जायेंगे। उन्होंने कहा कल या परसों घोषणा की जा सकती है। उन्होंने कहा हम अपने मेहमानों का सम्मान करते हैं और आईसीसी हमारे घर आई है तो हमने उन्हें पूरा सम्मान दिया। इस समय मैं ज्यादा कुछ नहीं कह सकता क्योंकि आईसीसी और बांग्लादेश के बीच बातचीत जारी है। बांग्लादेश सही था तो हमें उसका साथ देना ही था। सुरक्षा कारणों से भारत में खेलने से इनकार पर बांग्लादेश को टूर्नामेंट से बाहर कर दिया गया था। नकवी ने इन अटकलों को ...शेष 14 पृष्ठ पर

## प्रौद्योगिकी का गुलाम न बनें, मार्गदर्शन के लिए करें एआई का इस्तेमाल

### प्रधानमंत्री मोदी के वार्षिक परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के नौवें संस्करण में छात्रों को दी सलाह

एजेंसी



नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को छात्रों को सलाह दी कि वे प्रौद्योगिकी को उन्हें गुलाम नहीं बनाने दें और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का उपयोग मार्गदर्शन और अपने काम में बेहतरी लाने के लिए किया जाना चाहिए, न कि सीखने के विकल्प के रूप में।

प्रधानमंत्री के वार्षिक परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के नौवें संस्करण की दूसरी कड़ी में, मोदी ने कहा कि मोबाइल फोन उन कुछ बच्चों के मालिक बन गए हैं, जो उनके या टेलीविजन स्क्रीन के बिना खाना भी नहीं खा सकते। उन्होंने कोयंबटूर, रायपुर, गुवाहाटी और गुजरात के विद्यार्थियों से हुई बातचीत में कहा हर युग में नयी प्रौद्योगिकियों, चाहे कंप्यूटर हों या मोबाइल फोन, को लेकर चिंताएं रही हैं। लेकिन यह डर बेवजह है। आपको यह दृढ़ संकल्प लेना होगा कि हम प्रौद्योगिकी के गुलाम नहीं बनेंगे। प्रधानमंत्री ने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे एआई जैसी उभरती प्रौद्योगिकियों से न डरें, बल्कि उनका उपयोग अपने कौशल को निखारने के लिए करें। उन्होंने कहा हमें एआई या मोबाइल फोन को अपना मालिक नहीं बनने देना चाहिए, कुछ बच्चे स्मार्टफोन देखे बिना खाना नहीं खाते। हमें प्रौद्योगिकी को समझना होगा, खुद का विस्तार करना होगा, उसमें उस प्रौद्योगिकी की ताकत को जोड़ना होगा, जो हमारे कामों में वैल्यू एडिशन करें। मोदी ने कहा कि काम का स्वरूप हमेशा बदलता रहेगा, जैसे परिवहन बैलगाड़ियों से हवाई जहाजों में परिवर्तित हुआ, लेकिन जीवन चलता रहा। उन्होंने कहा कितनी ही उत्तम से उत्तम प्रौद्योगिकी क्यों ना आए, हमारे लिए उपयोगी ही होने वाली है, हमें डरने की जरूरत नहीं है।

प्रधानमंत्री ने विद्यार्थियों से परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए पिछले वर्षों के प्रश्न पत्रों का अभ्यास करने और पर्याप्त नींद लेने का भी आग्रह किया। मोदी ने कहा परीक्षाओं की अच्छी तैयारी करने के बाद आपको कभी तनाव महसूस नहीं होगा। रात में अच्छी नींद लेने से आप दिन भर खुश रहेंगे। उन्होंने अभिभावकों को सलाह दी कि वे अपने बच्चों की तुलना दूसरों से न करें। उनसे जब पूछा गया कि भावी नेताओं से वह किन गुणों की अपेक्षा रखते हैं, ...शेष 14 पृष्ठ पर

## संक्षेप

### लैंबॉर्गिनी कार की टक्कर से छह घायल

कानपुर। कानपुर में कथित तौर पर एक तंबाकू कारोबारी के बेटे द्वारा चलाई जा रही तेज रफ्तार लैंबॉर्गिनी कार ने राहगीरों को टक्कर मार दी जिससे छह लोग घायल हो गए। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि सोमवार को इस मामले में एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। शहर के पॉश इलाके ग्वालटोली की वीआईपी रोड पर रविवार को हुई इस भयावह घटना को याद करते हुए चशमदीदों ने बताया कि कार ने पहले एक ऑटो-रिक्शा को टक्कर मारी और फिर सड़क किनारे खड़ी मोटरसाइकिल से जा टकराई, जिससे मोटरसाइकिल सवार करीब 10 फुट तक हवा में उछल गया। उन्होंने बताया कि कार मोटरसाइकिल के अगले पहिये पर चढ़ गई और उसे कुछ दूर तक घसीटती हुई ले गई, इसके बाद वह एक बिजली के खंभे से टकराकर रुक गई। पुलिस उपायुक्त (मध्य) अतुल कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि इस मामले में एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है।

### नर्सिंग होम में लगी आग, नवजात की मौत

कानपुर (उप्र)। कानपुर के बिठूर इलाके में एक निजी नर्सिंग होम के नवजात गहन चिकित्सा इकाई (एनआईसीयू) में एक वार्मर मशीन में कथित तौर पर आग लगने से एक नवजात बच्ची की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। इस घटना के विरोध में बच्ची के परिजनों ने प्रदर्शन किया और चिकित्सकों पर लापरवाही का आरोप लगाया। अधिकारियों ने बताया कि ब्रह्मनगर में राजा नर्सिंग होम की सघन देखभाल इकाई और एनआईसीयू को सील कर दिया गया है तथा व्यवस्था बनाए रखने के लिए नर्सिंग होम में पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। परिवार के अनुसार बच्ची का जन्म रविवार को शाम करीब चार बजे हुआ था।

# राज्यपाल ने दिखायी यूपी के विकास की तस्वीर

### आनंदीबेन पटेल ने अभिभाषण में बतायीं कानून-व्यवस्था, कृषि, विकास और निवेश की बड़ी उपलब्धियां



विशेष संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधानमंडल के बजट सत्र के प्रथम दिन दोनों सदनों के संयुक्त अधिवेशन में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल का अभिभाषण प्रदेश की बदली हुई पहचान का स्पष्ट घोषणापत्र बनकर सामने आया। अभिभाषण में यह स्पष्ट संदेश दिया गया कि उत्तर प्रदेश अब केवल जनसंख्या के लिहाज से नहीं, बल्कि प्रदर्शन और परिणाम के आधार पर भी देश का नेतृत्व कर रहा है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश ने बीते वर्षों में बॉटलनेक स्टेट की छवि से बाहर निकलकर ब्रेकथ्रू स्टेट के रूप में सुशासन, सुदृढ़ कानून-व्यवस्था, आर्थिक सशक्तिकरण, कृषि विस्तार, महिला सशक्तिकरण, अवसंरचना विकास और व्यापक जनकल्याण के क्षेत्रों में ठोस उपलब्धियां हासिल की हैं। राज्यपाल का अभिभाषण सरकार की नीतिगत दृढ़ता, प्रशासनिक दक्षता और विकसित उत्तर प्रदेश की ओर बढ़ते आत्मविश्वासपूर्ण कदमों का तथ्यात्मक और संवैधानिक प्रस्तुतीकरण रहा। राज्यपाल ने कहा कि उत्तर प्रदेश में कानून-व्यवस्था की स्थिति आज देशभर में एक प्रभावी मानक के रूप में उभर रही है। सरकार की कठोरता और संवेदनशीलता के संतुलित दृष्टिकोण ने संगठित अपराध और माफिया तंत्र पर निर्णायक नियंत्रण स्थापित किया है। आधुनिक तकनीक के व्यापक उपयोग, पुलिस बल के सुदृढ़ीकरण, त्वरित एवं प्रभावी न्याय व्यवस्था तथा पारदर्शी प्रशासनिक प्रणालियों के माध्यम से प्रदेश में भयमुक्त और विश्वासपूर्ण वातावरण तैयार हुआ है। यही सुरक्षित परिवेश उत्तर प्रदेश को उद्योग, व्यापार, स्टार्टअप, निवेश और बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन के लिए देश के सर्वाधिक आकर्षक और भरोसेमंद राज्यों में स्थापित कर रहा है। राज्यपाल ने कहा कि प्रदेश में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति ने ठोस और निर्णायक परिणाम दिए हैं। राज्यपाल ने अवसंरचना विकास के क्षेत्र में सरकार की उपलब्धियों को रेखांकित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में संपर्क, परिवहन और लॉजिस्टिक्स को नई दिशा दी गई है। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने अपने अभिभाषण में उत्तर प्रदेश के विकास की व्यापक और तथ्यपरक तस्वीर प्रस्तुत की। उन्होंने ऊर्जा आपूर्ति से लेकर कृषि-आधारित अर्थव्यवस्था, गन्ना किसानों के भुगतान, पशुपालन, पर्यावरण संरक्षण, खनन ...शेष 14 पृष्ठ पर

### निजी क्षेत्र की भागीदारी से इको-टूरिज्म स्थलों पर विकसित हों विश्वस्तरीय सुविधाएं : सीएम

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश में इको-टूरिज्म को रोजगार सृजन, पर्यावरण संरक्षण और आर्थिक विकास का प्रमुख आधार बनाते हुए इसके लिए एक समग्र एवं समयबद्ध कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की समृद्ध जैवविविधता, वन क्षेत्रों और प्राकृतिक विरासत में इको-टूरिज्म की अपार संभावनाएं निहित हैं, जिन्हें योजनाबद्ध ढंग से धरातल ...शेष 14 पृष्ठ पर




### संवाद से समस्या के समाधान में विश्वास करती है सरकार : मुख्यमंत्री

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बजट सत्र प्रारंभ होने से पहले सोमवार को कहा कि इस बार हमारी सरकार का 10वां बजट है। सीएम योगी ने कहा कि बजट सत्र में दो महत्वपूर्ण एजेंडे होते हैं। पहला-माननीय राज्यपाल का अभिभाषण और दूसरा-सामान्य बजट। राज्यपाल का अभिभाषण सरकार की उपलब्धियों व भारी कार्ययोजना का दस्तावेज होता है, जिसे उनके द्वारा सदन के माध्यम ...शेष 14 पृष्ठ पर

## एसआईआर में किसी को बाधा डालने की अनुमति नहीं

### बंगाल सरकार ने मतदाता सूची से लोगों के नाम हटाये जाने की जतायी आशंका

एजेंसी



नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को कहा कि वह मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में किसी को भी बाधा डालने की अनुमति नहीं देगा।

प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की पीठ ने कहा कि वह इस मामले में आवश्यक आदेश या स्पष्टीकरण जारी करेगी। पीठ ने पश्चिम बंगाल में एसआईआर प्रक्रिया को लेकर दायर याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी की। इनमें राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की याचिका भी शामिल है, जिसमें एसआईआर अभ्यास के दौरान मतदाता सूची से बड़ी संख्या में लोगों के नाम हटाए जाने की आशंका जाहिर की गई है। पीठ ने कहा हम किसी को भी एसआईआर प्रक्रिया में बाधा डालने की अनुमति नहीं देंगे। राज्यों को यह बात स्पष्ट हो जानी चाहिए। शीर्ष अदालत ने निर्वाचन आयोग की ओर से दाखिल हलफनामे का संज्ञान लिया, जिसमें कुछ उपद्रवियों पर एसआईआर संबंधी नोटिस को जलाने का आरोप लगाया गया है। उसने पश्चिम बंगाल के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) को इस संबंध में हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया। निर्वाचन आयोग ने कहा कि उपद्रवियों के खिलाफ अभी तक कोई प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई है। केंद्र सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा यह संदेश जाना चाहिए कि भारत का संविधान सभी राज्यों पर लागू होता है। शीर्ष अदालत ने पश्चिम बंगाल सरकार की ओर से निर्वाचन आयोग को ग्रुप-बी के 8,505 अधिकारियों की सूची उपलब्ध कराए जाने का संज्ञान लिया। उसने कहा कि इन अधिकारियों को एसआईआर ...शेष 14 पृष्ठ पर

## दिल्ली : दो हफ्ते में 807 लापता, पुलिस को नोटिस

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने सोमवार को बताया कि उसने पुलिस आंकड़ों के हवाले से मीडिया में आई खबरों पर संज्ञान लिया है जिसके मुताबिक जनवरी के पहले पखवाड़े में राष्ट्रीय राजधानी में 807 लोग लापता हुए हैं और दिल्ली सरकार और पुलिस आयुक्त को नोटिस जारी किए हैं।

एनएचआरसी ने कहा कि यदि खबर में दी गई जानकारी सच है, तो इससे मानवाधिकारों के उल्लंघन के गंभीर मुद्दे उठते हैं। आयोग ने यहां जारी एक बयान में कहा इसलिए, दिल्ली सरकार के मुख्य सचिव और दिल्ली पुलिस आयुक्त को नोटिस जारी कर दो सप्ताह के भीतर इस मामले पर विस्तृत रिपोर्ट तलब की गई है। बयान के मुताबिक आयोग ने मीडिया में आई खबरों पर स्वतः ...शेष 14 पृष्ठ पर

## धामी ने की कुम्भ मेले की तैयारियों की समीक्षा

### कुंभ से जुड़ी सभी तैयारियां अक्टूबर तक पूरी होनी चाहिए : सीएम



प्रमुख संवाददाता

देहरादून। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को सचिवालय स्थित वीर चन्द्र सिंह गढ़वाली सभागार में कुम्भ मेला-2027, हरिद्वार की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक की। बैठक में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि कुंभ मेला से जुड़ी सभी तैयारियां अक्टूबर माह तक पूरी कर ली जाएं।

उन्होंने कहा कि मेला क्षेत्र में चल रहे सभी निर्माण कार्य समय पर पूरे हों और उनकी गुणवत्ता सर्वोच्च स्तर की हो। शासन स्तर पर कुंभ से संबंधित कोई भी फाइल या कार्य लंबित न रहे। यदि कोई कार्य लंबित पाया गया, तो संबंधित अधिकारियों को जिम्मेदार ठहराया जाएगा। सीएम ने कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता है कि कुंभ मेला भव्य, सुरक्षित और सफल तरीके से आयोजित हो। सीएम ने पीडब्ल्यूडी सचिव को अगले 24 घंटे के अंदर ...शेष 14 पृष्ठ पर



आज का मौसम

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 25.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 10.00 डिसे. |

भीतर पढ़ें

- अवैध निर्माण गिराने पहुंची एलडीए टीम (पृष्ठ-02)
- चिनहट में ध्वस्त की गयीं 02 अवैध प्लाटिंग (पृष्ठ-02)
- रुपया नौ पैसे टूटकर 90.74 प्रति डॉलर पर (पृष्ठ-14)
- नया आयकर नियम अनुपालन बोझ को करेगा कम (पृष्ठ-14)
- भारत की जीडीपी 6.4 प्रतिशत बढ़ने का अनुमान (पृष्ठ-14)

विशेष खबर

### आर्थिक तंगी की वजह से बच्चों की छूट गयी थी पढ़ाई, मुख्यमंत्री ने जनता दरबार में सुनी फरियाद, स्कूल में कराया दाखिला

## सीएम योगी ने दो बेसहारा भाइयों को पहुंचायी तत्काल मदद

विशेष संवाददाता



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को जनता दर्शन में लखीमपुर खीरी के दो बेसहारा बच्चों की आपबीती सुनी तो उन्होंने तत्काल लखीमपुर खीरी जिला प्रशासन को दोनों अनाथ बच्चों हर संभव मदद के निर्देश दिये। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश के बाद लखीमपुर खीरी जिला प्रशासन हरकत में आया गया। जनता दर्शन में आए दोनों अनाथ बच्चों के खीरी पहुंचने से पहले ही दोनों बच्चों की पढ़ाई दोबारा शुरू कराने के लिए स्कूल में दाखिला करा दिया गया। इसके साथ ही बच्चों को 50 हजार नगद के साथ खाद्यान्न व सीएसआर किट सौंपी गई। लखीमपुर खीरी की जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने बताया कि धौरहरा के सरसवा गांव के शिवांशु और अजय कुमार के माता की वर्ष 2018 में एक दुर्घटना में मृत्यु हो गयी थी जबकि पिता ने उपचार के दौरान 41 दिनों बाद दम तोड़ दिया। माता-पिता के निधन से दोनों बच्चों के समक्ष भरण-पोषण एवं शिक्षा का गंभीर संकट उत्पन्न हो गया। ऐसे में आर्थिक संसाधनों के अभाव में पढ़ाई बाधित हो गई। धौरहारा के शिवांशु और अजय ने अपने बाबा दादी के साथ सोमवार को जनता दर्शन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की और अपनी समस्या बतायी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तत्काल जिला प्रशासन को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने बताया कि दोनों बच्चों का स्पॉन्सरशिप योजना में आवेदन कराकर सक्षम स्तर से स्वीकृति प्राप्त कर ली गई है। अब दोनों बच्चों को चार-चार हजार रुपये प्रतिमाह आर्थिक सहायता मिलेगी। वहीं, पात्र गृहस्थी राशन कार्ड को अंत्योदय कार्ड में परिवर्तित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है, ताकि भरण पोषण की समस्या दोबारा सामने न आए। इसके साथ ही प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं से जोड़ने की कार्रवाई शुरू कर दी गयी है। इतना ही नहीं अजय कुमार का गांव के ही विद्यालय में कक्षा सात में प्रवेश करा दिया गया ...शेष 14 पृष्ठ पर

## मणिपुर में हिंसा, उग्रवादियों ने की आगजनी, फैला तनाव

एजेंसी

- प्रशासन ने लागू की निषेधाज्ञा, इंटनेट बंद

इंफाल। मणिपुर के उखरुल जिले में सशस्त्र उग्रवादियों ने कई मकानों में कथित तौर पर आग लगा दी। यह घटना तंगखुल नगा समुदाय के एक सदस्य पर लोगों के एक समूह द्वारा हमला किए जाने के बाद इलाके में तनाव बढ़ने के बीच हुई। अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि रविवार शाम को जिले के लिटान गांव में दो आदिवासी समूहों ने पथराव किया, जिसके कारण प्रशासन को निषेधाज्ञा लागू करनी पड़ी। उन्होंने बताया कि मध्यरात्रि के आसपास लिटान सारेइखोंग में तंगखुल नगा समुदाय के कई मकानों में कथित तौर पर कुकी उग्रवादियों द्वारा आग लगा दी गई। पास के ही एक इलाके में कुकी समुदाय के कुछ लोगों के मकानों को भी जला दिया गया। तंगखुल मणिपुर की सबसे बड़ी नगा जनजाति है। लितान सारेइखोंग कुकी बहुल गांव है।

जिले के एक अधिकारी ने कहा, नुकसान का आकलन किया जा रहा है और स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है। मुख्यमंत्री वाई खेमचंद सिंह ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में सभी समुदायों से संयम बरतने और शांति बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा आज सुबह मैंने आरआईएमएस अस्पताल का दौरा किया ...शेष 14 पृष्ठ पर

# देश कमजोर हुआ तो सनातन के समक्ष होगा अस्तित्व का संकट : योगी

## भारत ने विपत्ति में सभी का साथ दिया, कुछ लोगों ने यहां आकर गला दबाने का प्रयास किया

- वसुधैव कुटुम्बम का भाव सनातन धर्मावलंबियों के जीवन का व्रत

विशेष संवाददाता (vol)

**सीतापुर/लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को तपोधाम सतगुरु गिरधारी नाथ जी महाराज तपोधाम आश्रम में मूर्ति स्थापना दिवस व भंडारा में शामिल हुए। सीएम ने यहां फिर समाज को चेताया और कहा कि सनातन कमजोर होगा तो देश कमजोर होगा। देश कमजोर होगा तो सनातन के सामने अस्तित्व का संकट खड़ा होगा, इसलिए बांटने वालों से सावधान रहें। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में मरने और जलाए जाने वाले हिंदुओं पर सभी मौन हैं। मरने वाले दलित हिंदू हैं। धर्माचार्यों व कुछ हिंदु संगठनों को छोड़ दिया जाए तो कोई मानवाधिकार या दुनिया का संगठन उनकी वकालत करने वाला नहीं है।

पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत लंबी यात्रा के लिए खुद को तैयार कर रहा है। भारत दुनिया की बड़ी ताकत बनेगा, इसे कोई रोक नहीं सकता है। भारतवासियों का दायित्व है कि इस यात्रा में सहभागी बनें और मिलकर कार्य करें। यदि ऐसा कर सके तो वर्तमान व भावी पीढ़ी के लिए परिणाम बेहतर होगा। सीएम योगी ने कहा कि दुनिया में तमाम सभ्यता-संस्कृति समय के साथ समाप्त हो गई, लेकिन सनातन संस्कृति तमाम तूफानों को झेलते हुए आज भी गरिमा-गौरव के साथ खड़ी है और दुनिया को मैत्री, करुणा के साथ वसुधैव कुटुम्बकम का संदेश दे रही है। इसे तोड़ने के लिए अनेक प्रयास हुए। सनातन धर्मावलंबियों ने विपत्ति के समय हर किसी को शरण देकर उसे पुष्पित-पल्लवित होने का अवसर दिया, लेकिन कुछ लोगों ने शरणार्थी धर्म का निर्वहन नहीं किया, बल्कि यहां आकर हाथ की अंगुली पकड़कर गला दबाने का प्रयास किया और देश को लूटने में कसर नहीं छोड़ी।

सीएम योगी ने कहा कि सनातन धर्मावलंबियों के पास बल, वैभव व बुद्धि भी थी, लेकिन कभी दुरुपयोग नहीं किया, बल्कि इसका उपयोग मानव कल्याण के लिए किया। वसुधैव कुटुम्बम का भाव सनातन धर्मावलंबियों के जीवन का व्रत है। हमने चराचर जगत के कल्याण की बात की है। हमारे यहां पहला ग्रास गोमाता और अंतिम ग्रास कुत्ते का होता है। गाय और कुत्ते को भी हमने अपना हिस्सा प्रदान किया है। सीएम योगी ने 11 वर्ष में पीएम मोदी के नेतृत्व में बदलते भारत की प्रगति का जिक्र किया। बोले कि सभ्यता और संस्कृति के साथ समृद्धि की चिंता साथ-साथ चलती है तो परिणाम भी आते दिखाई देते हैं। भारत फिर से तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है। अमेरिका व चीन को छोड़कर शेष देश भारत से पीछे होंगे। भारत तेज गति से बढ़ रहा है तो इसका कारण है कि भारत ने अपने मूल्यों-आदर्शों को पहचाना, विरासत को पुनर्स्थापित करने के अभियान को अपने कंधे पर लिया। सीएम योगी ने कहा कि 1947 में योगीराज गिरधारी नाथ जी महाराज को पाकिस्तान के हिंगलाज देवी के धाम को छोड़कर कुरुक्षेत्र होते हुए सीतापुर आना पड़ा। इस स्थान पर उन्होंने गुफा बनाई और वर्षों तक यहां साधना की। उनके उपरांत गुरु योगीराज चरणनाथ जी महाराज ने योग आश्रम बनाया, गुफा बनाई और महीनों साधना की। बिना कुछ खाए महीनों तक साधना योग से ही संभव है।

सीएम योगी ने सीतापुर को भारत के सनातन धर्म का पौराणिक स्थल बताते हुए कहा कि सीतापुर आज भी विकास की नई बुलंदियों को छू रहा है। सीएम योगी ने कहा कि कुंभ की परंपरा भारत में हजारों वर्षों की है, लेकिन पहली बार 2019 में प्रयागराज कुंभ को पहली बार वैश्विक मान्यता तब मिली, जब पीएम मोदी ने यूनेस्को के माध्यम से इस मेले को विश्व की अमूर्त सांस्कृतिक धरोहर के रूप में मान्यता दिलाई। यह विरासत पर गौरव की अनुभूति करने वाला क्षण था। 22 जनवरी 2024 को पीएम मोदी के करकमलों से अयोध्या में प्रभु रामलला की भव्य प्रतिमा की प्राणप्रतिष्ठा हो रही थी तो हर आंखों में श्रद्धा व गौरव के आंसू थे। इस दौरान राजस्थान के विधानसभा सदस्य बालक नाथ, योगी तेजनाथ, पीर महंत हरिनाथ, महंत कृष्णनाथ, महंत सुंदरनाथ, यूपी के मंत्री राकेश राठौर ह्यगुरुह्ण, सुरेश राही, विधायक ज्ञान तिवारी, मनीष रावत, रामकृष्ण भार्गव, शशांक त्रिवेदी, निर्मल वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रद्धा सागर आदि की मौजूदगी रही।

## हर नागरिक की सेवा, सुरक्षा को प्रतिबद्ध है सरकार : सीएम

- हापुड़ से आए सैनिक ने जमीन कब्जे की शिकायत की, जांच कर कार्रवाई के निर्देश
- सीएम ने बच्चों को दी सीख- मन लगाकर पढ़ाई करो, मोबाइल से दूर रहो



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शासकीय दायित्वों की व्यस्तताओं के बीच भी सोमवार को जनता दर्शन किया। उन्होंने यहां आए प्रत्येक नागरिक से मुलाकात की और उनकी समस्याओं को सुना। हापुड़ से आए दो सैनिकों ने मुख्यमंत्री से जमीन पर कब्जे की शिकायत की। इस पर मुख्यमंत्री ने स्थानीय प्रशासन को तत्काल मामले की जांच कर उचित निस्तारण का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार 25 करोड़ प्रदेशवासियों की सेवा व सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने अपराधियों के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। सीएम ने बच्चों को सीख दी कि खूब मन लगाकर पढ़ाई करो और मोबाइल से दूर रहो।

हापुड़ से आए दो सैनिक भी जनता दर्शन में पहुंचे। एक सैनिक ने मुख्यमंत्री के समक्ष अपनी पीड़ा व्यक्त की। बताया कि वह और उनके भाई सेना में रहकर देश की सेवा कर रहे हैं। उनके पिता नेत्रहीन हैं। उनकी जमीन ताऊ के लड़कों ने कब्जा कर ली है, जिनकी आपराधिक छवि है। ताऊ के लड़के हथियार के बल पर धमकी भी देते हैं।

इस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनका प्रार्थना पत्र लेते हुए हापुड़ प्रशासन को निर्देश दिया कि पूरे मामले की तत्काल जांच कराएं और दोषियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई करें। मुख्यमंत्री के समक्ष कुछ लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की मांग लेकर भी पहुंचे। मुख्यमंत्री ने उनसे कहा कि आप हॉस्पिटल से एस्टिमेट बनवाकर दें, सरकार इलाज में हरसंभव मदद करेगी।

मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया कि आप मरीज के स्वास्थ्य की चिंता कीजिए, इलाज की चिंता सरकार की जिम्मेदारी है। इसके अतिरिक्त बिजली, नगर निगम, राजस्व आदि से जुड़े मामले भी आए, जिस पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को उचित निस्तारण का निर्देश दिया। 'जनता दर्शन' में अभिभावकों के साथ कुछ बच्चे भी पहुंचे। मुख्यमंत्री ने अभिभावकों से समस्याएं जानीं तो बच्चों का हालचाल पूछा। उनकी पढ़ाई के बारे में भी जाना। फिर कहा कि खूब मन लगाकर पढ़ाई करना और मोबाइल से दूर रहना। सीएम ने इन बच्चों पर स्नेह बरसाने के साथ उन्हें चॉकलेट भी दी।

# विकास कार्य पर्यावरणीय संतुलन के साथ हों: सीएम

- विकास की आड़ में अनावश्यक वृक्ष कटान नहीं, इको-फ्रेंडली तकनीक अपनायें
- वेटलैंड्स प्राकृतिक धरोहर, सिल्ट हटाने का कार्य तत्काल कराया जाये

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि वन्यजीव संवेदनशील क्षेत्रों में प्रस्तावित सभी विकास एवं निर्माण कार्य वैज्ञानिक मानकों, न्यूनतम पर्यावरणीय प्रभाव और विधिक प्रक्रियाओं के पूर्ण अनुपालन के साथ ही किए जाएंगे। उन्होंने कहा है कि विकास की प्रत्येक प्रक्रिया में वन्यजीवों की सुरक्षा, उनके प्राकृतिक आवागमन तथा आवासीय निरंतरता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

सोमवार को राज्य वन्यजीव परिषद की 20वीं बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि वन्यजीव क्षेत्रों से जुड़े सभी विकास प्रस्ताव संवेदनशीलता और दूरदर्शिता के साथ तैयार किए जाएं। प्रस्ताव भेजते समय संबंधित विभाग पर्यावरणीय जोखिम, जैव-विविधता पर संभावित प्रभाव, वन्यजीव मूवमेंट, वैकल्पिक मार्गों और आधुनिक तकनीकी समाधानों का विस्तृत एवं वैज्ञानिक विश्लेषण अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करें, ताकि विकास और पर्यावरण संरक्षण के बीच संतुलित एवं टिकाऊ दृष्टिकोण सुनिश्चित किया जा सके।

बैठक में विभिन्न वन्य जीव क्षेत्रों में विकास की विभिन्न परियोजनाओं पर निर्णय भी हुआ। परिषद के समक्ष कुल 12 नए प्रस्ताव प्रस्तुत किए गए, जिनमें सड़क चौड़ीकरण, पेट्रोल पंप एवं फ्यूल स्टेशन स्थापना, ट्यूबवेल प्रेशर प्रणाली, भूमिगत पाइपलाइन, मोबाइल टावर, ऑप्टिकल फाइबर केबल तथा संपर्क मार्ग निर्माण जैसी विभिन्न परियोजनाएं शामिल हैं। ये प्रस्ताव इटावा, गोंडा, पीलीभीत, बरेली, बांदा सहित विभिन्न जनपदों के वन्यजीव संवेदनशील क्षेत्रों तथा इको-सेंसिटिव जोन से संबद्ध हैं। बैठक में परियोजनाओं पर सहमति प्रदान की गई।

मुख्यमंत्री ने वृक्ष कटाई से संबंधित प्रस्तावों पर विशेषज्ञों की राय लेते हुए निर्देश दिए कि किसी भी परियोजना में अनावश्यक वृक्ष कटान की अनुमति न दी जाए। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि वृक्षों की कटाई केवल अपरिहार्य परिस्थितियों में ही की जाए और विकास की आड़ में पर्यावरण को क्षति न पहुँचे। जहां विकल्प उपलब्ध हों, वहां ट्रेंचलेस टेक्नोलॉजी, एलिवेटेड स्ट्रक्चर तथा इको-फ्रेंडली तकनीकों को प्राथमिकता दी जाए। कहा कि विकास परियोजनाओं की गति और वन्यजीव संरक्षण, दोनों राज्य सरकार की प्राथमिकताएं हैं और उत्तर प्रदेश सरकार संतुलित, वैज्ञानिक तथा दूरदर्शी नीति के साथ इन दोनों उद्देश्यों को साथ लेकर आगे बढ़ेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कुछ वेटलैंड्स में सिल्ट जमा होने की जानकारी उनके संज्ञान में आई है, जिसका तत्काल निराकरण कराया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि यह कार्य विकसित भारत-जी राम जी अभियान के अंतर्गत कराया जा सकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वेटलैंड्स प्राकृतिक धरोहर हैं और प्रत्येक दशा में उनका संरक्षण किया जाना चाहिए।

## स्वस्थ दिनचर्या हर नागरिक का अधिकार: योगी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बजट सत्र की शुरूआत से पहले विधान भवन में स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन किया। यह शिविर विधानसभा व विधान परिषद के सदस्यों के लिए लगाया गया है। इसमें केजीएमयू के चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा है। शिविर के उद्घाटन अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष, उप मुख्यमंत्री, मंत्रियों व जनप्रतिनिधियों के स्वास्थ्य का परीक्षण भी किया गया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बजट सत्र के दौरान उत्तर प्रदेश विधानमंडल के सभी सदस्यों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग की ओर से यह शिविर लगाया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वस्थ दिनचर्या हर नागरिक का अधिकार होनी चाहिए। सरकार भी पूरी प्रतिबद्धता के साथ इस पर काम कर रही है। सीएम ने सदस्यों को तमाम उतार-चढ़ाव के बावजूद स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने की सलाह दी।

नेता विकास, डॉक्टर स्वास्थ्य और जो जिस क्षेत्र का विशेषज्ञ है, उस विषय की बातें करेगा तो इसका प्रभाव आमजन पर पड़ेगा। सीएम ने सभी सदस्यों से इस सुविधा का लाभ लेने की अपील की। इस दौरान उप मुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक, विस अध्यक्ष सतीश महाना, विधान परिषद के सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना, स्वतंत्र देव सिंह, राकेश सचान, उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह, राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह, बलदेव सिंह औलख, केजीएमयू की कुलपति प्रो. सोनिया नित्यानंद आदि मौजूद रहे।

## आठ साल में दोगुने से ज्यादा बढ़ी अर्थव्यवस्था



- 2024-25 में 30.25 लाख करोड़ के पार पहुंची अर्थव्यवस्था, इस साल 36 लाख करोड़ तक पहुंचेगी इकानॉमी
- बजट से पहले विधानमंडल में पहली बार प्रस्तुत की गई प्रदेश की आर्थिक समीक्षा

**लखनऊ।** वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने सोमवार को विधानमंडल के बजट सत्र के पहले दिन उत्तर प्रदेश की पहली आर्थिक समीक्षा सदन के पटल पर प्रस्तुत की। समीक्षा में प्रदेश की अर्थव्यवस्था, निवेश, प्रति व्यक्ति आय, राजकोषीय स्थिति और क्षेत्रीय योगदान को विस्तार से सामने रखा गया है। वित्त मंत्री ने बताया कि उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था ने बीते आठ वर्षों में ऐतिहासिक विस्तार किया है। वर्ष 2016-17 में 13.30 लाख करोड़ रुपये की अर्थव्यवस्था, वर्ष 2024-25 में बढ़कर 30.25 लाख करोड़ रुरपये पार कर चुकी है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में इसके 36 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचने का अनुमान है। यह वृद्धि उत्तर प्रदेश को देश की सबसे बड़ी राज्य अर्थव्यवस्थाओं में मजबूती से स्थापित करती है।

वित्त मंत्री ने सदन में कहा कि आज हम सब एक ऐतिहासिक पल के साक्षी बन रहे हैं, जब उत्तर प्रदेश भी भारत सरकार की तरह अपनी आर्थिक समीक्षा पहली बार सदन के समक्ष प्रस्तुत कर रहा है। प्रदेश की आर्थिक समीक्षा केवल आंकड़ों का संकलन नहीं, बल्कि राज्य की प्रगति, जनता की आकांक्षाओं और भविष्य की संभावनाओं का जीवंत दस्तावेज है। भारत की सांस्कृतिक धरोहर और ऐतिहासिक गौरव का प्रतीक, उत्तर प्रदेश आज नई आर्थिक दृष्टि और ऊर्जा के साथ अपने लक्ष्यों की ओर अग्रसर है। प्रदेश की अर्थव्यवस्था 25 करोड से अधिक नागरिकों की आकांक्षाओं का प्रतिबिंब है, जो इसे कृषि उत्पादन, औद्योगिक विकास और तकनीकी नवाचार का प्रमुख केंद्र बना रहा है। वित्त मंत्री ने कहा कि एक समय निवेशकों की प्राथमिकता सूची में न रहने वाला उत्तर प्रदेश अब औद्योगिक निवेश का प्रमुख केंद्र बन चुका है।

पारदर्शी नीतियों, समयबद्ध स्वीकृतियों और ट्रिपल एस (सेफ्टी, स्टेबिलिटी और स्पीड) की गारंटी के चलते प्रदेश को अब तक 50 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। यह निवेश वातावरण में आए निर्णायक बदलाव को दशार्ता है। आर्थिक समीक्षा के अनुसार, राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में उत्तर प्रदेश का योगदान वर्ष 2016-17 के 8.6 प्रतिशत से बढ़कर वर्ष 2024झ्र25 में 9.1 प्रतिशत तक पहुंच गया है। यह वृद्धि प्रदेश की आर्थिक मजबूती और राष्ट्रीय विकास में बढ़ती भूमिका को रेखांकित करती है। समीक्षा में बताया गया कि स्वतंत्रता के बाद पहली बार उत्तर प्रदेश ने प्रति व्यक्ति आय में गिरावट के लंबे रुझान को पलटा है। वर्ष 2016-17 में 54,564 रुपये रही प्रति व्यक्ति आय (प्रति व्यक्ति निवल उत्पाद) वर्ष 2024-25 में बढ़कर 1,09,844 रुपये हो गई है। वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए इसके 1,20,000 रुपये तक पहुंचने का अनुमान लगाया गया है। राष्ट्रीय औसत की तुलना में भी प्रति व्यक्ति आय अनुपात में सुधार दर्ज किया गया है। 2014-15 में यह राष्ट्रीय औसत का केवल 50.2% रह गई थी, जबकि 2024-25 में गिरावट के रुख में बदलाव करते हुए प्रतिव्यक्ति अनुपात बढ़कर 53.5% हो गया। आर्थिक समीक्षा के अनुसार, वर्ष 2024-25 में प्रदेश की जीएसडीपी में कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों की हिस्सेदारी 25.8 प्रतिशत, औद्योगिक क्षेत्र की 27.2 प्रतिशत तथा सेवा क्षेत्र की 47 प्रतिशत रही है। यह दशार्ता है कि उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था अब केवल कृषि आधारित न रहकर बहु-क्षेत्रीय विकास की ओर अग्रसर है। वित्त मंत्री ने बताया कि प्रदेश के बजट आकार में भी विगत 9 वर्षों में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है।

# संगठित अपराध और माफिया नेटवर्क पर सख्ती, अपराध दर में आई गिरावट

- महिला पुलिस बीट, एंटी-रोमियो स्क्वॉड और सेफ सिटी परियोजना से सुरक्षित हुई सार्वजनिक स्थल

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने सोमवार को विधानसभा के बजट सत्र में उत्तर प्रदेश सरकार की वर्ष 2025-26 की आर्थिक सर्वेक्षण की रिपोर्ट सदन के पटल पर रखी, जिसमें कानून-व्यवस्था और सुरक्षा के क्षेत्र में सरकार की उपलब्धियों का विस्तृत उल्लेख किया गया। इस दौरान उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रदेश में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए संगठित अपराध और माफिया नेटवर्क के खिलाफ कठोर कार्रवाई की है। इसका सकारात्मक असर यह रहा कि प्रदेश में अपराध दर में उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की गई है, जिससे आम जनता के साथ-साथ निवेशकों का भी विश्वास बढ़ा है।

वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार, आधुनिक तकनीक आधारित पुलिसिंग को बढ़ावा देकर पुलिस सुधारों को नई दिशा दी गई है। सीसीटीवी, डिजिटल केस मैनेजमेंट सिस्टम और अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई से पुलिस की कार्यक्षमता और जवाबदेही में वृद्धि हुई है। इससे जनता में निर्भीक होकर शिकायत दर्ज कराने का वातावरण तैयार हुआ है और अपराध नियंत्रण को मजबूती मिली है। महिला सुरक्षा को लेकर प्रदेश सरकार ने जीरो टॉलरेंस नीति को प्रभावी ढंग से लागू किया है। सेफ सिटी परियोजना के तहत महिला पुलिस बीट, सीसीटीवी नेटवर्क और एंटी-रोमियो स्क्वॉड्स की तैनाती से सार्वजनिक स्थलों और कार्यस्थलों पर महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित की गई है। साथ ही उत्तर प्रदेश फैक्ट्री अधिनियम (संशोधित) 2025 के माध्यम से महिलाओं को औद्योगिक कार्यों, विशेषकर नाइट शिफ्ट में, समान अवसर प्रदान किए गए हैं। मिशन शक्ति के तहत सुरक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार सेवाओं के एकीकरण से महिलाओं की आत्मनिर्भरता और सामाजिक सहभागिता को नई गति मिली है। कानून-व्यवस्था, महिला सुरक्षा और न्यायिक सुधारों के क्षेत्र में सरकार के इन कदमों ने उत्तर प्रदेश को सुरक्षित और निवेश के अनुकूल राज्य बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

**मजबूत हो रहा मेडिकल इंफ्रास्ट्रक्चर, स्वास्थ्य बजट में रिकॉर्ड बढ़ोतरी :** आर्थिक सर्वेक्षण की रिपोर्ट के अनुसार, प्रदेश सरकार चिकित्सा इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण के विस्तार और आमजन को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने पटल पर आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए कुल 46,728.48 करोड़ रुपये के बजट का प्रावधान किया गया। यह अब तक का सर्वाधिक आवंटन है, जिससे यह साफ है कि प्रदेश सरकार ने चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। बजट में अस्पतालों, स्वास्थ्य केंद्रों, चिकित्सा शिक्षा संस्थानों, स्वास्थ्य अवसंरचना और जनकल्याणकारी स्वास्थ्य कार्यक्रमों के लिए पर्याप्त धनराशि सुनिश्चित की गई। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की स्टेट फाइनेंसः ए स्टडी ऑफ बजट ऑफ 2025-26 रिपोर्ट का हवाला देते हुए आर्थिक सर्वे में बताया गया है कि वर्ष 2025-26 में उत्तर प्रदेश का स्वास्थ्य बजट कुल बजट का 6.1 प्रतिशत रहा है, जो राष्ट्रीय औसत से भी अधिक है।

**कृषि व संबद्ध क्षेत्रों का अर्थव्यवस्था में योगदान बढ़कर हुआ 24.9 प्रतिशत :** आर्थिक सर्वेक्षण के मुताबिक 2017-18 के सापेक्ष 2024-25 में कृषि व संबद्ध क्षेत्रों का अर्थव्यवस्था में योगदान 24 प्रतिशत से बढ़कर 24.9 प्रतिशत हो गया। 2024-25 में 737.4 लाख मीट्रिक टन के साथ खाद्यान्न उत्पादन में उत्तर प्रदेश अग्रणी राज्य है। 2017-18 से 2024-25 की अवधि में कुल खाद्यान्न उत्पादन में 28.5 प्रतिशत तथा उत्पादकता में 11.8 प्रतिशत की वृद्धि के साथ प्रदेश में कुल खाद्यान्न उत्पादन का देश में योगदान 18.1 प्रतिशत से बढ़कर 20.6 प्रतिशत हो गया।

**प्रदेश में अब नहीं सोता कोई भूखा, अंत्योदय श्रेणी के 40.85 लाख परिवार लाभान्वित :** आर्थिक समीक्षा के अनुसार राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अन्तर्गत प्रदेश सरकार, गरीब एवं पात्र परिवारों को निःशुल्क और रियायती दरों पर खाद्यान्न की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के लिये प्रतिबद्ध है। प्रदेश में दिसंबर, 2025 तक कुल 78,510 उचित दर दुकानें संचालित है, जिनमें ग्रामीण क्षेत्र की 67,114 तथा नगरीय क्षेत्र की 11,396 दुकाने हैं। इसमें 22.9% दुकानें महिलाओं को आवंटित हैं। राज्य में दिसंबर, 2025 तक जारी कुल 362.35 लाख राशनकार्ड्स में अंत्योदय श्रेणी के 40.85 लाख (11.27%) परिवार एवं पात्र गृहस्थी श्रेणी के 321.50 लाख (88 73%) परिवार हैं, जो उक्त अधिनियम के अन्तर्गत आच्छादित हैं।

## औद्योगिक क्षेत्र बना प्रदेश की अर्थव्यवस्था का मजबूत आधार

**लखनऊ।** वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना की ओर से विधानमंडल में प्रस्तुत पहली आर्थिक समीक्षा के अनुसार उत्तर प्रदेश का औद्योगिक क्षेत्र बीते वर्षों में अभूतपूर्व विस्तार के साथ प्रदेश की अर्थव्यवस्था का मजबूत आधार बनकर उभरा है। इलेक्ट्रॉनिक्स, रक्षा उत्पादन, टेक्सटाइल, खाद्य प्रसंस्करण और नवीकरणीय ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में निवेश में तेज वृद्धि दर्ज की गई है। वर्ष 2025 में विभिन्न औद्योगिक प्रोत्साहन योजनाओं के अंतर्गत लगभग 4,000 करोड़ रुपये की इंसेंटिव राशि का भुगतान किया गया, जिससे निवेशकों का भरोसा मजबूत हुआ। औद्योगिक गलियारों, एक्सप्रेसवे नेटवर्क और आधुनिक अवसंरचना परियोजनाओं ने प्रदेश को उद्योगों के लिए आकर्षक गंतव्य बनाया है। आर्थिक समीक्षा में बताया गया कि पंजीकृत कारखानों की संख्या में दोगुने से अधिक की वृद्धि हुई है।





# सपा विधायकों ने किया प्रदर्शन

**लखनऊ।** सपा के सभी विधायकों ने लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर द्वारा निर्मित मणिकर्णिका घाट को तोड़े जाने, एसआईआर के नाम पर हो रही, किसानों की बदहाली, बढ़ती महंगाई एवं बेरोजगारी, ध्वस्त कानून व्यवस्था, महिलाओं पर बढ़ते अपराधों जैसे तमाम मुद्दों को लेकर विधानसभा भवन में पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा की समक्ष धरना-प्रदर्शन किया। सपा के विधायकों ने लाल टोपी लगाकर हाथों में बैनर और पोस्टर लेकर भाजपा सरकार के विरोध में नारेबाजी की। विधायकों ने कहा कि जनता के मुद्दों को लेकर सपा सड़क से सदन तक संघर्ष करेगी। सत्ता परिवर्तन तक लड़ाई जारी रहेगी।

## चालकों का अल्कोहल टेस्ट अनिवार्य

**लखनऊ।** लंबी दूरी एवं रात्रिकालीन सेवाओं की बसों को मार्ग पर भेजने से पूर्व 13 बिंदुओं पर आउटशेडिंग जांच तथा संचालन के दौरान 31 बिंदुओं पर नियमित भौतिक जांच कराने के निर्देश दिए गए हैं। सभी निगम एवं अनुबंधित बसों में रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप, फॉग लाइट, ऑल वेदर बल्ब, वाइपर और शीशे पूर्ण रूप से कार्यरत होना अनिवार्य किया गया है। मार्ग पर तैनात इंटरसेप्टर एवं प्रवर्तन वाहनों द्वारा निरीक्षण के दौरान ब्रेथ एनालाइजर के माध्यम से अल्कोहल टेस्ट अनिवार्य रूप से कराए जाने के निर्देश भी दिए गए हैं।

परिवहन मंत्री ने चालकों को तीन प्रकार की सड़कों पर विशेष सावधानी बरतने को कहा है। एक्सप्रेस-वे पर अचानक ठहराव से बचाव, डिवाइडर युक्त सड़कों पर दायीं ओर संचालन, तथा बिना डिवाइडर वाली सड़कों पर बायीं ओर संचालन कर दुर्घटनाओं से बचने के निर्देश दिए गए हैं।

# भाजपा सरकार के झूठ का पुलिंदा है राज्यपाल का अभिभाषण : आराधना

- विधानसभा सत्र के पहले दिन इंडिया गठबंधन का जनता के मुद्दों बेरोजगारी, मंहगाई, किसानों के मुद्दे, बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्था और एसआईआर पर जोरदार प्रदर्शन

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** नेता विधान मंडल दल कांग्रेस आराधना मिश्रा मोना ने राज्यपाल के द्वारा अभिभाषण को भाजपा योगी आदित्यनाथ सरकार की झूठी बातों और झूठे वादों का पुलिंदा करार दिया है और राज्यपाल द्वारा पूरा अभिभाषण न पढ़ना, अभिभाषण के मात्र कुछ अंश पढ़ना ये प्रमाण है कि भाजपा की झूठी बातों और वादों को राज्यपाल बार-बार दोहरा नही सकतीं।

आराधना मिश्रा मोना ने राज्यपाल के अभिभाषण पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि अभिभाषण के जो 55 पेज हैं, उसमें अधिकांश बातें और वादे भाजपा के झूठे साबित हुए राज्यपाल उत्तर प्रदेश में महामहिम के पद यहां पर काफी समय से हैं और भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों और झूठे प्रचार की कार्यशैली को देख रही हैं, इसीलिए उन्होंने अभिभाषण के मात्र कुछ अंश पढ़कर औपचारिकता पूरी की, क्योंकि बीजेपी सरकार पिछले 10 सालों से पुराने कामों को ही नई ब्रांडिंग करके प्रचारित कर रही है, जिसे जनता भी जानती है, अभिभाषण में कोई भी ऐसी नई बात नहीं थी जो भाजपा सरकार की उपलब्धि बनती, कानून व्यवस्था को लेकर जो बात की गई, वह झूठी है, जाति और धर्म देखकर कार्रवाई हो रही है, अपराध बढ़े हैं, भ्रष्टाचार 10 गुना बढ़ गया, पुलिस विभाग में अभी भी लाखों पद खाली हैं लेकिन सरकार भर्ती न कर अपना झूठा गुणगान कर रही, सरकारी नौकरियां होने के बावजूद नौजवानों को नौकरियां ना देकर आउटसोर्सिंग पर नियुक्ति करके, प्रदेश के युवाओं के जीवन और भविष्य से खिलवाड़ किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि अभिभाषण सरकार की पोल खोलता है, स्वास्थ सेवाओं को पेज नम्बर 17-18 और 19 पर उद्धृत किया गया है लेकिन सच्चाई तो बिल्कुल अलग है सरकार ने हर जिले में मेडिकल कॉलेज बनाने का प्रचार तो किया लेकिन वहां ना तो भवन निर्माण पूरा है ना डॉक्टर है, ना पैरामेडिकल स्टाफ, और ना दवाई। कृषि को अभिभाषण में पेज न 6,7,8,9 पर लिखा गया है , लेकिन कुछ भी नया नही, सच्चाई तो ये है कि किसानों को यूरिया और डीएपी समय से नही मिली,किसानों की जान यूरिया डीएपी लेने की लाइन में चली गई, और अमेरिका से जो बीजेपी सरकार ने ट्रेड डील की है यह तो किसानों का गला घोटने जैसा है, हमारे देश के किसान का पैदा किया अन्न यदि अमेरिका भेजा जाएगा तो 18% टैरिफ टैक्स लगेगा जो कांग्रेस सरकार में 9% था।

उन्होंने कहा सही बात तो यह है कि अभिभाषण सिर्फ और सिर्फ भाजपा सरकार की वाहवाही और जनता से किए गए उन झूठे वादों का पुलिंदा था जिसे महामहिम राज्यपाल महोदया बखूबी समझ रही थीं इसीलिए उन्होंने उसे पूरा न पढ़कर कुछ अंश पढ़ कर औपचारिकता पूरी की, प्रदेश की जनता भाजपा सरकार के झूठ से ऊब चुकी है, अब तो बच्चे-बच्चे को बीजेपी की खोखली बातें समझ आ गई हैं। अब 2027 में बीजेपी की विदाई तय है। आज विधानसभा सत्र के पहले दिन कांग्रेस ने इंडिया गठबंधन के दलों के साथ संयुक्त रूप से, बेरोजगारी, मंहगाई और स्वास्थ्य बदहाली, और एसआईआर में धांधली वोट काटने को लेकर विधानसभा स्थित चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा के समक्ष विरोध प्रदर्शन किया।

संक्षेप

## संदिग्ध हालत में विवाहिता की मौत



### कोहराम

प्रतापगढ़। संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत को लेकर परिजनों में कोहराम मच गया। हालांकि मायके पक्ष द्वारा पति को हत्या को लेकर भी आरोपित करते देखा गया। लालगंज कोतवाली के देल्हूपुर गांव निवासी धर्मेन्द्र यादव की पत्नी रीता 35 रविवार की रात कमरे के अंदर साड़ी का फंदा लगाकर झूल गयी। विवाहिता को फंदे पर झूलता देख परिजन आवाक रह गये। मृतका के ससुराल पक्ष द्वारा घटना को आत्महत्या बताया गया। इधर मृतका के मायके पक्ष ने दहेज को लेकर इसे हत्या करार दिया है। मृतका का पति धर्मेन्द्र कारोबारी के सिलसिले में बाहर रहता है। वहीं विवाहिता की मौत से सात वर्षीय दीपित के सिर से मां का साया भी उठ गया। सूचना मिलने पर रानीगंज कैथौला चौकी प्रभारी विवेक यादव फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेजवाया। घटना के बाबत प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि सभी तथ्यों की जांच की जा रही है, पीएम रिपोर्ट आने के बाद विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## अधिवक्ता के पिता का निधन, जताया गया दुःख

प्रतापगढ़। कुम्भीआइमा निवासी अधिवक्ता इरफान हुसैन के पिता लियाकत हुसैन 70 का सोमवार की सुबह हृदयगति रूकने से निधन हो गया। निधन की जानकारी पर क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना तथा सांसद प्रमोद तिवारी ने परिजनों से फोनिक वार्ता कर शोक जताया। वहीं साथी के पिता के निधन की जानकारी मिलने पर यहां तहसील में भी वकीलों में दुख का माहौल देखा गया।

## यूपी बोर्ड परीक्षा, 119 केंद्रों पर लाइव मॉनिटरिंग



सिद्धार्थनगर। 18 फरवरी से शुरू हो रही हाईस्कूल और इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षाओं के लिए जिला प्रशासन ने बहुस्तरीय निगरानी तंत्र स्थापित किया है। इसका उद्देश्य परीक्षाओं को नकलविहीन, पारदर्शी और अनुशासित तरीके से संपन्न कराना है। जिले के सभी 119 परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों से लाइव मॉनिटरिंग की जाएगी। इसके अतिरिक्त, एक कंट्रोल रूम और सचल दल भी सक्रिय रहेंगे। जिला मुख्यालय स्थित राजकीय पुस्तकालय सिद्धार्थनगर में एक केंद्रीय कंट्रोल रूम बनाया गया है। यहां से सभी परीक्षा केंद्रों की लगातार निगरानी की जाएगी। कंट्रोल रूम का मुख्य कार्य शिकायतों का त्वरित निस्तारण, आकस्मिक स्थितियों में तत्काल कार्रवाई और नकल पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित करना है। यह कंट्रोल रूम दो शिफ्टों में संचालित होगा, जिसमें माध्यमिक और बेसिक शिक्षा विभाग के कुल 28 शिक्षक तैनात रहेंगे। परीक्षाओं की शुचिता बनाए रखने के लिए जिले में छह सचल दल गठित किए गए हैं। ये दल परीक्षा अवधि के दौरान सभी 119 केंद्रों पर औचक निरीक्षण करेंगे और व्यवस्थाओं का जायजा लेंगे। जिले की पांचों तहसीलों में अलग-अलग सचल दस्ते तैनात किए गए हैं। एक अतिरिक्त दस्ता बिना किसी पूर्व सूचना के रैंडम आधार पर किसी भी केंद्र पर पहुंचेगा, ताकि नकल कराने वाले गिरोह या लापरवाह कर्मचारियों को सतर्क होने का मौका न मिले। इस वर्ष जिले में कुल 64,910 परीक्षार्थी बोर्ड परीक्षा में शामिल हो रहे हैं। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि परीक्षा की गरिमा से किसी भी स्तर पर समझौता नहीं किया जाएगा। सचल दलों को परीक्षा कक्षों की स्थिति, प्रश्नपत्रों की सुरक्षा, डबल लॉक अलमारी की जांच, सीसीटीवी कैमरों की कार्यप्रणाली और केंद्र व्यवस्थापकों की भूमिका की गहन जांच करने के निर्देश दिए गए हैं। जिला विद्यालय निरीक्षक अरुण कुमार ने बताया कि परीक्षा के दौरान केंद्रीय कंट्रोल रूम से सभी केंद्रों पर निरंतर संवाद स्थापित रहेगा। विद्यालय स्तर पर भी कंट्रोल रूम सक्रिय रहेंगे, जो सीधे उच्चाधिकारियों से जुड़े होंगे। किसी भी परीक्षा केंद्र पर अनियमितता पाए जाने पर तत्काल सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# महाशिवरात्रि पर बाबा विश्वनाथ पहनेंगे कान्हा की भूमि के वस्त्र

मथुरा। महाशिवरात्रि के अवसर पर बाबा विश्वनाथ एवं माता पार्वती कान्हा की भूमि से भेजे गए वस्त्र एवं श्रृंगार सामग्री प्रतीकात्मक रूप से धारण करेंगे तथा फलों एवं मिठाई का भोग लगाएंगे। यह जानकारी श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संस्थान के सचिव कपिल शर्मा एवं सदस्य गोपेश्वर नाथ चतुर्वेदी ने सोमवार को यहां दी।

उन्होंने बताया कि रविवार को मथुरा से श्रीकृष्ण जन्मस्थान से भगवान शिव एवं मां गौरी के वस्त्र, मां का श्रृंगार, आभूषण, इत्र इत्यादि तथा लड्डू, मेवे एवं फल भोग लगाने के लिए भेजे गए। उन्होंने बताया कि यह सब सामग्री रविवार को ढोल, मृदंग, मंजीरे, बैंड-बाजा आदि की मंगल ध्वनि के बीच शोभायात्रा के रूप में अन्नपूर्णेश्वर महादेव से प्रारंभ होकर भगवान श्रीकेशवदेवजी, मां योगमायाजी, श्रीगर्भ-गृहजी होते हुए श्रीकृष्ण जन्मभूमि के मुख्य द्वार से बाबा विश्वनाथ के धाम वाराणसी के लिए रवाना की गई थी, जो वहां पर सकुशल पहुंच चुकी है। यह दिव्य प्रसाद सामग्री भेजने का नवाचार काशी विश्वनाथ धाम के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्वभूषण के परामर्श से धार्मिक समन्वय की पहल के रूप में किया जा रहा है तथा इसे महाशिवरात्रि के पर्व पर बाबा विश्वनाथ और माता पार्वती को भेंट किया जाएगा। उन्होंने बताया कि महाशिवरात्रि पर श्रीकृष्ण जन्मभूमि और काशी विश्वनाथ धाम के बीच यह धार्मिक समन्वय भगवान श्रीकृष्ण और भगवान शिव के करोड़ों भक्तों को आध्यात्मिक आनंद प्रदान करेगा। शास्त्रों और पुराणों में महाशिवरात्रि का विशेष महत्व है, यह पर्व भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह का प्रतीक है तथा ऐसी मान्यता है कि इसी रात्रि में शिवलिंग का प्रादुर्भाव भी हुआ। संस्थान की प्रबंध समिति के सदस्य गोपेश्वरनाथ चतुर्वेदी ने बताया कि भगवान शिव जिस (मथुरा) पुरी में बाबा भूतेश्वरनाथ के नाम से कोतवाल के रूप में विराजमान हैं, ऐसे ब्रज की पवित्र भूमि श्रीकृष्ण जन्मस्थान से शिवरात्रि महोत्सव के लिए प्रेषित प्रसाद श्रद्धालुओं को आनंदित एवं प्रफुल्लित करेगा।

## कानपुर में काशी महाकाल एक्सप्रेस पर फेंके पत्थर

कानपुर। जिले में अज्ञात लोगों ने काशी महाकाल एक्सप्रेस पर कथित रूप से पत्थर फेंके, जिससे प्रथम वातानुकूलित डिब्बे की एक खिड़की का शीशा टूट गया और यात्रियों में दहशत फैल गई। राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) ने सोमवार को यह जानकारी दी। जीआरपी के अनुसार, यह घटना रविवार रात करीब नौ बजे भीमसेन रेलवे स्टेशन के पास की है जब वाराणसी से इंदौर जा रही यह ट्रेन गोविंदपुरी स्टेशन से रवाना होने के बाद भीमसेन की ओर बढ़ रही थी। जीआरपी थाना प्रभारी हेमंत ने पीटीआई-भाषा को बताया कि पथराव के कारण प्रथम वातानुकूलित डिब्बे की खिड़की का शीशा टूट गया। उन्होंने कहा कि इस घटना में किसी भी यात्री के घायल होने की सूचना नहीं है। बाद में टूटे शीशे का एक वीडियो सोशल मीडिया पर भी प्रसारित हुआ। एक अन्य अधिकारी ने बताया कि रेलवे कर्मचारियों ने शीशे के टुकड़ों को तत्काल साफ कर दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि शुरुआती जांच में यह मामला शरारत का प्रतीत होता है और अब तक किसी बड़ी साजिश के संकेत नहीं मिले हैं। एहतियात के तौर पर इलाके में सुरक्षा बढ़ा दी गई है और जांच जारी है।

# इटवा में बोलेरो-ई-रिक्शा में टक्कर, चालक की मौत



सिद्धार्थनगर - सोमवार दोपहर लगभग 3 बजे इटवा बढ़नी रोड पर एक सड़क हादसा हुआ। इटवा थाना क्षेत्र के ग्राम घोपलापुर के पास एक तेज रफ्तार बोलेरो ने सामने से आ रहे ई-रिक्शा को टक्कर मार दी। इस हादसे में ई-रिक्शा चालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो महिला यात्री गंभीर रूप से घायल हो गईं। मृतक ई-रिक्शा चालक की पहचान गुरौवाजोत थाना क्षेत्र के कठेला समय माता निवासी दिलसाद पुत्र इसरार के रूप में हुई है। दिलसाद अपने परिवार का एकमात्र कमाने वाला सदस्य था। उसकी मौत की खबर से परिवार में मातम छा गया। परिजन घटनास्थल पर पहुंचे। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, बोलेरो तेज गति में थी और चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया था। टक्कर इतनी भीषण थी कि ई-रिक्शा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। ई-रिक्शा में सवार दो घायल महिलाओं की पहचान खानकोट निवासी सुशीला (40 वर्ष) और बलरामपुर जनपद के मधवानगर निवासी उर्मिला (35) के रूप में हुई है। दोनों को तत्काल सिद्धार्थनगर मेडिकल कॉलेज भेजा गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। चिकित्सकों ने उनकी हालत गंभीर बताई है। हादसे में बोलेरो चालक जय प्रकाश (50) भी गंभीर रूप से घायल हो गया। बोलेरो में चालक सहित कुल पांच लोग सवार थे। दुर्घटना के बाद बोलेरो में सवार चार अन्य लोग मौके से फरार हो गए। पुलिस उनकी तलाश कर रही है। घायल चालक को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

घटना की सूचना मिलते ही इटवा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और मामले की जांच शुरू कर दी है। क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क से हटाकर यातायात बहाल किया गया।

## डीएम ने जनता दर्शन में सुनीं समस्याएं




श्रावस्ती। जिलाधिकारी अश्विनी कुमार पाण्डेय ने सोमवार को कलेक्ट्रेट स्थित अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित जनता दर्शन (पब्लिक हियरिंग) के दौरान आमजन की समस्याओं को गंभीरता से सुना। इस अवसर पर विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 09 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनके त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि जनता दर्शन गवर्नमेंट और पब्लिक के बीच डायरेक्ट कम्युनिकेशन का सशक्त माध्यम है, इसलिए इसमें प्राप्त प्रत्येक शिकायत का प्रायोरिटी बेसिस पर समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का रजिस्ट्रेशन पंजिकाओं में अनिवार्य रूप से किया जाए तथा निस्तारण के उपरांत फरियादियों को उनके मोबाइल नंबर पर फीडबैक भी उपलब्ध कराया जाए, ताकि उन्हें बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जनशिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। शिकायतों का समाधान केवल पेपर वर्क तक सीमित न रहे, बल्कि उसका ग्राउंड लेवल पर प्रभाव भी दिखना चाहिए। जिलाधिकारी ने चेतावनी दी कि यदि शिकायतों के निस्तारण में उदासीनता पाई गई, तो संबंधित अधिकारी एक्शन के लिए तैयार रहें। जनता दर्शन के माध्यम से प्रशासन द्वारा ट्रांसपेरेंसी, अकाउंटेबिलिटी एवं इफेक्टिव मॉनिटरिंग को और अधिक मजबूत किया जा रहा है, जिससे आम नागरिकों को समयबद्ध न्याय और राहत मिल सके।

## आज होगी सेफर इंटरनेट डे कार्यशाला

श्रावस्ती। अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) अमरेन्द्र कुमार वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रत्येक वर्ष फरवरी माह के दूसरे मंगलवार को विश्व स्तर पर सेफर इंटरनेट डे मनाया जाता है। इस वर्ष सेफर इंटरनेट डे की थीम स्मार्ट टेक, सेफ चॉइसेज झ्र एक्सप्लोरिंग द सेफ एंड रिस्पॉन्सिबल यूज ऑफ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि इसी क्रम में जनपद श्रावस्ती में दिनांक 10 फरवरी, 2026 को अपरान्ह 4:30 बजे सेफर इंटरनेट डे के अवसर पर एक जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यशाला कलेक्ट्रेट सभाकक्ष, भिनगा में आयोजित होगी, जिसमें समस्त जनपद स्तरीय अधिकारीगण प्रतिभाग करेंगे। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य इंटरनेट के सुरक्षित, जिम्मेदार एवं सकारात्मक उपयोग के प्रति अधिकारियों को जागरूक करना है, विशेषकर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी आधुनिक तकनीकों के सुरक्षित प्रयोग पर चर्चा की जाएगी। डिजिटल प्लेटफॉर्म पर सतर्कता, साइबर सुरक्षा, डाटा गोपनीयता तथा ऑनलाइन जोखिमों से बचाव जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। अपर जिलाधिकारी ने समस्त जनपद स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे निर्धारित तिथि एवं समय पर स्वयं उपस्थित होकर कार्यशाला में अनिवार्य रूप से प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें, ताकि सुरक्षित इंटरनेट उपयोग का संदेश प्रभावी रूप से जन-जन तक पहुँचाया जा सके।

## श्रीराम का नाम है सर्वत्र मंगल प्रदाता : राहुल कृष्ण जी महराज



प्रतापगढ़। नगर के सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कालेज में तीन दिवसीय मानस सम्मेलन का सोमवार को शुभारंभ हुआ। सुमित्रा वेलफेयर ट्रस्ट के तत्वाधान में सम्मेलन का चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, संयोजक अनूप प्रतापगढ़ी व ज्ञानप्रकाश शुक्ल तथा प्रधानाचार्य उमाशंकर मिश्र एवं राजेन्द्र द्विवेदी ने भगवान श्रीराम दरबार के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर किया। कथाव्यास श्रीवृंदावन धाम से पधारे राहुल कृष्ण जी महराज ने कहा कि मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम नीति तथा चरित्र व संस्कृति के पथ की प्रेरणा हैं। उन्होने कहा कि जीवन को सुफल बनाने के लिए भगवान श्रीराम की साधना का अनुसरण आवश्यक है। राहुल कृष्ण जी महराज ने कहा कि राम का नाम सर्वत्र मंगल प्रदाता है। उन्होने बताया कि श्रीराम लोकजन की भी जीवन के पथ का दर्पण हैं। वहीं श्रीराम राज सत्ता को लोक सत्ता की मर्यादा प्रदान किया करते हैं। उन्होने कहा कि राम सदैव कृपालु और दयालु हैं। वहीं आवश्यक आवश्यकता पर अपने राम अधर्म का संहार करने के लिए शक्ति के भी बोधक हैं। कथावाचक राहुल कृष्ण जी ने कहा कि युवाओं को श्रीराम की जीवन तपस्या को अपने भविष्य निर्माण के लिए प्रेरणा की पूंजी स्वीकार करनी चाहिए। उन्होने कहा कि चरित्र ही धर्म है और कर्म ही धर्म धारण का मूल हैं। कथा में भगवान श्रीराम के सुमधुर भजनों को सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। कथा विश्राम पर सत्य सनातन धर्म के जयघोष से भी सभागार भक्तिमय हो उठा दिखा। संचालन साहित्यकार जयप्रकाश पाण्डेय सरस ने किया। संयोजक अनूप प्रतापगढ़ी के साथ श्रद्धालुओं ने कथावाचक राहुल कृष्ण जी का माल्यार्पण कर सम्मान किया।

# घायल मासूम की इलाज के दौरान मौत, हंगामा

### परिजनों ने नेशनल हाइवे पर लगाया जाम, घंटों यातायात हुआ बाधित



प्रतापगढ़। दुर्घटना में घायल मासूम की इलाज के दौरान मौत को लेकर परिजनों ने सोमवार को गांव से लेकर नेशनल हाइवे पर जमकर हंगामा काटा। पुलिस के काफी अनुनय विनय व समझाने बुझाने के बाद दोपहर शव पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजवाया जा सका। लालगंज कोतवाली के भदारी कला के चांदीपुर गांव निवासी धर्मेश सरोज का पुत्र देव सरोज 09 तेरह जनवरी की शाम अपने घर के सामने खेल रहा था। इसी बीच बगल के पूरे कलंदर निवासी बलवंत वर्मा पुत्र संतलाल वर्मा बाइक से उसे टक्कर मार दिया।

दुर्घटना में देव को गंभीर चोटें आ गयी। लालगंज ट्रामा सेंटर में प्रारंभिक उपचार के बाद उसे प्रयागराज रेफर कर दिया गया। घटना को लेकर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस भी दर्ज कर रखा है। रविवार की रात इलाज के दौरान देव की सांसे थम गयीं। मासूम की मौत की जानकारी पर परिजन दहाड़ मारकर रोने लगे। परिजन शव लेकर गांव चले आये।

सोमवार की सुबह परिजन आरोपी की गिरफ्तारी न होने को लेकर आक्रोशित हो उठे। नाराज परिजन ग्रामीणों के साथ गांव से मासूम का शव लेकर नेशनल हाइवे प्रतापगढ़-लालगंज पर आ धमके। ग्रामीणों ने हाइवे पर जाम लगा दिया। इससे नेशनल हाइवे पर दोनों तरफ यायायात बाधित हो उठा। सूचना मिलने पर प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार भारी फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने नाराज ग्रामीणों को समझाने बुझाने का प्रयास किया। करीब डेढ़ घण्टे तक पुलिस नाराज परिजनों से अनुनय विनय करती रही। आरोपी की गिरफ्तारी के आश्वासन पर परिजन संतुष्ट हुए। इसके बाद भी ग्रामीणों के साथ परिजन मासूम के शव को पैदल ही लेकर कोतवाली पहुंचे। यहां शव का पुलिस ने पंचनामा कराकर पीएम के लिए भेजवाया।

## हत्या कांड का खुलासा, अभियुक्त गिरफ्तार



श्रावस्ती। थाना कोतवाली भिनगा पुलिस टीम ने एक सनसनीखेज हत्या कांड का सफल अनावरण करते हुए वांछित अभियुक्त को आलाकत्ल सहित गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी के निर्देश पर जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत यह महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई। अपर पुलिस अधीक्षक मुकेश चंद उत्तम एवं क्षेत्राधिकारी भिनगा सतीश कुमार शर्मा के कुशल पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी निरीक्षक राज प्रकाश सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मु0अ0सं0-52/2026 धारा 103(1), 318(4), 238 बीएनएस से संबंधित वांछित अभियुक्त कृष्ण कुमार मौर्या पुत्र साधू मौर्या, निवासी मुरावनपुरवा दा0 मछरिहवा, थाना कोतवाली भिनगा को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार दिनांक 04 फरवरी 2026 को मृतक की पुत्री द्वारा थाने में तहरीर दी गई थी, जिसमें आरोप लगाया गया था कि अभियुक्त ने उसके पिता की हत्या कर दी है। विवेचना के दौरान मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त को राजपुर रोड के बाएं ओर जंगल में जानकी नगर जाने वाली कच्ची सड़क के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त लकड़ी का खूनालूदा फट्टा, घटना में प्रयुक्त डिस्कवर मोटरसाइकिल व की-पैड मोबाइल बरामद किया गया। पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि दिनांक 30 जनवरी 2026 की रात उसने मृतक को मोटरसाइकिल से बाहर ले जाकर शराब पिलाई। पैसों के विवाद में गाली-गलौज के बाद उसने सिर पर वार किया और गला दबाकर हत्या कर शव नाले में फेंक दिया। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक राज प्रकाश सिंह, उपनिरीक्षक प्रेमानन्द, शमशाद अली, जयवेन्द्र कुमार उत्तम तथा कांस्टेबल सचिन सिंह और सत्यम शुक्ला शामिल थे।

# संग्रह अमीन से मारपीट मामले में प्रदर्शन

### राजस्व कर्मियों ने धरना देकर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की



सिद्धार्थनगर- नौगढ़ तहसील क्षेत्र में सरकारी बकाया वसूली के दौरान संग्रह अमीन से मारपीट का मामला अब तूल पकड़ गया है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था, लेकिन आरोपियों की गिरफ्तारी न होने से नाराज उत्तर प्रदेश राजस्व संग्रह अमीन संघ ने सोमवार को धरना-प्रदर्शन किया।

यह घटना तब हुई जब संग्रह अमीन सरकारी बकाया वसूली के लिए गए थे। वायरल वीडियो में 'योगी-मोदी जिंदाबाद' के नारे लगाते हुए संग्रह अमीन के साथ मारपीट और सरकारी कार्य में बाधा डालने की बात सामने आई है। 9 फरवरी सोमवार को उत्तर प्रदेश राजस्व संग्रह अमीन संघ के जिलाध्यक्ष राजेश कुमार मिश्रा के नेतृत्व में सिद्धार्थनगर कलेक्ट्रेट परिसर में यह धरना-प्रदर्शन किया गया। इसमें जनपद की विभिन्न तहसीलों से आए दर्जनों संग्रह अमीन शामिल हुए और प्रशासन के प्रति अपना रोष व्यक्त किया। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि आरोपियों पर त्वरित और सख्त कार्रवाई नहीं हुई, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। संग्रह अमीन संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि संग्रह अमीन शासन के निर्देश पर बैंकों के बकाया की वसूली और कुर्की जैसी वैधानिक कार्रवाई करते हैं। ऐसी घटनाएं न केवल कानून व्यवस्था पर सवाल उठाती हैं, बल्कि कर्मचारियों की जान-माल की सुरक्षा को भी खतरे में डालती हैं। उन्होंने चिंता व्यक्त की कि वीडियो में स्पष्ट मारपीट के बावजूद अब तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई है। वक्ताओं ने यह भी कहा कि यदि सरकारी कर्मचारी सुरक्षित नहीं होंगे, तो राजस्व वसूली जैसे संवेदनशील कार्य प्रभावित होंगे। संघ ने प्रशासन से मांग की है कि आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर उनके खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में कोई भी सरकारी कर्मचारियों के साथ ऐसी हरकत करने का साहस न कर सके। इस पूरे मामले पर मोहाना थानाध्यक्ष जितेंद्र सिंह ने बताया कि केस दर्ज कर लिया गया है।

## सेवानिवृत्त सैनिक के घर से प्रतिबंधित कारतूस बरामद

गाजियाबाद। गाजियाबाद के मोदीनगर इलाके में एक सेवानिवृत्त सैनिक के घर से प्रतिबंधित बोर के 42 कारतूस बरामद किए गए हैं। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी।

पुलिस के अनुसार, यह बरामदगी सेवानिवृत्त सैनिक आदेश कुमार की पत्नी की शिकायत के बाद की गई है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि आदेश कुमार ने सेना में सेवा के दौरान कथित तौर पर गोला-बारूद चुराए थे।

उसने बताया कि शिकायत पर कार्वाई करते हुए मोदीनगर पुलिस ने रविवार को निवाड़ी रोड स्थित राधा कुंज कॉलोनी में आदेश कुमार के घर छापा मारा और कारतूस बरामद किए। पुलिस के मुताबिक, आदेश कुमार 1988 में जाट रेजिमेंट में भर्ती हुए थे और 2009 में सेवानिवृत्त हो गए थे।

## मामूली विवाद में की गयी थी युवक की हत्या, 4 आरोपी गिरफ्तार




सिद्धार्थनगर - शनिवार सुबह हुई युवक की निर्मम हत्या का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। यह हत्या किसी तात्कालिक विवाद का नहीं, बल्कि करीब 20-22 दिन पहले हुए एक मामूली झगड़े से उपजी रंजिश का नतीजा थी। मामला खेसराहा थाना क्षेत्र अंतर्गत बनुहिया बुजुर्ग गांव का है। मृतक की पहचान बनुहिया बुजुर्ग गांव निवासी मनोज कुमार (35) के रूप में हुई है। शनिवार सुबह करीब साढ़े सात बजे मनोज रोज की तरह दूध देने के लिए घर से निकले थे। गांव के दक्षिण दिशा में स्थित बाग के पास पहले से घात लगाए बैठे हमलावरों ने उन्हें रोक लिया। धारदार हथियार से सिर पर हमला कर दिया। इसके बाद लोहे की रॉड से शरीर पर ताबड़तोड़ वार किए गए। गंभीर रूप से घायल मनोज को मरा समझकर हमलावर मौके से फरार हो गए। कुछ देर बाद राहगीरों ने मनोज को खून से लथपथ हालत में पड़ा देखा और परिजनों को सूचना दी। बदहवास परिजन उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खेसराहा ले गए, जहां से जिला अस्पताल रेफर किया गया। इलाज के दौरान मनोज की मौत हो गई।

# संसद में प्रमोद तिवारी ने रायबरेली एम्स के क्षमता के साथ संचालन का उठाया मुद्दा




प्रतापगढ़। पडोसी जिले रायबरेली के दरियापुर में बने एम्स को बारह वर्ष बाद भी पूर्ण क्षमता के साथ संचालित न कराए जाने को लेकर सोमवार को राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी की सदन में मौजूदगी में सरकार की तगड़ी घेराबंदी की है। इस अहम मुददे पर सदन में सांसद प्रमोद तिवारी के उठाए गए सवाल पर आमजन से जुड़ी स्वास्थ्य सेवाओं की आवाज संसद में गूंजी है। राज्यसभा में शून्यकाल में सांसद प्रमोद तिवारी ने यूपी के रायबरेली जिले के दरियापुर में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान को पूरी क्षमता के साथ जनता को समर्पित न कर पाने पर केन्द्र को कटघरे में खड़ा किया। उन्होनें राज्यसभा में सरकार से कहा कि पिछले बारह वर्ष पूर्व रायबरेली में एम्स की स्थापना की गयी थी। सांसद प्रमोद तिवारी ने सदन में कहा कि यूपीए चेयरपर्सन सोनिया गांधी ने आठ अक्टूबर 2013 को एम्स का भूमिपूजन किया था। उन्होनें सरकार का ध्यानाकर्षण किया कि रायबरेली में एम्स की स्थापना का उददेश्य प्रतापगढ़, अमेठी, सुल्तानपुर एवं रायबरेली सहित उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल तथा मध्यांचल के लगभग चालीस जनपदों के साथ बिहार एवं मध्य प्रदेश के भी कई हिस्सों की बड़ी आबादी के लिए जीवन रक्षक एवं उन्नत चिकित्सा सेवाओं के साथ जनता को अत्याधुनिक एवं बेहतर चिकित्सा उपलब्ध कराना रहा है। वहीं वरिष्ठ सांसद प्रमोद तिवारी ने सरकार को बताया कि प्रारम्भ में एम्स के लिए नौ सौ साठ बेड के बड़े अस्पताल की परिकल्पना की गयी थी। उन्होने सरकार से कहा कि वर्तमान में यह मात्र छः सौ दस बेड तक ही सीमित है और एम्स रायबरेली में डाक्टरों विशेषकर सीनियर रेजीडेंट डाक्टर की भारी कमी है। उन्होने सरकार को यह भी बताया कि स्वीकृत लगभग दो सौ एसआरओ के पदों के विरूद्ध वर्तमान में केवल सैंतीस एसआरओ कार्यरत हैं।

# मिशन शक्ति अलख से बढ़ रही महिलाओं की सुरक्षा



श्रावस्ती। मिशन शक्ति फेज 5.0 के अंतर्गत जनपद श्रावस्ती में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान, स्वावलंबन तथा साइबर अपराधों से बचाव को लेकर व्यापक जनजागरूकता अभियान निरंतर संचालित किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी के कुशल निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक मुकेश चंद्र उत्तम एवं समस्त क्षेत्राधिकारीगण के प्रभावी पर्यवेक्षण में यह अभियान संवेदनशीलता एवं सक्रियता के साथ आगे बढ़ रहा है। अभियान के तहत शक्ति मोबाइल टीम द्वारा विद्यालयों, गांवों, कस्बों, ग्रामीण क्षेत्रों एवं सार्वजनिक स्थलों पर पहुंचकर महिलाओं व बालिकाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों तथा उपलब्ध सहायता सेवाओं की जानकारी दी जा रही है। महिला संबंधी समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु चौपालों का आयोजन कर शक्ति दीदी के रूप में संवाद स्थापित किया गया, जिससे महिलाएं निडर होकर अपनी समस्याएं साझा कर सकें। मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत साइबर जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से सोशल मीडिया फ्रॉड, ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉल, संदिग्ध लिंक एवं डिजिटल अरेस्ट जैसी साइबर धोखाधड़ी से बचाव के उपायों की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही ओटीपी साझा न करने, मजबूत पासवर्ड के प्रयोग तथा साइबर अपराध की स्थिति में 1930 हेल्पलाइन पर तत्काल शिकायत दर्ज कराने के लिए प्रेरित किया गया।

## सरकारी कार्यों के निस्तारण में अग्रणी भूमिका निभा रहे तहसीलदार बांसी पीयूष कुमारी

बांसी सिद्धार्थनगर। जिले के तहसीलदार मजिस्ट्रेट बांसी पीयूष कु0 श्रीवास्तव सरकारी कार्यों एवं लम्बित प्रकरणों का निस्तारण करने हेतु तेजी दिखाते हुए इन दिनों दायित्वों के निर्वहन हेतु अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं, जिलाधिकारी के दिए गए निर्देश के अनुपालन में क्रियाशील तहसीलदार बांसी पीयूष कु0 जहां राजस्व बकाएदारों से लाखों रूपए वसूली कराकर सरकारी खजाने में जमा कराया गया, वहीं लम्बित सरकारी कार्यों को पूर्ण कराने हेतु अग्रणी भूमिका निभा रहे तहसीलदार द्वारा तमाम लम्बित प्रकरणों का निस्तारण कराया गया, जनहित के मद्देनजर बांसी तहसील कार्यालय पर आने वाले फरियादियों को त्वरित न्याय सुलभ कराए जाने की मंशा से तहसीलदार मजिस्ट्रेट पीयूष कु0 श्रीवास्तव ने फरियादियों की समस्याओ शिकायती प्रार्थना पत्रों की सुनवाई करते हुए त्वरित न्याय सुलभ कराया जा रहा है, शासन की मंशा अनुरूप सम्पूर्ण समाधान दिवस में पड़े शिकायती प्रार्थना पत्रों का निस्तारण करा कर फरियादियों को न्याय सुलभ कराया।

संक्षेप

## 1383 श्रमिकों के भविष्य से खिलवाड़ बंद करे सरकार : काली शंकर यदुवंशी

चौरीचौरा, गोरखपुर। वन भारत सिटीजन पार्टी (ओबीसी पार्टी) के राष्ट्रीय अध्यक्ष काली शंकर यदुवंशी ने इजराइल में रोजगार हेतु चयनित 1383 कुशल श्रमिकों की रुकी हुई चयन प्रक्रिया पर गहरा आक्रोश व्यक्त करते हुए इस संबंध में प्रमुख सचिव, श्रम एवं सेवायोजन विभाग को एक मांग पत्र भेजकर चेतावनी दिया है कि यदि युवाओं के भविष्य के साथ हो रहा यह अन्याय तुरंत नहीं रुका,तो पार्टी बड़े स्तर पर आंदोलन के लिए बाध्य होगी ।काली शंकर यदुवंशी ने जारी बयान में कहा कि इन श्रमिकों का चयन सरकारी संस्थाओं (ठरऊ और ढक्इअ) द्वारा आईटीआई अलीगंज में आयोजित टेस्ट के माध्यम से पारदर्शी तरीके से हुआ था। सभी चयनित अभ्यर्थियों ने अपने जरूरी दस्तावेज (ढउउ और मेडिकल) वाराणसी कार्यालय में जमा कर दिए हैं। बावजूद इसके, पिछले 14 महीनों से इन्हें न तो ऑफर लेटर दिया गया और न ही फ्लाइट की कोई जानकारी साझा की गई ।उन्होंने प्रमुख सचिव के पूर्व आश्वासन का हवाला देते हुए कहा, ₹प्रशासन ने वादा किया था कि 10 जनवरी 2026 से ट्रेनिंग शुरू होगी और फरवरी के पहले हफ्ते में फ्लाइट्स शुरू हो जाएंगी। लेकिन आज फरवरी का दूसरा सप्ताह शुरू होने के बाद भी शासन मौन है। सरकार के इस ढुलमुल रवैये के कारण इन गरीब श्रमिकों ने अपने स्थानीय काम धंधे छोड़ दिए और आज इनके परिवारों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है।

# पीएम-सीएम आवास योजना से पूरा हो रहा आशियाने का सपना

- गोरखपुर में पीएम आवास योजना से 61528 जरूरतमंद ग्रामीणों के बने मकान
- 2653 ग्रामीणों को सीएम आवास योजना का मिला फायदा, 215 के मकान निर्माणाधीन



घनश्याम कुमार

गोरखपुर। आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए अपना खुद का पक्का आवास बनवाना बड़ी चुनौती होती है। पर, डबल इंजन सरकार में प्रधानमंत्री आवास योजना और मुख्यमंत्री आवास योजना इस चुनौती को दूर करने के लिए बड़े काम की साबित हुई है। गरीबों के आशियाने का सपना पीएम-सीएम आवास योजना से पूरा हो रहा है। अकेले गोरखपुर जिले के ग्रामीण क्षेत्र में पीएम आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत 61528 जरूरतमंदों के मकान बने हैं। इसी तरह 2653 गरीब ग्रामीणों मुख्यमंत्री आवास योजना का लाभ मिला है जबकि 215 लाभार्थियों के मकान निमार्णाधीन हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा हर एक जरूरतमंद को पक्का मकान उपलब्ध कराने की है। इसके लिए शासन की तरफ से संचालित प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण और मुख्यमंत्री आवास योजना पर उनका विशेष ध्यान रहता है। सीएम की प्राथमिकता के चलते शासन की आवास योजना की प्रगति भी शानदार है। जिलाधिकारी दीपक मीणा बताते हैं कि वर्ष 2016-17 से लेकर वर्ष 2024-25 तक गोरखपुर में पीएम आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत 61598 गरीबों के पक्के मकान बनाने का लक्ष्य तय किया गया। इसमें से 61528 मकान का निर्माण पूरा भी कर लिया गया और जरूरतमंद परिवार अपने खुद के पक्के आवास में व्यवस्थित होकर मौसम की मार से बचने में समर्थ हो गए। पीएम आवास योजना में लक्ष्य के सापेक्ष सिर्फ 70 आवास नहीं बन सके। इनमें से प्रक्रियात्मक कारणों से 49 मकान बन नहीं सकते। जबकि 20 ब्लॉकों में एक-एक डेमो आवास निमार्णाधीन हैं। गोरखपुर के ग्रामीण क्षेत्रों में जितने पीएम आवास बने हैं, उनमें से 30583 अनुसूचित जाति, 370 अनुसूचित जनजाति और 3807 अल्पसंख्यक वर्ग के लाभार्थियों को मिले हैं। पीएम आवास योजना के साथ ही प्रदेश में 2019 से शुरू मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण में भी वर्ष 2024-35 तक 2663 जरूरतमंदों के आवास स्वीकृत हुए। स्वीकृति के सापेक्ष 2643 के पक्के मकान बन भी गए हैं। जिला ग्राम्य विकास अभिकरण गोरखपुर के परियोजना निदेशक दीपक कुमार सिंह के अनुसार सीएम आवास योजना ग्रामीण के तहत वर्ष 2025-26 में 225 आवासों की स्वीकृति के सापेक्ष 10 मकान पूर्ण और 215 निमार्णाधीन हैं।

### गोरखपुर में पीएम आवास योजना ग्रामीण की प्रगति

| ब्लॉक | पूर्ण आवास |
|---|---|
| बांसगांव | 3168 |
| बड़हलगंज | 5117 |
| बेलघाट | 7846 |
| भरोहिया | 1206 |
| भटहट | 2361 |
| ब्रह्मपुर | 3247 |
| कैम्पियरगंज | 4822 |
| चरगांवा | 1406 |
| गगहा | 4518 |
| गोला | 3835 |
| जंगल कौड़िया | 924 |
| कौड़ीराम | 1811 |
| खजनी | 3119 |
| खोराबार | 1247 |
| पाली | 2132 |
| पिपराइच | 1658 |
| पिपरौली | 1082 |
| सहजनवा | 2455 |
| सरदारनगर | 2684 |
| उरूवा | 6780 |

## मंडलायुक्त ने गोड़धोइया नाला पर निर्माणाधीन एसटीपी का किया स्थलीय निरीक्षण



गोरखपुर। मण्डलायुक्त अनिल ढींगरा ने बिछिया क्षेत्र में स्थित गोड़धोइया नाला पर निमार्णाधीन सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मण्डलायुक्त ने निर्माण कार्यों की प्रगति, गुणवत्ता, तकनीकी मानकों तथा निर्धारित समय-सीमा के अनुपालन तथा निर्माण स्थल पर चल रहे विभिन्न कार्यों का अवलोकन करते हुए कार्यदायी संस्था से कार्य प्रगति की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने निर्देशित किया कि एसटीपी का निर्माण कार्य शासन द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप उच्च गुणवत्ता के साथ समयबद्ध ढंग से पूर्ण किया जाए तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही न हो। लापरवाही पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध जवाबदेही तय की जाएगी। इस अवसर पर संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे। इसके उपरांत मण्डलायुक्त ने निमार्णाधीन हड़हवा फाटक ओवरब्रिज का भौतिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मण्डलायुक्त ने निर्माण कार्य की प्रगति, गुणवत्ता, सुरक्षा मानकों तथा निर्धारित समय-सीमा की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कार्यदायी संस्था को निर्देशित किया कि ओवरब्रिज का निर्माण कार्य उच्च गुणवत्ता मानकों के अनुरूप सुनिश्चित किया जाए तथा संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित कर समाधान करते हुए कार्यों में तेजी लाकर निर्धारित समय सीमा के भीतर परियोजना को पूर्ण किया जाए, इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए। इस अवसर पर संबंधित विभागीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## कार - ऑटो की भिड़ंत में दो घायल

बकेवर, इटावा। महेवा से आटो में सवारी बैठाकर बकेवर आ रहे आटो में कार चालक ने व्यासपुर मोढ़ के पास टक्कर मार दी जिससे आटो चालक सहित दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनो घायलो को एम्बुलेंस बुलाकर 50 शैया अस्पताल बकेवर भिजवाया गया। ग्राम नगला शुक्ल निवासी आटो चालक रामकिशोर पुत्र रामनरेश सोमवार की दोपहर महेवा सवारी लेकर बकेवर जा रहा था जैसे ही वह आटो लेकर बकेवर कस्वा के समीप व्यासपुर मोढ़ के सामने पहुँचा कि तभी बकेवर की ओर से तेज गति से आ कार चालक ने आटो में टक्कर मार दी जिससे आटो चालक राम किशोर, महेवा निवासी इकरार पुत्र सहिल गंभीर रूप से घायल हो गए।

## बजट 2047 के विकसित भारत की मजबूत नींव : अन्नू गुप्ता



जसवंतनगर, इटावा। भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष अरुण कुमार अन्नू ने केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट को देश के विकास, रोजगार सृजन और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रस्तुत यह बजट भारत को वैश्विक स्तर पर और अधिक सशक्त बनाने वाला है। यह विचार उन्होंने विधानसभा क्षेत्र में आयोजित बूथ सम्मेलन के दौरान बजट चर्चा कार्यक्रम में व्यक्त किए। अरुण कुमार अन्नू ने कहा कि भारत केवल फास्टेस्ट ग्रोइंग इकोनॉमी बनने तक सीमित नहीं रहना चाहता, बल्कि शीघ्र ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है। यह बजट 140 करोड़ देशवासियों की आकांक्षाओं को प्रतिबिंबित करता है। उन्होंने बताया कि बजट तीन प्रमुख कर्तव्योंकृआर्थिक वृद्धि को गति देना, आमजन की अपेक्षाओं को पूरा करना और समावेशी विकासकृसे प्रेरित है। पूर्व प्रत्याशी विवेक शाक्य ने कहा कि बजट में शिक्षा, उद्योग, ऊर्जा और रोजगार सृजन को प्राथमिकता दी गई है। स्कूलों व कॉलेजों में आधुनिक लैब, लाइब्रेरी और डिजिटल सुविधाओं के विकास से युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सकेगी। इस अवसर पर पूर्व सांसद प्रेमदास कठेरिया, डॉ. राजबहादुर, प्रशांत राव चैबे, रजत चैधरी, मुकेश यादव, जितेंद्र राजपूत, सीपू चैधरी, अभिषेक शुक्ला, संजय मिश्रा, पुष्पेंद्र अग्निहोत्री, आशीष अग्निहोत्री, जितेंद्र शीलू तोमर, अमित मिश्रा, सुरेश गुप्ता, हासिम अंसारी सहित अनेक भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे। संचालन भाजपा नेता जितेंद्र गोड ने किया।

## पत्नी ने प्रेमी संग ली पति की जान



भरथना, इटावा। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पाड़ियापुरा समेत क्षेत्र में सोमवार की सुबह उस समय सनसनी के साथ दहशत फैल गई, जब अपने ही घर में गृहस्वामी ट्रक चालक रणवीर सिंह (45 वर्ष) पुत्र लाखन सिंह यादव का खून में लथपथ शव पड़ा देखा गया, जबकि हत्याकांड को अंजाम देकर पत्नी अपनी दोनों बेटियों को साथ लेकर प्रेमी संग फरार हो गई। हत्याकांड की सूचना मिलते ही पुलिस महकमे में भी हड़कंप मच गया। आनन-फानन में एएसपी ग्रामीण श्रीचन्द्र, चकरनगर सीओ अवनीश कुमार सिंह, भरथना प्रभारी निरीक्षक विक्रम सिंह, क्राइम इंस्पेक्टर अरिमर्दन सिंह पुलिस बल के साथ फॉरेंसिक टीम लेकर पहुंच गए और घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर फॉन्सिक टीम ने घटना स्थल से आवश्यक साक्ष्य जुटाते हुए पास पड़ी घटना में प्रयुक्त धारदार हथियार कुल्हाड़ी बरामद कर ली। इस बीच घटनास्थल पर परिजन-रिश्तेदार समेत बड़ी संख्या में महिला-पुरुष ग्रामीणों का हुजूम भी एकत्रित हो गया। घटनास्थल पर मृतक के बड़े भाई यशपाल यादव उर्फ बेगम सिंह ने बताया कि उसका मृतक भाई रणवीर यादव ट्रक चालक था। बीते दिनों वह गांव आया हुआ था। जबकि मृतक भाई की पत्नी पूजा का गांव के ही एक 23 वर्षीय नामजद युवक से प्रेम प्रसंग चल रहा था, भाई के विरोध और बार-बार रोक टोक से खफा पूजा ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर बीती रात्रि पति रणवीर सिंह की धारदार हथियार कुल्हाड़ी से हमला कर मौके पर ही हत्या कर दी और पूजा अपनी दोनों बेटियों को साथ लेकर नामजद प्रेमी के साथ रातों रात फरार हो गई। रणवीर सिंह की पूजा के साथ 7 वर्ष पूर्व वर्ष 2018 में शादी हुई थी। एएसपी ग्रामीण श्रीचन्द्र ने उक्त हत्याकांड में बताया कि मृतक की हत्या उसकी पत्नी ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर की है और पत्नी अपनी दोनों बेटियों को साथ लेकर अपने प्रेमी के साथ फरार हो गई है।

# पुलिस ने साइबर जागरूकता अभियान चलाकर सिखाये बचाव के गुण



गोला, गोरखपुर। उपनगर गोला के तहसील चौराहा स्थित एलपीएम पब्लिक स्कूल पर पुलिस विभाग द्वारा साइबर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां पुलिस ने छात्रों को वर्तमान समय में बढ़ते डिजिटल अपराधों को देखते हुए इंटरनेट व एआई के खतरों से सावधान रहने व सही तरीके से प्रयोग की जानकारी दी। पुलिस टीम ने बच्चों को बताया कि कैसे सोशल मीडिया गेमिंग ऐप्स और अनजान लिंक्स के जरिए साइबर अपराधी उन्हें अपना शिकार बना सकते हैं। सत्र के दौरान छात्राओं में काफी उत्साह और जिज्ञासा देखी गई ।बच्चों ने पुलिस अधिकारियों से सुरक्षा सेटिंग्स पासवर्ड की गोपनीयता और ऑनलाइन गेमिंग से जुड़े कई सवाल पूछे जिनका विशेषज्ञों ने बखूबी समाधान किया। निजी जानकारी की सुरक्षा के विषय में बताया गया कि किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ नाम पता फोटो या ओटीपी साझा न करें। अज्ञात लिंक से बचाव के लिए लुभावने विज्ञापनों या अनजान लिंक्स पर क्लिक करने से बचें। किसी भी अप्रिय घटना या ठगी की स्थिति में तुरंत 1930 साइबर हेल्पलाइन पर कॉल करें उप निरीक्षक थाना गोला राम मुकुंद कुमार ने बताया कि विशेष रूप से डिजिटल अरेस्ट और ओटीपी धोखाधड़ी जैसे गंभीर विषयों पर प्रकाश डाला। उनके अनुसार किसी भी अनजान व्यक्ति द्वारा पुलिस या सीबीआई अधिकारी बनकर वीडियो कॉल करने पर घबराएं नहीं। महिला उप निरीक्षक प्रियंका मौर्या ने बताया कि महिला सुरक्षा और सोशल मीडिया सुरक्षा पर केंद्रित रहते हुए अपनी प्रोफाइल को लॉक रखें और अनजान लोगों की फ्रेंड रिक्वेस्ट स्वीकार न करें। महिला सुरक्षा साइबर बुलिंग या अश्लील संदेश आने पर तुरंत साइबर सेल या हेल्पलाइन नंबर 1930 पर सूचित करें। साथ ही कांस्टेवल अविनाश सोनकर ने महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। कार्यक्रम के अंत में स्कूल की प्रधानाचार्य एकता वर्मा व रेवरेण्ट डी के सिंह ने पुलिस टीम के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर मनीष यादव, अनूप सिंह, मनोज पाण्डेय, दुर्गेश धर दुबे, शैलेश कुमार त्रिपाठी, शिवशंकर पंडित, सुशील शुक्ला, रमेश कुमार यादव, आकाश सिंह, इन्द्रजीत सिंह, सुमैला अख्तर, अर्चना व संतोष तिवारी सहित आदि मौजूद रहें।


### कार्यालय ग्राम पंचायत तेजवापुर विकास खण्ड बेहटा, सीतापुर

पत्रांक: मेमा/मनरेगा/निविदा सूचना प्रकाशन/वर्ष 2025-26 दिनांक 09.02.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सचित किया जाता है कि मनरेगा योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत के कार्यालय में वित्तीय वर्ष 2025-26 में निम्न निर्माण हेतु निम्न दरों पर केवल सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत एवं स्थानीय फर्म जिनका आयकर वाणिज्य कर विभाग में पंजीकृत हो तथा मोहर बंद दिनांक 10.02.2025 को अपरान्ह 01 बजे से आमंत्रित की जाती है। प्राप्त टेण्डर को ग्राम पंचायत तेजवापुर के द्वारा गठित समिति के समक्ष दिनांक 16.02.2025 को समय 03 बजे दिन मे सार्वजनिक रूप से खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | सामग्री | निविदा प्रपत्र का मूल्य | अनुमानित लागत |
|---|---|---|---|---|
| 1 | उच्च प्राथमिक वि. ढोलनापुर में एम. डी.एम. लंच सेट निर्माण कार्य। | 376418.00 | 300.00 | 553649.00 |

1. निविदा फर्म क्रय की जाने वाली सामग्री सम्बन्धित दिशा अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में निविदा मूल्य के साथ जमा करके प्राप्त किये जा सकते है।
2. किसी भी वाद विवाद की दशा में जनपद न्यायालय सीतापुर होगा।
3. निविदा/स्वीकृत/निरस्त करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत मे निहित होगा।
4. सामग्री आपूर्ति कार्य स्थल पर ही की जायेगी।

ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत तेजवापुर, विकास खण्ड बेहटा, सीतापुर
ग्राम सचिव, ग्राम पंचायत तेजवापुर, विकास खण्ड बेहटा, सीतापुर

### कार्यालय ग्राम पंचायत चेनिया विकास खण्ड बेहटा, सीतापुर

पत्रांक: मेमा/मनरेगा/निविदा सूचना प्रकाशन/वर्ष 2025-26 दिनांक 09.02.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सचित किया जाता है कि मनरेगा योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत के कार्यालय में वित्तीय वर्ष 2025-26 में निम्न निर्माण हेतु निम्न दरों पर केवल सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत एवं स्थानीय फर्म जिनका आयकर वाणिज्य कर विभाग में पंजीकृत हो तथा मोहर बंद दिनांक 10.02.2025 को अपरान्ह 01 बजे से आमंत्रित की जाती है। प्राप्त टेण्डर को ग्राम पंचायत चेनिया के द्वारा गठित समिति के समक्ष दिनांक 16.02.2025 को समय 03 बजे दिन मे सार्वजनिक रूप से खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | सामग्री | निविदा प्रपत्र का मूल्य | अनुमानित लागत |
|---|---|---|---|---|
| 1 | रामप्रसाद के घर से इण्टरलाकिंग तक इण्टरलाकिंग कार्य। | 662540.00 | 300.00 | 884683.00 |
| 2 | पक्की रोड़ से राम प्रसाद के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य। | 733335.00 | 300.00 | 979364.00 |
| 3 | प्रा.वि. चैरा की बाण्ड्रीवॉल निर्माण कार्य। | 277895.00 | 200.00 | 381200.00 |
| 4 | कम्पोजिट वि. चेनिया में एम.डी. एम. लंच सेट निर्माण कार्य। | 416688.00 | 300.00 | 575502.00 |

1. निविदा फर्म क्रय की जाने वाली सामग्री सम्बन्धित दिशा अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में निविदा मूल्य के साथ जमा करके प्राप्त किये जा सकते है।
2. किसी भी वाद विवाद की दशा में जनपद न्यायालय सीतापुर होगा।
3. निविदा/स्वीकृत/निरस्त करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत मे निहित होगा।
4. सामग्री आपूर्ति कार्य स्थल पर ही की जायेगी।

ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत चेनिया, विकास खण्ड बेहटा, सीतापुर
ग्राम सचिव, ग्राम पंचायत चेनिया, विकास खण्ड बेहटा, सीतापुर

### कार्यालय ग्राम पंचायत गिन्हौना विकास खण्ड नकहा, जिला खीरी

पत्रांक - मेमो/पंचम राज्य वित्त/15वां केन्द्रिय वित्त/वित्तीय वर्ष 2025-26 दिनांक 09.02.2025

**निविदा सूचना**

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में 15वां केन्द्रिय वित्त/पंचम राज्य वित्त वित्त योजनांतर्गत प्राप्त धनराशि से ग्राम पंचायत गिन्हौना में स्वीकृत कार्ययोजना के सापेक्ष निम्न लिखित विवरण के अनुसार निर्माण सामग्री इत्यादि की आपूर्ति किये जाने हेतु निविदायें आमंत्रित हैं। इच्छुक अनुभवी पंजीकृत फर्मों से उनकी निविदायें सीलबंद लिफाफे में दिनाँक 10.02.2025 से 16.02.2025 को समय 12 बजे तक कार्यालय मे रखे निविदा बॉक्स में आमंत्रित हैं, जोकि उसी दिनांक को समय 02 बजे निविदादाताओं/प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जाएंगी। निविदा की दरें समस्त व्यय व कर सहित दी जायें, अलग से कोई भी व्यय देय नहीं होगा। किसी भी एक अथवा समस्त निविदाओं को निरस्त करने एवं सामग्री की मात्रा को आवश्यकतानुसार कम या अधिक क्रय करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | सामग्री | अनुमानित लागत |
|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम पंचायत गिन्हौना में रामहेत के मकान से रहीश खां के मकान तक इण्टरलाकिंग रोड़ निर्माण कार्य। | इण्टरलाकिंग ईंट, प्रथम श्रेणी ईंट, सीमेन्ट, मौरंग, बालू, रोड़ा, गिट्टी, आदि। | 224000.00 |
| 2 | ग्राम पंचायत गिन्हौना में इरसाद अंसारी के मकान से अब्दुलगनी के मकान तक इण्टर लाकिंग रोड़ निर्माण कार्य। | इण्टरलाकिंग ईंट, प्रथम श्रेणी ईंट, सीमेन्ट, मौरंग, बालू, रोड़ा, गिट्टी, आदि। | 156900.00 |
| 3 | ग्राम पंचायत गिन्हौना में अलीमुद्दीन अंसारी के मकान से साजिद अंसारी के मकान तक नाली व इण्टरलाकिंग रोड़ निर्माण कार्य। | इण्टरलाकिंग ईंट, प्रथम श्रेणी ईंट, सीमेन्ट, मौरंग, बालू, रोड़ा, गिट्टी, आदि। | 257500.00 |
| 4 | ग्राम पंचायत गिन्हौना में साजिद अंसारी के मकान से नईम अंसारी के मकान तक नाली व इण्टरलाकिंग रोड़ निर्माण कार्य। | इण्टरलाकिंग ईंट, प्रथम श्रेणी ईंट, सीमेन्ट, मौरंग, बालू, रोड़ा, गिट्टी, आदि। | 257500.00 |
| 5 | ग्राम पंचायत गिन्हौना में याकूब शाह के मकान से शकील शाह के मकान तक इण्टर लाकिंग रोड़ निर्माण कार्य। | इण्टरलाकिंग ईंट, प्रथम श्रेणी ईंट, सीमेन्ट, मौरंग, बालू, रोड़ा, गिट्टी, आदि। | 238300.00 |

चुन्नी, प्रधान, ग्राम पंचायत गिन्हौना, विकास खण्ड नकहा, खीरी
नेहा पाण्डेय, सचिव, ग्राम पंचायत गिन्हौना, विकास खण्ड नकहा, खीरी


# कार्यालय पहुंचते ही एक्शन में एसएसपी डॉ. कौस्तुभ

## पहले दिन सभी संभागों का किया निरीक्षण, पटल प्रभारियों को दिए सख्त निर्देश



गोरखपुर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ ने शनिवार को पुलिस लाइन के आदेश कक्ष में विधिवत कार्यभार ग्रहण करने के बाद सोमवार को आज अपने कार्यालय में पहला कार्यदिवस बिताया। कार्यालय पहुंचने से पहले ही उन्होंने पुलिस ऑफिस के सभी संभागों और शाखाओं का विस्तृत निरीक्षण कर व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने पटल प्रभारियों को कार्यप्रणाली दुरुस्त रखने, लंबित मामलों को प्राथमिकता पर निपटाने और अभिलेखों को अद्यतन रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसएसपी ने कहा कि पुलिस कार्यालय जनता के लिए उम्मीद का केंद्र होता है। यहां आने वाला हर व्यक्ति समय पर सुनवाई और समाधान चाहता है। इसलिए शिकायतों को लंबित रखने की प्रवृत्ति खत्म होनी चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि शासन की मंशा के अनुरूप पारदर्शी, जवाबदेह और परिणाम देने वाली कार्यशैली अपनाना अनिवार्य है। डॉ. कौस्तुभ ने विभिन्न शाखाओं में रजिस्टरों, पत्रावलियों और प्रार्थना पत्रों के रख-रखाव की स्थिति देखी। कई जगहों पर उन्होंने सुधार के निर्देश दिए और कहा कि प्राप्त हर आवेदन का समय से पंजीकरण कर उसकी प्रगति अंकित की जाए। फरियादियों को अनावश्यक रूप से चक्कर न लगाने पड़ें, यह सुनिश्चित करना सभी की जिम्मेदारी है।

नवागत एसएसपी ने एसपी सिटी और एसपी नार्थ कार्यालय का भी निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि गंभीर मामलों में त्वरित कार्रवाई हो और पीड़ित को समय से न्याय मिले। तकनीक के उपयोग पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि मॉनिटरिंग सिस्टम मजबूत किया जाए, ताकि हर स्तर पर जवाबदेही तय हो सके। इस अवसर पर एसपी सिटी अभिनव त्यागी, एसपी नार्थ ज्ञानेंद्र, एसपी दक्षिणी दिनेश कुमार पुरी, सहायक पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार एस, एसपी यातायात राजकुमार पांडेय, एसपी मंदिर संतोष कुमार तथा सीओ ऑफिस दीपांशी सिंह राठौर समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे। सभी ने अपने-अपने अनुभाग की कार्यप्रणाली की जानकारी एसएसपी को दी। निरीक्षण में डॉ. कौस्तुभ ने कहा कि अनुशासन और समयबद्धता के साथ कार्य करना ही पुलिस विभाग की पहचान है। लापरवाही पाए जाने पर सख्त कार्रवाई होगी, वहीं अच्छा कार्य करने वालों को प्रोत्साहित किया जाएगा। उनके इस स्पष्ट संदेश से महकमे में सक्रियता बढ़ी है और उम्मीद जताई जा रही है कि आने वाले दिनों में व्यवस्था और बेहतर होगी।

## स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन मोहल्ला समिति की बैठक



इटावा। अधिशासी अधिकारी संतोष कुमार मिश्रा व अध्यक्ष ज्योति संटू गुप्ता के निदेर्शानुसार नगर पालिका परिषद व आईटीसी मिशन सुनहरा कल के कल के संयुक्त तत्वाधान से वार्ड 4 पुरविया टोला नालापार मे सफाई एवं खाद्य निरीक्षक एनएल कुशवाहा के सहयोग से स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन मोहल्ला समिति के बैठक की गई ! जिसमे ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के महत्वपूर्ण पहलुओं के बारे में आईटीसी से सुजीत कुमार द्वारा जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में वार्ड वासियों को समझाया गया, कचरे के प्रकार और गीला-सूखा मिश्रित कचरा देने से होने वाली हानियाँ गीला और सूखा कचरा अलग-अलग देने के लाभ कचरे का उचित और समय पर निस्तारण गीले कूड़े से जैविक खाद बनाना (कम्पोस्टिंग) सूखे कचरे का रिसाइकिलिंग लैंडफिल में कमी घरेलू स्तर पर गीले कचरे से होम कम्पोस्टिंग करने के लिए वार्ड स्तर पर सामुदायिक कम्पोस्टर का उपयोग करने के लिए कचरे को पृथक करके देने के महत्व को समझने के लिए बताया। इस मौके पर वार्ड सभासद प्रतिनिधि, अंशुल, आसिफ, सफाईनायक नरेश, स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन मोहल्ला समिति के सदस्य उपस्थित रहे।


# आयुक्त मेरठ ने किया कलेक्ट्रेट का वार्षिक निरीक्षण

## वार्षिक निरीक्षण में डीएम के नेतृत्व में की गयी तैयारी ,व्यवस्थाओ को देख खुश हुए कमिश्नर



मेरठ। आयुक्त मेरठ मंडल मेरठ भानु चन्द्र गोस्वामी द्वारा कलेक्ट्रेट का वार्षिक निरीक्षण किया गया। कलेक्ट्रेट आगमन पर जिलाधिकारी ने आयुक्त को पौधा भेंट कर स्वागत किया। आयुक्त द्वारा कलेक्ट्रेट में की गई समस्त तैयारी, व्यवस्थाओ एवं जिलाधिकारी के नेतृत्व में किये गये कार्यो की सराहना की गई। उन्होने कहा कि कलेक्ट्रेट में अच्छा कार्य हुआ है तथा अनुभागो में किये जा रहे कार्य संतोषजनक पाये गये। उन्होने निर्देशित किया कि जिन पटलो पर जो भी छोटी-छोटी कमियां पाई गई है उनको दुरूस्त कर लिया जाये तथा कलेक्ट्रेट की कार्यप्रणाली को वर्तमान की जरूरत के अनुसार और बेहतर बनाया जाये। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कलेक्ट्रेट के विभिन्न पटल का भ्रमण कर कार्यालयी व्यवस्थाओं, अभिलेख संधारण, जनसुविधा व्यवस्था तथा संचालित कार्यों का अवलोकन किया। आयुक्त श्री गोस्वामी ने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए कि कार्यालयों में कार्य सुव्यवस्थित ढंग से संचालित हो, अभिलेख अद्यतन रखे जाएं तथा आमजन को निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार त्वरित एवं पारदर्शी सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं। उन्होने कहा कि जिन अनुभाग में साफ-सफाई एवं मरम्मत कार्य में कमी पाई है उसको ठीक कराया जाये। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न पटल पर कार्यरत कर्मचारियों से कार्य प्रणाली की जानकारी प्राप्त की तथा सभी रजिस्टरो का अवलोकन किया। उन्होने कहा कि जो भी शिकायते प्राप्त होती है उनकी जांच एवं निस्तारण का अवलोकन करते हुये आवश्यक कार्यवाही की जाये। आयुक्त ने पटलो का गहनता से निरीक्षण करते हुये कहा कि सामान्यतः सभी पटलो पर एसओपी का पालन किया जा रहा है। उन्होने प्रभारी अधिकारी और सह प्रभारी अधिकारी को एक महीने में एक बार पटलो का निरीक्षण करने के निर्देश दिये। उन्होने नकल जारी करने के समय को कम करने के निर्देश दिये। वरासत के मामलो का जल्द से जल्द निस्तारण किया जाये। शिकायतो के निस्तारण हेतु प्रभावी व्यवस्था बनाते हुये कार्यवाही की जाये। वसूली के संबंध में आर0सी0 जारी करने की व्यवस्था को और दुरूस्त बनाये जाने के निर्देश दिये गये। उन्होने कहा कि निरीक्षण में जिन बिन्दुओ ,पटलो के संबंध में आवश्यक निर्देश दिये गये है, अनुपालन आख्या एवं संबंधित कार्यवाही की रिपोर्ट समय से उपलब्ध करा दी जाये।

## कुलपति ने किया सैफई में इमरजेंसी व ट्रॉमा संकटमोचन नेटवर्क का शुभारंभ



सैफई, इटावा। मुख्यमंत्री की दूरदृष्टि एवं स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने की प्रतिबद्धता से प्रेरित होकर उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय यूपीयूएमएस, सैफई ने राज्य में इमरजेंसी एवं ट्रॉमा सेवाओं को सशक्त बनाने की दिशा में एक अभिनव पहल करते हुए आपातकालीन एवं आघात संकटमोचन नेटवर्क का शुभारंभ कुलपति प्रोफेसर डॉक्टर अजय सिंह ने किया। कुलपति प्रो. डॉ. अजय सिंह ने बताया कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य आसपास के जिलों कन्नौज, फरुर्खाबाद, मैनपुरी, इटावा के दूरस्थ, ग्रामीण एवं सीमित संसाधन वाले क्षेत्रों में कार्यरत चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों को चैबीसों घंटे विशेषज्ञ मार्गदर्शन, परामर्श और त्वरित सहायता उपलब्ध कराना है, ताकि गंभीर परिस्थितियों में मरीजों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण उपचार मिल सके। उन्होंने कहा कि यह पहल प्रदेश में आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक सुलभ, प्रभावी और त्वरित बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो संकट की घड़ी में मरीजों के जीवन को बचाने में सहायक सिद्ध होगा। आपातकालीन एवं आघात संकटमोचन नेटवर्क का शुभारंभ उत्तर प्रदेश में स्वास्थ्य सेवा वितरण में नवाचार, क्षमता निर्माण और गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा उपलब्ध कराने की दिशा में यूपीयूएमएस सैफई की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

संक्षेप

## कमरे में फंदे से लटका मिला महिला का शव

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। थाना हैदराबाद क्षेत्र के ग्राम मढ़िया सड़क में एक महिला का शव घर के कमरे के भीतर साड़ी के फंदे से लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतका की पहचान 35 वर्षीय सीमा देवी पत्नी राजकुमार के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार सीमा देवी का विवाह वर्ष 2011 में मढ़िया सड़क निवासी राजकुमार से हुआ था। घटना के समय वह घर के अंदर थी। कुछ देर बाद परिजनों की नजर कमरे पर गई तो दरवाजा भीतर से बंद मिला। संदेह होने पर दरवाजा खोला गया तो महिला का शव कुंडे से लटकता मिला। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका के भाई सुरेंद्र निवासी नौगवां, थाना भीरा ने भी मौके पर पहुंचकर जानकारी दी। पुलिस का कहना है कि मामले के सभी पहलुओं की जांच की जा रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## फंदे से लटका मिला किशोरी का शव

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। थाना हैदराबाद क्षेत्र के ग्राम सुन्दरपुर में 14 वर्षीय किशोरी का शव घर के अंदर फंदे से लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा की कार्रवाई पूरी की और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका की पहचान नेहा देवी पुत्री रामगोपाल के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार घटना के समय किशोरी घर के भीतर थी। कुछ देर बाद उसे कमरे में संदिग्ध स्थिति में लटका पाया गया, जिससे परिवार में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक विधिक कार्रवाई शुरू की। पुलिस का कहना है कि किशोरी द्वारा यह कदम किन परिस्थितियों में उठाया गया, इसकी जांच की जा रही है।

## पीएम आवास योजना में भ्रष्टाचार

पलियाकलां खीरी। प्रधानमंत्री आवास योजना में सभासद सर्वेयर अपने मनचाहे लोगो को शामिल कर रहे है। लाभार्थियों के लिए प्रधान मंत्री आवास योजना के तहत खातों में पैसा आते ही सभासद एवं सम्बन्धित लोगों ने लाभार्थियों के घरों की परिक्रमा लगाते हुए दस से पच्चीस हजार रूपए की ठगी किये जाने का मामला संज्ञान में आया है। पलिया के प्रतिष्ठित सभासद एवं भाजपा नेता ने समस्त वार्ड निवासियों से आग्रह किया है की समस्त लाभार्थियों का पैसा सीधे खाते में भेजा जाता है इसमे विचौलियों का कोई रोल नही है अगर आवास के नाम पर आप लोगों से कोई पैसा मांगता है तो इसकी शिकायत उपजिलाधिकारी तथा नगर पालिका अध्यक्ष डूडा अधिकारी से सीधे तौर पर कर सकते है। सूत्रों के मुताबिक जब से प्रधानमंत्री आवास योजना लागू हुई है तब से सभासदों एवं सर्वेयरों की लाटरी लगी हुई है जो सभासद कल तक पैदल चलते थे और किराये के घरों में रहते थे वह आज लग्जरी कारों से चल रहे है और एक की जगह अनेक आलिशान मकान तैयार करा चुके है। अगर प्रशासन पूर्व से लेकर अब तक की जांच करा ले तो कई लाख रूपए का मामला सामने निकलकर आएगा।

## पूर्व सांसद और उनके पुत्र को दिया श्रद्धांजलि

जौनपुर। स्व. राजकेशर सिंह पूर्व सांसद एवं उनके ज्येष्ठ पुत्र स्व0 डा. दिनेश सिंह की पुण्य तिथि संयुक्त रूप से उनके पैतृक आवास बक्सहपुर में यादव ने उन लोगों के व्यक्तित्व कृतित्व पर प्रकाश डाला। विधायक अभय सिंह गणमान्य लोगो को शाल देकर सम्मानित किया। इसमे उनके पौत्र डा. राजवीर सिंह राजा ने लोगो का स्वागत एवं आभार व्यक्त किया। प्रमुख लोगों में कुंवर. विरेन्द्र सिंह एम.एल सी ने श्रद्धान्जली देते हुए दोनों के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। श्रद्धान्जली समारोह में डा. दिनेश चन्द्र तिवारी बरिष्ठ पत्रकार, विजयबहादुर सिंह - सत्यप्रकाश तिवारी, राजू तिवारी ताड़केश्वर सिंह, जितेन्द्र प्रताप सिंह, उदित पाठक एडवोकेट, विष्णु शुक्ला राजीव तिवारी एवं गणमान्य लोग अश्रुपूरित नेत्रो से श्रद्धान्जलि अर्पित किया। उनके परिवार यशवीर सिंह, ऋषि एवं, रनवीर आदित्य सिंह अन्य लोग उपस्थित थे।

# महाशिवरात्रि से पहले एसपी ने परखी सुरक्षा व्यवस्था



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। महाशिवरात्रि पर्व के मद्देनजर नवागत पुलिस अधीक्षक डॉ. ख्याति खरे ने पुलिस बल के साथ छोटी काशी स्थित प्राचीन शिव मंदिर, तीर्थ सरोवर और आसपास के क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण का उद्देश्य श्रद्धालुओं की संभावित भीड़ को देखते हुए सुरक्षा, यातायात और व्यवस्थाओं को सुचारु रखना रहा।

निरीक्षण के दौरान एसपी ने मंदिर परिसर, प्रवेश व निकास मार्ग, बैरिकेडिंग, भीड़ नियंत्रण बिंदुओं तथा तीर्थ सरोवर के किनारे सुरक्षा प्रबंधों का बारीकी से जायजा लिया। ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न होने पाए और श्रद्धालुओं को सुगम दर्शन की व्यवस्था मिले। मुख्य मार्गों पर ट्रैफिक डायवर्जन, पार्किंग स्थल, पैदल मार्ग और आपातकालीन निकास मार्ग को चिह्नित कर आवश्यक निर्देश दिए गए। तीर्थ सरोवर के किनारे सुरक्षा घेरा मजबूत रखने, फिसलन वाले स्थानों पर सतर्कता बढ़ाने और सीसीटीवी निगरानी को प्रभावी रखने के साथ महिला पुलिसकर्मियों की पर्याप्त तैनाती सुनिश्चित करने को कहा गया। क्षेत्राधिकारी रमेश कुमार तिवारी ने पर्व के दौरान लागू की जाने वाली व्यवस्थाओं की जानकारी दी और आपसी समन्वय से महाशिवरात्रि को शांतिपूर्ण व सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने का भरोसा दिलाया। इस दौरान नगर पालिका परिषद अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने बताया कि पालिका की ओर से मंदिर मार्ग, सरोवर किनारे और मुख्य सड़कों पर विशेष साफ-सफाई अभियान चलाया जा रहा है। प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त कराई जा रही है तथा पेयजल, अस्थायी शौचालय, कूड़ा उठाने की व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

निरीक्षण के समय तहसीलदार भीमचंद, मंदिर कमेटी के अध्यक्ष जनार्दन गिरी, अधिशाषी अधिकारी संजय कुमार, बिजली विभाग के एक्सईएन, कोतवाली प्रभारी अम्बर सिंह सहित पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

## दुधवा में वन्य जीव अपराध संबंधित कार्यशाला का आयोजन

पलियाकलां खीरी। दुधवा टाइगर रिजर्व प्रभाग, पलिया-खीरी की दुधवा पर्यटन परिसर स्थित आडिटोरियम में आज वन्य जीव संरक्षण समिति भारत की तरफ से वन्य जीव अपराध संबंधी कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ आज सुबह 09.30 बजे किया गया।

कार्यशाला में उपस्थित कार्मिकों को मिस्टर टीटू जोसेफ द्वारा वन्य जीव अपराध संबंधी आधारभूत जानकारियॉ प्रदान की गई। वन्य जीव संरक्षण अधिनियम में किए गए महत्वपूर्ण प्रावधानों के अनुसार अभिलेखों का संधारण करने संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी अधिवक्ता मंजुला श्रीवास्तव द्वारा दिया गया।



भोजनावकाश के बाद सामूहिक क्रियाकलाप, प्रमुख अभिलेखों की तैयारी संबंधी जानकारी कार्यशाला विशेषज्ञ अधिवक्ता मंजुला श्रीवास्तव, मिस्टर टीटू जोसेफ एवं मिस्टर सीएम खरे मध्यप्रदेश द्वारा संयुक्त रुप से प्रदान की गई। कार्यशाला में कराए गए सामूहिक क्रियाकलाप के मूल्यांकन के बाद विजेता समूह को नकद पुरुष्कार वितरण किया जाएगा। इस कार्यशाला में वन्य जीव प्रतिपालक, दुधवा, दुधवा टाइगर रिजर्व प्रभाग, पलिया-खीरी, उत्तर खीरी वन प्रभाग, लखीमपुर-खीरी के साथ-साथ पीलीभीत टाइगर रिजर्व के फील्ड कार्मिक उपस्थित रहे।

## चाकू से हमला युवक घायल

जौनपुर। खेतासराय थाना क्षेत्र के डोभी में बीती रात पुरानी रंजिश को लेकर दबंगों ने एक युवक पर धारदार चाकू से हमला कर दिया। इसमें हमले युवक घायल हो गया है। डोभी मोहल्ले के रहने वाले 25 वर्षीय युवक सुल्तान खान के पिता नूर मोहम्मद का आरोप है कि मोहल्ले के कुछ लोग पुरानी रंजिश को लेकर रविवार की रात मेरे पुत्र पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। इस हमले से सुल्तान गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद परिजनों ने युवक को पीएचसी सोंधी इलाज के लिए ले गयें। वहां युवक की हालत को देखते हुए उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। इस मामले में पीड़ित पिता की तहरीर पर पुलिस ने चाकू से हमला करने वाले दबंगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर लिया है।

## फांसी लगाकर युवक ने दी जान

आजमगढ़। जनपद के बिलरियागंज थाना क्षेत्र के भकुराचांदी गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने का मामला सामने आया है। मृतक की पहचान अजय उर्फ श्रीकांत (30 वर्ष) पुत्र राम प्रसाद निवासी सतनहर गांव, थाना रानी सराय के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि वह पिछले छह महीनों से अपने बड़े भाई के ससुराल भकुराचांदी गांव में रह रहा था। परिजनों के अनुसार, बीती रात करीब आठ बजे जब वे युवक को खाना खाने के लिए छत पर बुलाने गए, तो वहां का दृश्य देख सन्न रह गए। अजय का शव छत पर दुपट्टे के सहारे फांसी के फंदे से लटका हुआ था। यह देख परिजनों ने शोर मचाया और आनन-फानन में उसे फंदे से उतारकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलरियागंज ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष सुनील कुमार दुबे पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरते हुए जिला अस्पताल पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव में दिखा नन्हे कदमों का उत्साह

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। ब्लॉक संसाधन केंद्र कंजा ब्लॉक कुंभी गोला में ब्लॉक स्तरीय हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव उत्साहपूर्ण माहौल में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर ब्लॉक प्रमुख विमल वर्मा, एडीओ अवनीश त्रिपाठी और प्रभारी सीडीपीओ गमला देवी ने किया।



अतिथियों का स्वागत खंड शिक्षा अधिकारी श्रीराम व एआरपी शिक्षकों ने बैज अलंकरण के साथ किया। कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की छात्राओं ने सरस्वती वंदना और स्वागत गीत प्रस्तुत कर कार्यक्रम को भावपूर्ण शुरूआत दी। खंड शिक्षा अधिकारी श्रीराम ने उत्सव की रूपरेखा बताते हुए कहा कि यह आयोजन 3 से 8 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों की समग्र शिक्षा, स्वास्थ्य और शैक्षिक जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शासन के निर्देश पर किया गया है। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और ईसीसीई एजुकेटरों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया।

मुख्य अतिथि विमल वर्मा ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, ईसीसीई एजुकेटरों और शिक्षकों की कर्तव्यनिष्ठा की सराहना करते हुए बीआरसी स्तर की आवश्यकताओं में सहयोग का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में प्रमोद वर्मा, बृजेंद्र वर्मा, शिव प्रकाश, बलवीर सिंह, रुचि सिंह, पूनम रानी शुक्ला, गुरबक्स सिंह और हिमांशु वर्मा ने भी विचार रखे। उत्सव के दौरान बच्चों की रंग भरो प्रतियोगिता आकर्षण का केंद्र रही। प्रतिभागी बच्चों को अतिथियों ने पुरस्कार वितरित किए। कार्यक्रम का संचालन विनोद गौतम और आदेश शुक्ला ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर शिक्षक संकुल, कार्यालय स्टाफ, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां, ईसीसीई एजुकेटर, अभिभावक और दसों संकुलों के बालवाटिका के बच्चे मौजूद रहे।

## ओवरहाइट वेगास लदा ट्रक पलटा, कार और बाइक दबी



मोहम्मदी खीरी। मोहम्मदी शाहजहांपुर स्टेट हाईवे पर गांव मछेछा के पास चीनी मिल से ओवर हाइट वेगास भरकर जाते समय ट्रक अनियंत्रित होकर हाईवे पर पलट गया जिसकी चपेट में कार और बाइक आ जाने नीचे दबकर नष्ट हो गई जबकि दोनों वाहनों के चालक पल झपकते हट जाने से सुरक्षित बच गए हैं।

हादसे के बाद मार्ग अवरुद्ध होने पर दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गई दुकानदारों ने मालवा हटाकर यातायात बहाल कराया है। सोमवार को सुबह 7 बजे करीब पड़ोसी गांव मुड़िया के पास एक फार्म हाउस के मालिक सावी सिंह अपनी कार से पुत्र को बरेली जाने के लिए और सरोज मिश्रा निवासी हरिबल्लभपुर थाना सिधौली अपनी बाइक से बेटी नंदिनी को शाहजहांपुर परीक्षा दिलाने के लिए दोनों लोग बस के इंतजार में वाहन के पास खड़े थे तभी मोहम्मदी की ओर से आवर हाइट वेगास भरकर आ रहे ट्रक चालक ने पास पहुंचते ही नियंत्रण खो दिया जिससे ट्रक एक तरफ झुकने लगा नजारा देख अपने वाहनों को छोड़ बच्चों को लेकर भाग खड़े हुए पल झपकते ट्रक भरभराकर कार और बाइक के ऊपर पलट गया जिससे दोनों बाहर नीचे दबाकर नष्ट हो गए वहीं हादसे की चपेट में कई दुकानदार आ गए जिससे उनका कीमती सामान नष्ट हो गया हादसा देख अफर तफरी मच गई सूचना पर पुलिस पहुंच जाने के बाद ग्रामीण और दुकानदारों ने सड़क से मालवा हटाकर 2 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद यातायात बहाल किया गया है।

## सम्भव दिवस में जनसुनवाई कर शिकायतों का किया निस्तारण



सोनभद्र। प्रदेश सरकार के निदेर्शानुसार जन शिकायतों की सुनवाई तथा उनके निस्तारण के लिए प्रत्येक सोमवार को नगरीय निकायों में समाधान दिवस सम्भव का आयोजन हेतु दिये गये आदेश के कम में सोमवार को रूबी प्रसाद अध्यक्ष नगर पालिका परिषद की अध्यक्षता में जनसुनवाई (सम्भव) दिवस का अयोजन किया गया। इस दौरान जनसुनवाई (सम्भव) दिवस में प्राप्त शिकायतें कमशः नगर पालिका परिषद सोनभद्र में 3, नगर पंचायत घोरावल में 2, नगर पंचायत चुर्क घुर्मा में 2, नगर पंचायत चोपन में 3, नगर पंचायत ओबर में 3, नगर पंचायत रेनुकूट में 3, नगर पंचायत पिपरी में 2, नगर पंचायत दुद्धी में 3, नगर पंचायत डाला बजार में 1, नगर पंचायत अनपरा में 2, समस्त निकायों में कुल 24 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें मुख्य रूप से साफ-सफाई, पेयजल व मार्ग प्रकाश, इत्यादि से सम्बन्धित सभी शिकायतों का तत्काल निस्तारण कराया गया। रूबी प्रसाद अध्यक्ष नगर पालिका परिषद सोनभद्र, द्वारा बताया गया कि जनता की समस्याओं से रूबरू होने व उसका समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण शासन की शीर्ष प्राथमिकता पर है इस पर तत्परतापूर्वक कार्यवाही की जा रही है उक्त अवसर पर सदस्यगण एवं नगर पालिका कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

## आज से नामांकन पत्रों की बिक्री व दाखिला, मतदान 17 को

दुद्धी, सोनभद्र। दुद्धी बार एसोसिएशन वर्ष 2026 की चुनाव के लिए अधिसूचना जारी कर दी गई हैं। चुनाव कार्यक्रम जारी करते हुए इल्डर कमेटी के चेयरमैन/मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रेमचंद जायसवाल एड. ने बताया कि नामांकन फार्मो की बिक्री एवं जमा 10 से 12 फरवरी तक को सुबह 11 बजे से सांय 4 बजे तक होगा, जबकि नामांक पत्रों की जाँच तथा नाम वापसी और वैध नामांकन की घोषणा 13 फरवरी को 4 बजे तक कर दी जाएगी। विभिन्न पदों के लिए 17 फरवरी को सुबह 11 बजे से सांय 3रू30 बजे तक मतदान की प्रक्रिया चलेगी, इसके बाद उसी दिन 4 बजे से मतगणना ततपश्चात परिणामों की घोषणा कर दी जाएगी। उन्होंने बताया कि वर्ष 2026 के चुनाव की तैयारी पूरी कर ली गई हैं, 10 फरवरी दिन मंगलवार से नामांकन पत्रों की बिक्री एवं दाखिला होगी। चुनाव प्रक्रिया कार्यक्रम में सहायक चुनाव अधिकारी कृष्ण कुमार एड, बिहारी लाल एड, जय प्रकाश तिवारी एड तथा देवी शरण एड मौजूद रहें। दुद्धी बार एसोसिएशन की अधिसूचना जारी होने के बाद चुनाव की तैयारी में जुटे उमीदवारों में सरगर्मी बढ़ गई और एक दूसरे से सम्पर्क अभियान तेज कर दिए हैं। संभावित उम्मीदवार अधिवक्ता साथियों से सम्पर्क अभियान में जुट गए हैं।

## कांग्रेस का मतदाताओं के नाम काटने का आरोप

जौनपुर । जनपद में विभिन्न स्थानों से भाजपा के बूथ कार्यकताओं द्वारा जबरन बीएलओ के उपर दबाव बनाकर जाति विशेष का नाम मतदाता सूची से काटे जाने की सूचना से आक्रोशित कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष डा प्रमोद कुमार सिंह के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी का प्रतिनिधि मंडल जिला निर्वाचन अधिकारी जिलाधिकारी से मिल तत्काल कार्यवाही किए जाने की मांग करते हुए पत्रक सौंपा। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने निर्वाचन आयोग पर आरोप लगाते हुए कहा कि चुनाव आयोग भाजपा का ऐजेंट बन गया, भाजपा के लोग जो कह रहे हैं वहीं खुलेआम किया जा रहा है, इससे चुनाव आयोग की निष्पक्षता समाप्त हो गयी है। डा.प्रमोद कुमार सिंह ने कहा कि भाजपाइयों द्वारा योजनाबद्ध तरीके से जाति विशेष और गैर भाजपाई मतदाताओं का साजिशन फार्म सात भरवाये जाने का मामला सामने आ रहा है, सत्ताधारी दल के कार्यकताओं द्वारा बीएओ के ऊपर गैर भाजपाई मतदाताओं का नाम मतदाता सूची से निकालने का दबाव बनाया जा रहा है डा.प्रमोद सिंह ने जिलाधिकारी से मांग किया कि तत्काल प्रकरण की जांच कराकर दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही की जाए जिससे भविष्य में निष्पक्ष चुनाव सम्पन्न हो सके। शहर अध्यक्ष आरिफ खान, सत्यवीर सिंह, राकेश सिंह डब्बू, इरशाद खान, जयप्रकाश मिश्रा, आरिफ सलमानी, होजैफा खान अधिवक्ता शैलेंद्र यादव आदि मौजूद रहे।

## बच्चों ने प्रस्तुत किया रंगारंग कार्यक्रम

बदलापुर, जौनपुर। कस्बे के शाहगंज रोड स्थित एनपीएस पब्लिक स्कूल में सोमवार को आयोजित वार्षिकोत्सव में छात्र-छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। एकांकी, नाटक, प्रहसन, युगल गीत और सामूहिक नृत्य की आकर्षक प्रस्तुतियों पर दर्शकों ने तालियों से बच्चों का उत्साह बढ़ाया। मुख्य अतिथि पूर्व सचिव माध्यमिक शिक्षा परिषद एवं विद्या भारती पूर्वी उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष दिव्यकांत शुक्ल ने अपने संबोधन में कहा कि भारत की प्राचीन शिक्षा पद्धति अध्यात्म और विज्ञान का अनूठा समन्वय थी। भारतीय शिक्षा का मूल आधार वेदों में निहित सर्वे भवन्तु सुखिनः की भावना रही है, जो संपूर्ण मानवता के कल्याण की कामना करती है। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित न होकर संस्कारयुक्त होनी चाहिए, जिससे बच्चों का सर्वांगीण विकास हो सके। कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल राष्ट्र निर्माण ही नहीं, बल्कि विश्व कल्याण भी होना चाहिए। उन्होंने वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों का उल्लेख करते हुए कहा कि यदि शिक्षा में मानवता और विश्व कल्याण का भाव नहीं होगा, तो संघर्ष और विनाश निश्चित है। विद्यालयों को उन्होंने सामाजिक चेतना का केंद्र बताते हुए कहा कि शिक्षा से छात्र में यह समझ विकसित होनी चाहिए कि उसका ज्ञान समाज और राष्ट्र के लिए किस प्रकार उपयोगी है।

## 654 शिक्षकों ने सामाजिक विषय पर लिए प्रशिक्षण

सोनभद्र। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) परिसर में सामाजिक विषय का प्रशिक्षण डायट प्राचार्य/उप शिक्षा निदेशक मुकुल आनंद पाण्डेय के दिशा निर्देशन में सोमवार को सकुशल संपन्न हुआ। इस प्रशिक्षण में जनपद के सभी विकास खंड के उच्च प्राथमिक विद्यालय तथा कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के कुल 654 शिक्षकों ने छरू चरणों में प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 तथा राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा के तहत सामाजिक विषय में बदलाव, इतिहास, भूगोल, अर्थशास्त्र तथा नागरिक शास्त्र विषयों को विद्यालय स्तर पर सरल, रुचिकर और प्रभावी ढंग से बच्चों तक कैसे पहुंचाया जाए शिक्षकों से चर्चा परिचर्चा की गई। प्रशिक्षण में सेवारत प्रशिक्षण प्रभारी डॉ0सुनील कुमार मौर्या, नोडल प्रवक्ता हरिवंश सिंह के साथ राजेश मौर्या, डॉ चंद्रशेखर तथा वाहय संदर्भदाता के रूप में राजा शारदा महेश इंटर कॉलेज रॉबर्ट्सगंज के अर्थशास्त्र विषय के प्रवक्ता प्रवीण कुमार श्रीवास्तव ने प्रशिक्षण प्रदान किया।

## ट्रेन की चपेट में आने से दो गोवंशों की मौत

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। चीनी मिल के पीछे कुकुरा मार्ग पर स्थित रेलवे क्रॉसिंग के पास इज्जतनगर एक्सप्रेस की चपेट में आने से दो गोवंशों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक गोवंश गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद कुछ समय तक रेलवे ट्रैक पर अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। सूचना मिलते ही भारतीय बजरंग दल के जिला अध्यक्ष अनूप गुप्ता अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और राहत कार्य शुरू कराया। मौके पर दो गोवंश रेलवे ट्रैक पर मृत अवस्था में पड़े मिले, जबकि एक गोवंश घायल हालत में तड़प रहा था। तत्काल पशु चिकित्सा अधिकारी और गोला कोतवाली को सूचना दी गई। सूचना पर कोतवाल अम्बर सिंह पुलिस बल के साथ पहुंचे। पशु चिकित्सा टीम के सहयोग से कड़ी मशक्कत के बाद गोवंशों को ट्रैक से हटाया गया, जिससे रेल यातायात सुचारु कराया जा सका। मृत गोवंशों का विधि-विधान से अंतिम संस्कार कराया गया, जबकि घायल गोवंश को उपचार के लिए सुरक्षित गौशाला भिजवाया गया। पशु चिकित्सा टीम ने पोस्टमार्टम कर सैंपल जांच के लिए भेज दिए हैं।

## धौरहरा में आतंक का पर्याय बना तेंदुआ पिंजरे में कैद

धौरहरा खीरी। धौरहरा वन रेंज के सुजईकुंड़ा दहौरा नाला क्षेत्र के आसपास बीते कई महीनों से दहशत का कारण बना तेंदुआ आखिरकार वन विभाग के पिंजरे में कैद हो गया। तेंदुए की लगातार गतिविधियों से ग्रामीणों में भय का माहौल था, लोग



खेतों की ओर जाने से कतरा रहे थे।31 दिसम्बर को मंगरौली गांव निवासी सिराजुद्दीन को तेंदुए ने हमला कर मौत के घाट उतार दिया था। 26 जनवरी से वन विभाग आप्रेशन लैफर्ट चला रहा था। धौरहरा वन रेंज के सुजईकुंड़ा दहौरा नाला के पास बाघ और तेंदुए की चहलकदमी से ग्रामीणों में दहशत का महौल है। 31 दिसम्बर को गोदी काटने दहौरा नाला पर गए मंगरौली गांव निवासी बुजुर्ग सिराजुद्दीन पर बाघ ने हमला कर मार डाला था। जिसके बाद वन विभाग ने सतर्कता अभियान चलाते हुए नाइट विजन कैमरे लगाए। कैमरे में एक बाघ और तेंदुआ चहलकदमी करते नजर आए। 26 जनवरी को अनुमति के बाद वन विभाग ने बाघ और तेंदुआ पकडने के लिए अलग अलग पिंजरे लगाए। पर हर बार तेंदुआ और बाघ वन विभाग को चकमा दे पालतू जानवरों का शिकार कर दहसत फैला रहे थे।आखिर सोमवार अलसुबह तेंदुआ वन विभाग के पिंजरे में कैद हो गया। जिसे वन विभाग की टीम वन रेंज कार्यालय लाई, जहां डाक्टरों की टीम ने परीक्षण किया। परीक्षण के दौरान नर तेंदुआ जिसकी उम्र करीब 7 वर्ष वयस्क पूर्ण स्वास्थ्य पाया गया। वन क्षेत्राधिकारी नृपेंद्र कुमार चतुवेर्दी ने बताया पकड़ा गया तेंदुआ नर है जिसकी उम्र करीब 7 वर्ष है। अनुमति मिलने पर उसे दुधवा जंगल में रिलीज किया जाएगा।

## युवक पर किशोरी को भगा ले जाने का आरोप, केस दर्ज

मोहम्मदी खीरी। क्षेत्र के गांव में किशोरी को बह कर भगा ले जाने पर पिता की शिकायत पर पुलिस ने घटना के 5 दिन बाद नामित आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है। पीड़िता के पिता ने बताया 31 जनवरी को सुबह उसकी पुत्री घर पर अकेले थी वह क्षेत्र काम करने गया था। घर वापस लौटने पर पता चला पड़ोसी गांव राजगढ़ निवासी शेखर उर्फ कल्लू लेकर चला गया है। पुलिस ने शिकायत पर नामित आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

## फाइलेरिया नियंत्रण के लिए मीडिया संवेदीकरण कार्यशाला आयोजित

सोनभद्र। मुख्य चिकित्साधिकारी पीके राय के अध्यक्षता में फाइलेरिया नियंत्रण हेतु मीडिया संवेदीकरण कार्यशाला का आयोजन सोमवार को किया गया। जनपद मे फाइलेरिया नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत 2 ब्लॉकों ककराही, घोरावल में 10 से 28 फरवरी, 2026 तक एमडीए आईडीए अभियान चलाया जाना है, एमडीए अभियान के दौरान घर-घर जाकर 02 वर्ष के ऊपर की समस्त आबादी को डीईसी, आईवरमेक्टिन एवं अल्बेन्डाजोल की टैबलेट आयु वर्ग के अनुसार खिलायी जायेगी, दवा खिलाये जाने हेतु कुल 578 टीमें बनायी गयी है, प्रत्येक टीम में 02 सदस्य होगे जो सप्ताह के 04 दिन सोमवार, मंगलवार, गुरूवार तथा शुकवार में प्रत्येक दिन लगभग 20 से 25 घरों में (गर्भवती महिला, गंभीर बीमार तथा दो वर्ष से कम उम्र के बच्चों को छोड़कर) सभी लोगों को दवा खिलायेगें, टीम के निरीक्षण हेतु कुल 108 सुपरवाइजर लगाये जायेंगे, प्रत्येक सुपरवाइजर 05 से 06 टीमों का निरीक्षण करेगे। कार्यक्रम के संचालन हेतु दोनों ब्लाकों पर आई०ई०सी० मैटेरियल, ड्रग, चॉक पेन, मार्कर, मीजरिंग टेप इत्यादि उपलब्ध कराया जा चुका है। कार्यकम का उद्घाटन ब्लॉक ककराही में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र ककराही पर विधायक अनिल मौर्या द्वारा एवं ब्लॉक घोरावल में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र घोरावल पर उप जिलाधिकारी द्वारा 10 फरवरी को प्रातः 11 बजे किया जायेगा। दोनों ब्लॉको के प्रत्येक ग्राम प्रधान अपने-अपने गाँव में स्वयं दवा खाकर कार्यकम का उद्घाटन करेंगे। 10फरवरी को ही ब्लॉक घोरावल एवं ककराही को छोड़कर शेष सभी ब्लॉको में आंगनबाड़ी केन्द्रों एवं स्कूलों में 19 साल तक के बच्चों को कृमि मुक्ति हेतु एल्बेंडाजॉल की दवा खिलायी जायेगी।

## ट्रैलर की चपेट में आने से अधेड़ घायल

जौनपुर। जिले के शाहगंज क्षेत्र में स्थित निजामपुर गाँव के पासरोड पर एक ट्रैलर की चपेट में आने से एक अधेड़ व्यक्ति घायल हो गया है। घटना के बाद घायल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। खुटहन थाना क्षेत्र के नोनिया पट्टी गांव निवासी संता चैहान पुत्र इंद्रजीत चौहान अपनी बाइक से बीते रविवार की रात कहीं जा रहें थें। जब वह निजामपुर तिराहे के पास पहुंचें तो एक तेज रफ्तार ट्रैलर की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गये।

## डीएम ने किया विकास भवन का निरीक्षण

आजमगढ़। जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार ने प्रातः 10 बजे विकास भवन में अवस्थित विभिन्न कार्यालयों का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिशासी अभियन्ता ग्रामीण अभियंत्रण विभाग एवं उनके 03 जेई कार्यालय से अनुपस्थित पाये गये। एआर कोआपरेटिव भी अपने कार्यालय में अनुपस्थित पाये गये। स्टाफ द्वारा अवगत कराया गया कि एआर कोआपरेटिव के पास जनपद मऊ का भी चार्ज है। जिस पर जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि कार्यालय के बाहर डिस्प्ले लगाया जाए कि किस दिन आजमगढ़ एवं किस दिन जनपद मऊ में रहेंगे।

निरीक्षण में जिला युवा कल्याण अधिकारी भी अपने कार्यालय में अनुपस्थित पाये गये। कौशल विकास मिशन कार्यालय में आशा भारती बीपीएम अनपुस्थित पायी गयी एवं 07 फरवरी को भी उपस्थिति पंजिका में हस्ताक्षर नही पाया गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि सुरूचि चैबे मेडिकल अवकाश पर हैं, लेकिन



उसका अंकन उपस्थिति पंजिका में नही किया गया। जिस पर जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि मेडिकल अवकाश को उपस्थिति पंजिका में दर्ज किया जाए। जिलाधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि बिना पूर्व सूचना के अनुपस्थित कर्मियों का स्पष्टीकरण लेकर एक सप्ताह के अंदर सूचित करें। जिलाधिकारी ने समस्त अधिकारियों को निर्देश दिया कि निर्धारित समय से कार्यालय में आयें एवं प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक जन सुनवाई करें, उसके बाद ही कहीं फिल्ड विजिट करें। उन्होने निर्देश दिया कि कार्यालय में अभिलेखों को सुव्यवस्थित ढ़ंग से रखना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही उन्होने सीढ़ियों की एवं परिसर की नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये।

निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी परीक्षित खटाना, जिला विकास अधिकारी श्री संजय कुमार सिंह, डीईएसटीओ सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

संक्षेप

## तीन वाहन टकराये, दो बच्चों सहित चार घायल

जौनपुर। थाना जलालपुर क्षेत्र के हाइवे पर कोडरी फाटक के समीप अवैध कट से कार चालक की लापरवाही से तीन वाहन टकरा गए घटना में दो बच्चों सहित चार लोग घायल हो गए।हाइवे पर थोड़ी देर जाम की स्थिति हो गयी सूचना पर पुलिस ने पहुंच कर घायलों को अस्पताल भिजवाया। मौके से वाहनों को हटवाकर आवागमन सुचारू करवाया। जलालपुर क्षेत्र के लोहागाजर गांव निवासी करमवीर सिंह जलालपुर की तरफ से अपनी कार लेकर जौनपुर की तरफ जा रहे थे हाइवे पर बनाये गए ऊक्त स्थान पर बनाये गए अवैध कट से उन्होंने अपनी कार को मोड़ दिया उसी समय अचानक जौनपुर की तरफ से वाराणसी जा रही बस ने कार के अगले हिस्से में टक्कर मार दिया।बस की टक्कर लगने के बाद कार पीछे की तरफ चली गई उसी समय वाराणसी से जौनपुर की तरफ जा रही बोलेरो उक्त कार से टकरा गई घटना में क्रेटा कार का चालक करमवीर सिंह तथा बोलेरो सवार मनोज कुमार, उनकी पत्नी अनिता देवी तथा उनके बच्चे साक्षी व अंकित कुमार घायल हो गए घटना की जानकारी पर थानाप्रभारी गजानन्द चैबे एस आई मोहम्मद शहनवाज के साथ मय फोर्स मौके पर पहुंच गए।पुलिस ने घायलों को सीएचसी रेहटी भिजवाया तीनो वाहनों राजमार्ग से हटवाकर जाम हटवाया।थानाप्रभारी गजानंद चैबे ने बताया कि कार को अचानक अवैध कट पर मोड़ने से हादसा हुआ।

## ट्रेन से कटकर युवती की मौत

जौनपुर। जफराबाद थाना क्षेत्र के कुतलुपुर गांव के पास रेलवे ट्रैक पर सोमवार की सुबह लगभग पांच बजे एक युवती का शव मिला।सूचना पाकर आरपीएफ की टीम मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में ले लिया।कुतलुपुर गांव निवासी राजेश चैहान की पुत्री सरिता उर्फ लता का शव घर से कुछ दूर पर रेलवे लाइन पर पड़ा हुआ था।गांव के किसी व्यक्ति की नजर सरिता के शव पर पड़ी।उसने घटना की जानकारी रमेश चैहान को दिया। जिसके बाद परिवार में कोहराम मच गया। आरपीएफ ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया।

## दारोगा लाइन हाजिर

मीरजापुर। विंध्याचल मंदिर परिसर में दिव्यांग के साथ पुलिसकर्मी द्वारा लाठी से मारपीट का मामला सामने आने के बाद कार्रवाई की गई है। खबर प्रसारित होने के बाद पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने मामले को गंभीरता से लेते हुए उप निरीक्षक सुनील कुमार राय को तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर कर दिया है।वायरल वीडियो गेट नंबर-2 का बताया जा रहा है, जहां एक दिव्यांग व्यक्ति दर्शनार्थियों से पैसे मांग रहा था। पुलिस के अनुसार शिकायत मिलने पर उसे हटाने का प्रयास किया गया, लेकिन विवाद बढ़ गया। प्रथम दृष्टया यह पुलिस दुर्व्यवहार का मामला माना गया है। पूरे प्रकरण की जांच के आदेश क्षेत्राधिकारी नगर को दिए गए हैं, तीन दिन में रिपोर्ट मांगी गई है।

## जंगल में संदिग्ध परिस्थिति में महिला की मौत

मीरजापुर। मड़िहान के जंगल में एक आदिवासी महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में लाश मिलने से हड़कंप मचा हुआ है। महिला पड़ोसी जनपद सोनभद्र के घोरावल क्षेत्र की बताई गई है। महिला श्रमिक बताई जा रही है जो कुछ दिनों से लापता बताई जा रही है।पुलिस सूत्रों के मुताबिक सोमवार को समय करीब 8.30 बजे सूचना प्राप्त हुई कि थाना मड़िहान क्षेत्रांतर्गत निमार्णाधीन विंध्य यूनिवर्सिटी के पास एक महिला का शव पड़ा हुआ है। सूचना पर मडिहान पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर मृतका के शव को कब्जे में ले लिया गया, मृतका की पहचान तेतरी देवी 45 वर्ष पत्नी रामपति निवासिनी ग्राम भैंसवार, थाना घोरावल सोनभद्र के रूप में हुई है तथा महिला के शरीर पर किसी प्रकार के चोट का निशान नहीं पाया गया है।

# जल्द निपटायें दलितों के मामले



सोनभद्र। राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग भारत सरकार के सदस्य लवकुश कुमार ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में अनुसूचित जाति से संबंधित प्रकरणों की समीक्षा बैठक की। बैठक में अनुसूचित जाति से सम्बन्धित जनपद में दर्ज प्रकरणों की स्थिति व उनके निस्तारण की प्रगति तथा पात्र लाभार्थियों को शासन की योजनाओं से आच्छादित किए जाने की समीक्षा की गई।

उन्होंने आयोग के सन्दर्भित केसों प्रकरणों की गहन समीक्षा की, समीक्षा के दौरान उन्होंने अनुसूचित जाति के छात्रों को छात्रवृत्ति वितरण, राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत लाभान्वित किये जाने, मुद्रा योजना, स्टार्ट अप इण्डिया, अनुसूचित जाति के छात्रावास, भूमि पट्टा आवंटन, मनरेगा योजना, उज्जवला योजना, जन धन खाते सहित केन्द्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा की, कहा कि सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की पत्रावलियों को बैंकर्स द्वारा अनावश्यक रिजेक्ट न किया जाये, श्री कुमार ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि अनुसूचित जाति से संबंधित सभी प्रकरणों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। सरकार की स्पष्ट मंशा है कि समाज के वंचित एवं पिछड़े वर्गों को समय पर न्याय मिले और उन्हें केंद्र सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का पूरा लाभ प्राप्त हो, किसी भी स्तर पर लापरवाही या अनावश्यक विलंब को गंभीरता से लिया जाएगा। बैठक के दौरान उन्होंने कहा कि प्रशासन को संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाते हुए पीड़ितों को न्याय दिलाने के साथ-साथ उन्हें सामाजिक एवं आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में निरंतर कार्य करना चाहिए। योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचे, यह अधिकारियों की सामूहिक जिम्मेदारी है।जिलाधिकारी बद्रीनाथ सिंह ने कहा कि सदस्य द्वारा दिए गए सभी दिशा-निर्देशों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा। अनुसूचित जाति से संबंधित प्रकरणों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की शिथिलता नहीं बरती जाएगी और शासन की मंशा के अनुरूप समय से कार्रवाई की जाएगी। बैठक में पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा, अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार, समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह भदौरियां, डी0सी0 मनरेगा रविन्द्र वीर, जिला पूर्ति अधिकारी ध्रुव गुप्ता, जिला अल्प संख्यक कल्याण सुधांशु शेखर शर्मा, जिला विद्यालय निरीक्षक जय राम सिंह, बेसिक शिक्षा अधिकारी मुकुल आनन्द पाण्डेय, सहायक पर्यटन अधिकारी राजेश भारती, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी अजय कुमार मिश्रा, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# ट्रक की टक्कर से तीन की मौत

सोनभद्र। राबर्ट्सगंज कोतवाली क्षेत्र के हिंदुवारी तिराहा पर रविवार देर रात करीब 11 बजे तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। राबर्ट्सगंज कोतवाली क्षेत्र के हिन्दुवारी गांव निवासी प्रेम सिंह पुत्र केदार सिंह तथा दयाशंकर सिंह एवं कमला सिंह पुत्रगण सोमरू निवासीगण तिलया थाना रॉबर्ट्सगंज रविवार की रात एक ही बाइक पर सवार होकर राबर्ट्सगंज से अपने घर मधुपुर की तरफ जा रहे थे। रात लगभग 11 बजे जैसे ही वे हिन्दुवारी तिराहे पर पहुंचे पीछे से आ रही ट्रक ने उन्हें धक्का मार दिया। पुलिस के अनुसार तीनों बाइक पर सवार होकर तिलक समारोह में शामिल होने गए थे। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद तीनों एक ही बाइक से अपने घर लौट रहे थे। हादसे में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को तत्काल मेडिकल कालेज पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया। हादसा इतना भयावह था कि ट्रक के पहिए के नीचे आने के कारण पूर्व प्रधानचार्य का चेहरे से लेकर कंधे तक का हिस्सा पूरी तरह से गायब हो गया। बाकी दो लोगों के पेट से होकर पहिया गुजर गया। अंतड़ियां बाहर आ गई थीं। तीनों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। राहगीरों ने दौड़कर ट्रक को तो रोक लिया, पर चालक मौके से फरार हो गया। काफी मशक्कत के बाद ट्रक के पहिए के नीचे फंसे शवों को बाहर निकाला गया। बताया जा रहा है कि मृतक दयाशंकर सिंह चंद्रगुप्त मौर्य इंटर कालेज मधुपुर में पूर्व प्रधानाचार्य रह चुके थे।

## नये पात्र मतदाताओं का नाम बढ़ाये जाने के संबंध में बैठक

सोनभद्र। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान 2026 के तहत अधिक से अधिक पात्र नागरिकों के नाम मतदाता सूची में दर्ज कराने के उद्देश्य से सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में बैठक की गई। बैठक में निर्वाचन कार्य से जुड़े विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि जनपद में ऐसे सभी नए मतदाता, जिनका नाम अब तक मतदाता सूची में दर्ज नहीं हो पाया है, उनके नाम अनिवार्य रूप से मतदाता सूची में जोड़े जाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि फॉर्म-6 भरवाकर पात्र नागरिकों का नामांकन सुनिश्चित किया जाए, ताकि कोई भी योग्य मतदाता अपने मताधिकार से वंचित न रहे। जिलाधिकारी ने कहा कि इस विशेष अभियान को व्यापक और प्रभावी बनाने के लिए विभागीय समन्वय अत्यंत आवश्यक है। इसके अंतर्गत एनआरएलएम समूहों से जुड़ी महिलाओं, एएनएम, आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की जाए।

# फौजी की मां को तमंचा दिखाने पर मुकदमा दर्ज

जौनपुर। थाना क्षेत्र के रामगढ़ गांव निवासी भारतीय थल सेना में तैनात फौजी की मां को दबंगों द्वारा तमंचा दिखाकर धमकी देने एवं गाली गलौज करने का मामला सामने आया है। फौजी की मां पुलिस पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र शिकायत की,जिसके बाद पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की है। रामगढ़ गांव निवासी अमित मिश्रा भारतीय थल सेना में पिछले 23 वर्षों से सेवारत हैं। वर्तमान में लद्दाख में चीन बॉर्डर पर तैनात हैं। उनकी माता आशा मिश्रा ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उनके पति की मौत हो चुकी है। बेटा सीमा पर देश की सुरक्षा में लगा है। घर पर वह अकेली रहती हैं। इसी का फायदा उठाकर पड़ोसी संजय पाण्डेय व अवधेश पाण्डेय जबरन जमीन कब्जाने की कोशिश कर रहे हैं। शुक्रवार को उक्त आरोपी अपने परिवार के साथ उनके दरवाजे पर आकर गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर संजय पाण्डेय अवैध असलहा निकालकर जान से मारने की धमकी देने लगा। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी आए दिन दरवाजे पर खड़े होकर गाली-गलौज करते हैं और भय का माहौल बनाकर जमीन हड़पना चाहते हैं। पीड़िता आशा मिश्रा का आरोप है कि एक ओर जहां बेटा देश की सीमाओं की रक्षा में तैनात है, वहीं दूसरी ओर उसकी मां गांव में दबंगों की धमकियों से डरी-सहमी है। थाना प्रभारी निरीक्षक सत्य प्रकाश सिंह ने बताया कि मामले में मिली तहरीर के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है।

## बदलापुर की एसडीएम का किया सम्मान

जौनपुर। मुंबई की प्रतिष्ठित सामाजिक संस्था समरस फाउंडेशन द्वारा बदलापुर, की उपजिलाधिकारी सुश्री योगिता सिंह का सम्मान किया गया। संस्था के महासचिव तथा वरिष्ठ पत्रकार शिवपूजन पांडे ने शॉल और स्मृति चिन्ह देकर उनका सम्मान किया। इस अवसर पर मुंबई महानगरपालिका के पूर्व शिक्षाधिकारी अशोक मिश्रा तथा पत्रकार प्रमोद पांडे उपस्थित रहे। संस्था द्वारा उन्हें यह सम्मान उनकी योग्य प्रशासनिक क्षमता तथा आम जनता के बीच उनके



उज्जवल छवि को देखते हुए प्रदान किया गया। संस्था द्वारा आशा व्यक्त की गई कि सुश्री योगिता सिंह की कुशल क्षमता और समर्पित जनहित कार्यों से तहसील से जुड़े लोगों को राज्य और केंद्र सरकार की योजनाओं का समुचित लाभ मिलेगा। 2022 में प्रशासनिक सेवा से जुड़ी सुश्री योगिता सिंह पढ़ाई में हमेशा टॉपर रहीं और पुलिस सेवा में रहे अपने पिता को अपना आदर्श मानती हैं। अलीगढ़ जनपद की रहने वाली सुश्री योगिता सिंह को अभी लंबी दूरी तय करना है। जनता से जुड़े विकास के ढेर सारी सपनों को पूरा करना है। महाराष्ट्र के पूर्व गृह राज्यमंत्री कृपाशंकर सिंह के अनुसार सुश्री योगिता सिंह ऊर्जावान उप जिलाधिकारी हैं, जिनके कुशल प्रशासनिक नेतृत्व में तहसील का सर्वांगीण विकास हो रहा है।

## सेंटर को तत्काल प्रभाव से किया सील

आजमगढ़। जनपद में अवैध एवं अनियमित रूप से संचालित चिकित्सकीय प्रतिष्ठानों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत बिलरियागंज स्थित हेरा चाइल्ड सेंटर पर स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान गंभीर अनियमितताएं पाए जाने पर उक्त सेंटर को तत्काल प्रभाव से सील कर दिया गया। इस कार्रवाई का नेतृत्व डिप्टी सीएमओ/नोडल निजी चिकित्सालय प्रतिष्ठान डॉ. आलेन्द कुमार ने किया। उनके साथ पटल सहायक धीरेन्द्र शुक्ला तथा सीएचसी बिलरियागंज के चिकित्सक डॉ. निलेश भी उपस्थित रहे। निरीक्षण में पाया गया कि सेंटर में लगभग पाँच बेड पर नवजात शिशुओं का उपचार किया जा रहा था, जबकि मौके पर कोई अधिकृत अथवा योग्य चिकित्सक उपलब्ध नहीं था। प्रतिष्ठान के पास वैध पंजीकरण (रजिस्ट्रेशन) भी नहीं पाया गया। साथ ही अग्निशमन सुरक्षा, प्रदूषण नियंत्रण तथा बायो-मेडिकल वेस्ट निस्तारण संबंधी मानकों का उल्लंघन भी पाया गया। उल्लेखनीय है कि लालगंज क्षेत्र में हाल ही में एक बच्चे की मृत्यु की घटना के बाद मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा गैर-पंजीकृत, अनधिकृत एवं अप्रशिक्षित चिकित्सकों द्वारा संचालित चिकित्सकीय संस्थानों के विरुद्ध कार्रवाई तेज करने के निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में यह कार्रवाई की गई है। वर्तमान में उक्त प्रतिष्ठान को पूर्णतः सील कर आवश्यक विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। मुख्य चिकित्साधिकारी ने जनपदवासियों से अपील की है कि उपचार हेतु केवल पंजीकृत एवं मान्यता प्राप्त चिकित्सकीय संस्थानों का ही चयन करें।

# बाल मेले में गूंजा बाल विवाह उन्मूलन का संदेश



जौनपुर। खेतासराय क्षेत्र के फुरकानिया सेकेंडरी स्कूल, शाही तालाब, मानेछा में आजाद शिक्षा केंद्र, जौनपुर द्वारा 16वां सामाजिक सौहार्द एक दिवसीय बाल मेला आयोजित किया गया। इस वर्ष कार्यक्रम का मुख्य विषय बाल विवाह उन्मूलन रहा। मेले में 20 गांवों में संचालित साझी सोच कार्यक्रम के अंतर्गत गठित 20 युवा समूहों के लगभग 400 युवाओं, परियोजना क्षेत्र के 10 मदरसों एवं 10 प्राइमरी स्कूलों के करीब 300 बच्चों तथा बड़ी संख्या में महिला-पुरुषों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर बाल विवाह मुक्त जौनपुर बनाने का सामूहिक संकल्प लिया गया।

बाल मेले में आयोजित हस्तकला प्रदर्शनी आकर्षण का केंद्र रही, जिसमें बच्चों एवं युवाओं ने जैविक फसलों, सब्जियों, बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर, ताजमहल, प्राचीन धरोहर, हाथ से चलने वाली चक्की, पंखा, डलिया आदि की सुंदर कलाकृतियां प्रस्तुत कीं। प्रदर्शनी का उद्घाटन श्री रामकिशोर पटना ने किया, जबकि खेल कार्यक्रम का शुभारंभ आजाद शिक्षा केंद्र के ट्रस्टी मो० अख्तर साहब ने खुर्शीद अनवर स्टेडियम का फीता काटकर किया। स्टेकहोल्डर, महिला-पुरुष, शिक्षक तथा दिल्ली, महाराष्ट्र, कश्मीर, मुंबई, अरब, पटना (बिहार), बांदा एवं लखनऊ से आए समाजसेवियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। प्रमुख रूप से मास्टर महेंद्र, अकरम, तारीक शरीफ, उबैद अहमद, शरद पटेल, शेखर थापा, डॉ. अकरम, मनोज श्रीवास्तव, फिरोज अहमद, रामकिशोर, मोहम्मद तारिक, नियाज अहमद, उमा कुशवाहा, सन्तोष कुशवाहा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। चंदन राय जिला बाल कल्याण अधिकारी ने कहा कि बाल विवाह एक गंभीर सामाजिक समस्या है, जिसे रोकना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने बच्चों की शिक्षा, सुरक्षा और अधिकारों की रक्षा हेतु जन-जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया।खेल प्रतियोगिताओं में युवाओं और बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। युवाओं की कुर्सी दौड़ में जूही प्रथम, मुस्कान द्वितीय एवं काजल तृतीय रहीं, जबकि रस्सी कूद में सौरभ प्रथम, सुदर्शन सोनकर द्वितीय और आशिक तृतीय रहे। प्राइमरी स्कूल के बच्चों की कुर्सी दौड़ में अरीबा प्रथम, फरहान द्वितीय एवं इंसा तृतीय रहे, जबकि पेंटिंग प्रतियोगिता में जोया खान प्रथम, हिमांशु द्वितीय और इरम खातून तृतीय रहीं। कार्यक्रम के दौरान प्राथमिक विद्यालय जपटापुर के छात्र-छात्राओं ने मोबाइल के अत्यधिक उपयोग से होने वाले दुष्प्रभावों पर आधारित एक प्रभावशाली नाटक प्रस्तुत किया। नाटक के माध्यम से बच्चों ने समय के सदुपयोग, पढ़ाई पर ध्यान तथा डिजिटल उपकरणों के संतुलित उपयोग का सकारात्मक संदेश दिया, जिसे उपस्थित लोगों ने सराहा। मनोज कुमार, सुफियान अहमद, ज्योतिका श्रीवास्तव, बीरसेन प्रताप, शिल्पा एवं दीपा ने महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया।

# शत प्रतिशत टीकाकरण कराते हुए पोर्टल पर डाटा फीड करायें: डीएम

आजमगढ़। जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

आयुष्मान गोल्डेन कार्ड की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि विशेष अभियान चलाकर गोल्डेन कार्ड बनाने में तेजी लाएं। उन्होने कहा कि सीएचओ एवं कोटेदार के माध्यम से लक्ष्य के सापेक्ष गोल्डेन कार्ड बनवाया जाए। उन्होने कहा कि प्रत्येक ग्राम पंचायत की 01 आईडी अवश्य बनायी जाए। उन्होने कहा कि जिन ग्राम पंचायतों की प्रगति 90 प्रतिशत से कम है, उन ग्राम पंचायतों की ड्यूलिस्ट उपलब्ध करायें, उसके अनुसार शत प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाया जाए। उन्होने कहा कि लक्ष्य के सापेक्ष गोल्डेन कार्ड बनाये जाने हेतु रोस्टर निर्धारित करें, जिससे कि समय से शत प्रतिशत कार्ड बनाया जा सके। इसके बाद भी ग्राम पंचायतवार समीक्षा में प्रगति कम पायी जाती है तो संबंधित के ऊपर कार्यवाही की जायेगी। आशाओं के भुगतान की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि नियमानुसार आशाओं का भुगतान सुनिश्चित किया जाए। उन्होने कहा कि कार्य न करने वाली आशाओं को हटाकर उनकी जगह दूसरी आशा की नियुक्ति करें। टीकाकरण की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि शत प्रतिशत टीकाकरण कराते हुए यू-विन पोर्टल पर फीड करना सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि एमआर-1 एवं एमआर-2 टीकाकरण के कवरेज की प्रगति बढ़ायें एवं शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य को पूरा करें तथा उसको डाटा यू-विन पोर्टल पर भी फीड करें। उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों में टीकाकरण की प्रगति बेहद खराब है, उन क्षेत्रों में विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होने कहा कि पम्पलेट बनाकर किस स्थान पर एवं किस दिन एमआर-1 एवं एमआर-2 का टीका लगाया जायेगा, इसका प्रचार-प्रसार करायें। इसके साथ ही प्रधान, कोटेदार एवं स्कूलों तथा सोशल मीडिया पर भी टीका लगाये जाने के दिन व स्थान का व्यापक प्रचार-प्रसार करायें। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिया कि संबंधित विभागों के अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर टीकाकरण की प्रगति बढ़ायें। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने परिवार नियोजन, संजीवनी ओपीडी, एनसीडी कैम्पेन, क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम, यूनिसेफ के कार्यक्रमों आदि की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

# निकाली गयी कलश यात्रा



ड्रमंडगंज, मीरजापुर। क्षेत्र के खुटहा गांव स्थित मनकामेश्वर महादेव मंदिर परिसर में आयोजित श्रीराम कथा के लिए सोमवार को गाजे बाजे के साथ कलश यात्रा निकाली गई। कथावाचक विंध्य पीठाधीश्वर लक्ष्मणाचार्य महराज के नेतृत्व में कलश यात्रा मनकामेश्वर मंदिर से कलश यात्रा आरंभ हुई। पटेहरा गांव स्थित हनुमान मंदिर पर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कन्याओं और महिलाओं ने कलश में जल भरा।कलश यात्रा पटेहरा गांव से होती हुई मनकामेश्वर मंदिर कथा स्थल पर पहुंची।जहां विधि विधान से कलश स्थापना की गई।कलश यात्रा में जय श्रीराम के जयकारों से क्षेत्र गुंजायमान रहा। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर एस आई अंसार अहमद व पुलिसकर्मी लगे रहे। कलश यात्रा में छोटी कुंवर सिंह, कृष्ण कांत तिवारी, अमर बहादुर सिंह, रमाशंकर सिंह, भानु तिवारी, धीरज मिश्र, मार्तंड सिंह, उमाकांत दुबे, अरूण मिश्र, राकेश तिवारी, पिंकेश सिंह, अभिषेक सिंह अधिवक्ता जेपी तिवारी सहित सैकड़ों लोग शामिल रहे।

# पेंशनर्स के टर्म्स रिफरेन्स को शामिल किया जाये

जौनपुर। सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के जनपद शाखा की मासिक बैठक पूर्व निर्धारित कार्यक्रम केअनुसार कलेक्ट्रेट परिसर स्थित पेंशनर्स कार्यालय मे जनपद अध्यक्ष सी बी सिंह की अध्यक्षता मे सम्पन्न हुई ।बैठक का संचालन जिला मन्त्री कृपाशंकर उपाध्याय ने किया। अध्यक्ष ने बैठक को संबोधित करते हुए अवगत कराया कि वेतन आयोग की बेवसाइट लॉन्च हो गयी है जिस पर संगठनो से 16फरवरी तक सुझाव मांगा गया है ,जिसके क्रम मे संगठन के प्रदेश नेतृत्व ने जनपदो से सुझाव मांगा है। जनपद के किसी पेंशनर्स द्वारा कोई सुझाव देना हो तो पेंशनर्स संगठन को 12 फरवरी तक अपना सुझाव प्रस्तुत कर दे जिससे समय से प्रदेश स्तर पर भेजा जा सके।



गजट नोटीफिकेशन से पेंशनर्स के टर्म्स रिफरेन्स को सम्मिलित नही किए जाने से पेंशनर्स मे भ्रम की स्थिति बनी हुई है, जिसे भारत सरकार से दूर करने की मांग की गयी । बैठक मे स्थानीय समस्याओ मे यह प्रमुखता चिकित्सा प्रतिपूर्ति मे कुछ कार्यालयाध्यक्ष स्तर से अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर की कार्यवाही की जा रही है,जिससे पेंशनर्स के गम्भीर बिमारी की चिकित्सा प्रभावित हो रही है ।संगठन बैठक मे यह प्रकाश मे लाया गया कि कुछ कार्यालयाध्यक्ष चिकित्सा प्रतिपूर्ति देयक को शासनादेश के अनुसार तकनीकी परीक्षण हेतु मुख्य चिकित्सा अधिकारी को न भेज कर मौखिक रूप से विमारी का नाम बताकर देयक अपने स्तर पर रोक रक्खे है,जिसकी बैठक मे भर्त्सना करते हुए कार्यवाही का निर्णय लिया गया ।बैठक को मुख्य रूप से सर्वश्री राजेश कुमार श्रीवास्तव, मिठाई लाल, अशोक कुमार मौर्य, कंचन सिंह, कृष्ण कुमार त्रिपाठी, नन्दलाल सरोज, बिक्रमाजीत यादव, गोरखनाथ नाथ माली, चन्द्र शेखर सिंह, इ0मदन मोहन, दिनेश कुमार सिंह, ओंकार नाथ मिश्र, राजेन्द्र प्रसाद सिंह, शम्भूनाथ यादव, कृष्ण मोहन श्रीवास्तव, ओमप्रकाश सिंह, दसरथ राम, शारदा प्रसाद श्रीवास्तव, कान्ति सिंह, लालमनी आदि अपने सम्बोधन मे सरकार से पेंशनर्स की मांग को शीध्र पूरी करने की मांग की गई।

## महिला बैरक का किया निरीक्षण

आजमगढ़। उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ व जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, आजमगढ़ के दिशा-निर्देशों के अनुपालन में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती नितिका राजन द्वारा जिला कारागार, आजमगढ़ में स्थित महिला बैरक का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान परिसर में साफ-सफाई औसतन पायी गयी। कुछ महिला बन्दियों द्वारा बताया गया कि महिला बैरक में पर्याप्त सफाई न होने के कारण मच्छरों की समस्या बढ़ गयी है। इस सम्बन्ध में सचिव द्वारा जेल अधिकारीगण को निर्देशित किया गया कि कारागार परिसर में नियमित साफ-सफाई व मच्छरों के निवारण हेतु समय-समय पर दवा का छिडकाव कराना सुनिश्चित करें। जेल निरीक्षण के दौरान कारागार में निरूद्ध महिला बन्दियों के साथ रह रहे बच्चों हेतु दूध, फल तथा पौष्टिक आहार की पर्याप्त व्यवस्था नहीं पायी गयी। इस सम्बन्ध में सचिव द्वारा जेल अधिकारीगण को निर्देशित किया गया कि वे महिला बन्दियों के साथ रह रहे बच्चों हेतु पौष्टिक आहार, दूध तथा फल मात्रा के अनुसार उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। निरीक्षण



के दौरान जेल में निरूद्ध महिला बन्दी पार्वती पत्नी सुरेश, अ0सं0 13/24, थाना रानी की सराय, सरिता पत्नी सत्यदेव अ0सं0 319/2024, थाना पवई, धनेश्वरी पत्नी श्रीराम, अ0सं0 244/2024, थाना निजामाबाद, राबडी देवी पत्नी इन्द्रपाल चैहान, अ0सं0 403/2025, थाना रौनापार द्वारा बतायी गयी समस्याओं को सुना गया तथा समस्याओं के निराकरण हेतु जेल अधिकारीगण को उचित दिशा-निर्देश जारी किया गया। सचिव द्वारा जिला कारागार परिसर में स्थित बाल बैरक का निरीक्षण किया गया। बाल बैरक में निरूद्ध बच्चों से अधिवक्ता के सम्बन्ध में पूछा गया तो प्रिन्स सिंह द्वारा बताया गया कि उनके मुकदमें की पैरवी हेतु अधिवक्ता नामित है, परन्तु मुकदमें की अद्यतन स्थिति के सम्बन्ध में जानकारी नहीं है। इस सम्बन्ध में लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल को उचित कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। जेल में विधिक साक्षरता व जागरूकता शिविर के माध्यम से बन्दियों द्वारा बतायी गयी समस्याओं को सुना गया तथा समस्याओं के निराकरण हेतु लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। इस मौके पर जेलर अनिल सिंह, डिप्टी जेलर गौरव सिंह, डिप्टी जेलर अजय कुमार, डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल प्रवीण कुमार सिंह, असिस्टेन्ट लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल अतुल कुमार राय तथा जेल के पराविधिक स्वयं सेवक उपस्थित रहे।

# फर्जी लाभार्थियों पर डीएम ने एफआईआर दर्ज कराने का दिया निर्देश

मीरजापुर। जिलाधिकारी ने श्रम विभाग के भ्रष्टाचार मामले में करणी सेना के पत्र का संज्ञान लेते हुए सहायक श्रम आयुक्त सतीश सिंह व थानाध्यक्ष विंध्याचल को स्थानीय गोपालपुर प्रकरण पर मंगलवार को प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया है। सोमवार को

करणी सेना जिलाध्यक्ष दिलीप सिंह गहरवार ने बताया कि, श्रम विभाग में 2021 से अब तक लगातार भ्रष्टाचार हो रहा है। करणी सेना ने भ्रष्टाचार मुद्दे को वरीयता देते हुए जिलाधिकारी को पत्रक देकर श्रम विभाग में अधिकारियों-कर्मचारियों की मिली भगत से तथा जान बूझकर अपात्रों को दिए गए हितलाभ पर एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की लगातार मांग की जाती रही है। उन्होंने योजना में भ्रष्टाचार के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि बिना विवाह के कन्या विवाह योजना तथा बिना प्रसव यानी कि बिना बच्चा जन्मे, कूट रचित दस्तावेज के सहारे मातृत्व शिशु एवं बालिका मदद योजना का बड़े पैमाने पर 2021 में लाभ दिया गया है। पहली जांच में 85 प्रतिशत फर्जी आवेदक पाए गए हैं, जो अपराध की गंभीरता को दशार्ता है। विंध्याचल के गोपालपुर में भी बिचौलिए की मदद से बंदर बाट की गई थी, जिसमें सभी दोषियों पर प्राथमिकी दर्ज कराने की मांग की गई थी। आज जिलाधिकारी ने मामले की गंभीरता को देखते हुए एएलसी व थानाध्यक्ष विंध्याचल से तत्काल प्राथमिकी दर्ज कर अवगत कराने का निर्देश दिया है, यह सच्चाई की जीत है। ज्ञात हो कि, इस संबंध में इसके पूर्व मंगल तिवारी ने श्रमिकों के हित में अपनी आवाज उठाई थी और अब नतीजा सामने आ रहा है। आज वे यूनियन के माध्यम से मजदूरों की आवाज बने हुए हैं। 105 आवेदनों की जांच में जो लगभग 90 आवेदन फर्जी पाए गए हैं और विभाग ने वसूली की नोटिस जारी की है ये उसी का परिणाम है। इस विषय पर मंगल तिवारी कहते हैं कि उनके द्वारा जो पूर्व में भ्रष्टाचार को लेकर श्रमिक हित में अपात्रों की जगह पात्रों को लाभ मिलने सहित फर्जी मामले के जांच की आवाज उठाई गई थी उसी क्रम में 1072 आवेदनों की जांच में पहले चार और जून 2025 में 90 फर्जी मिले है। इसके लिए जिलाधिकारी से लेकर शासन तक पत्र लिखा गया था।90 खाता धारकों से वसूली की नोटिस जारी है, लेकिन विभाग अभी भी संदिग्ध आवेदनों पर जान बूझकर बिना अनुमति के भुगतान कर रहा है जो एक गंभीर विषय है।

# दिव्यांग दंपति का रोका रास्ता, मना करने पर जान से मारने की मिली धमकी



मीरजापुर। एक तरफ सरकार जहां आमजनों को सुलभ रास्ता मुहैया कराने के लिए सार्वजनिक रास्ता से लेकर गली सड़क के चौड़ीकरण कार्य को बढ़ावा दे रही है वहीं कुछ लोग आज भी अपने रसूख के बल पर रास्ता रोकर अमन-चैन बिगाड़ने हुए शांति व्यवस्था में खलल डालने का कार्य करते आ रहे हैं। ऐसा ही एक मामला नगर के कटरा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बरौधा का सामने आया है जहां के रहने वाले कृष्ण दूबे व उनकी पत्नी दोनों शारीरिक रूप से विकलांग है। जिनके विपक्षी रमाकांत, उमाकांत, श्रीकांत एवं शिवकांत उनके रास्ते को रोककर अवरोध उत्पन्न कर रहे हैं।

बताया गया है कि कृष्ण दूबे के घर के सामने स्थित लगभग 8 फीट चौड़ा रास्ता है। जिसका उपयोग सैकड़ों ग्रामीण करते हैं। आरोप है कि विपक्षी इस सार्वजनिक रास्ते पर जबरन कब्जा कर रहे हैं और आवागमन पूरी तरह से बाधित कर दिया है। जब पीड़ित दंपत्ति ने रास्ता रोकने का विरोध किया, तो आरोपी वकील और उसके भाइयों ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने मीरजापुर के जिलाधिकारी कार्यालय में एक पत्रक सौंपा है। उन्होंने जिलाधिकारी से मांग की है कि तत्काल राजस्व टीम को मौके पर भेजकर पैमाइश कराई जाए और दबंग वकील के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करते हुए बंद रास्ते को खुलवाया जाए।

## बाइक में साड़ी फंसने से एएनएम की गयी जान

लालगंज, मीरजापुर। स्थानीय थाना क्षेत्र के लहंगपुर चौकी अंतर्गत मलेट्री कंपाउंड के सामने सोमवार दोपहर बाद मीरजापुर की तरफ से लालगंज आते समय बाइक में साड़ी फंसने से बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई। जिससे बाइक में पीछे बैठी एएनएम कर्मचारी की सिर में गंभीर चोट लग गई। मौके पर पहुंचे समाजसेवी नवीन तिवारी ने अपने वाहन से घायल कर्मचारी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज पहुंचाया जहां पर चिकित्सक ने देखते ही मृत घोषित कर दिया। बताया गया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज में तैनात एएनएम 55 वर्षीय आशा पटेल अपने पुत्र सौरभ पटेल के साथ मिजार्पुर से लालगंज की तरफ बाइक से आ रही थी की बाइक में साड़ी फंस गई जिससे बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई। बाइक सड़क पर गिरने से एएनएम के सिर में गंभीर चोट लग गई। जिससे एएनएम की मौत हो गई। डॉक्टरों ने बताया की अधिक रक्त स्त्राव होने की वजह से मौत हो गई।


**कार्यालय ग्राम पंचायत मो. नगर रहमत नगर वि.ख.-मलिहाबाद, लखनऊ**

पत्रांकः मेमो/25-26/अल्प.निविदा/राज्य वित्त, पन्द्रहवां वित्त/मनरेगा — दिनांक- 09/02/2026

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत मो. नगर रहमत नगर में राज्य वित्त/पन्द्रहवां वित्त/मनरेगा/2025-26 की कार्ययोजना के अन्तर्गत निम्न कार्यों हेतु उनके नाम के सम्मुख अंकित सामग्री की आवश्यकता है, **प्रयुक्त होने वाली सामग्री-**

| क्र. सं. | कार्य का नाम | ईटा एम-150 | मौरंग | बालू | सीमेन्ट | ईटा रोड़ा 40 एम.एम | डल्ला गिट्टी | सरिया | सिरेमिक टायल्स | अन्य सामग्री |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | उचित दर की दुकान एवं जन सुविधा केन्द्र निर्माण | 16015 | 14.18 घन मी. | 24 घन मी. | 284 बैग | 9 घन मी. | 17.30 घन मी. | 18.32 कुन्तल | 59.39 वर्ग मी. | प्राकलन के अनुसार |

उपरोक्त विवरण के अनुसार अति अल्पकालीन निविदा सूचना के इच्छुक पंजीकृत फर्म/आपूर्ति कतार्यो से मुहर बन्द लिफाफे में प्रकाशन की तिथि से 23/02/2026 को समय अपरान्ह 2:00 बजे तक जमा कर सकते है निविदा उसी दिन सभी निविदा दाताओं व क्रय समिति के सदस्यों के समक्ष 4 बजे खोली जायेगी। सामग्री की आपूर्ति कार्य स्थल पर करना आवश्यक होगा अधोहस्ताक्षरी को किसी भी निविदा को बिना कोई कारण बतायें निरस्त करने का अधिकार होगा।

**श्याम सुन्दर पाल** — प्रधान

**तेज कुमार वर्मा** — सचिव

संक्षेप

## जमीन पर अवैध कब्जा कर धमकाने का आरोप

ललितपुर। सौजना थाना क्षेत्र में भूमि पर अवैध कब्जे, मारपीट और जान से मारने की धमकी के गंभीर आरोपों में मामला दर्ज किया गया है। ग्राम सौजना निवासी बृजकिशोर पुत्र स्व.देवी प्रसाद की शिकायत पर थाना सौजना में शिकायत दर्ज की गई है। मामला बीएनएस की धाराओं 329(3), 111(7), 352 और 351(3) के अंतर्गत पंजीकृत किया गया है। बृजकिशोर के अनुसार सौजना-मड़ावरा मार्ग स्थित उनके 30 वर्ग 40 वर्गफुट के आवासीय प्लॉट (खाता संख्या 2427/5) पर 28 जुलाई 2025 को आरोपियों ने संगठित रूप से बलपूर्वक बजरी व गिट्टी डालकर गैरकानूनी कब्जा कर लिया गया। 30 जुलाई 2025 को जब पीड़ित ने कब्जा हटाने का विरोध किया तो आरोपियों ने मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित का आरोप है कि पहले की गई शिकायतों पर स्थानीय स्तर पर कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई, जिसके बाद न्यायालय की शरण ली गई।

# रामपुर कारखाना ब्लॉक का निरीक्षण

जिला संवाददाता




देवरिया। मुख्य विकास अधिकारी राजेश कुमार सिंह ने सोमवार को अपराह्न विकास खण्ड रामपुर कारखाना का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला विकास अधिकारी, अतिरिक्त

**अभिलेखों की जांच और कर्मचारियों को दिए निर्देश**

कार्यक्रम अधिकारी, सहायक विकास अधिकारी (पंचायत), सहायक विकास अधिकारी (ग्राम्य विकास), लेखाकार सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। निरीक्षण की शुरूआत परिसर के सघन भ्रमण से की गई। इस दौरान कार्यालय परिसर की साफ-सफाई एवं विभिन्न भवनों की स्थिति का जायजा लिया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने कार्यालय के सभी पटलों का निरीक्षण करते हुए अभिलेखों की जांच की। लेखाकार पटल से संबंधित टेंडर, आवास तथा क्षेत्र पंचायत से जुड़ी पत्रावलियों का अवलोकन किया गया। साथ ही मनरेगा एवं स्थापना पटल की आलमारियों, कर्मचारियों की सेवा पुस्तिकाओं और नामिनी प्रपत्रों की भी जांच की गई। कनिष्ठ सहायक से जनसुनवाई एवं जनसूचना से संबंधित शिकायतों के निस्तारण की प्रगति के बारे में जानकारी ली गई। सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) तथा एनआरएलएम पटल के कार्यों की भी समीक्षा की गई। मनरेगा के अंतर्गत ई-केवाईसी कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सचिव अजय गुप्ता, श्रीमती धर्मावती देवी, संजय सिंह, जयप्रकाश यादव तथा रोजगार सेवक संतोष यादव, विजय यादव, राहुल आर्या, मुमताज अहमद, राम प्रसाद, अमन कुमार, ईमा खातून, सुमन देवी, सीमा देवी, महेन्द्र यादव, सूर्यप्रकाश यादव एवं वृद्धिचंद प्रजापति को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को शासन के नवीनतम दिशा-निर्देशों के अनुरूप योजनाओं का समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से संचालन सुनिश्चित करने तथा आमजन को विकास योजनाओं से जोड़ने के निर्देश दिए।

## महिला की कृषि भूमि से हो रहा अवैध मिट्टी खनन

ललितपुर। जिले की तहसील ललितपुर अंतर्गत ग्राम बुढ़वार में एक अनुसूचित जाति की गरीब महिला की कृषि भूमि पर अवैध रूप से मिट्टी खनन किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने जिला प्रशासन और खनन विभाग से न्याय की गुहार लगाते हुए दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की है। ग्राम बुढ़वार निवासी पीड़िता ने जिलाधिकारी एवं खान अधिकारी को दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया कि वह अनुसूचित जाति से संबंध रखती है तथा अत्यंत निर्धन अवस्था में अपनी कृषि भूमि पर काश्तकारी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करती आ रही है। पीड़िता की आराजी संख्या 3385/2, रकबा 1.0680 हेक्टेयर, ग्राम बुढ़वार में स्थित है। आरोप है कि उक्त आराजी पर गांव व शहर क्षेत्र के कुछ लोगों द्वारा दबंगई से बिना किसी वैध अनुमति के जेसीबी मशीन लगाकर मिट्टी का अवैध खनन किया जा रहा है। इससे पीड़िता की खेती पूरी तरह प्रभावित हो चुकी है। पीड़िता का कहना है कि अवैध खनन के कारण वह अपनी जमीन पर खेती नहीं कर पा रही है।

## बनकटा शिव में श्रीलक्ष्मीनारायण महायज्ञ 15 फरवरी से 21 फरवरी तक

भटनी (देवरिया)। स्थानीय क्षेत्र के बनकटा शिव, सलहपुर, में श्रीलक्ष्मीनारायण महायज्ञ एवं विग्रह प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव के अवसर पर सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का भव्य आयोजन किया गया है। कार्यक्रम 15 फरवरी रविवार से 21 फरवरी शनिवार तक आयोजित होगा। आयोजन के अंतर्गत फाल्गुन कृष्ण पक्ष त्रयोदशी से कार्यक्रम की शुरूआत होगी। 15 फरवरी को प्रातः 7 बजे से कलश यात्रा एवं यज्ञ प्रारंभ किया जाएगा। 20 फरवरी को प्रातः 8 बजे विग्रह प्राण-प्रतिष्ठा तथा 21 फरवरी को यज्ञ पूर्णाहुति का आयोजन निर्धारित है। प्रतिदिन दोपहर 1:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक अमृतमयी श्रीमद्भागवत कथावाचक व्यास पूज्य लक्ष्मी प्रिया (अयोध्या धाम) द्वारा किया जाएगा। सायं 6:30 बजे से रात्रि 9:30 बजे तक भव्य भगवत भजन संध्या का आयोजन होगा।

भजन संध्या में विभिन्न तिथियों पर सुप्रसिद्ध कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे। 15 व 16 फरवरी को राजीव सिंह (माधुबन, बिहार), 17 फरवरी को स्वाति मिश्रा (मुंबई), 18 फरवरी को सुधीर व्यास (उज्जैन, मध्य प्रदेश), 19 फरवरी को बृज भूषण एवं दर्शना (वृंदावन, मथुरा), 20 फरवरी को कुमार सत्यम (मुंबई) तथा 21 फरवरी को कविता पाण्डेय एवं शोभिता पाण्डेय (पटना, बिहार) द्वारा भजनों के माध्यम से अपनी जलवा बिखेरेंगे। इस आयोजन के मुख्य यजमान डॉ. रंगनाथ त्रिपाठी होंगे। कार्यक्रम के मुख्य संरक्षक कोशलेंद्र दास महाराज (पौवहारी महाराज पैकौली कुटी, देवरिया) हैं। उक्त आशय की जानकारी आयोजन समिति के अध्यक्ष प्रभात कुमार राय प्रबन्धक रामगुलाम राय पीजी कॉलेज ने दी। साथ ही क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

## मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह स्थगित नयी तिथि की घोषणा बाद में

देवरिया। जिला समाज कल्याण अधिकारी सुधीर पाण्डेय ने बताया है कि समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत 10 फरवरी को राजकीय आईटीआई, देवरिया परिसर में आयोजित होने वाला सामूहिक विवाह समारोह अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम की नई तिथि शीघ्र निर्धारित कर अभ्यर्थियों को सूचित किया जाएगा। नवीन तिथि घोषित होने के बाद ही विवाह समारोह संपन्न कराया जाएगा।

## आठवें दिन भी समान न्याय संघर्ष समिति ने भरवाया गया मांगपत्र




देवरिया। यूजीसी रेगुलेशन 2026 एवं अन्य अन्यायपूर्ण कानूनो को समाप्त करने हेतु समान न्याय संघर्ष समिति ने सम्पूर्ण जनपद में चलाए जा रहे ₹मांगपत्र अभियान₹ हेतु आज आठवें दिवस में दीवानी न्यायालय परिसर में कैंप लगाया जहां लगभग 1600 लोगो ने अपनी बात महामहिम तक पहुंचाने के लिए मांगपत्र भरा। यह मांगपत्र आगामी 16 फरवरी को देवरिया के चंडिका छात्रावास के मैदान में होने वाले महापंचायत के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति महोदया को जिला प्रशासन द्वारा भेजा जाएगा।इस अवसर पर समिति के सदस्यों ने यूजीसी रेग्युलेशन 2026 को समाज को तोड़ने वाला बताया।

सदस्यों ने आम लोगों से यूजीसी बिल के विरोध में संवाद करते हुए मांग पत्र भरने के लिए प्रेरित किया।आज मांगपत्र भरवाने वालो में प्रमुख रूप से पूर्व अध्यक्ष सुशील मिश्रा एडवोकेट, सुभाष चंद्र राव एडवोकेट, अभिषेक मिश्रा एडवोकेट, धीरेंद्र मिश्रा एडवोकेट, विनय श्रीवास्तव एडवोकेट, बालमुकुंद मिश्रा एडवोकेट, अजीत सिंह एडवोकेट, असीम आनंद मिश्र एडवोकेट, अमित तिवारी, सच्चिदा सिंह राना, आनंद श्रीवास्तव सोनू, देव कुमार शुक्ल, अरुण कुमार मिश्र, डा0 दीपक सिंह, बालमुकुंद मिश्र, अजय कुमार मिश्र पुल्लू, मानवेंद्र तिवारी, जितेंद्र श्रीवास्तव कक्कू, आस्तिक तिवारी, मार्कण्डेय पति तिवारी, बलबीर मिश्र, सैंकी मिश्र, रविकांत दुबे, सहित तमाम लोग उपस्थित रहे ।

# ब्लूमिंग रोज स्कूल में हुआ विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन



देवरिया। ब्लूमिंग रोज एकेडमी, नेहरू नगर, देवरिया में आयोजित तीसरे दिन के स्पोर्ट-डे प्रोग्राम के अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक विजय पटेल एवं प्रधानाध्यापक अंजली यादव द्वारा संयुक्त रूप से माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प चढ़ाकर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। तीसरे दिन के पुरस्कार वितरण के अवसर पर स्पोर्ट-डे के तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को

पुरस्कृत किया गया। प्रबंधक विजय पटेल ने कहा कि प्रत्येक वर्ष विद्यालय प्रांगण में खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजनक विजयको शारीरिक रूप से स्वस्थ रहने के साथ उनके उत्साहवर्द्धन का द्योतक है। बच्चों के प्रतिभा और रुचि के हिसाब से भिन्न-भिन्न गेम्स का आयोजन होने से उनके प्रतिमा का आकलन शिक्षक, छात्र एवं पुरस्कार प्राप्त करने से उनके अभिभावक द्वारा किया जाता है। परिणाम स्वरूप विद्यालय द्वारा शैक्षिक विकास के साथ उनके अन्दर निहित प्रतिभा के लिए नये मार्ग को प्रशस्त करने का प्रयास भी सुनिश्चित किया जाता है।विद्यालय की प्रधानाध्यापक ने कहा कि बच्चों के अन्दर की प्रतिमा को अभिभावकगण को पहचानकर उनके व्यवहार और अच्छे परिणाम को सकरात्मक ढंग से प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है। मोबाइल की लत से दूर करने में ऐसा करना सहायक सिद्ध होगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रथम स्थान सीनू, अनन्या, अहमद, कृशा, अमायरा, विवके, अब्दुल, अभिषेक, हनुमान, सूर्या, अनायशा, ऐमन, हिमांशु, समर्थ, शमा, अभय, सुमित, शिवांग, अमित, अंकित, सोनाली, काव्या, तनुष्का, अनाया, शना, जान्हवी, आयूषी, आकृति, दिव्या, रागिनी, कंचन, रितेश, अनंत, रश्मि, पंखुड़ी, रिया, आलिया, रिमझिम, खुशी, अंजली, आरूषी, शुभम, हेमन्त, शिवम, प्रिंस, अनिकेत, शौर्य कृष्णा, निकुंज, पवन, अशरफ, एवं द्वितीय स्थान अशिफा, अंश, ईमान, सुमैया, अन्वेशा, विवके, आरवी, रूद्र, अराध्या, अंशिका, असद, आलोक, अनुष्का व तृतीय स्थान लिजा, अनुषा, आरोही, मिस्टी, सलोनी, आयत, हिमांशु, तनु, कृति, ओसी, अमान, अर्पित, सघर्ष, अनवी ने प्राप्त किया।समापन कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रोग्राम के प्रथम विजेता अनुष्का त्रिपाठी रही और बेस्ट प्लेयर का अवार्ड शुभम यादव को प्रदान किया गया है।इस अवसर पर कार्यक्रम का संचालन मिस सलोनी राय ने किया और श्रीमती पूर्णिमा शाही, उज्जवल विश्वकर्मा, गीतांजली सिंह, अरूणा श्रीवास्तवा, शालू गुप्ता, गुड्डी कुमारी, स्नेहलता यादव, रानी वर्मा, आलोक कुशवाहा आदि ने सहयोग प्रदान किया।

## कांग्रेस नेता का हृदयगति रुकने से निधन,कार्यकर्ताओं ने दी श्रद्धांजलि

भटनी (देवरिया)। स्थानीय नगर के हतवा तिवारी टोला निवासी जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव त्रिलोकीनाथ तिवारी का हृदयगति रुकने से उनके आवास पर निधन हो गया। उनके निधन की खबर फैलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई।सुबह से ही उनके आवास पर शोक संवेदना व्यक्त करने वालों का तांता लगा रहा। जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष विजय शेखर मल्ल ह्यरोशनह्न, पूर्व जिलाध्यक्ष रामजी गिरी, सत्यप्रताप मिश्र सहित पार्टी के वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी एवं सैकड़ों कार्यकर्ता पहुंचे और दिवंगत नेता को श्रद्धासुमन अर्पित कर नम आंखों से श्रद्धांजलि दी।इस अवसर पर जिलाध्यक्ष विजय शेखर मल्ल ह्यरोशनह्न ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि त्रिलोकीनाथ तिवारी एक कर्मठ, ईमानदार और जुझारू कार्यकर्ता थे। उन्होंने जीवनभर संगठन की मजबूती और जनसेवा के कार्यों को प्राथमिकता दी। उनका निधन कांग्रेस परिवार के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने कहा कि तिवारी जी का सादगीपूर्ण व्यक्तित्व और मिलनसार स्वभाव सदैव हम सबके लिए प्रेरणास्त्रोत रहेगा।ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें तथा शोक संतप्त परिवार को इस दुख की घड़ी में धैर्य और संबल दें।इस दौरान ऋषिकेश मिश्रा, सोहन मिश्रा, पिंटू मल्ल, बबलू पांडेय, राहुल तिवारी, प्रताप दीक्षित, रामकेवल सैनी, मुलायम यादव, प्रभुनाथ यादव, बद्री यादव, वासुदेव तिवारी, धर्मवीर भारती सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बाद में उनके पार्थिव शरीर को कांग्रेस के झंडे में लपेटकर अंतिम संस्कार के लिए ले जाया गया। कार्यकताओं ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त

# पुरातात्विक, पर्यटकीय महत्व पर हिमांशु शेखर को मिली पीएचडी



कसया, कुशीनगर। नगर स्थित वार्ड संख्या 12 वीर अब्दुल हमीद नगर (भलुही मदारी पट्टी) निवासी हिमांशु शेखर पुत्र को उनके शोध पत्र ₹स्टडी ऑन टूरिस्ट डेस्टिनेशन इमेज ऑफ कुशीनगर₹ पर इंदिरा गांधी नेशनल ट्राइबल यूनिवर्सिटी, अमर कंटक, महाराष्ट्र द्वारा पीएचडी की उपाधि प्रदान किया है। श्री शेखर का दावा है कि।कुशीनगर के पुरातात्विक, पर्यटकीय महत्व को लिखी गई यह प्रथम पुस्तक है। सोमवार को बुद्ध स्थली स्थित यामा कैफे में अपने शोध पत्र के बारे में बताया कि वर्ष 2021 में मैने शोध के लिए दाखिला लिया और डॉ रोहित रविंद्र बॉलिंकर डिपार्टमेंट ऑफ टूरिज्म के निर्देशन में पांच वर्षों में शोध कार्य पूरा किया। इस कार्य में पूर्व आईएएस पूर्ण बोरा, टीके राय, अभिनव पाण्डेय मुख्यमंत्री फेलोशिप ने विशेष सहयोग किया। पुस्तक में राष्ट्रीय स्मारकों में मुख्य महा परिनिवाण मंदिर, अंतिम उपदेश स्थल माथा कुंवर, बुद्ध का संस्कार स्थल मुकुट बंधन चैत्य, बिड़ला मंदिर, धातु वितरण मंदिर, थाई मंदिर, श्रीलंका मंदिर, चाइना मंदिर, तिब्बत मंदिर सहित पर्यटकीय महत्व के स्थलों को दशार्या गया है। इसके साथ पवित्र हिरडयवती नदी, भग्नावशेष, बोधि वृक्ष आदि की जानकारी दी गई है। इसके अलावा बुद्ध स्थली के आस पास प्रो पुअर प्रोजेक्ट के तहत स्किल डेवलमेंट, मियाबाकी वन पार्क, बुद्धा घाट, आनंद उपवन, बौद्ध वन पार्क सहित कई बिंदुओं पर चर्चा की गई है। इसके अलावा बुद्ध तीर्थ होने से मिट्टी की पैकेजिंग, विक्रय, खुरमा, गुड की ब्रांडिंग होने से पर्यटक आकर्षित होंगे। शोध में लुम्बीनी, सारनाथ, बोध गया. कुशीनगर था जिसमें कुशीनगर को चुना। मैने चीन, जपान, लंका, भूटान आदि देशों के अलावा विभिन्न राज्यों महाराष्ट्र, बंगाल आदि के पर्यटकों से जानकारी ली। यहां सबसे बड़ी समस्या कनेक्टिविटी की है। 210 पेज में लिखा शोध पत्र पाँच अध्याय में है जिनमें इंट्रीडक्शन, लिटरेचर से मार्ग दर्शन, क्षेत्र, विश्लेषण, सुझाव स्थानीय जनता, पर्यटकों, अधिकारियों से लिए गए हैं। तीन प्रति में शोध पत्र है। कुशीनगर में पर्यटकीय विकास के लिए इसमें सुझाव भी है और मार्ग दर्शन के लिए जिला अधिकारी को एक प्रति भेंट की जाएगी।

# विधिक सहायता और सेवा शिविर की तैयारियों को लेकर डीएम व सचिव के मध्य हुआ मंथन



कुशीनगर। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं उ०प्र० राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निदेर्शानुसार तथा जनपद न्यायाधीश, के मार्गदर्शन में 22 फरवरी, 2026 को आयोजित होने वाले मेगा/वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर की तैयारियों के संबंध में आज सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, प्रभात सिंह द्वारा डीएम महेन्द्र सिंह तंवर के साथ विस्तृत मंथन किया गया।बैठक के दौरान मेगा शिविर की रूप-रेखा, व्यवस्थाओं, विभागीय समन्वय एवं सफल आयोजन को लेकर गहन विचार-विमर्श किया गया। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा अवगत कराया गया कि इस शिविर के सफल आयोजन हेतु जनपद के लगभग 40 से अधिक विभागों की सहभागिता आवश्यक है। इस पर जिलाधिकारी द्वारा सहमति व्यक्त करते हुए समस्त संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश निर्गत किए जाने का आश्वासन दिया गया। इस क्रम में 11 फरवरी, 2026 को कलेक्ट्रेट सभागार में सभी संबंधित विभागों के विभागाध्यक्षों के साथ एक समन्वय बैठक आयोजित किए जाने का प्रस्ताव भी रखा गया।सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बताया गया कि मेगा/वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का मुख्य उद्देश्य निर्बल वर्ग, दिव्यांगजन, महिलाएं, बच्चे, निर्धन वर्ग, असंगठित क्षेत्र के श्रमिक, अनुसूचित जाति एवं जनजाति, बेरोजगार युवा, कृषक सहित समाज के विभिन्न वर्गों को शासन द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ एक ही स्थान पर उपलब्ध कराना है।यह मेगा/वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर 22 फरवरी, 2026 को जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर, जनपद कुशीनगर में आयोजित किया जाना प्रस्तावित है।सचिव द्वारा यह भी बताया गया कि यह शिविर दो चरणों में सम्पन्न होगा। प्रथम चरण में मेगा शिविर से पूर्व जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में लघु शिविरों का आयोजन किया जाएगा, जिनमें संबंधित विभागों द्वारा अपनी योजनाओं का प्रचार-प्रसार करते हुए पात्र लाभार्थियों को चिन्हित किया जाएगा। द्वितीय चरण में चिन्हित लाभार्थियों को मेगा/वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर में योजनाओं से लाभान्वित किया जाएगा।

## शिव परिवार प्राण-प्रतिष्ठा समारोह और रूद्र महायज्ञ का भव्य आयोजन



कुशीनगर। जनपद के कसया क्षेत्र अंतर्गत गुनई छपरा गांव में नवनिर्मित शिव मंदिर में शिव परिवार प्राण-प्रतिष्ठा समारोह एवं रूद्र महायज्ञ का भव्य आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ किया जा रहा है। यह धार्मिक अनुष्ठान कुल छह दिनों तक चलेगा। सोमवार को विधि-विधान के साथ यज्ञ का शुभारंभ हुआ, जिसमें क्षेत्र के हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत शिव मंदिर परिसर से भव्य कलश यात्रा के साथ हुई। कलश यात्रा गाजे-बाजे और जयघोष के बीच निकाली गई, जो छोटी गंडक नदी के सतगढ़ही घाट पर पहुंची, जहां वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पवित्र जल भरा गया। कलश यात्रा में महिलाओं, पुरुषों, युवाओं और बुजुर्गों की भारी सहभागिता देखने को मिली। पूरे गांव का माहौल भक्तिमय हो गया। आयोजन के दौरान मंदिर परिसर में प्रतिदिन धार्मिक कथा-प्रवचन का आयोजन किया जाएगा। कथा वाचक के रूप में प्रसिद्ध कथावाचक आनंद भारद्वाज श्रद्धालुओं को कथा का रसपान कराएंगे, जबकि यज्ञाचार्य पं. शुभम तिवारी के आचार्यत्व में रूद्र महायज्ञ संपन्न कराया जाएगा। इसके साथ ही संध्या समय रामलीला मंडली द्वारा धार्मिक प्रस्तुतियां भी होंगी, जो श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहेंगी। इस महायज्ञ के यजमान के रूप में गिरजा पटेल, भगवान पटेल, हरिकेश सिंह, सुरेन्द्र मणि त्रिपाठी, बलिराम गोंड, नित्यानंद पटेल, मनीष पटेल, अनिल पटेल एवं विरेंद्र पटेल की सहभागिता है। आयोजन समिति के अध्यक्ष सुभाष सिंह पटेल हैं। वरिष्ठ पदाधिकारियों में डॉ. राघवेन्द्र सिंह, ग्राम प्रधान मुबारक अली, ग्राम प्रधान अजित कुशवाहा, पूर्व प्रधान जयप्रकाश यादव, प्रधान प्रत्याशी आलम अंसारी व सगीर अंसारी शामिल हैं। कार्यक्रम में समिति के सदस्य उपेंद्र तिवारी, हरेंद्र चौधरी, ओमप्रकाश कुशवाहा, राजपति पटेल, प्रदीप पटेल, देवेंद्र पटेल, संजय पटेल, मस्तराज कुशवाहा, बलिष्टर पटेल, जयराम पटेल, रामप्रित पटेल, मकसूद अंसारी, हरिंद्र पटेल, परशुराम गोंड, कमलेश पटेल, रामध्यान प्रसाद, रूपेश यादव, जवाहिर प्रसाद, चन्द्रशेखर पटेल, मैनेजर प्रसाद सहित हजारों ग्रामीण उपस्थित रहे। आयोजन को लेकर पूरे क्षेत्र में धार्मिक उत्साह और आस्था का वातावरण बना हुआ है।

## लोकरंग कार्यक्रम का आयोजन 11 व 12 अप्रैल को

कुशीनगर। लोकरंग सांस्कृतिक समिति जोगिया जनूबी पट्टी फाजिलनगर कुशीनगर के तत्वावधान में विगत 19 वर्षो से निरंतर आयोजित हो रहे लोकरंग कार्यक्रम इस वर्ष भी 11 व 12 अप्रैल को आयोजित होगा।यह आयोजन सांस्कृतिक भड़ैंती और फूहड़पन के विरुद्ध जन संस्कृति के सनवर्धन के उद्देश्य से प्रति वर्ष आयोजित किया जाता है।इस वर्ष लोकरंग के आयोजन में त्रिपुरा,बुन्देल खंड, छत्तीसगढ़ चम्पारण एवं बनारस की लोक सांस्कृतिक टीमें भाग लेंगी।कार्यक्रम का शुभारम्भ लोकरंग पत्रिका के लोकार्पण से होगा, परम्परा के अनुसार महिलाएं लोक गीतों से आयोजन का शुरूआत करेंगी।तत्पश्चात बनारस के दुर्गेश उपाध्याय द्वारा भोजपुरी गीतों की प्रस्तुति दी जाएगी।इसके साथ ही बुंदेली सम्राट लोक कला संस्थान विरधा द्वारा बुंदेली गायन राई एवं सैरा नृत्य प्रस्तुत की जाएगी।खुम्पूई कल्चरल अकादमी पंचाली डेब्बार्मा नार्थ बनामालीपुर अगरतला द्वारा होजागिरी (रियांग जनजाति)तथा लेबांग बूमानी (त्रिपुरी जनजाति) नृत्य किए जाएंगे।इसी क्रम में छत्तीसगढ़ की टीम द्वारा सुआ, कर्मा, ददरिया,पंथी एवं राउत नाचा की प्रस्तुति होंगी।थारू रिद्य कला प्रशिक्षण संस्थान हारना तांड़ पश्चिमी चम्पारण द्वारा झमटा,झरका एवं जंतसारी लोक नृत्यो की प्रस्तुति दी जाएगी। पहली रात को कहानी बाज थिएटर सोसायटी गेजामुड़ा रायगंज द्वारा नाटक 'उल्लू पंचायत' का मंचन किया जाएगा।दूसरी रात को प्रेरणा कला समूह बनारस द्वारा 'अमानत' नाटक का मंचन किया जाएगा।

# नियम ताक पर रखकर बना दिया एससी प्रमाणपत्र

जिला संवाददाता

कुशीनगर। जनपद के पडरौना तहसील में जो हो रहा है उसे लापरवाही कहे या फिर नियम-कानून, संविधान और सामाजिक न्याय की खुलेआम हत्या। हाईकोर्ट की स्पष्ट रोक के बावजूद पडरौना लेखपाल द्वारा खरवार जाति का अनुसूचित जाति प्रमाणपत्र जारी कर देना पूरे प्रशासनिक तंत्र पर करारा तमाचा है।

- **लेखपाल की कारस्तानी उजागर, जिस जाति का जिले में अस्तित्व नहीं, उसका भी बना दिया प्रमाणपत्र**
- **पडरौना में लेखपाल का जाति-घोटाला का खेल न आदेश माना, न अभिलेख देखे, एससी प्रमाणपत्र बाँट डाले।**
- **पडरौना लेखपाल का जाति-घोटाला,**
- **हाईकोर्ट को खुली चुनौती**

बड़ा सवाल यह है कि जब न्यायालय के आदेश बेअसर हो जाएं, तो आम जनता किससे न्याय मांगे? इतना ही नही सबसे चौंकाने वाली बात यह कि कुशीनगर जिले में धनगर जाति का कोई भी दर्ज अभिलेख अस्तित्व में, नहीं बताया जा रहा है। इसके बावजूद नियम-कानून, शासनादेश और राजस्व रिकॉर्ड को ताक पर रखकर लेखपाल अविनाश राव ने प्रमाणपत्र निर्गत कर दिया। लेखपाल की यह कारस्तानी किसी ह्लभूलह्व का नतीजा नहीं है, बल्कि यह एक सुनियोजित खेल बताया जा रहा है। हाईकोर्ट के आदेश की उडाई गयी धज्जियाजानकारों का कहना है कि हाईकोर्ट ने पहले ही खरवार जाति को एससी प्रमाणित करने पर रोक लगा रखी है।

इसके बाद भी प्रमाणपत्र जारी होना यह साबित करता है कि लेखपाल अविनाश राव ने या तो आदेश पढ़े ही नहीं या फिर जानबूझकर अनदेखी की। सवाल यह है कि क्या लेखपाल खुद को अदालत से ऊपर मान बैठा है?या फिर पीछे कोई ऐसा ह्लसिस्टमह्व है जो उसे संरक्षण दे रहा है?

### आरक्षण पर डाका, असली हकदारों के साथ धोखा

विधि विशेषज्ञो की माने तो यह मामला व्यक्ति को लाभ पहुंचाने का नहीं, बल्कि आरक्षण व्यवस्था पर सीधा डाका है। फर्जी या अवैध प्रमाणपत्रों के जरिए जब कोई व्यक्ति लाभ लेता है, तो उसका खामियाजा वास्तविक एससी समाज को भुगतना पड़ता है। महत्वपूर्ण बात यह है कि मामला सार्वजनिक होने क बावजूद तहसील और जिला प्रशासन की चुप्पी गहरी साजिश की ओर इशारा कर रही है। यदि लेखपाल अकेला दोषी है, तो अब तक निलंबन की कार्रवाई क्यों नहीं गयी? किसके इशारे व संरक्षण मे लेखपाल यह कारनामा बेखौफ कर रहा है? सवाल यह भी है कि प्रमाणपत्र जारी करने से पहले लेखपाल ने जाति सत्यापन किया था नहीं? राजस्व अभिलेखों में जब धनगर जाति दर्ज ही नहीं है, तो प्रमाणपत्र किस आधार पर जारी किया गया? क्या ऐसे और भी प्रमाणपत्र जारी किए गए हैं? जनहित मे इसकी निष्पक्ष जांच जरूरी है।

### लेखपाल के खिलाफ आक्रोश

लेखपाल अनिनाश राव की कारस्तानी को लेकर आम जनमानस में भारी आक्रोश है। गुस्साए लोगो ने जिलाधिकारी से संबंधित लेखपाल अविनाश राव को तत्काल निलंबित किये जाने की मांग की है। इसके अलावा लेखपाल द्वारा जारी किये अवैध एससी प्रमाणपत्र रद्द किया जाए, पूरे प्रकरण की उच्चस्तरीय, समयबद्ध जांच करायी जाए और दोषी पाये जाने पर लेखपाल के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। अब देखना दिलचस्प होगा कि जिलाधिकारी क्या करते है?

### दोष सिद्ध, फिर भी कार्रवाई शून्य, एसडीएम की चुप्पी पर उठ रहे सवाल

कहना ना होगा कि जांच मे लेखपाल अविनाश प्रताप राव की कारस्तानी पूरी तरह साबित हो चुकी है। तहसीलदार पडरौना की रिपोर्ट में स्पष्ट कहा गया है कि लेखपाल ने अधिकारों का घोर दुरुपयोग करते हुए आपत्तिजनक तरीके से जाति प्रमाणपत्र निर्गत किया। रिपोर्ट में निलंबन व विभागीय कार्रवाई की संस्तुति भी दर्ज है।इसके बावजूद उपजिलाधिकारी द्वारा अब तक कोई ठोस कार्रवाई न करना सिस्टम की जवाबदेही पर बड़ा प्रश्नचिह्न है। आखिरकार दोष सिद्ध होने के बाद भी उपजिलाधिकारी पडरौना की दोषी लेखपाल के विरुद्ध कार्रवाई करने से क्यो परहेज कर रहे है?

## घर-घर कम्बल वितरण कार्यक्रम सम्पन्न

सोहावल-अयोध्या। आपका सेवक आपके द्वार के तहत टीम विजय पटेल अरविन्द रावत द्वारा घर-घर कम्बल वितरण कार्यक्रम सम्पन्न। पिछले साल में भी टीम विजय पटेल अरविन्द रावत छोटू द्वारा घर घर कम्बल वितरण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ था। साथ ही हर घर रोशनी हर घर उजाला के तहत विद्युत बल्ब लगाने का कार्य भी टीम विजय पटेल अरविन्द रावत छोटू द्वारा किया गया था।

## गन्ना किसानों का किया जा रहा शोषण

अयोध्या। के एम शुगर मिल मसौधा द्वारा मिल गेट के गन्ना किसानों का बड़े पैमाने पर शोषण किया जा रहा है। फरवरी महीना आधा बीत रहा है परन्तु पेड़ी गन्ना खेतों मे खड़ा सूख रहा है। यह चीनी मिल और गन्ना विभाग के अधिकारियों के गलत तरीके से गन्ना सप्लाई इंडेंट जारी करने के कारण हो रहा है। चीनी मिल और गन्ना विभाग के अधिकारियों के मिली भगत से हो रहा है।

उक्त आरोप लगाते हुए राष्ट्रीय लोकदल अवध क्षेत्र के अध्यक्ष चैधरी राम सिंह पटेल ने बताया की चीनी मिल प्रबंध तंत्र बाहर से गन्ना खरीदने के चक्कर में स्थानीय गन्ना किसानों का बड़े पैमाने पर शोषण कर रहा है जब 2025- 26 गन्ना पेराई सत्र का शुरूआत नवंबर में हुआ उस समय एक सप्ताह के अंदर 1,2,3 पक्ष की पर्ची जारी हुई जिससे बहुत से किसानों की पर्ची घायल हुई और जब मिल अपनी पूरी क्षमता के अनुरूप पेराई शुरू करने लगी तो एक महीने मे मात्र एक पक्ष चैथा की पर्ची जारी किया गया उसके बाद जनवरी अन्तिम सप्ताह में पन्द्रह दिनों के अन्दर फिर तीन पक्ष 5,6,7 की पर्ची जारी किया।

संक्षेप

## अतिक्रमण न हटाने पर पीड़ित का विरोध

फतेहपुर। शिवराजपुर चौड़ागरा बिन्दकी-ललौली मार्ग के चौड़ीकरण कार्य में अवैध अतिक्रमण न हटाए जाने को लेकर पीड़ित कौशल किशोर मौर्य ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपा है। पीड़ित का आरोप है कि लोक निर्माण विभाग निर्माण खंड-2 द्वारा धार्मिक योजना के तहत शासन के आदेश 7 मीटर चौड़े मार्ग और दोनों तरफ नालियों का निर्माण-जीर्णोद्धार किया जा रहा है, लेकिन उनके मौजा साई, परगना व तहसील बिन्दकी स्थित मकान 49.10 वर्ग मीटर क्षेत्रफल के सामने स्थित जीर्ण-शीर्ण अवस्था के अतिक्रमण को हटाए बिना ही मार्ग को संकरा करके बनाया जा रहा है। कौशल किशोर मौर्य ने बताया कि उनका मकान चौड़ागरा-शिवराजपुर लिंक मार्ग से पश्चिम दिशा में सटा हुआ है। निर्धारित मानकों के विपरीत सड़क को उनके मकान के सामने संकरा बनाकर निर्माण कर दिया गया है, जबकि विभाग को पूर्व में भी लिखित शिकायत भेजी जा चुकी थी। उन्होंने जिलाधिकारी से मांग की है कि उक्त अवैध अतिक्रमण को तत्काल हटाने का आदेश पारित कर लोक निर्माण विभाग को निर्देश दें, ताकि मार्ग शासन के मानकों 7 मीटर चौड़ाई और नालियों के अनुरूप बन सके। पीड़ित ने चेतावनी दी है कि यदि अतिक्रमण न हटाया गया, तो मार्ग का निर्माण मानक विहीन रह जाएगा, जो यातायात और सुरक्षा के लिए खतरा बनेगा। इस मामले में जिलाधिकारी कार्यालय से अभी कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली है। लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने संपर्क करने पर कहा कि वे शिकायत की जांच कर उचित कार्रवाई करेंगे। स्थानीय निवासियों का कहना है कि इस मार्ग पर अतिक्रमण की समस्या लंबे समय से चली आ रही है, जो विकास कार्यों में बाधा बन रही है।

## पिटाई से आहत युवक ने की आत्महत्या

सीतापुर। हरगांव थाना क्षेत्र के भैंसहा गांव में ससुराल पक्ष की कथित मारपीट और धमकियों से आहत एक 22 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना से पूरे गांव में सनसनी फैल गई है। भैंसहा गांव निवासी अनूप कुमार (22) अपनी पत्नी की दादी के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए तालगांव थाना क्षेत्र के अमौरा गांव स्थित ससुराल गया था। परिजनों का आरोप है कि वहां अनूप का अपनी पत्नी और ससुराल पक्ष से विवाद हो गया, जिसके दौरान उसे जान से मारने की धमकी दी गई। मामला यहीं नहीं थमा। आरोप है कि रविवार को ससुराल पक्ष के लोग भैंसहा गांव पहुंचे और अनूप तथा उसकी मां के साथ बेरहमी से मारपीट की। सूचना पर 112 पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इस घटना से मानसिक रूप से टूट चुके अनूप ने सोमवार सुबह अपने कमरे में फांसी लगाकर जान दे दी। परिजनों की सूचना पर पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हरगांव थाना प्रभारी बलवंत शाही ने बताया कि फिलहाल मामले में कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मचा है और गांव में भारी आक्रोश व्याप्त है। परिजन दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

## नाबालिग को भगाने में आरोपी महिला गिरफ्तार

असोहा, उन्नाव (वीओएल)। थाना असोहा पुलिस ने नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने में सहयोग करने वाली वांछित अभियुक्ता को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपराध और अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत की गई। पुलिस के अनुसार, 13 दिसंबर 2024 को तहरीर पर थाना असोहा में मुकदमा संख्या 258/2024 दर्ज किया गया था। मामले में शिवकुमार उर्फ लल्ला और विमला को नामजद किया गया था। विवेचना के दौरान प्रकरण में भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के साथ-साथ पॉक्सो अधिनियम की धाराएं भी जोड़ी गईं। सोमवार को पुलिस ने वांछित अभियुक्ता विमला पत्नी सुकेश, उम्र लगभग 33 वर्ष, निवासी ग्राम सेमरी, थाना असोहा को पाठकपुर मोड़ से गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद अभियुक्ता को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक मुनिस, कांस्टेबल रोहताश चौधरी, महिला हेड कांस्टेबल सीमा वर्मा तथा महिला कांस्टेबल कंचन देवी शामिल रहीं। थाना प्रभारी फूल सिंह का कहना है कि मामले में विधिक प्रक्रिया के तहत आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# वैश्विक स्तर पर बढ़ रहा भारतीय आस्था का मान

## सीतापुर के तपोधाम आश्रम में सीएम योगी का भव्य स्वागत

जिला संवाददाता (vol)



सीतापुर। दोपहर ठीक 2 बजकर 21 मिनट पर तपोधाम आश्रम की फिजा अचानक जय श्री राम के गगनभेदी जयकारों से भर उठी। घंटा-शंख की ध्वनि, मंत्रोच्चार और उमड़ी श्रद्धा के सैलाब के बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आगमन हुआ। मूर्ति स्थापना दिवस और विशाल भंडारे के अवसर पर तपोधाम उस पल भक्ति और शक्ति के संगम में बदल गया।

मुख्यमंत्री का हेलीकॉप्टर तय समय पर जीआईसी मैदान स्थित हेलीपैड पर उतरा। वहां भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला, विधायक शशांक त्रिवेदी, रामकृष्ण भार्गव, मनीष रावत, ज्ञान तिवारी, राकेश राठौर गुरु, सुरेश राही, एमएलसी पवन सिंह सहित जनप्रतिनिधियों ने पुष्प देकर स्वागत किया। खास बात यह रही कि मुख्यमंत्री ने सदर विधायक एवं नगर विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर को अपनी ही गाड़ी में बैठाकर मंच तक ले गए, जिसे राजनीतिक गलियारों में खास संदेश के रूप में देखा गया। आश्रम पहुंचते ही महंत योगी तेजनाथ ने पारंपरिक वाद्ययंत्रों के बीच मुख्यमंत्री की अगवानी की। योगी आदित्यनाथ सीधे गर्भगृह पहुंचे और गुरु गोरखनाथ की प्रतिष्ठित मूर्ति के समक्ष शीश नवाकर प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की। इसके बाद उन्होंने नवनिर्मित भवन और गोरख अमृत धारा का लोकार्पण कर पूजन-अर्चन किया।

जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने सनातन सभ्यता की निरंतरता, गुरु-शिष्य परंपरा और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बना है और आस्था के केंद्रों का सम्मान वैश्विक स्तर पर बढ़ा है। नैमिषारण्य, अयोध्या, विंध्यवासिनी धाम सहित सीतापुर में चल रहे विकास कार्यों का भी उल्लेख किया।

मंच पर मुख्यमंत्री के साथ राकेश राठौर और संत समाज मौजूद रहा। जब मुख्यमंत्री की नजर मंच के सामने बैठे जनप्रतिनिधियों पर पड़ी तो उन्होंने सभी को मंच पर बुलवाकर बैठने की व्यवस्था करवाई। पूरे कार्यक्रम में योगी की राकेश राठौर से लगातार संवाद करती तस्वीरें भी चर्चा का विषय रहीं।

भंडारे में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी, वहीं पूरे शहर में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर सुरक्षा के लिहाज से नो-फ्लाइंग जोन लागू रहा। तपोधाम का यह आयोजन सीतापुर के धार्मिक और सांस्कृतिक मानचित्र पर एक यादगार अध्याय बन गया।

## बकाया मानदेय न मिलने से बंद पड़ा सामुदायिक शौचालय

सीतापुर। विकास खण्ड सकरन की ग्राम पंचायत अरुवा में बकाया मानदेय का भुगतान न होने के कारण सामुदायिक शौचालय का संचालन प्रभावित हो गया है। शौचालय का संचालन शंकर स्वयं सहायता समूह की सदस्य एवं केयर टेकर सुशीला देवी द्वारा किया जा रहा है। केयर टेकर ने खण्ड विकास अधिकारी को दिए गए शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि बीते 24 माह से मानदेय का भुगतान नहीं किया गया, जिसके चलते शौचालय का नियमित संचालन संभव नहीं हो पा रहा है। शिकायत में यह भी बताया गया है कि लगभग एक वर्ष से बिजली कनेक्शन की केबल टूटी होने के कारण शौचालय में पानी की भारी समस्या बनी हुई है। शौचालय का उपयोग न हो पाने से ग्रामीणों को खुले में शौच के लिए खेतों का सहारा लेना पड़ रहा है, जिससे स्वच्छता अभियान को भी नुकसान पहुंच रहा है। केयर टेकर सुशीला देवी ने शीघ्र बकाया मानदेय का भुगतान कराने और बिजली व्यवस्था दुरुस्त कराने की मांग की है, ताकि सामुदायिक शौचालय का संचालन सुचारू रूप से किया जा सके।

## छात्रों का सेठ जयपुरिया स्कूल में हुआ सम्मान

फतेहपुर। सेठ एम.आर. जयपुरिया स्कूल के मलवां कैंपस में रविवार को जोश छात्रवृत्ति परीक्षा कक्षा 9 के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों के लिए धूमधाम से पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। इस परीक्षा का उद्देश्य गरीब और मेधावी छात्रों को प्रोत्साहित करना है, जो हर साल स्कूल द्वारा सफलतापूर्वक संचालित की जाती है। कार्यक्रम में सैकड़ों छात्र-छात्राओं, अभिभावकों और शिक्षकों ने शिरकत की, जो मलवां कैंपस को उत्साह के रंग में रंग दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तेलियानी ब्लॉक प्रमुख अभिषेक त्रिवेदी रहे, जबकि युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष फतेहपुर मधुराज विश्वकर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद थे। दीप प्रज्वलन से शुभारंभ होने वाले समारोह में प्रधानाचार्य जी.पी. मिश्रा ने प्रेरक संबोधन दिया। उन्होंने कहा, गरीबी हालात हो सकती है काबिलियत नहीं। हर बच्चा काबिल है, बस उसे अवसर की आवश्यकता होती है। मिश्रा ने बताया कि यह छात्रवृत्ति परीक्षा विद्यार्थियों में पढ़ाई के प्रति जोश भरने के लिए आयोजित की जाती है, जिससे वे अपने सपनों को साकार कर सकें। टॉपर्स को शानदार पुरस्कारपुरस्कार वितरण समारोह का मुख्य आकर्षण रहा, जहां टॉप-5 मेधावियों को आकर्षक पुरस्कार प्रदान किए गए:प्रथम स्थानः कर्तव्य सिंह को स्कूटी और दो वर्षों तक 100% शुल्क माफी। द्वितीय स्थानः अदिती राज को इलेक्ट्रिक साइकिल और दो वर्षों तक 90% शुल्क माफी। तृतीय स्थानः कनिष्का सिंह को लैपटॉप और दो वर्षों तक 80% शुल्क माफी। चतुर्थ स्थानः गरिमा सिंह को मोबाइल फोन और दो वर्षों तक 70% शुल्क माफी। पंचम स्थानः कार्तिकेय गौतम को मोबाइल फोन और 60% शुल्क माफी। इसके अलावा, अन्य उत्तीर्ण छात्रों को भी नकद पुरस्कार, किताबें और शुल्क छूट प्रदान कर उनका हौसला बढ़ाया गया। स्कूल प्रबंधक रंजना सिंह ने कहा, जोश छात्रवृत्ति के माध्यम से मिलने वाली सहायता बच्चों के सपनों को पंख देती है। हमारा संस्थान उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए कटिबद्ध है। कार्यक्रम में उप प्रधानाचार्य उमेश तिवारी, देवेंद्र भदौरिया, हेड मास्टर सीजो वर्गीज, हेड मिस्ट्रेस उर्वशी पांडे, मार्केटिंग हेड जरीना अंजुम सहित स्कूल के सभी शिक्षक-कर्मचारी उपस्थित रहे। अभिभावकों ने स्कूल प्रबंधन की सराहना की और कहा कि ऐसे आयोजन ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों के लिए वरदान हैं।




## श्री अनामी ज्योति आश्रम में भागवत कथा ज्ञान यज्ञ शुरू

सीतापुर। नगर क्षेत्र स्थित श्री अनामी ज्योति आश्रम वाटिका में श्रीमद्भागवत महापुराण कथा रूपी ज्ञान यज्ञ का भव्य शुभारंभ हुआ। प्रथम दिन कार्यक्रम की शुरूआत श्रीमद्भागवत महापुराण की विधिवत आरती के साथ की गई, जिससे पूरा आश्रम परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर हो गया। कथा व्यास अखिलेश महाराज ने प्रथम दिवस कथा के माहात्म्य पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि श्रीमद्भागवत कथा मोक्षदायिनी है और मानव को भवसागर से पार कराने का मार्ग प्रशस्त करती है। उन्होंने श्रद्धालुओं से कथा श्रवण के माध्यम से जीवन को धर्ममय बनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर मुख्य यजमान डॉ. अतुल पांड्या एवं डॉ. दर्शना पांड्या ने अपने परिवार सहित सभी वैदिक मंडल के आचार्यों का तिलक कर सम्मान किया। साथ ही आश्रम परिसर में स्थित श्री सत्येश्वर महादेव मंदिर में विधिवत रुद्राभिषेक कर विश्व कल्याण की कामना की गई। कार्यक्रम में शैलेश गौर, प्रोफेसर मनिंद्र तिवारी, मारुत पुरी, आचार्य रजनेश त्रिवेदी, राधा मोहन अवस्थी, संदीप त्रिवेदी, गोविंदा राजपूत, पार्थ सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## एक ईंट एक रुपया के संकल्प से सजेगा रजवाड़ा लॉन

सीतापुर। समाजसेवा और जनकल्याण की दिशा में अग्रवाल सभा सीतापुर एक नई मिसाल कायम करने जा रही है। एक ईंटद्दएक रुपया अमर रहे के प्रेरक संकल्प के साथ शहर में पहली बार सामूहिक कन्या विवाह समारोह का आयोजन मंगलवार 10 फरवरी को किया जा रहा है। यह भव्य आयोजन एससीएम सिनेमा हॉल बिजवार के पास स्थित रजवाड़ा लॉन में संपन्न होगा। अग्रवाल सभा के ऊर्जावान अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल के नेतृत्व में आयोजित इस ऐतिहासिक कार्यक्रम को लेकर अग्रवाल समाज ही नहीं, बल्कि पूरे जनपद में उत्साह का माहौल है। इसे समाज के सेवा भाव और सामूहिक सहयोग की बड़ी उपलब्धि के रूप में देखा जा रहा है। इस आयोजन को सफल बनाने में अग्रवाल महिला सभा, मारवाड़ी युवा मंच एवं महिला मारवाड़ी युवा मंच की संयुक्त टीम दिन-रात जुटी हुई है। सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक चलने वाले इस समारोह में नवदंपतियों को न केवल आशीर्वाद दिया जाएगा।

## अवैध कब्जे पर चला बुलडोजर



सीतापुर। विकासखण्ड कसमण्डा की ग्राम पंचायत बड़ा पतारा में सरकारी मार्ग पर किए गए अवैध कब्जे के खिलाफ तहसील प्रशासन ने कड़ी कार्रवाई करते हुए जेसीबी से कब्जा हटवाया। कार्रवाई के दौरान किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए पुलिस बल मौके पर तैनात रहा, जिससे पूरे क्षेत्र में प्रशासनिक सख्ती का संदेश गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, कमलापुर निवासी राम औतार चैधरी पुत्र जराखन की शिकायत पर क्षेत्रीय लेखपाल पवन राय द्वारा जांच की गई। जांच में शिकायत सही पाए जाने पर अवैध कब्जेदार रामदुलारे निवासी बड़ा पतारा को एक सप्ताह का नोटिस देकर स्वयं कब्जा हटाने का समय दिया गया था। निर्धारित समय सीमा में कब्जा न हटाए जाने पर सोमवार को प्रशासन ने जेसीबी की मदद से अवैध निर्माण को ध्वस्त कर मार्ग को मुक्त कराया। कार्रवाई के दौरान कानूनगो सदानन्द वर्मा, क्षेत्रीय लेखपाल पवन राय, लेखपाल अनुप कुमार, सर्वेश सिंह, शुभम दुबे सहित पुलिस बल मौजूद रहा। प्रशासन की इस कार्रवाई से ग्रामीणों में संतोष देखा गया, वहीं अवैध कब्जेदारों में हड़कंप मच गया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि सरकारी भूमि और सार्वजनिक मार्गों पर अतिक्रमण किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और आगे भी ऐसी कार्रवाई जारी।

## तालाब में मिली लाश का खुलासा थानगांव में युवक की हत्या, तीन नामजद

सीतापुर। थानगांव थाना क्षेत्र में शनिवार सुबह तालाब में मिले युवक के शव के मामले ने सनसनीखेज मोड़ ले लिया है। पुलिस ने इसे हत्या करार देते हुए मृतक के पिता की तहरीर पर गांव के ही तीन लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कर लिया है। मृतक की पहचान 20 वर्षीय मनीष कश्यप पुत्र नरेश कश्यप के रूप में हुई है, जो 3 फरवरी से लापता था। पिता नरेश कश्यप की तहरीर पर शरीफ, खलील और शकील के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया गया है। पुलिस ने आरोपियों की तलाश तेज कर दी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मनीष के शरीर पर कई चोटों के निशान और नाक से रक्तस्राव की पुष्टि हुई है, जिससे हत्या की आशंका और पुख्ता हो गई है। पुलिस की मौजूदगी में शव का अंतिम संस्कार कराया गया। ग्रामीणों और परिजनों के अनुसार, 3 फरवरी की शाम मनीष को गांव के पास नव निर्मित पुलिया से संदिग्ध हालात में उठाया गया था। आशंका है कि उसे कई दिनों तक बंधक बनाकर रखा गया और बाद में हत्या कर दी गई। सबूत मिटाने के इरादे से शव को रात के अंधेरे में तालाब में फेंक दिया गया। थानाध्यक्ष विमल गौतम ने बताया कि युवक के लापता होने के बाद से ही पुलिस उसकी तलाश में जुटी थी। परिजनों की तहरीर और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस का दावा है कि मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

## संदना में विवाहिता ने लगायी फांसी, इलाज को ले जाते समय मौत

सीतापुर। संदना थाना क्षेत्र के बरताल का पुरवा गांव में सोमवार को एक दर्दनाक घटना सामने आई। गांव निवासी मनदीप की पत्नी विमला (27) ने घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के समय विमला घर में अकेली थी। परिजनों के अनुसार, किसी तरह की आहट सुनकर जब वे कमरे में पहुंचे तो विमला को फंदे से लटका देखा। आनन-फानन में परिजन उसे नीचे उतारकर इलाज के लिए अस्पताल ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। इस घटना से परिवार में कोहराम मच गया। सूचना मिलते ही संदना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है।

## निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर 817 मरीजों को मिला उपचार

सीतापुर। हरगांव क्षेत्र के ग्राम पंचायत सेलूमऊ अंतर्गत झरेखापुर बाजार में सोमवार को निःशुल्क स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जनरल इंश्योरेंस कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया तथा के० पी० सिंह मेमोरियल हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में लगे इस शिविर में कुल 817 मरीजों का निःशुल्क इलाज किया गया। शिविर



का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र के गरीब, असहाय और जरूरतमंद लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना रहा, जिसका बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने लाभ उठाया। शिविर में वरिष्ठ ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ. सुधीर कुमार चौधरी ने हड्डी रोग से पीड़ित 113 मरीजों की जांच की, जिनमें से गंभीर मामलों को सर्जरी के लिए के० पी० सिंह मेमोरियल हॉस्पिटल रेफर किया गया। एमडी मेडिसिन डॉ. एस० ए० मीर ने 52 हृदय रोगियों की जांच कर परामर्श दिया और निःशुल्क दवाएं उपलब्ध कराईं, साथ ही श्वास संबंधी रोगों का भी उपचार किया। जनरल फिजिशियन डॉ. मोहम्मद इलियास ने वायरल फीवर से पीड़ित 129 मरीजों का इलाज किया। स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. मधुलिका राय व डॉ. फोजिया ने महिलाओं से जुड़ी विभिन्न बीमारियों की जांच कर 93 महिलाओं को परामर्श व दवाएं प्रदान कीं।

## किसान यूनियन ने पांच सूत्रीय ज्ञापन दिया



पाटन, उन्नाव। भारतीय किसान यूनियन टिकैत की बीघापुर इकाई की बैठक मुन्ना सिंह देवारा जिला उपाध्यक्ष के नेतृत्व में गंगा एक्सप्रेसवे के चयनित संख्या 460 $ 245 पर बने कार्यालय पर संपन्न हुई। जिसमें 5 सूत्रीय ज्ञापन खंड विकास अधिकारी सुमेरपुर अनिल सिंह राणा को सौंपा गया। ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से मुन्ना सिंह देवारा जिला उपाध्यक्ष, अजय बाजपेई तहसील प्रभारी बीघापुर, फतेह बहादुर ब्लॉक अध्यक्ष सुमेरपुर राजू यादव ब्लॉक पूरवा, कौशल, अजय, मंगली, वीरेंद्र, रणजीत सिंह, लाला बाबा, आशीष, नारायण, धनीराम, उमाशंकर आदि लगभग कई दर्जन किसान मौजूद रहे।

## युवकों पर जानलेवा हमला, फायरिंग से दहशत

सीतापुर। सदरपुर थाना क्षेत्र में दबंगों का आतंक खुलकर सामने आया है। जन्मदिन कार्यक्रम से लौट रहे युवकों पर रास्ते में धारदार हथियार, तमंचे की बट और लाठी-डंडों से जानलेवा हमला कर दिया गया। हमलावरों ने फायरिंग कर इलाके में दहशत फैला दी। इस हमले में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने दो नामजद समेत चार अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के मुताबिक, कोतवाली बिसवां क्षेत्र के मोहल्ला झज्झर निवासी विनीत कुमार मिश्रा, ललित दीक्षित और गौरव अग्निहोत्री रविवार रात करीब 11:15 बजे थाना सदरपुर के ग्राम धामी सरायं से जन्मदिन कार्यक्रम में शामिल होकर लौट रहे थे। रास्ते में देवियापुर में सामान लेने के लिए वे एक दुकान पर रुके, तभी वहां मौजूद रिंकू रावत ने अकारण गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर रिंकू रावत ने अपने साथी सुरेंद्र रावत और चार अन्य युवकों को मौके पर बुला लिया। आरोप है कि सभी ने मिलकर युवकों पर हमला बोल दिया। रिंकू रावत ने विनीत कुमार मिश्रा के सिर पर धारदार हथियार से वार किया, जिससे वह लहूलुहान होकर गिर पड़े। बीच-बचाव में आए ललित दीक्षित के सिर पर तमंचे की बट से प्रहार किया गया, जिससे वह भी गंभीर रूप से घायल हो गए। इतना ही नहीं,



हमलावरों ने विनीत की जेब से करीब 12,500 रुपये निकाल लिए और घटना का वीडियो बना रहे युवक का मोबाइल फोन तोड़ दिया। जब गौरव अग्निहोत्री ने गाड़ी स्टार्ट कर जान बचाने की कोशिश की तो आरोपियों ने लाठी-डंडों से वाहन पर हमला कर शीशे तोड़ दिए। पीड़ितों का आरोप है कि गाड़ी आगे बढ़ते ही हमलावरों ने पीछे से फायरिंग भी की। किसी तरह जान बचाकर पीड़ित देवियापुर चैकी पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। घटना से नाराज लोगों ने थाने पहुंचकर आक्रोश जताया। सदरपुर पुलिस ने रिंकू रावत पुत्र प्रेमचंद, सुरेंद्र रावत और चार अज्ञात के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## संस्था ने जरुरतमंदों को कंबल बांटे



पाटन उन्नाव। तहसील बीघापुर क्षेत्र के नारायण दास खेड़ा में ऋतु फाउंडेशन के सस्थापक अनुराग त्रिवेदी के नेतत्व में युवा समाजसेवी अंकित पांडेय के निवास पर कंबल वितरित किया गया। क्षेत्र के विधवा, विकलांग, वृद्ध व जरूरत मंदो को कंबल वितरित किए गए। नव युवकों को सम्मान किया गया। जिसमे छंगू त्रिवेदी भोला त्रिवेदी आशीष गुप्ता, मयंक शुक्ला जगदीश दीक्षित उग्रपाल, अनिल वर्मा, ललऊ, बुद्धू, अर्जुन साहू, दिनेश यादव, भुल्लू यादव, गोलू गुप्ता, सुरेंद्र, काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## डीएम ने महाशिवरात्रि को लेकर की बैठक




उन्नाव। विकास भवन सभागार में महाशिवरात्रि पर्व के दृष्टिगत शान्ति, सुरक्षा एवं कानून व यातायात व्यवस्था सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी गौरांग राठी की अध्यक्षता व पुलिस अधीक्षक जय प्रकाश सिंह की उपस्थिति में जिले के संभ्रान्त नागरिकों, धर्म गुरुओं, विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों तथा अधिकारियों के साथ पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में विभिन्न धर्म गुरूओं व गणमान्य व्यक्तियों द्वारा महाशिवरात्रि पर्व पर आयोजित की जाने वाली विभिन्न शोभा यात्राओं के दौरान आने वाली विभिन्न प्रकार की समस्याओं को जिलाधिकारी के समक्ष रखा गया, जिसको लेकर जिलाधिकारी ने सभी को आश्वस्त किया कि दिये गए सुझावों/शिकायतों का संज्ञान लेकर आवश्यक कार्यवाही करायी जाएगी। इस मौके पर डीएम ने समस्त नगर निकायों के अधिशासी अधिकारियों तथा सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि महाशिवरात्रि पर्व के दौरान नगरीय/ग्रामीण क्षेत्रों के शिवालयों तथा शोभा यात्राओं के रूट में साफ-सफाई, पेयजल, रास्तों की मरम्मत, सुरक्षा व्यवस्था, विद्युत व्यवस्था, पानी, महिला सुरक्षा व्यवस्था आदि कार्य प्रमुखता से कर लिए जाएं। उन्होने कहा कि शोभा यात्राएं निकलने वाले रास्तो को पी0डब्ल्यू0डी0, पुलिस विभाग, प्रशासन एवं आयोजकों के साथ संयुक्तरूप से स्थलीय निरीक्षण कर लिया जाए। महाशिव रात्रि पर्व के अवसर पर लगने वाले मेलों में महिला सुरक्षा, साफ-सफाई, विद्युत व्यवस्था, पानी, शौचालय सहित लगने वाले झूलो पर विशेषरूप से ध्यान दिया जाएं कही भी कोई अप्रिय घटना न होने पाये। महाशिव रात्रि पर्व के दृष्टिगत प्रभारियों/अधिकारियों की डयूटी लगाते वक्त समय का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने समस्त एसडीएम, क्षेत्राधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को सख्त निर्देश दिये कि महाशिवरात्रि पर्व पर आयोजित होने वाली शोभा यात्राओं में सुरक्षा व यातायात व्यवस्था के पर्याप्त इंतेजाम सुनिश्चित करा लिए जाएं ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना होने की संभावना को रोका जा सके। उन्होंने सख्त निर्देश दिए कि सभी शिवालयों/मन्दिरों एवं शोभा यात्राओं के रूट पर महिला सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाए। विद्युत विभाग को निर्देश दिए कि सभी शिवालयों, मन्दिरों एवं शोभा यात्रा के मार्ग में विद्युत एवं प्रकाश व्यवस्था दुरूस्त रखी जाए। उन्होंने कहा कि अधिकारीगण अपने-अपने दायित्वों का अच्छे से निर्वहन करें। जनपद वासी पर्व के दौरान सावधानी व सतर्कता बनाये रखें। उन्होंने सभी को महाशिवरात्रि की अग्रिम शुभकामनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि उन्नाव जनपद आपसी सौहार्द के लिए अपनी विशेष पहचान रखता है। इसलिए सभी लोग संयम, मानवता, संवेदनशीलता, शालीनता, प्रेम, भाई-चारा, सौहार्द एवं परम्पराओं का पालन करते हुए तथा किसी भी व्यक्ति की धार्मिक भावना को आहत किये बगैर त्यौहार को प्रेम व सौहार्द एवं पूरे उत्साह व आस्था के साथ मनाएं।

## समाजसेवी ने वॉलीबाल खिलाड़ियों का किया उत्साहवर्द्धन



पाटन, उन्नाव। तहसील बीघापुर क्षेत्र के बिहार कस्बे में बाबा गौरी शंकर प्रांतीय बॉलीबाल प्रतियोगिता मे पुष्प फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पुष्पेंद्र प्रताप सिंह ने खिलाडियों का उत्साहवर्द्धन किया।

पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह ने अपार जनसमूह द्वारा मिले प्रेम स्नेह अटूट विश्वास के लिये सभी का तहेदिल से शुक्रिया अदा किया, व ग्रामीण अंचलो मे आयोजित टूनामेंट के सफल संचालन के लिये आयोजन कमेटी का धन्यवाद दिया। सभी खेल प्रेमियों व खिलाड़ियों को आश्वत किया कि संसाधनों की आवश्यकता पर आपके साथ है हमारे रहते कोई कमी नहीं रखी जायेगी। उन्होने बताया कि खेल को खेल भावना आपसी प्रेम सौहार्द से ही खेलना चाहिये। मेरा यही प्रयास है कि क्षेत्र के युवा प्रतिभाएं आगे आकर अपने क्षेत्र का नाम रोशन करें। टूनामेंट मे चंद्रेश सिंह ने अपनी शानदार कमेंट्री से भारी जनसैलाब को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस मौके पर मुख्य रूप से पूर्व ब्लॉक प्रमुख रज्जन सिंह, आर के सिंह, यतीन्द्र नाथ मिश्र, मानवेन्द्र सिंह, पंकज सिंह बाबा, सेनू यादव, राघवेंद्र सिंह, मैनेजर सिंह, कमलेश यादव, दीपक सिंह राजावत आदि सैंकड़ो वरिष्ठजन उपस्थित रहे।

## मरीज की 108 एंबुलेंस के ईएमटी ने उपचार देकर बचायी जान

उन्नाव। एंबुलेंस सेवा प्रतिदिन सैकड़ों गंभीर मरीजों की जान बचाने का काम कर रही है। उत्तर प्रदेश सरकार की संचालित 108 एंबुलेंस सेवा समय पर पहुंचकर मरीजों की जान बचाने के लिए 24 घंटे तत्पर रहती है। संचालित निशुल्क एंबुलेंस सेवा प्रतिदिन सैकड़ो गंभीर मरीजों को सही समय पर अस्पताल पहुंचाकर और गंभीर मरीजों को जब डॉक्टर द्वारा जिला अस्पताल रेफर कर दिया जाता है और समय से 108 एंबुलेंस सेवा और तैनात प्रशिक्षित ईएमटी रास्ते में उसके बीपी पल्स, समेत अन्य शरीर की स्थिति की जानकारी लेकर विभागीय डॉक्टरों की टीम से सुझाव लेकर मरीज को प्राथमिक उपचार देते हुए अस्पताल पहुंचाते हैं। सीएचसी अचलगंज की 108 वाहन यूपी 32 एफ जी 2816 पर रोड एक्सीडेंट का केस आया पायलट मंशाराम और ईएमटी सरोज कुमार एंबुलेंस लेकर पहुंच गए मरीज सूरज की हालत को देखकर ईएमटी सरोज कुमार ने मरीज को इंजेक्शन लगाया और बड़ी सूझबूझ के साथ डॉ धर्मेंद्र कुमार को मरीज के बारे में जानकारी दी डॉक्टर धर्मेंद्र कुमार द्वारा बताए गए सुझाव के माध्यम से मरीज को इंजेक्शन लगाते हुए व प्राथमिक उपचार के साथ मरीज को सीएचसी अचलगंज में भर्ती कराया गया जिससे मरीज की जान बच गई अटेंडर द्वारा हमारे सहयोगी हमारी 108 सेवा और हमारी संस्था की प्रशंसा की गई उत्तर प्रदेश में एंबुलेंस सेवा का संचालन ईएमआरआई ग्रीन हेल्थ सर्विस करती है।

संक्षेप

## संघ चुनाव, पहले दिन मिले 25 डाक मतपत्र

**बांदा।** अधिवक्ता संघ चुनाव के पहले दिन 25 डाक मतपत्र डाले गए। इल्डर्स कमेटी के महासचिव अधिवक्ता दिनेश श्रीवास्तव ने बताया कि अधिवक्ता संघ चुनाव में लगभग 1516 मतदाता हैं। उन्होंने कहा कि अध्यक्ष, महासचिव सहित विभिन्न पदों के लिए चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो गयी है।

रविवार को इल्डर्स कमेटी अध्यक्ष राकेश सिन्हा व सदस्य सैय्यद अली की उपस्थिति में सवेरे 10 बजे से पोस्टल बैलेट डालने की शुरूआत हुई और अब तक 25 डाक मतपत्र प्राप्त हुए। बताया कि 10 फरवरी को सुबह 10 बजे फिर से मतदान शुरू होंगे और देर शाम मतगणना के बाद नतीजे घोषित किए जाएंगे।

## साइबर फ्रॉड को लेकर कार्यशाला आज

**बांदा।** सुरक्षित इंटरनेट दिवस पर नागरिकों को साइबर फ्रॉड व ऑनलाइन सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से मंगलवार को कार्यशाला का आयोजन होगा। कार्यशाला 10 फरवरी को दोपहर 12 बजे से कलेक्ट्रेट में आयोजित होगी। इसका उद्देश्य डिजिटल इंडिया के दौर में लोगों को साइबर सुरक्षा के प्रति सतर्क एवं सक्षम बनाना है। कार्यशाला में छात्रों, अभिभावकों, व्यवसायियों, बुजुर्गों सहित सभी वर्गों के लोगों के लिए निःशुल्क सहभागिता का प्रावधान किया गया है।

लोगों से अपील की गई कि वह अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर साइबर सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त करें और इंटरनेट को सुरक्षित बनाने में सहयोग प्रदान करें।

## हिन्दू सम्मेलन का आयोजन

**बांदा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा चलाये जा रहे वृहद हिन्दू सम्मेलन के तहत शहर के शास्त्री नगर बस्ती का हिन्दू सम्मेलन गणेश भवन, रामलीला मैदान खूँटी चैराहा में आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि मदन गोपाल दास महाराज कामतानाथ मंदिर प्रमुख द्वार एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में त्यागी महाराज संत कबीर आश्रम भरखरी मौजूद रहे।

इस दौरान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक ऋतुराज, विभाग कार्यवाह संजय, जिला संघचालक सुरेन्द्र पाठक, जिला कार्यवाह श्यामसुंदर, नगर कार्यवाह उमाशंकर, शास्त्री नगर बस्ती प्रमुख शिवम गुप्ता व भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## अधिक शराब पीने से युवक की मौत

बांदा। अधिक शराब पीने के कारण युवक की मौत हो गई। बदौसा थाना की लमेहटा पुलिस चैकी क्षेत्र के कुल्लूखेड़ा गांव निवासी शिवपूजन सिंह चैहान ने पुत्र रोहित सिंह 26 के साथ घर में रविवार की रात साथ बैठकर शराब पी थी। देर रात लगभग 12 बजे रोहित की अत्यधिक शराब पीने से मौत हो गई। लोगों ने बताया कि पिता व पुत्र शराब के लती थे और दिन-रात शराब के नशे में रहते थे। कहा कि इसी नशे के कारण तीन बीघा जमीन के अलावा पूरी जमीन बेचकर शराब पी चुके हैं। शराब पीने से गुर्दा, किडनी खराब हो चुकी थी। गांव वालों ने बताया कि पिता और पुत्र खाना भी नहीं खाते थे। सूचना पर पहुंचे लमेहटा चैकी इंचार्ज प्रमोद कुमार ने आस-पास के लोगों से पूंछताछ के बाद शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। उन्होंने कहा कि रिपोर्ट आने के बाद ही घटना के कारण का पता चल सकेगा।

## अवैध तमंचे के साथ एक गिरफ्तार

बांदा। अवैध तमंचा लेकर घूम रहे आरोपी को थाना कोतवाली देहात पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस को मुखबिर से मिली सूचना पर थानाध्यक्ष सीपी तिवारी ने जौरही बस स्टैंड के पास गश्त की। उन्होंने देखा कि एक व्यक्ति संदिग्ध रूप से घूम रहा है।

पुलिस ने मौके पर व्यक्ति को पकड़ लिया। पुलिस ने अरविंद पुत्र वीरेंद्र निवासी ग्राम जौरही थाना कोतवाली देहात से पूंछताछ करते हुए तलाशी ली तो उसके पास से अवैध तमंचा व कारतूस बरामद हुआ है।

# आयुक्त ने तहसील, नगर पंचायत का किया निरीक्षण



जिला संवाददाता

**बांदा।** मण्डलायुक्त, अपर आयुक्त प्रशासन ने तहसील बबेरू का निरीक्षण किया। उन्होंने तहसील सहित ब्लॉक नगर पंचायत, कार्यालयों और उपजिलाधिकारी कार्यालय का निरीक्षण किया। कमियां मिलने पर उन्हें सुधारने के निर्देश दिए।

उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके बाद आयुक्त ने तहसील परिसर में कदंब के पौधे का रोपण किया। उन्होंने नजारत, संग्रह, लेखाकार, भूलेख, उपनिबंधक, तहसीलदार न्यायालय, परगना मजिस्ट्रेट न्यायालय, नायब तहसीलदार बबेरू, जामू, कमासिन, मर्का, न्यायालय के कागजातों एवं फाइलों के रख-रखाव का बारीकी से निरीक्षण किया तथा आपूर्ति कार्यालय के कागजात देखे। तहसील मुआयने में जो कमियां मिली, उनमें सुधार करने के निर्देश दिए।

इसके बाद आयुक्त नगर पंचायत कार्यालय पहुंचे और सफाई समेत कई रजिस्टरों का निरीक्षण किया। खंड विकास कार्यालय, पतवन गांव में जन चैपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और निस्तारण के निर्देश दिए। इस दौरान उपजिलाधिकारी अवनीश कुमार, तहसीलदार हेमराज सिंह, नायब तहसीलदार मनोहर सिंह मौजूद रहे।

## बैठक में विवाद, लाठी-डण्डों से मारपीट का आरोप

**ललितपुर।** थाना नाराहट क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बुढ़ा बुजुर्ग में बैठक के दौरान हुए विवाद में मारपीट का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ थाना नाराहट में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। ग्राम बुढ़ा बुजुर्ग निवासी भगवानदास प्रजापति पुत्र जुगल प्रसाद ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि 7 फरवरी 2026 को गांव में मंदिर पर सामान्य बैठक आयोजित की गई थी, जिसमें सभी ग्रामीण मौजूद थे। बैठक के दौरान गांव के ही कुछ लोगों द्वारा प्रधान बनाए जाने को लेकर विवाद शुरू कर दिया गया। आरोप है कि इसी दौरान धमकी भरे शब्द कहे गए, जिससे स्थिति तनावपूर्ण हो गई। पीड़ित ने बताया कि वह विवाद बढ़ता देख वहां से अपने घर लौट आया।

शिकायतकर्ता के अनुसार 8 फरवरी 2026 की सुबह जब वह गांव में गया तो आरोपियों द्वारा फिर से उसे अपमानित किया गया। इसके बाद दोपहर करीब 2.30 बजे आरोप है कि उक्त लोग उसके घर पहुंचे और गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों व जूतों से मारपीट की। इस दौरान उसके गले से सोने की चेन टूट गई, जिससे उसकी जान बाल-बाल बची। आरोप है कि हमलावर उसका मोबाइल फोन भी छीन ले गए।

# फॉर्च्युनर की टक्कर से घायल अनुज की भी मौत





**ललितपुर।** थाना जाखलौन क्षेत्र के ग्राम बरखेड़ा में हुए दर्दनाक सड़क हादसे ने अब पूरी तरह राजनीतिक रूप ले लिया है। हादसे में विरेंद्र की मौके पर मौत और घायल अनुज की झांसी मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान मौत के बाद गांव में भारी आक्रोश फैल गया। सोमवार को परिजनों और ग्रामीणों ने मुख्य मार्ग पर चक्काजाम कर प्रशासन के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। परिजनों का आरोप है कि हादसे में शामिल फॉर्च्युनर वाहन एक नामजद पर ठोस कार्यवाही नहीं की गयी।

### राजनीतिक दलों के नेताओं ने लगाये आरोप

प्रदर्शन की खबर मिलते ही समाजवादी पार्टी जिलाध्यक्ष नैपाल सिंह यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष सपा ज्योति सिंह लोधी, सपा नेत्री गीता मिश्रा, विजय यादव, इंजी.हृदेश यादव मुखिया, शत्रुघन यादव, पूजा यादव बुन्देलखण्डी, नरेन्द्र सिंह राजपूत, प्रमोद यादव इमलिया, कांग्रेस नेता मोन्टी शुक्ला, युवक कांग्रेस जिलाध्यक्ष अंकित यादव, भीम आर्मी के जिला प्रभारी हरपाल सिंह व जिलाध्यक्ष रमाकांत चैधरी समेत कई राजनेता मौके पर पहुंच गए और धरने पर बैठ गए। नेताओं ने इसे सामान्य सड़क दुर्घटना नहीं, बल्कि सत्ता के संरक्षण में हुआ अपराध बताया। सपा नेताओं ने कहा कि यदि आरोपी किसी आम परिवार से होता तो अब तक गिरफ्तारी हो चुकी होती, लेकिन प्रभावशाली लोग होने के कारण सही कार्यवाही नहीं हो पायी। कांग्रेस नेताओं ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था केवल कागजों में है, जमीनी हकीकत में प्रभावशाली लोगों को खुली छूट मिली हुई है।

### डीएम-एसपी ने प्रदर्शनकारियों को समझाया

बरखेरा में प्रदर्शन कर रहे लोगों की जानकारी मिलने पर जिलाधिकारी सत्य प्रकाश, पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक, एएसपी कालू सिंह, एडीएम अंकुर श्रीवास्तव, एसडीएम सदर मनीष विश्वकर्मा, सीओ सिटी सुनील कुमार मौके पर पहुंच गये। यहां डीएम सत्य प्रकाश ने प्रदर्शन कर रहे लोगों से कहा कि प्रशासनिक स्तर से मृतक के परिजनों को जो भी मदद संभव है की जा रही है। कहा कि दोनों मृतकों को तत्काल 5-5 लाख रुपये की आर्थिक सहायता मुहैया करायी जा रही है। वहीं एसपी मो.मुश्ताक ने कहा कि घटना के बाद पुलिस को दी गयी तहरीर के अनुसार सुसंगत धाराओं में एफआईआर दर्ज की गयी है। इसमें धाराओं के अनुसार जो भी कार्यवाही है, वह की जा रही है। डीएम-एसपी ने लोगों से आह्वान किया कि वह इस प्रकार प्रदर्शन न करें, ताकि दूसरे लोगों को भी परेशानियां न हों।

- गिरफ्तारी व आर्थिक सहायता की मांग पर अड़े रहे ग्रामीण
- सड़क हादसे से गूंजी सियासत, चक्काजाम में सपा-कांग्रेस का मिला समर्थन

# माफिया रवि काना के विदेश भागने की आशंका

**बांदा।** मंडल कारागार बांदा से 29 जनवरी को रवि काना की रिहाई के बाद उसका अब तक कोई सुराग नहीं लग सका है। जेल से छूटते ही वह गाड़ी से फरार हुआ। पुलिस उसके विदेश भागने की आशंका जता रही है। जनवरी 2024 में उस पर नोएडा में नौकरी के बहाने पार्किंग में महिला से गैंगरेप का मुकदमा दर्ज हुआ था। इसके बाद वह मधु नागर और महिला मित्र काजल झा संग थाईलैंड भाग गया था। फरवरी 2024 में मधु नागर पकड़ी गई, रवि काना गिरफ्तार हुआ। माफिया रवि काना के दोबारा विदेश भागने की आशंका जताई जा रही है। इसे लेकर जांच एजेंसियां तह तक पहुंचने का प्रयास कर रही हैं।

- जांच एजेंसियां तह तक पहुंचने का कर रहीं प्रयास

2 फरवरी को जेल चैकी प्रभारी की तहरीर पर अनुराग पांडेय की तहरीर पर जेल अधीक्षक अनिल कुमार गौतम, जेलर विक्रम सिंह समेत अन्य के खिलाफ बीएनएस की धारा 260(सी) के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया था। सूत्रों के अनुसार इसके बाद जनपद की एसओजी की 6 सदस्यीय टीम ने गौतम बुद्ध नगर पहुंचकर दबिश दी थी। जिसमें काना के पड़ोसियों से पूछताछ में सामने आया था कि 29 जनवरी को रवि काना की रिहाई से तीन से चार दिन पहले उसके घर में बड़े बड़े लोगों की लग्जरी गाड़ियों का आना शुरू हो गया था। जिससे कयास लगाए जा रहे हैं कि रवि काना ने अपनी रिहाई से पहले ही भागने की पूरी पटकथा लिख दी थी। जिसको लेकर जेल अधिकारियों और यहां के स्टाफ की भूमिका पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।

एसओजी ने गौतम बुद्ध नगर से मिलने इनपुट के आधार पर ही शहर के होटलों में उसके करीबियों के ठहरने की आशंका पर डाटा खंगाल रही है। होटल संचालकों से जनवरी माह में उनके यहां ठहरने वाले लोगों का सत्यापन किया जा रहा है। कई होटलों के सीसीटीवी भी देखे गए हैं। एसओजी के जाने के बारे में जानकारी नहीं है। पुलिस सूत्रों के अनुसार जांच के दायरे को और भी विस्तृत किया जा रहा है। रेप केस के बाद वह थाईलैंड में छिप गया था।

# व्यापार मंडल ने बिगड़ती कानून व्यवस्था और समस्याओं को लेकर डीएम को सौंपा ज्ञापन

जिला संवाददाता (vol)



**बिजनौर।** बिगड़ती कानून व्यवस्था और व्यापारियों की समस्याओं को लेकर पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल ने सड़कों पर उतरकर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदेश महामंत्री मुकुल अग्रवाल के नेतृत्व में बड़ी संख्या में व्यापारी प्रदर्शन करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे और मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की ओर से विभिन्न समस्याओं को लेकर सोमवार को जिलाधिकारी जसजीत कौर को दिये गए ज्ञापन में मांग की गई कि जीएसटी में 2 करोड़ से कम टैक्स के मामलों में रिपोर्ट का प्रावधान नहीं है।

फिर भी जीएसटी अधिकारियों द्वारा रिपोर्ट दर्ज इसको तत्काल प्रभाव से बन्द किया जाना चाहिए। जीएसटी के अन्तर्गत समस्याओं में जेल, सजा, जुर्माना को समाप्त किया जाना चाहिए। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट की बैंच की स्थापना की जाये। जनपद बिजनौर के पुलिस चैकी झालू, राजा का ताजपुर, बास्टा व गंज को थाना स्वीकृत कराया जाये। व्यापारियों के शस्त्र लाइसेन्स प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र जारी कराये जायें। राजा के ताजपुर में ग्राम पंचायत के स्थान पर नगर पंचायत की स्वीकृति करायी जाये। संगठन पदाधिकारी के साथ हुई धोखाधड़ी के मामले में दर्ज थाना कोतवाली शहर में मुकदमें में जांच अधिकारी को बदलकर आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी करायी जाये। यातायात पुलिस द्वारा बीच बाजार में चैकिंग करने से व्यापार प्रभावित होता है, अतः उसको रोकने के सन्दर्भ में संज्ञान लिया जाये। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा व्यापारी सुरक्षा कल्याण बोर्ड के स्थान पर व्यापारी सुरक्षा आयोग का गठन किया जाये। सुरक्षा आयोग में पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मण्डल के प्रदेश अध्यक्ष व प्रदेश महामंत्री को सदस्य मनोनीत किया जाये। ई-रिक्शा की बेतहाशा बढ़ती संख्या से बाजारों में जाम लगा रहता है इस पर संज्ञान लेकर समस्या का निदान कराया जाये। ज्ञापन देने वालों में जिलाध्यक्ष विनीत राजपूत, कय्यूम राईन नगीना, तसलीम अहमद, अनिल गम्भीर, सुरेन्द्र कपूर, प्रशांत गुप्ता, पं. गोपाल धीमान, हिमांशु शर्मा, गगन गर्ग, अक्षय अग्रवाल, दीपक गर्ग मोनू, अमित चैधरी पिंकी, रविन्द्र सिंह, तसलीम सिद्दीकी, शोभित मित्तल, अंकित राजपूत, तौकीर खान, मोनिका यादव, आयशा सिद्दीकी, डा. शशी सेंगर, हामिद सलमानी, संदीप जोशी, सरदार सतवंत सलूजा, दीपिका गौड़, राजीव अरोड़ा, सचिन अग्रवाल, शाकिर, शालू, फैजान अहमद, कपिल कपिल राजपूत, दुष्यंत सहित भारी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे।

## चाइनीज मांझे की चपेट में आकर बाइक सवार बैंककर्मी घायल, कार्रवाई की मांग



**बिजनौर।** चाइनीज मांझे की चपेट में आकर रुड़की से नगीना पंजाब नैशनल बैंक में ड्यूटी करने जा रहे बैंककर्मी की नाक कट गई। लहूलुहान हालत में बैंककर्मी को आनन फानन में आसपास के लोगो ने उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। जानकारी के अनुसार उत्तराखंड के रुड़की निवासी आशीष नगीना स्थित पंजाब नैशनल बैंक में कैशियर के पद पर कार्यरत है। छुट्टी समाप्त होने के बाद आशीष सोमवार को नगीना लौट रहे थे, रास्ते में नजीबाबाद पहुंचते ही हवा में लटक रहा चाइनीज मांझा उनकी नाक से टकरा गया, जिससे वह लहूलुहान हो गए। घटना के तुरंत बाद आसपास मौजूद लोगों ने घायल आशीष को संभाला और बिना देरी किए एक प्राइवेट हॉस्पिटल पहुंचाया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार कर उनकी हालत को स्थिर बताया। अब सवाल यह है कि जब चाइनीज मांझे पर प्रतिबंध है तो चाइनीज मांझा आ कहा से रहा है, इससे यह प्रतीत होता है कि चाइनीज मांझे पर सख्त प्रतिबंध होने के बावजूद इसकी अवैध बिक्री लगातार जारी है। नागरिकों का कहना है कि अगर समय रहते चाइनीज मांझे की बिक्री पर पूरी तरह रोक नहीं लगाई गई, तो ऐसे जानलेवा हादसे होते ही रहेंगे।

## रास्ता रोककर मारपीट करने के मामले में चार पर एफआईआर दर्ज

**ललितपुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र के नेहरू नगर चैकी अंतर्गत सिद्धनपुरा इलाके में रास्ता रोककर मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर चार नामजद आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पिसनारी में सीमेंट वाली गली में रहने वाले राजीव यादव पुत्र रामसरकार यादव ने बताया कि बीती 7 फरवरी 2026 की रात करीब 9.30 बजे अपनी बहन को लेने सिद्धनपुरा नेहरू नगर आया था। इसी दौरान अंशेश यादव, शिवम यादव, अंशुल यादव और विजय विश्वकर्मा ने उसका रास्ता रोक लिया और गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने पीड़ित के साथ मारपीट की, जिससे उसके चेहरे और आंख में चोटें आईं। पीड़ित के अनुसार, मारपीट के बाद सभी आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। इसके बाद पीड़ित ने तत्काल डायल 112 पर सूचना दी और अगले दिन 8 फरवरी 2026 को कोतवाली थाने में लिखित तहरीर दी, जिस पर पुलिस ने मामला दर्ज किया। पुलिस ने इस मामले में बीएनएस की धारा 352, 115(2) और 351(3) के तहत अभियोग पंजीकृत किया है।

# देवगढ़ रोड पर शराब की दुकानों से महिलाओं में भय

**ललितपुर।** नगर के मोहल्ला नेहरू नगर देवगढ़ रोड क्षेत्र में देशी व अंग्रेजी शराब की दुकानों को लेकर स्थानीय महिलाओं में भय का माहौल बना हुआ है। इसी को लेकर मोहल्लावासियों ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र सौंपते हुए शराब की दुकानों को अन्यत्र स्थानांतरित करने की मांग की है। प्रार्थना पत्र में बताया गया है कि देवगढ़ रोड पर स्थित देशी व अंग्रेजी शराब की दुकानों की पूर्ण बंदी की मांग की गई है। इससे पहले भी बीते वर्ष 01 अप्रैल 2025 को इन दुकानों को खोले जाने का विरोध किया गया था, जिसमें मोहल्ले की महिलाओं ने आपत्ति जताई थी। बावजूद इसके समस्या का स्थायी समाधान नहीं हुआ।

- शराब की दुकानों को किसी अन्य स्थान पर स्थानांतरित किये जाने की मांग उठायी

मोहल्ला वासियों का कहना है कि शराबियों द्वारा आए दिन सड़क पर गाली-गलौज, झगड़ा और खुलेआम शराब पीने जैसी गतिविधियां की जाती हैं, जिससे मंदिर, स्कूल और बाजार जाने वाली महिलाओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। शाम के समय स्थिति और भी भयावह हो जाती है, जिससे किसी अप्रिय घटना की आशंका बनी रहती है। आवेदन में यह भी उल्लेख किया गया है कि पूर्व में सड़क पर अवैध कब्जे और अतिक्रमण को लेकर भी शिकायत की गई थी, लेकिन उस पर भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। अब एक बार फिर मोहल्ला वासियों ने प्रशासन से हस्तक्षेप की मांग की है। मोहल्ला वासियों ने जिलाधिकारी से देवगढ़ रोड नेहरू नगर में स्थित शराब की दुकानों को किसी अन्य सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरित किये जाने की मांग उठायी गयी, ताकि मंदिर व स्कूल आने-जाने वाले बच्चों, महिलाओं और आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। प्रार्थना पत्र पर कई महिलाओं व स्थानीय निवासियों में रामकुंवर, रवि प्रभा, ममता, सौम्या, सामवती, राजकुमारी, अनुराधा, कमला, मीरा, सविता, मनीष, दीपक, सागर, रामसेवक, ऊषा, खिलान, रजनी, फूलन, मनोज, विमलेश, बेबी, ममता, सीता, मनीषा, रानी, पूना के हस्ताक्षर अंकित बताये गए हैं। अब क्षेत्रवासियों की निगाहें प्रशासन की कार्रवाई पर टिकी है।



## संदिग्ध हालात में लापता हुई नाबालिग

ललितपुर। जिले के एक गांव में रहने वाली नाबालिग का संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने का मामला सामने आया है। नाबालिग के अचानक घर से गायब हो जाने से परिजनों में हड़कंप मच गया है। काफी खोजबीन के बाद भी जब उसका कोई सुराग नहीं लगा तो परिजनों ने थाना बार में तहरीर देकर पुलिस से मदद की गुहार लगाई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना बार के एक गांव में रहने वाले व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 08 फरवरी को लगभग सुबह 2 बजे उसकी भतीजी बिना किसी को बताए घर से चली गई। जब परिजनों को इसकी जानकारी हुई तो उन्होंने आसपास के क्षेत्रों, रिश्तेदारी और संभावित स्थानों पर काफी तलाश की, लेकिन उसका कहीं कोई पता नहीं चल सका। मामले को गंभीरता से लेते हुए थाना बार पुलिस ने तहरीर के आधार पर बीएनएस की धारा 137(2) के अंतर्गत दर्ज कर ली है।

## द्वारिकेश चीनी मिल ने बैंको को भेजा दो फरवरी तक खरीदे गए गन्ने का भुगतान

**नगीना, बिजनौर।** द्वारिकेश समूह की इकाई बुंदकी चीनी मिल ने चालू गन्ना पेराई सत्र में 02 फरवरी 2026 तक खरीदे गए गन्ने का मूल्य भुगतान बैंकों में भेज दिया है। द्वारिकेश चीनी मिल के वरिष्ठ अधिशासी उपाध्यक्ष (कॉर्पोरेट) सलिल एस0 आर्य ने बताया कि चीनी मिल ने सोमवार को चालू गन्ना पेराई सत्र के एस0ए0पी0 की दर से 27 जनवरी से 02 फरवरी 2026 तक खरीदे गए गन्ने के मूल्य भुगतान की 13 करोड़, 66 लाख, 49 हजार रुपये से अधिक की धनराशि का भुगतान संबंधित बैंकों में भेज दिया है। उन्होंने इस अवधि में मिल को गन्ना आपूर्ति करने वाले मिल क्षेत्र के गन्ना किसानों से संबंधित बैंकों से अपना गन्ना मूल्य भुगतान प्राप्त करने की अपील की है। द्वारिकेश चीनी मिल बुंदकी के मुख्य महाप्रबंधक (गन्ना) अनिल कुमार चैहान व सहायक महाप्रबंधक (गन्ना) यशपाल सिंह ने गन्ना किसानों से चीनी मिल को ताजा, जड़-पत्ती, अगोला, मिट्टी व रोग रहित गन्ने की ही आपूर्ति करने और गन्ना विभाग व चीनी मिल द्वारा सत्यापित गन्ना नर्सरी प्लॉटों से ही गन्ना बीज प्राप्त कर गन्ने की बुवाई करने की अपील की है।

# ललितपुर एलेवन ने राज एलेवन को हराकर किया ट्राफी पर कब्जा

जिला संवाददाता

**ललितपुर।** तुवन मंदिर ग्राउंड में चल रहे सदर विधायक कप 2026 में 16 ओवर के फाइनल मैच में ललितपुर एलेवन ने राज एलेवन को हराकर ट्राफी पर कब्जा कर लिया। मैच के हीरो आकिब रजा रहे, जिन्होंने गेंद और बल्ले दोनो से आलराउंड प्रदर्शन किया ललितपुर एलेवन और राज एलेवन के बीच हुए फाइनल मुकाबले में राज एलेवन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निराशाजनक शुरूआत की। शुरूआती 5 ओवर में ये हाल था कि दर्शक मानकर चल रहे थे कि राज एलेवन 50 रन भी बना ले तो बड़ी बात होगी, लेकिन आकाश राठौर ने बहुत मेहनत से टीम का स्कोर बोर्ड संभाला और 27 गेंदों में बेहतरीन 69 रन बनाये और अच्छे क्रिकेटर के रूप में अपनी पहचान मजबूत की। इनके अलावा सरफराज 35 रन, शिवम राजा 19 रन, रामकुमार ने 16 रनों का योगदान दिया, जिससे टीम का स्कोर 15.2 ओवर में 10 विकेट पर 173 रन पहुंच पाया। ललितपुर एलेवन की ओर आकिब रजा ने 4 ओवर में 30 रन देकर 5 विकेट लिए, तो वहीं आसिफ अन्ना ने भी 4 विकेट झटककर राज एलेवन का विजयी रथ रोक दिया। ललितपुर एलेवन ने मात्र 14 ओवर में राज एलेवन को पटकनी देकर 6 विकेट से जीत हासिल कर ली। विधायक कप सीजन 2 ने युवाओं का दिल जीत लिया है।

- आकिब रजा बने मैन ऑफ द मैच, आकाश राठौर ने किया शानदार प्रदर्शन
- विधायक कप ने जीता युवा खिलाड़ियों का दिल
- एमएलए कप 2026




युवा खिलाड़ियों ने बताया कि उनको ऐसा शानदार मंच जनपद में खेलने के लिए अभी तक नहीं मिला है, जिसके लिए विधायक सदर रामरतन कुशवाहा एवं विधायक प्रतिनिधि श्रीकांत कुशवाहा का उन्होंने आभार जताया है। युवाओं ने कहा कि ऐसे मंच मिलने से उन्हें अपनी प्रतिभा को निखारने का मौका मिलता है, और मिला है। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि सदर विधायक रामरतन कुशवाहा, विशिष्ट अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत, पूर्व जिलाध्यक्षगण प्रदीप चैबे, हरीराम निरंजन, जिला सहकारी बैंक सभापति रमेश लोधी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष बब्लू राजा बुदेला, जिला उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र पाठक, जिला कोषाध्यक्ष रामेश्वर सड़ैया, ग्रापए जिलाध्यक्ष सम्राट राजा, देवेन्द्र श्रीवास्तव गुरु, ध्रुव राजा, कमलापत रिछारिया, पूर्व चेयरमैन रजनी साहू, गौरव गौतम, नगर अध्यक्ष भगत सिंह राठौर, बार मंडल अध्यक्ष हरपाल सिंह सिसौदिया, जाखलौन मंडल अध्यक्ष देशपत कुशवाहा, मोर्चा अध्यक्ष गण लक्ष्मी रावत, नीतेश संज्ञा, सुरेन्द्र रजक करमरा, राजेश लिटौरिया, डॉ. राजकुमार जैन, डॉ. दीपक चैबे, कैलाश कुशवाहा, जय सिंह राजा, मोहन रैकवार, रजनी अहिरवार, परमिंदर कौर, अजय जैन साइकिल रहे। मुख्य अतिथि सदर विधायक रामरतन कुशवाहा और आयोजक श्रीकांत कुशवाहा द्वारा विजेता को इनामी राशि 71000, उपविजेता 31000 और तृतीय स्थान पर रही टीम को 11000 रुपए नकद राशि व सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। मैन ऑफ द मैच और मैन आफ द सीरीज व्यक्तियों आकिब रजा को शील्ड व नगद पुरस्कार देकर खिलाड़ियों को सम्मानित किया। इस दौरान दीपक राय, अभिषेक सोनी, दीपक चैरसिया, धर्मेन्द्र राजा, दीपक राठौर, मोहन पेंटर, सौरभ नायक, रिक्की कुशवाहा, नीलू कुशवाहा, अनुराग कंचन, विनोद पाठक, धर्मवीर कुशवाहा पार्षद, राजू कुशवाहा, रोशन कुशवाहा, राकेश त्रिवेदी, प्रियांक, राहुल राजपूत सहित अन्य सहयोगी मौजूद रहे।

## आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सहायक होए शासक नहीं : रुद्रांक



**महोबा।** एक कार्यक्रम में बोलते हुए रुद्रांक रावत ने कहा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को आज एक ऐसी तकनीक के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है जो मानव जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में प्रवेश कर चुकी है। परंतु भविष्य की दृष्टि से यह प्रश्न अत्यंत आवश्यक हो जाता है कि क्या आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को मानव जीवन की आदत बना देना उचित है या इसे केवल उन परिस्थितियों तक सीमित रखना चाहिए जहां मानव क्षमताएं सीमित सिद्ध होती हैं। एक नवाचारी और उत्तरदायी दृष्टिकोण यह सुझाता है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का वास्तविक और नैतिक उपयोग आपातकालीन जटिल और निर्णायक परिस्थितियों में होना चाहिए, न कि दैनिक जीवन के सामान्य निर्णयों में मानव बुद्धि का स्थान लेने के लिए। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का प्रयोग वहां हो जहां समय अत्यंत सीमित हो, डेटा अत्यधिक जटिल हो, मानव जीवन, पर्यावरण या राष्ट्रीय सुरक्षा दांव पर हो। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का सर्वाधिक सार्थक भविष्य उपयोग आपदा एवं संकट प्रबंधन में है। जैसे बाढ़, सूखा, भूकंप, चक्रवात और वनाग्नि महामारी की पूर्व चेतावनी और नियंत्रण। यदि आदतन जीवन का विकल्प बना दिया गया तो यह मानवता को कमजोर कर सकता है लेकिन यदि इसे आपातकालीन उच्च प्रयास और नैतिक उद्देश्यों के लिए सीमित रखा गया तो आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मानवता का सबसे सशक्त सहायक बन सकता है।

# ट्रेड डील से बढ़ेगा निर्यात

अमरीका के साथ रुक-रुक कर व्यापार वार्ता बीते एक साल से चल रही थी। इसलिए ट्रंप ने न तो टैरिफ 50 फीसदी से घटाकर 18 फीसदी करने का निर्णय अचानक लिया और न ही भारत के साथ व्यापार समझौते की घोषणा एकदम आनन-फानन में की गयी है। ट्रंप प्रशासन तब से विमर्श और मंथन कर रहा था, जब भारत ब्रिटेन और यूरोपीय संघ के साथ 'मुक्त व्यापार समझौते' करने में सफल रहा। राष्ट्रपति ट्रंप अपने कुछ नीतिगत फैसलों और 'दादागीरी' के कारण भी घरेलू स्तर पर और वैश्विक संदर्भों में विरोध झेल रहे थे, लिहाजा अकेले पड़ते जा रहे थे। भारत-अमरीका के रणनीतिक संबंध किसी प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति के मोहताज नहीं हैं। वे निरंतर और स्वाभाविक हैं, क्योंकि वैश्विक समीकरण ही ऐसे हैं। राष्ट्रपति ट्रंप ने व्यापार समझौते की घोषणा की और फोन पर प्रधानमंत्री मोदी से बातचीत की। दोनों नेताओं के संबंध 'प्यारे दोस्त' वाले भी हैं, दोनों एक-दूसरे को 'ताकतवर' भी मानते हैं, लेकिन परस्पर-विरोधी फैसले भी लेते हैं,



अंततः रणनीतिक साझेदार मानने लगते हैं। बहरहाल भारत-अमरीका के बीच व्यापार समझौता हुआ है। इसकी बातचीत बड़ी लंबी चली है, समझौता खटाई में भी पड़ता गया है, तीखे विरोधाभास रहे हैं, अंततः समझौते की घोषणा की गई है। हालांकि यह अंतरिम समझौता है और उम्मीद की जा रही है कि अगले एक-दो महीने में अंतिम समझौता हो जायेगा। व्यापार समझौता हुआ है, तो जाहिर है कि अब 30 ट्रिलियन डॉलर वाली दुनिया की सबसे बड़ी, ताकतवर अर्थव्यवस्था के बाजार में 'मेड इन इंडिया' सामान और उत्पादों के बिकने का रास्ता साफ हो गया है। भारत को वस्त्र, रेडिमेड कपड़े, रसायन, ऑटो, कालीन, आईटी हार्डवेयर, फार्मा, रत्न-आभूषण, पेट्रो उत्पाद, लोहा-इस्पात, प्लास्टिक, एल्यूमीनियम, तांबा, चमड़ा-जूते और फर्नीचर आदि के क्षेत्र में फायदा होगा। व्यापार समझौता कितना सकारात्मक और फलदायक है, वह इसी से स्पष्ट है कि 8 सालों में 'रुपया' पहली बार 122 पैसे चढ़ा है और अब एक डॉलर 90 रुपये के पासपास हो गया है। बाजार में निवेशकों ने एक ही दिन में 12 लाख करोड़ रुपये कमाये हैं। विदेशी निवेशक और एफआईआई एक बार फिर भारत में अपने निवेश बढ़ायेंगे। राष्ट्रपति ट्रंप के निर्णय और घोषणा का हम भी स्वागत करते हैं, लेकिन उन्हें 'वाचाल दावों' से परहेज करना चाहिए। मसलन-उन्होंने दावा किया है कि भारत ने 500 अरब डॉलर (करीब 45.15 लाख करोड़ रुपये) के अमरीकी उत्पादों की खरीद का संकल्प लिया है। इनमें ऊर्जा, अत्याधुनिक तकनीक-प्रौद्योगिकी, कृषि, कोयला और अन्य उत्पाद शामिल हैं। दरअसल भारत का कुल वैश्विक आयात 721 अरब डॉलर का है। भारत का आम बजट भी 53.47 लाख करोड़ रुपए का है। उसमें से 45 लाख करोड़ रुपए अकेले अमरीकी उत्पादों पर कैसे खर्च किए जा सकते हैं? राष्ट्रपति ट्रंप ने यह भी दावा किया है कि भारत टैरिफ, नॉन टैरिफ बाधाओं को दूर करते हुए अमरीकी उत्पादों पर 'शून्य' टैरिफ को भी सहमत हो गया है। यदि भारत 'शून्य' टैरिफ लगाएगा, तो उसकी कंपनियों का तो भा ही बैठ जाएगा। हकीकत यह है कि भारत ने 'शून्य' टैरिफ पर सहमति ही नहीं दी है। प्रधानमंत्री मोदी ने भी 'धन्यवाद' की जो पोस्ट लिखी है, उसमें भी सहमति का जिक्र नहीं है। सबसे संवेदनशील यह है कि भारत ने गेहूं, मक्का, सोयाबीन और डेयरी उत्पादों के लिए भारतीय बाजार नहीं खोला है। रूसी तेल के मुद्दे पर संभवतः भारत ने अमरीका को कुछ छूट दी है लेकिन शायद पूरी तरह खरीद बंद न करे। बहरहाल ट्रंप काल में अमरीका से किसी को छूट की उम्मीद नहीं करनी चाहिए। इसलिए जो भी समझौता हुआ। जैसे-तैसे भारत के लिए दुनिया का सबसे बड़ा उपभोक्ता बाजार खुला है, इसे देश के लाखों कामगारों, निर्यातकों को बड़ी राहत मिली है और लाखों रोजगार भी बच जायेंगे।

विचार

जो व्यक्ति प्रेमपूर्वक मिले, उससे दौड़ कर मिलना चाहिए, परन्तु जो हृदय खोल कर न मिलता हो, उससे कभी नहीं मिलना चाहिए।

-संत कबीर.

अज्ञानता मन की रात के समान है। ऐसी रात जिसमें न तो चांद होते हैं और न ही तारे।

-कन्फ्यूशियस.

पेड़ अपने सिर पर गर्मी सह लेता है, लेकिन अपनी छाया के द्वारा औरों को धूप से बचाता है।

-कालिदास.

जो खुशमिस्मत हैं, संतोष रखते हैं। अगर तू भी खुश किस्मत होना चाहता है तो संतोष के नूर से अपनी जान रोशन कर।

-शेख सादी.

मस्तिष्क के लिए अध्ययन की उतनी ही आवश्यकता है जितना की शरीर को व्यायाम की आवश्यकता है।

-एडीसन.

# भारत-अमरीका व्यापार समझौते के निहितार्थ



अरविन्द जयतिलक

> अमेरिकी टैरिफ घटने से सोने-चांदी की ज्वैलरी पर 25 फीसदी, रेडिमेड गारमेंट पर 37 फीसदी, कालीन पर 13.7 फीसदी, बेडशीट पर्दे पर 27 फीसदी और झींगा तथा हीरे पर 7 फीसदी टैरिफ कम हुआ है। इससे इन सेक्टरों के उत्पादों के लागत में कमी आयेगी और डिमांड बढ़ेगा।

महीनों बातचीत के उपरांत आखिरकार भारत और अमेरिका के बीच ट्रेड डील का फ्रेमवर्क सामने आ गया है। अमेरिकी टैरिफ घटने से बाजार की गतिशीलता बढ़ गई है और कारोबार का पहिया नाच उठा है। दोनों देशों के कारोबारियों के माथे पर जो द्विपक्षीय व्यापारिक तनाव की शिकन थी अब वह उत्साह में तब्दील होने लगी है। आर्थिक संबंधों की नई उर्जा के प्रवाह ने निर्यात के उछाल की उम्मीद को जगा दी है। माना जा रहा है कि टैरिफ घटने से बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर सृजित होंगे और आर्थिक समृद्धि के द्वार खुलेंगे। भरोसे का संकट खत्म होता हुआ साफ दिख रहा है जिससे संबंधों के एक नए युग की नींव की उम्मीद की जा सकती है। उल्लेखनीय है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जुलाई 2025 में 25 फीसदी टैरिफ का ऐलान किया था और उसके बाद रुसी तेल खरीद पर अतिरिक्त 25 फीसदी पेनॉल्टी लगाकर टैरिफ को 50 फीसदी कर दिया था। इससे न केवल भारत की मुश्किलें बढ़ी थी बल्कि अमेरिकी बाजार भी अनिश्चितता का भेंट चढ़ने लगा था। कहना गलत नहीं कि टैरिफ बढ़ाने का खामियाजा अमेरिका को ही भुगतने की नौबत आन पड़ी थी। कारण अमेरिका में न सिर्फ महंगाई बढ़ने लगी थी बल्कि उसे कम जीडीपी और डॉलर के कमजोर होने का खतरा भी उत्पन हो गया था। टैरिफ के सप्लाई-साइड इफेक्टस और एक्सचेंज रेट में बदलाव का नकारात्मक असर भी अमेरिकी बाजार पर साफ दिखने लगा था। लेकिन इस ट्रेड डील के बाद अमेरिका से आने वाले सभी औद्योगिक सामनों पर भारत का आयात शुल्क खत्म हो जाएगा।

कैंसर हार्ट, न्यूरो संबंधी बीमारी की दवाओं और बच्चों के इलाज में काम आने वाली दवाओं पर भी शुल्क खत्म हो जाएगा। निःसंदेह इससे अमेरिकी कारोबारियों को बड़े पैमाने पर फायदा होगा। इस ट्रेड डील के फ्रेमवर्क पर नजर दौड़ाएं तो भारत आने वाले पांच वर्षों में अमेरिका से 500 बिलियन डॉलर के तेल व गैस समेत उर्जा-उत्पाद, विमान के पूर्जे, सोना, कीमती धातुएं, तकनीकी-उत्पाद और कोकिंग कोल खरीदेगा। भारत और अमेरिका ग्राफिक्स प्रोसेसिंग यूनिट के अलावा डेटा सेंटर्स में उपयोग होने वाली दूसरी चीजों के व्यापार को



बढ़ाएंगे। निःसंदेह इससे अमेरिका को बड़े पैमाने पर लाभ होगा। चूंकि यहां ध्यान देना होगा कि भारत ने यूरोपीय संघ से ट्रेड डील करके अमेरिका को संकेत दे दिया था कि भारत का बाजार सिर्फ अमेरिकी बाजार के भरोसे नहीं है। ऐसे में अमेरिकी राष्ट्रपति के पास भारत पर टैरिफ कम करने के अलावा और कोई विकल्प नहीं बचा था। ऐसे में अमेरिका पर ट्रेड डील का दबाव बढ़ गया था। यह अच्छी बात रही कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस तथ्य और सच्चाई को समझा और भारत पर से 50 फीसदी टैरिफ घटाकर 18 फीसदी कर दिया। रुस के साथ तेल व्यापार के चलते लगाया गया अतिरिक्त 25 फीसदी टैरिफ भी पूरी तरह खत्म कर दिया गया है। सकल आंकलन करें तो तकरीबन 32 फीसदी टैरिफ की राहत मिली है।

## इंडिया-यूएस ट्रेड डील

इससे अमेरिका में कारोबार करने वाली भारत की बड़ी कंपनियों की मार्जिन में सुधार होगा और उनकी माली सेहत भी सुधरेगी। गौर करें तो पहले भारत पर अमेरिकी टैरिफ 3 से 4 फीसदी हुआ करता था। निःसंदेह 18 फीसदी टैरिफ भारत के लिए बड़ी चुनौती है। लेकिन यह चुनौती एक अवसर का द्वार भी खोलती है, जो भारत को अपने निर्यात ढ़ांचे को अधिक विविधतापूर्ण और प्रतिस्पर्धी बनाने में मदद मिलेगी। अब भारत को दीर्घकालिक रणनीति के रोडमैप को मूर्त रुप देकर वैश्विक कारोबारी चुनौतियों से पार पाना होगा। यहां अच्छी बात यह है कि दुनिया के अन्य देशों के मुकाबले भारत पर अभी भी टैरिफ कम है। उदाहरण के लिए भारत पर बांग्लादेश और वियतनाम से 2 फीसदी टैरिफ कम है। यह हमारे टेक्सटाइल्स और फूटवियर सेक्टर के लिए वरदान सरीखा है। ऐसा इसलिए कि वैश्विक बाजार में विशेषकर अमेरिकी बाजार में इन दोनों देशों से टेक्सटाइल्स और फूटवियर सेक्टर में कड़ी चुनौती मिलती है। अब हम बेहतर उत्पाद और कम टैरिफ के साथ अमेरिकी बाजार में अपनी पकड़ मजबूत कर सकते हैं। इसी तरह चीन की तुलना में भी भारत पर टैरिफ कम है। इस कारण चीन से हमें अतिरिक्त डिमांड मिलने की संभावना प्रबल हो गई है। गौर करें तो अमेरिका ने जिन सेक्टरों पर टैरिफ घटाया है वे हमारे श्रम-उत्पाद निर्यात की दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण हैं। इन सेक्टरों से हम बड़े पैमाने पर अपने उत्पादों को अमेरिका निर्यात करते हैं। इनमें रेडिमेड गारमेंट, जूलरी, झींगा मछली, हीरे-जवाहरात, इंजीनियरिंग सामान, कीमती पत्थर इत्यादि प्रमुख हैं। कर कम होने से वस्त्र और परिधान, चमड़ा और जूते, प्लास्टिक और रबर, जैविक रसायन, गृहसज्जा, हस्तशिल्प उत्पाद जैसे भारत के श्रम-प्रधान क्षेत्रों और कुछ मशीनरी के निर्यात को व्यापक बढ़ावा मिलेगा।

अमेरिकी टैरिफ घटने से सोने-चांदी की जूलरी पर 25 फीसदी, रेडिमेड गारमेंट पर 37 फीसदी, कालीन पर 13.7 फीसदी, बेडशीट पर्दे पर 27 फीसदी और झींगा तथा हीरे पर 7 फीसदी टैरिफ कम हुआ है। इससे इन सेक्टरों के उत्पादों के लागत में कमी आएगी और डिमांड बढ़ेगा। जेनेरिक दवाओं, रत्नों, हीरों और विमानों के कल पूर्जों सहित कई प्रकार की वस्तुओं का टैरिफ शुन्य हो गया है जिससे भारतीय कारोबारियों को बड़े पैमाने पर फायदा होगा। साथ ही भारत की निर्यात प्रतिस्पर्धी क्षमता और ह्यमेक इन इंडियाह्न और बढ़ावा मिलेगा। टैरिफ में कमी का सीधा फायदा भारत के उन उद्योगों को मिलेगा जहां बड़ी संख्या में श्रमिक काम कर रहे हैं। दूसरी ओर टैरिफ कम होने से भारतीय उपभोक्ताओं को लैपटॉप, मोबाइल, गैजेट्स, कंप्यूटर, इलेक्ट्रॉनिक्स और उनके पार्टस कम कीमत पर उपलब्ध होगा। गौर करना होगा कि अमेरिका ने सेक्शन 232 के तहत स्टील और एल्युमिनियम पर 50 फीसदी टैरिफ पूरी दुनिया के लिए लगाया है लिहाजा उतना ही भारत पर भी है। ट्रेड डील पर फ्रेमवर्क सामने आने से अब विदेशी निवेशक भी भारत की ओर रुख तेज करेंगे। विशेष रुप से अमेरिकी निवेशकों का भारतीय बाजार पर भरोसा बढ़ेगा। ऐसा इसलिए कि भारत और अमेरिका के बीच आर्थिक संबंध वर्तमान में अपने सबसे मजबूत दौर में है। वर्ष 2000 से वर्ष 2025 के बीच अमेरिका भारत में तीसरा सबसे बड़ा विदेशी निवेशक रहा है, जिसमें 70.65 अरब डॉलर से अधिक का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश आया है। वित्त वर्ष 2024-2025 में भारत और अमेरिका के बीच 186 बिलियन डॉलर का व्यापार हुआ है।

इस दौरान भारत ने अमेरिका से सिर्फ 45.30 बिलियन डॉलर का आयात किया है जबकि 140 बिलियन डॉलर का निर्यात किया है। यह रेखांकित करता है कि यह दिपक्षीय व्यापार और संतुलन भारत के पक्ष में है। अच्छी बात यह है कि ट्रेड डील में भारत ने अपने संवेदनशील क्षेत्रों मसलन कृषि और डेयरी सेक्टर के हितों की रक्षा सुनिश्चित करने में सफल रहा है। इसे लेकर ढ़ेर सारी आशंकाएं जताई जा रही थी। लेकिन कॉमर्स एंड इंडस्ट्री मिनिस्टर पीयूष गोयल ने दो टूक कहा कि देश के किसानों और दुग्ध उत्पादकों के हित सुरक्षित रहेंगे। दोनों देशों के बीच संपन्न डील के फ्रेमवर्क पर नजर दौड़ाएं तो ऐसा ही होता दिखा है। मसलन मक्का, गेहूं, चावल, सोया, मुर्गी पालन, दूध, पनीर, एथेनॉल, तंबाकू समेत सब्जियां और मांस आदि संवेदनशील कृषि और डेयरी उत्पादों को पूरी तरह से संरक्षित किया गया है। मतलब साफ है कि भारत के किसान जिन कृषि उपजों को बड़े पैमाने पर उपजाते हैं और जिनमें आत्मनिर्भर हैं उन उपजों को अमेरिका से आयात नहीं किया जाएगा।

सोशल मीडिया

लोक भवन, लखनऊ में बजट सत्र की कार्यवाही से पूर्व भारतीय जनता पार्टी एवं सहयोगी दलों के माननीय सदस्यों के साथ बैठक में सम्मिलित होकर बैठक को संबोधित किया। केशव प्रसाद मौर्य.



जनसंसद में सिंगरौली से आये आदिवासी प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात हुई, उनकी पीड़ा को करीब से सुना, उन्होंने दर्दभरी जुबान से जंगल कटने का दुख सुनाया। राहुल गांधी



आत्म विश्वास वह शक्ति है, जिसके बल पर सब कुछ संभव है। विकसित भारत का सपना साकार करने में देशवासियों की यह शक्ति बहुत काम आने वाली है। पीएम मोदी.



# अध्यात्म और विज्ञान

लोक कल्याण का भाव हर इंसान में होना चाहिए। उदार व्यक्ति को अपनी सुविधाओं में कमी करके लोक की भलाई के लिए कुछ प्रयास अवश्य करने चाहिए। आत्म निग्रह में अस्वाद व्रत, उपवास, ब्रह्मचर्य, मौन, सर्दी-गर्मी के ऋतुप्रवाह का सहन, सादगी, मितव्ययता, दिनचर्या निर्धारण और उसका कड़ाई से पालन। जैसी शरीर और मन की पुरानी अवांछनीय आदतों पर रोक थाम के लिए बरती हुई कड़ाई तप के साधना के तितीक्षा वर्ग में आती है। दान, पुण्य, सेवा, सहायता, सामूहिक सत्कर्मो में सहयोग, लोक कल्याण की प्रवृत्तियों में रस लेना और उसके लिए समय, श्रम एवं धन का एक अंश नियमित रूप से लगाना। अनीति के विरूद्ध संघर्ष करने में लगने वाली चोटों को सहने के लिए साहस एकत्रित करना। उदारता के कारण अपनी सुविधाओं में कमी के लिए तैयार रहना। इसमें अप्रतिष्ठता एवं संबंधियों के स्वार्थों में कमी आने से उनकी नाराजगी सहने को प्रस्तुत रहना। लोक प्रवाह से विपरीत चलने के कारण उपहार अपमान, विरोध एवं प्रहार की संभवना मान कर चलना और उनका धैर्य पूर्वक सामना करना। इस प्रकार की कष्ट सहिष्णुता तप साधना का दूसरा चरण है। तीसरे तप वर्ग में विभिन्न प्रकार के साधनात्मक कर्मकाण्ड आते हैं। जप, ध्यान, प्राणायाम, देवपूजा, संध्या अनुष्ठान, पुरश्चरण आदि अनेकों सम्प्रदयों में प्रचलित अनेकों विधि विधान इसी उपासना वर्ग में आते हैं। योग साधना के चार और तप साधन के तीन कुल मिलाकर अध्यात्म के सात सोपान हैं। इन्हीं को सप्तलोक, सप्तऋषि, सप्तमहाव्रत कहा गया है। सप्त द्वीप, सप्त समुद्र सप्त शिखर, सप्त रत्न, सप्त धातु, सप्त सूर्य किरणें, सप्ताह आदि की संगति इन्हीं सात सोपानों से मिलती है। विभिन्न अलंकारों के साथ इन्हीं सात तथ्यों को मनीषियों ने विभिन्न प्रतिपादनों के साथ प्रतिष्ठिापित करने का प्रयास किया है। आध्यात्म के ज्ञान पक्ष और विज्ञान पक्ष को समझने के लिए जो अनेकानेक शास्त्र पढ़ाने को और विद्वानों के प्रवचन प्रतिपादन सुनने को मिलते हैं, उनमें इन सात महातथ्यों के अतिरिक्त और कुछ नहीं है। यदि उन्हें सही रीति से समझा और अपनाया जा सके तो मनुष्य में देवत्व का अवतरण हो सकना सुनिश्चित है। विज्ञान पक्ष की साधना में तपश्चर्या को केन्द्र मानकर चलने वाले विधि विधानों का उद्देश्य- प्रसुप्ति से निवृत्ति मूर्छना से मुक्तिद्ध इसके लिए गर्मी उत्पन्न करनी पड़ी है। गर्मी पाकर प्रसुप्ति से मुक्ति मिलती है। सूर्योदय की बेला निकट आने पर प्राणियों की निद्रा टूटती है और वे जागते उठते एवं कार्यरत होते हैं। रात्रि में कलियां सिकुड़ी पड़ी रहती हैं, पर जैसे ही सूर्य निकलता है वे हंसने खिलने लगती हैं। मानवी सत्ता के अन्तर्गत बहुत कुछ है। अत्युक्ति न समझी जाये तो यह भी कहा जा सकता है कि सब कुछ है। किन्तु है वह मूर्छित। इस मूर्छना को जगाने के लिए धूप, आग, बिजली आदि से उत्पन्न बाहरी गर्मी से काम नहीं चलता।

अंतर्दृष्टि

# लिव इन रिलेशनशिप

व्यंग्यलोक

दुनिया भर में बड़े-बड़े भूकम्पों और भूचालों के बीच बाबा तुम पूछ रहे हो कि यह रिश्ता क्या कहलाता है। रिश्ते बनते हैं, बिगड़ते हैं। कुछ रिश्ते खून के नहीं होते हैं और इसी कारण उनको नाम देना परेशानी का सबब बना रहता है। हालांकि जब तक रिश्ता बना रहता है तब तक उसमें चाशनी से भी अधिक मिठास मिलती रहती है। जहां रिश्ते में खटास पड़ी की दूध से मक्खी की तरह नाता तोड़ देना पड़ता है। बिना रिश्ते के तो लिव इन रिलेशनशिप में भी रहना पड़ता है। इस रिश्ते को भी कोई नाम नहीं दिया जाता है क्योंकि समाज की मान्यता का ठप्पा नहीं लगा रहता है। लोग पूछते जरूर हैं कि ये रिश्ता क्या कहलाता है, लेकिन इसका जवाब वे भी खुलकर नहीं दे पाते हैं। कुछ कुछ ऐसा ही इस रिश्ते में भी रहता है। जाहिर सी बात है कि तुम भी यह सब जानते हो लेकिन बहुत भोले बन रहे हो। वैसे तुम इतने नादान हो नहीं। तुम्हारा तो ऐसे रिश्तों से शतकों से नाता रहा है। तुम्हें यदि नहीं मालूम है तो अपने घर के बड़े-बूढ़े, नाते-रिश्तेदारों, आस-पास वालों से ही पूछ लो। क्या तुम्हें नहीं मालूम कि ये रिश्ता क्या कहलाता है। क्या तुम्हारे कभी ऐसे कोई रिश्ते नहीं रहे। सच बताना और क्या तुम बता सकोगे कि तुम्हारे जो रिश्ते थे, उन्हें तुम कोई नाम दे पाए थे या फिर आज अगर मैं पुछूं तो क्या बता पाओगे कि तुम्हारा वह वाला रिश्ता क्या कहलाता था। और एक बात और बताओ कि क्या तुमने भी कोई रिश्ता बनाकर नहीं रखा है। हो सकता है कि तुम्हें रिश्ते के योग्य तब नहीं माना गया हो लेकिन तुम्हारे साथ कोई तो थे जिन्होंने रिश्ते बनाकर रखें थे। सभी को रिश्ते बनाने पड़ते हैं। नहीं भी चाहेंगे तब भी रिश्तेदारी बन जाती है और निभ भी जाती है। बिना रिश्ता बनाए आखिर कौन सर्वाइव कर पाता है। एक दूसरे का अस्तित्व ही इन अनाम से रिश्तों में छुपा रहता है। पतंग संग डोर भी तो जरूरी है। बिना पतंग डोर की कोई वैल्यू नहीं है और ठीक इसी तरह बिना डोर पतंग भी कैसे हवा में आकाश की ऊंचाई को छू सकती है। जानता हूं कि तुम्हें मालूम है कि ऐसे रिश्ते क्या कहलाते हैं लेकिन तुम्हारी भी तो मजबूरी है। वैसे तुम खुद ही बता सकते हो कि यह रिश्ता क्या कहलाता है, लेकिन तुम बताओगे नहीं और जिनके सामने यह राज उगलवाना चाहते हो, क्या वे नासमझ हैं। उन्हें नासमझ समझने की भूल मत करना बाबा और जो कर रहे हैं, उन्हें भी नहीं करना चाहिए। रिश्ते खंगाले जाते हैं। रिश्ते खंगालना जग की रीत है बाबू। सबका अपना समय आता है, रिश्ते बनते हैं और टूटते हैं। खून के रिश्तों की तरह ये अटूट तो होते नहीं। कुछ रिश्ते ऐसे होते हैं जिन्हें भले ही सामाजिक मान्यता न मिलें तब भी वे रिश्ते रिश्ते ही होते हैं। अब यह आप पर निर्भर करता है कि आप उस रिश्ते को क्या नाम देते हो!



डॉ. प्रदीप उपाध्याय

# भारतीय संस्कृति को विद्रूप करती फिल्में



प्रतिबिंब

प्रो. आर.एन. त्रिपाठी

हाल ही में ओटीटी पर प्रसारित फिल्म 'घूसखोर पंडत' चर्चा के केंद्र में है। यह फिल्म समाज में वैमनस्य का जहर घोल रही है। भारत के सामाजिक- सांस्कृतिक सामंजस्य के ताने-बाने को नुकसान पहुंचा रही है। इस तरह की फिल्मों से इसी तरह की उम्मीद की जा सकती है। इस नुकसान की भरपाई न तो मनोज बाजपेई कर पाएंगे और न ही ओटीटी प्लेटफॉर्म और सरकार कर पाएगी। हमारे देश में जाति आधारित टिप्पणियों की इस समय भरमार सी हो गई है। यूजीसी अधिनियम जैसी सरकार की नीतियों भी जातीय विद्वेष की इस आग में घी डालने का काम कर रही हैं। इसे समझने के लिए हमें भारत की संस्कृति को समझना होगा जो अनादिकाल से ज्ञान आधारित आरोही क्रम में हैं। यहां ज्ञान जिसके पास है, वह उच्च है। इसके बाद शक्ति का नंबर आता है। फिर धन का नंबर आता है। इसके बाद सेवा का क्रम आता है। यही चार चीजें हम भारतीयों को श्रेष्ठ और महनीय बनाती हैं। यह बात अमेरिका जैसे देश में नही है, वहां एलेन मस्क धन के आधार पर बड़े हैं और समाज में आदृत हो रहे हैं।

अंग्रेज इस ज्ञान व्यवस्था और उसके संजोने वाले, जिसे आप ब्राह्मण कह सकते हैं, जो पद कर्तव्य आधारित था, जिसमें कोई भी वर्ग प्रवेश कर सकता था, को भलीभांति जानते थे, इसलिए वे समाज में वर्ग बनाने व अलग करने, समाप्त करने की कूटनीति सदा करते रहे। परन्तु दुर्भाग्यवश आज भी वही हो रहा है, स्वतंत्रता के बाद भी वोट के कारण वही कूटनीति राजनीति में, फिल्मों में और लेखन क्षेत्र में चल रही है। जब भी कोई कथानक शुरू होगा तो उसमें पहला प्रहार ब्राह्मण पर ही होगा, जैसे 'एक गरीब ब्राह्मण' था, 'पोंगा पण्डित' लालची ब्राह्मण, अब मनोज बाजपेयी जो स्वयं वर्णशंकर हैं ने 'घूसखोर पंडत' फिल्म बनाकर इसे और चर्चित कर दिया है। हमारे देश में जाति के नाम पर चरित्र हनन की बीमारी बहुत तेजी से बढ़ती जा रही है, जिस जाति को आधार बनाकर ब्रिटिश परोक्ष युद्ध करते थे, वह अब हमारी संसद, विधान सभाएं और इसके प्रतिनिधि साक्षात लड़ रहे हैं, जो इस देश की सांस्कृतिक-अस्मिता के लिए कदापि उचित नहीं है और जिसका परिणाम भी भयावह हो सकता है क्योंकि इससे समाज में अविश्वास पैदा होता है और अविश्वास से भय, और विभेद पैदा होता है और भय और विभेद से व्यक्ति बचाव के लिए सामाजिक ताने-बाने को छिन्न-भिन्न कर देता है, समाज उच्छृंखलित होकर टूटने लगता है। देश की विघटनकारी ताकतें महसूस करती हैं कि भारत को जोड़ने के लिए ज्ञान जैसी कोई पवित्र वस्तु नहीं है और जो सामान्यतया भारत के तथाकथित अभिजात्य वर्ग जिसे ब्राह्मण कहा जाता है, उनके पास ज्यादा है क्योंकि जहां राष्ट्रीय एकता त्याग, दान, शील और स्वतंत्रता संग्राम में बलि देने की बात आती है वहां पर यह ब्राह्मण ही सदैव आगे रहा है और रहता है, इसलिए इसको तोड़ना ही राष्ट्र को तोड़ने में सबसे बड़ा षडयंत्र होगा, जो ऐसे गलत नरेटिव फैलाने से संभव है।

आज भारत में लगभग 6हजार जातियां हैं लेकिन अभिव्यक्ति के नाम पर सर्वाधिक हमले केवल ब्राह्मण जाति पर हो रहे हैं ताकि जब ये विश्रृंखल होकर टूट जाएंगे तो यह सामाजिक ताना-बाना फिर से टूट जाएगा और भारत की अखंडता समाप्त हो जाएगी और इसी के साथ विघटनकारी ताकतें अपने मंसूबों में सफल हो जाएंगी। ऐसी स्थिति में हमारा धर्म बनता है कि हम भारत की सामाजिक-सांस्कृतिक व्यवस्था के जो दार्शनिक आधार हैं, उनके जो यथार्थ हैं, उन्हें समझें। भारत की प्राच्य व्यवस्था वर्ण व्यवस्था थी, न कि जाति व्यवस्था। उसमें किसी भी व्यक्ति को चक्रीय क्रम में अपनी योग्यता के अनुसार आने-जाने की छूट थी। आज भी हम देखें तो शिक्षा संस्कृति के आधार पर हर व्यक्ति की प्रोन्नति के समस्त साधन सबको समान रूप से संविधानसम्मत ढंग से उपलब्ध हैं परंतु इसके बावजूद आज भी तमाम ऐसी शक्तियां लगी हुई हैं जो जातिगत वैमनस्य का प्रचार -प्रसार कर, ब्राह्मणों का चरित्र हनन कर, ब्राह्मण को केंद्र में रख कर विविध प्रकार से सांस्कृतिक आक्रमण कर रही हैं जैसा कि पूर्व में अंग्रेज और मुगल शासक करते आए हैं। ठीक इसी प्रकार वर्तमान में भी किया जा रहा है। इसे समय रहते समझना होगा और इस कुचक्र में पड़े लोगों को निकालने के लिए भारत की वास्तविक संस्कृति और विकास के लिए ब्राह्मणों के त्याग, तपस्या और सेवाभाव पर विचार करना होगा।

## आपकी बात

### स्वच्छता और स्वास्थ्य

उज्ज्वला योजना महिलाओं के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। अगर हम पीएम उज्ज्वला योजना की बात करें, तो इसकी भी खूब आलोचना हुई है। गैस देकर गरीबों को लूटने, उज्ज्वला गैस की रिफिलिंग कम होने, जैसी आलोचनाएं की गयीं, लेकिन इन बातों से हटकर अगर हम आजाद भारत में ऐसी योजनाओं की चर्चा करें जिसने देश के सामाजिक-आर्थिक ढांचे, स्वच्छता और महिला स्वास्थ्य की दिशा में ऐतिहासिक परिवर्तन का काम किया है, तो उसमें उज्ज्वला योजना भी है। हालांकि पीएम जनधन, राष्ट्रीय स्वच्छता मिशन जैसी योजनाएं भी सामाजिक-आर्थिक बदलाव और महिलाओं के सशक्तीकरण का वाहक बनी हैं। हम महिला सशक्तीकरण के गीत दशकों से गाते रहे हैं, लेकिन एक दशक पहले राष्ट्रीय स्तर पर ऐसी कौन सी बड़ी योजना थी जो महिलाओं के जीवन में आमूलचूल परिवर्तन का वाहक बनी। लेकिन आज कई योजनाएं हैं और उसमें उज्ज्वला गैस योजना ने महिलाओं के जीवन में क्रांतिकारी बदलाव किया है और सफल भी रही है। 1 मई 2016 से शुरू की गयी इस योजना ने अब तक 9.60 करोड़ घरों को स्वच्छ ईंधन से आच्छादित किया है। अगर एक परिवार से चार-पांच सदस्य ही लाभान्वित हों, तो सीधे-सीधे करीब 50 करोड़ लोगों को इससे लाभ हुआ है। 9.60 करोड़ घरों में उन महिलाओं की ताकत उज्ज्वला गैस बनी है जो लकड़ी, उपले या मिट्टी के तेल से खाना बनाती थीं। इससे उनको खाना बनने में अधिक समय लगता था, धुएं से स्वास्थ्य प्रभावित होता था और ऐसे समय जब वर्षा आदि के कारण जलावन में नमी आ जाती थी, तो चूल्हा जलाने में महिलाओं को इतनी फूंक मारनी पड़ती थी कि उनके सीने और मुंह में दर्द होने लगता था। अगर हम यह मान भी लें कि बहुत से घरों में उज्ज्वला गैस एक-दो बार ही भरायी जाती है, तो भी इससे बहुत मदद मिली। जलावन भीगने पर, वर्षा के दिनों में या सूखा जलावन न होने पर ही अगर गैस का प्रयोग हुआ, तो इससे भी महिलाओं को खाना बनाने में मदद मिली। बच्चों को जल्दी स्कूल भेजने में मदद मिली, स्वच्छ गैस से स्वास्थ्य बचाने में मदद मिली। उज्ज्वला गैस महिलाओं का संभल बनी है। इसीलिए केन्द्र सरकार ने 75 लाख और लाभार्थियों को जोड़ने का फैसला किया है।

**विकास श्रीवास्तव, लखनऊ.**

### सड़कों की मरम्मत

हर बरसात के बाद सड़कों की हालत बदतर हो जाती है और महीनों या कई बार सालों तक उसको दुरुस्त नहीं किया जाता है जिसके कारण गड्ढे लगातार बढ़ते जाते हैं। इससे सड़क दुर्घटनाएं तो बढ़ती ही हैं लेकिन लोगों का चलना भी दूभर हो जाता है। शहरों में तो सड़कों की सुध-खैर भी ली जाती है, लेकिन अधिकांश ग्रामीण सड़कें दुर्दशा की शिकार हैं। उनका कोई पुरसाहाल नहीं है। वर्षों तक गड्ढों की भराई नहीं होती है। शहरों में तो बात-बात पर सड़कें काट देने या उनको खोद डालने की परम्परा सी बन गयी है। एक तरफ सड़क बनकर तैयार होती है और दूसरी तरफ उसे खोदने वाले पहुंच जाते हैं। ऐसा लगता है कि जैसे इंतजार करते हैं कि जल्दी से सड़कें बनें ताकि उनकी खोदाई व तहस-नहस करने का शुरू हो सके। यह दरअसल विकास में नियोजन की कमी का परिणाम है। अगर पहले से यह अनुमान लगा लिया जाये ताकि जो सड़क बनायी जायेगी वहां उसके नीचे से सीवर भी बनना है, अंडरग्राउण्ड बिजली की लाइन जाने है, कम्युनिकेशन केबल बिछाना है, जैसी चीजों का पहले से ही अनुमान लगाकर नियोजन कर लिया जाये तो एक तरफ सड़कें बनने के बद ही दूसरी तरफ उसकी खोदाई न हो। सिर्फ विकास के लिए सड़कों सड़कों को नहीं खोदा जाता है बल्कि कई बार स्वागत द्वार बनाने, टेंट लगाने, होर्डिंग के लिए भी खोदाई होती है। इसतरह की खुदाई पर रोक लगाने के साथ ही सड़कों निर्माण में मैटेरियल का सही उपयोग होना चाहिए ताकि सड़कें टिकाऊ हों।

**मनोज कुमार सिंह, बाराबंकी.**

संक्षेप

## राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 14 मार्च को

**अयोध्या।** उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के अनुपालन में जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निदेशानुसार आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत 14 मार्च (द्वितीय शनिवार) को किया जायेगा। राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों को आपसी सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित कराया जा सकता है। राष्ट्रीय लोक अदालत में निम्नांकित

I विषयों से संबन्धित वादों का निस्तारण किया जायेगा- प्रिलिटीगेशन स्तर के विवाद- धारा 138 पराक्राम्य लिखत अधिनियम (एनआई एक्ट), बैंक वसूली वाद, श्रम विवाद वाद, विद्युत एंव जलवाद बिल (अशमनीय छोड़ कर) व अन्य (आपराधिक शमनीय, पारिवारिक एवं अन्य व्यवहार वाद) न्यायालय में लम्बित वाद (जो नेशनल जुडीशियल डाटा ग्रिड पर प्रदर्शित हो)- आपराधिक शमनीय वाद, धारा 138 पराक्राम्य लिखत अधिनियम (एनआई एक्ट)उच्च न्यायालय में लम्बित हों व अन्य सिविल वाद (किरायेदारी, सुखाधिकार, निषेधाज्ञा वाद, विशिष्ट अनुतोष वाद) आदि हो।

# गुप्तारघाट पर राजकीय उद्यान में बन रहा अत्याधुनिक गेस्ट हाउस

जिला संवाददाता



**अयोध्या।** गुप्तारघाट पर पर्यटन को नई ऊंचाई देने वाली एक महत्वपूर्ण परियोजना तेजी से आगे बढ़ रही है। यहां राजकीय उद्यान में विभाग की ओर से एक अत्याधुनिक गेस्ट हाउस का निर्माण कार्य जोरों पर है। यह गेस्ट हाउस 120.90 लाख रुपये की अनुमानित लागत से तैयार किया जा रहा है और इसका क्षेत्रफल लगभग 100 वर्ग मीटर है। यह परियोजना राज्य निर्माण सहकारी संघ लिमिटेड को कार्यदाई संस्था के रूप में सौंपी गई है। भवन जी प्लस वन (ग्राउंड प्लस वन) मंजिला होगा। जिला उद्यान अधिकारी अरुण कुमार तिवारी ने बताया कि भूतल पर एक सुंदर सुइट, बेडरूम और हाल का निर्माण किया जा रहा है, जबकि प्रथम तल पर भी इसी तरह की व्यवस्था होगी। गेस्ट हाउस में एसी कक्ष, आधुनिक सभागार और अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध होंगी, जो इसे प्रशासनिक अधिकारियों के ठहराव के लिए विशेष रूप से उपयुक्त बनाएंगी। बता दें कि गुप्तारघाट जहां भगवान राम ने जल समाधि ली थी, रामनगरी अयोध्या का एक प्राचीन और पवित्र स्थल है। राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के बाद यहां पर्यटन और विकास की गति ने रफ्तार पकड़ी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पर्यटन विकास की नीतियों और योजनाओं का यह एक प्रत्यक्ष परिणाम है। यह गेस्ट हाउस मुख्य रूप से प्रशासनिक और आधिकारिक उपयोग के लिए बनाया जा रहा है, जहां अधिकारी या अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी ठहर सकेंगे। राज्य निर्माण सहकारी संघ लिमिटेड के सहायक अभियंता संजय सिंह ने मई तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है, जिससे जल्द ही यह सुविधा शुरू हो सकेगी। उद्यान विभाग की यह पहल गुप्तारघाट के राजकीय उद्यान को और अधिक आकर्षक बनाएगी, जहां आने वाले श्रद्धालु और पर्यटक प्रकृति के साथ-साथ आधुनिक सुविधाओं का भी लाभ उठा सकेंगे। मार्च तक निर्माण पूरा होते ही यह गेस्ट हाउस अयोध्या के विकास की नई कहानी जोड़ेगा।

- 120.90 लाख की लागत से 100 वर्ग मीटर में हो रहा निर्माण
- प्रशासनिक अधिकारियों के ठहराव हेतु आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा नया गेस्ट हाउस

## अंतरराष्ट्रीय फेलोशिप से सम्मानित हुए डॉ. एस.एच. मेहदी



**अयोध्या।** जनपद के वरिष्ठ एवं प्रतिष्ठित दंत चिकित्सक डॉ. एसएच मेहदी को उनके चिकित्सा क्षेत्र में वर्षों के समर्पण, सेवा और उत्कृष्ट योगदान के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया है। उन्हें मंगलुरु में आयोजित एक भव्य समारोह के दौरान अंतरराष्ट्रीय सतत दंत शिक्षा महाविद्यालय की प्रतिष्ठित अधिसदस्यता (फेलोशिप) प्रदान की गई। यह सम्मान दंत चिकित्सा के क्षेत्र में निरंतर शिक्षा, नवाचार और मरीजों के प्रति समर्पित सेवा के लिए दिया जाता है। अधिसदस्यता प्राप्त करना न केवल व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि अयोध्या जैसे ऐतिहासिक शहर के लिए भी गौरव का विषय है। इस अवसर पर देश-विदेश से आए दंत चिकित्सकों, शिक्षाविदों और चिकित्सा विशेषज्ञों की उपस्थिति में डॉ. मेंहदी को यह सम्मान सौंपा गया। डॉ. एस.एच मेहदी ने इस उपलब्धि पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान उनके लंबे चिकित्सकीय सफर, गुरुओं के मार्गदर्शन और परिवार व सहयोगियों के सहयोग का परिणाम है। उन्होंने कहा कि दंत चिकित्सा केवल एक पेशा नहीं, बल्कि सेवा का माध्यम है, जिसके जरिए लोगों को बेहतर स्वास्थ्य और आत्मविश्वास दिया जा सकता है। यह अधिसदस्यता उन्हें भविष्य में और अधिक उत्कृष्ट कार्य करने की प्रेरणा देगी। डॉ. मेंहदी वर्षों से अयोध्या में दंत चिकित्सा सेवाएं प्रदान कर रहे हैं और आधुनिक तकनीकों के साथ मरीजों को गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराने के लिए जाने जाते हैं। उनके इस सम्मान से न केवल चिकित्सा जगत में उनकी प्रतिष्ठा बढ़ी है, बल्कि युवा चिकित्सकों को भी निरंतर सीखने और आगे बढ़ने की प्रेरणा मिली है। जनपद के चिकित्सकों, सामाजिक संगठनों और नागरिकों ने डॉ. एस.एच मेहदी को इस अंतरराष्ट्रीय उपलब्धि पर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## 11 को मनेगी बेनी प्रसाद वर्मा की जयंती

**बाराबंकी।** लोकप्रिय जननेता, भारत एंव प्रदेश सरकार में कई बार कैबिनेट मंत्री रहे स्वः बेनी प्रसाद वर्मा की 86वीं जयन्ती पर सरदार पटेल भवन, पटेलनगर दशहराबाग मे सरदार पटेल संस्थान के तत्वाधान मे 11 फरवरी को समय 2:30 बजे जंयती कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। इस सम्बन्ध जानकारी देते हुए संस्थान अध्यक्ष धीरेन्द्र कुमार वर्मा ने बताया बेनी बाबू एक बेमिसाल व्यक्तित्व विषय पर परिचर्चा-विचार गोष्ठी एवं विराट कवि सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता ज्येष्ठ पुत्र व पूर्व कैबिनेट मंत्री राकेश कुमार वर्मा करेगे। तथा प्रमुख अतिथि के रुप मे पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविन्द सिंह गोप सहित जनपद के अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहेगे। इसके उपरान्त कवि डॉ0 अम्बरीष अम्बर के संयोजन में आयोजित प्रमुख कवि विनोद राजयोगी मैनपुरी, बलराम सरस एटा, देवेन्द्र कश्यप्निडर सीतापुर, ओ0पी0वर्मा ओम वीररस, सोनी मिश्रा हरदोई, रोहित सिरफिरा सूरतगंज, प्रदीप सारंग गीतकार, सूर्यांश शर्मा सूर्य ओज आदि अपना काव्यपाठ प्रस्तुत करेंगे।

## 22 को आयोजित होने वाले मेगा विधिक शिविर को लेकर सिविल जज सीनियर डिजीवन शिवानी रावत ने की बैठक

**बाराबंकी।** उ0प्र0राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के दिशा निर्देश पर सिविल कोर्ट स्थित ए0डी0आर0 भवन में आयोजित लघु शिविर मे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव व सिविल जज सी0डि0 शिवानी रावत ने जानकारी देते हुये बताया कि 22 फरवरी, 2026 को जीआईसी ऑडीटोरियम में एक वृहद/मेगा विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का आयोजन किया जायेगा। जिसमे कानूनी सेवाएं और सरकारी कल्याण योजनाओं का लाभ आखिरी छोर तक पहुंचाने और आम नागरिकों को न्याय एवं कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी के साथ उसका लाभ प्राप्त करने में सुविधा हो। लघु शिविर के लिए एडीआर भवन में पैनल अधिवक्ता व पराविधिक स्वयं सेवकों अधिकार मित्रों को इस वृहद/मेगा शिविर का जन जन तक प्रचार करने के लिए प्रशिक्षित किया गया। इसके अतिरिक्त राष्ट्र के लिए मध्यस्थता 2.0 अभियान विषय में अपने अपने कार्य क्षेत्र में लोगों को पारिवारिक वाद, चेक बाउंस के मामले, बैंकों के मामले, दहेज उत्पीड़न, घरेलू हिंसा और अन्य ऐसे मामलें जिन्हें सुलह समझौते के माध्यम से निपटाया जा सकता है उनके प्रति लोगों को जागरूक करने के निर्देश भी दिये।

## तहसील नानपारा में आयोजित हुआ वृहद सहायता और सेवा शिविर

**बहराइच।** कार्यपालक अध्यक्ष/वरिष्ठ न्यायमूर्ति, उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बहराइच के अध्यक्ष/जनपद न्यायाधीश राजेश कुमार सिंह एवं जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के निर्देश पर तहसील नानपारा के प्रांगण में आयोजित शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर विभागीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों का प्रचार-प्रसार किया गया साथ ही साथ आमजनमानस को चिन्हित कर लाभान्वित भी किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव सुश्री प्रिया कुमारी राय ने मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र व उप जिलाधिकारी नानपारा मोनालिसा जौहरी के साथ संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर शिविर का शुभारम्भ किया गया तथा गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की गई तथा बच्चों को अन्नप्रासन कराया गया। तहसील परिसर में आयोजित सहायता एवं सेवा शिविर में राजस्व, विकास, स्वास्थ्य, पशुपालन, शिक्षा, समाज कल्याण, महिला एवं बाल विकास, नगर निकाय, सिंचाई, वन, श्रम, युवा कल्याण पालिका, नेहरू युवा केन्द्र, कृषि, ग्राम्य विकास सहित अन्य विभागों द्वारा लगाये गये स्टाल के माध्यम से लाभार्थियों को खतौनी, वरासत, पेंशन, राशन कार्ड, आवास, मनरेगा, दिव्यांगता प्रमाणपत्र, वृद्धावस्था पेंशन, कृषकों से सम्बन्धित योजनाओं एवं सेवाओं के लिए आवेदन करायें गये तथा उनकी समस्याओं का समाधान भी किया गया। शिविर को सम्बोधित करते हुए एसडीएम मोनालिसा जौहरी ने कहा कि शासन का उद्देश्य है कि आमजन को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें, बल्कि एक ही मंच पर सभी विभागों की सेवाएँ उपलब्ध हों।

# मिल्कीपुर तहसील में एडीएम प्रशासन को मिलीं कमियां

जिला संवाददाता



**मिल्कीपुर-अयोध्या।** एडीएम प्रशासन अनिरुद्ध प्रताप सिंह ने सोमवार दोपहर करीब 1:30 बजे मिल्कीपुर तहसील का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न पटलों का जायजा लिया और कई कमियां पाईं। एडीएम ने कर्मचारियों को सख्त हिदायत दी कि यदि कार्यप्रणाली में सुधार नहीं हुआ तो कार्रवाई की जाएगी।

निरीक्षण के दौरान एडीएम को संग्रह कार्यालय में सबसे बड़ी अनियमितता मिली। यहां कंप्यूटर में दर्ज जानकारी और रजिस्टर में दर्ज विवरण अलग-अलग पाए गए, जिस पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने नजरद कार्यालय, प्रशासनिक प्रतिलिपि कार्यालय, रजिस्टर कार्यालय, फोर्थ निरीक्षक कार्यालय, एसडीएम न्यायालय और नायब तहसीलदार न्यायालय सहित अन्य अनुभागों का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद मीडिया से बात करते हुए एडीएम प्रशासन ने बताया कि शासन और जिलाधिकारी के निर्देश पर विभिन्न न्यायालयों/कार्यालयों का निरीक्षण किया गया है। उन्होंने अमीन और लेखपालों की सेवा पुस्तिकाओं का भी अवलोकन किया। एडीएम ने एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार और रजिस्टर कानूनगो को निर्देश दिया कि एक सप्ताह के भीतर मिली कमियों को दूर किया जाए। उन्होंने बताया कि कार्यालयों में साफ-सफाई और फाइलों के रखरखाव में भी कमी पाई गई।

कुछ कर्मचारियों की सेवा पुस्तिकाएं अपडेट नहीं थीं। एडीएम ने इन सभी कमियों को एक सप्ताह में ठीक करने और अद्यतन जानकारी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। समाधान दिवस में किसानों द्वारा धारा 67 की फाइल गायब होने के आरोप पर एडीएम ने कहा कि यह प्रकरण उनके संज्ञान में नहीं है। उन्होंने बताया कि वे इस संबंध में एसडीएम से जानकारी लेंगे और उचित कार्रवाई की जाएगी। एडीएम का यह निरीक्षण शाम करीब 5:30 बजे तक चला। निरीक्षण के दौरान उप जिला अधिकारी सुधीर कुमार, तहसीलदार लखन लाल सिंह, नायब तहसीलदार आनंद प्रकाश राय सेम टी तहसील के अन्य कर्मचारी और अधिकारी मौजूद रहे।

- कर्मचारियों को फटकार लगाई, एक सप्ताह में सुधार का निर्देश

## एसपी ने जनसमस्याएं सुनीं



**बहराइच।** पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा *जनता दर्शन* में आये फरियादियों की समस्याएं/शिकायतों को सुना गया। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों/प्रार्थना पत्रों के सम्बध में सम्बन्धित अधिकारियों/थाना प्रभारियों को शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण जाँच कर निस्तारित करने हेतु आदेशित किया गया।

## इंटर दिवस आज मनाया जायेगा

**बहराइच।** जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने बताया कि सुरक्षित इंटरनेट दिवस (एसआईडी) के अवसर पर 10 फरवरी 2026 को पूर्वान्ह 10:30 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में ह्यह्यस्मार्ट तकनीकः सुरक्षित विकल्प और सभी चीजों के सुरक्षित और जिम्मेदार उपयोग की खोज की थीम पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। डीएम ने बताया कि जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि अपने-अपने विभागों से सम्बन्धित अधिकारियों/कर्मचारियों, कृषक एवं व्यापारिक बन्धुओ, कार्मिको, ग्राम-प्रधान, स्कूल, कालेज के अध्यापकों व अन्य सम्बन्धित के साथ कार्यशाला में ससमय प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें।

# टाई ब्रेकर में गांधी क्लब ने बाबू इलेवन को 1-0 से हरा पहना जीत का ताज



**बाराबंकी।** नगर पंचायत बंकी स्थित महात्मा गांधी स्पोर्ट्स क्लब ग्राउण्ड पर चल रही स्व. छोटे लाल चैधरी मेमोरियल हॉकी टूनामेंट का फाइनल बाबू इलेवन और स्टेशन स्टार क्लब के बीच खेला गया। टूॅनार्मेन्ट का शुभारम्भ मुख्य अतिथि विशेष सचिव राज्यपाल हिमानी चैधरी ने खिलाड़ियो से परिचय प्राप्त कर किया।

- छोटे लाल चौधरी मेमोरियल हॉकी फाइनल में राज्यपाल विशेष सचिव हिमानी चौधरी ने खिलाड़ियों को किया पुरस्कृत

मैच में बाबू इलेवन के खिलाड़ी अखलद अंसारी ने 20वें मिनट पर एक गोल दाग जीत दर्ज की। दूसरा मैच गांधी क्लब और चैधरी छोटे लाल इलेवन के बीच खेला गया। जिसमें गांधी क्लब ने 3-2 से मैच पर कब्जा किया। फाइनल मुकाबले मे गांधी क्लब और बाबू इलेवन के बीच कांटे की टक्कर हुई। मैच के पहले हाफ में गांधी क्लब खिलाड़ी मो0 समद ने पहले मिनट पर ही एक गोल मारकर बढ़त बना ली। जिसके बाद दूसरे हाफ में बाबू इलेवन के खिलाड़ी ने एक गोल कर स्कोर बराबर किया। इसके बाद दोनों टीमों को टाई ब्रेकर के माध्यम से पांच-पांच गोल मारने का अवसर मिला। जिसमें गांधी क्लब टीम ने 1 तथा बाबू इलेवन की टीम कोई गोल नही कर सकी। गांधी क्लब टीम ने मैच को 1-0 के स्कोर से जीत लिया। विजयी व उपविजेजा टीम को मुख्य अतिथि द्वारा ट्राफी व पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी शालिनी चैधरी, प्रमिला जैन, राजनाथ शर्मा, शिवानी चैधरी, डॉ0आर0के0 जैन, सलाउद्दीन किदवई, शेखर चैधरी, अजय सिन्हा, तौहीद खान मौजूद रहे।

## जिलाधिकारी ने विकास खण्ड पयागपुर का किया निरीक्षण



**बहराइच।** कार्यालयों की साफ-सफाई, अभिलेखों के समुचित रख-रखाव तथा अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लेने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने खण्ड विकास अधिकारी पयागपुर के कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। परिसर के निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई संतोषजनक पायी गयी। परिसर स्थित आवासीय भवनों के सम्बन्ध में पूछने पर खण्ड विकास अधिकारी अजय प्रताप सिंह ने बताया कि नये आवास निर्माण हेतु डिमाण्ड की जा चुकी है। श्री सिंह ने बताया कि वर्तमान समय में बीडीओ, जेई एमआईएस व एडीईओ आईएसबी सरकारी आवासों में रह रहे हैं।

कार्यालय के निरीक्षण के दौरान डीएम श्री त्रिपाठी ने मनरेगा, स्थापना, आवास, पंचायती कार्य, समाज कल्याण, जनसुनवाई सहित अन्य पटलों का निरीक्षण कर पटल से सम्बन्धित अभिलेखों का अवलोकन किया तथा सम्बन्धित से आवश्यक जानकारी भी प्राप्त की। डीएम ग्रान्ट रजिस्टर प्रथम एवं द्वितीय का भी अवलोकन करते हुए आय-व्यय के सम्बन्ध में बीडीओ से जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान पटलों से सम्बन्धित अभिलेख व गार्ड फाईल इत्यादि कागजात व्यवस्थित पाये गये।

डीएम ने प्रगाढ़ पुनरीक्षण अन्तर्गत विकास खण्ड कार्यालय पर की जा रही सुनवाई के बारे में जानकारी प्राप्त की। बीडीओ द्वारा बताया गया कि बीडीओ चित्तौरा, प्रभारी सहायक निदेशक मत्स्य तथा उनके द्वारा तामीला नोटिसों की सुनवाई की जा रही है। डीएम ने बीडीओ निर्देश दिया कि सुनवाई के लिए आने वाले नागरिकों के बैठने एवं पेयजल इत्यादि की व्यवस्था रखी जाय ताकि उन्हें किसी प्रकार की कोई समस्या न आये। डीएम ने निर्देश दिया कि सुनवाई के लिए आने वालों से मतदाताओं से मित्रवत व्यवहार करते हुए उनकी शंकाओं का समाधान भी कराया जाय। इस अवसर पर सहायक खण्ड विकास अधिकारी व अवर अभियन्ता मौजूद रहे।

## भारत नेपाल सीमा पर दो नेपाली युवक गिरफ्तार, हैदराबाद में चोरी की घटना को दिया था अंजाम



**बहराइच।** भारत नेपाल सीमा स्थित रूपईडीहा चेकपोस्ट पर एस एस बी जवानों ने दो नेपाली युवकों को सोने व हीरे के जेवरात के साथ गिरफ्तार किया है ये दोनों युवक हैदराबाद से इन गहनों को चुराकर भागे थे। एस एस बी 42 वी वाहिनी के कमांडेंट गंगा सिंह उदावत ने बताया कि हैदराबाद जिले में स्थित थाना जुबली हिल्स के इंस्पेक्टर ने सूचना देते हुए बताया था कि दो नेपाली युवक करोड़ों कीमत के सोने व हीरे के जेवरात व कीमती नग चोरी कर बहराइच के रास्ते नेपाल जाने की फिराक में हैं। पुलिस ने उनके फोटो भी साझा की गई थी। जिसके बाद रूपईडीहा चेकपोस्ट पर चेकिंग के दौरान दो संदिग्ध नेपाली युवकों को रोक तलाशी ली गई तो उनके पास से सोने की चूड़ियां, बेशकीमती नग व अंगूठियां बरामद हुई। दोनो नेपाली युवकों की पहचान कृष्णा चंद्र निवासी जनपद करनाली व भूपेंद्र शाही निवासी आठाबीस जिला दैलख नेपाल के रूप में हुई है। गिरफ्तार किए गए दोनो युवकों को हैदराबाद पुलिस के निरीक्षक कविउद्दीन व उनकी टीम के सुपुर्द कर दिया गया है।

## नानपारा में कब्रिस्तान जाने वाला मार्ग कई वर्षों से नहीं बनाया जा रहा



**बहराइच।** मोहल्ले वासियों का कहना है वह वार्ड के सभासद का कहना है इस योजना के अंतर्गत सभी रास्ते डामर रोड बना दी गई सिर्फ कब्रिस्तान जाने वाला रास्ता नहीं बनाया गया। आखिरकार ऐसा क्यों हुआ जिस पर सवाल खड़े हो रहे हैं जिसको लेकर मोहल्लेवासियों ने विरोध जताया है जिस पर इंटरलॉकिंग इस रास्ते पर इंटरलॉकिंग लगी हुई थी लेकिन इंटरलॉकिंग उखाड़ कर रेत और मिटटी डलवा दी गई आने जाने वालों लोगों को कई प्रकार की समस्या उत्पन्न हो रही है सभासद प्रतिनिधि श्री शोएब खान ने बताया है कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय योजना के अंतर्गत नगर में कई रोड डामर बनाना था जिसमें ईदगाह रोड निर्माण हो चुका है कवि नगर रोड का निर्माण हो चुका है और सबसे महत्वपूर्ण रोड कब्रिस्तान वाली रोड थी जिसका निर्माण नगर पालिका द्वारा नहीं कराया जा रहा है जबकि 1 वर्ष पूर्व इस रोड पर बनी इंटरलॉकिंग रोड को उखाड़ दिया गया था जिस पर अब सिर्फ बालू पड़ा हुआ है जिस मैयत और मुर्दा ले जाने में बड़ी बड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ता है इससे जनता काफी आक्रोशित व्याप्त कर रही है इसको लेकर जल्द ही रोड पर निर्माण नहीं हुआ तो विशाल धरना प्रदर्शन किया जाएगा मीटिंग मे सिंमु, अब्दुल्ला जीशान फहीम अब्दुल्लाखान आजमी फराज खान रहीम शालू मिर्जा रोहित बबलू रहीम वन वह अन्य मोहल्लेवासी मौजूद रहे।

## नौकरी दिलाने का झांसा देकर महिला से ठगी व अश्लील हरकत का आरोप



**अयोध्या।** मेडिकल कॉलेज में नौकरी दिलाने का झांसा देकर एक कर्मचारी पर महिला से रुपये ठगने, अश्लील हरकत करने और आपत्तिजनक फोटो खींचने का गंभीर मामला सामने आया है। कोतवाली नगर क्षेत्र की रहने वाली पीड़िता ने सबसे पहले कोतवाली अयोध्या में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। पीड़िता के अनुसार उसने वार्ड बॉय पद के लिए ऑनलाइन आवेदन किया था। आवेदन की स्थिति जानने जब वह मेडिकल कॉलेज पहुंची तो लैब में तैनात एक कर्मचारी ने उसे नौकरी दिलाने का भरोसा दिया। आरोप है कि आरोपी ने उससे डेढ़ लाख रुपये ले लिए और पैसे लेते समय सुनसान कमरे में ले जाकर अश्लील हरकत करते हुए आपत्तिजनक फोटो खींच ली। बाद में फोटो डिलीट करने के नाम पर 75 हजार रुपये और वसूल लिए, लेकिन फोटो नहीं हटाई। लगातार दबाव और मानसिक उत्पीड़न से परेशान होकर पीड़िता ने पुलिस से शिकायत की और सोमवार को एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर से मिलकर न्याय की गुहार लगाई। पीड़िता की अधिवक्ता श्वेता राज सिंह ने कहा कि यह मामला केवल ठगी का नहीं, बल्कि महिला की गरिमा और सम्मान से जुड़ा गंभीर आपराधिक कृत्य है। आरोपी ने नौकरी का लालच देकर आर्थिक व मानसिक शोषण किया है। उन्होंने सख्त धाराओं में मुकदमा दर्ज कर त्वरित कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने बताया की एसएसपी ने विधिक कार्यवाही का भरोसा दिलाया है।

- पीडिता ने एसएसपी से मिलकर कार्रवाई की किया मांग

# वैज्ञानिक तकनीकों को अपनायें, प्राकृतिक खेती को आगे बढ़ायें किसानः डॉ. परिमेन्द्र सिंह




**अयोध्या।** कृषि विज्ञान केन्द्र पर फसल अनुसंधान केन्द्र पर उत्तर प्रदेश कृषि अनुसंधान परिषद (उपकार), लखनऊ द्वारा वित्त पोषित ह्लसमसामयिक कृषि तकनीक एवं प्राकृतिक खेती आधारित उत्पादकताह्ल विषय पर दो दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का भव्य शुभारंभ किया गया। इस महत्वपूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न विकासखण्डों से आए लगभग 80 से अधिक प्रगतिशील कृषकों ने सहभागिता की। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि उपमहानिदेशक (उपकार), विशिष्ट अतिथि कृषि उपनिदेशक एवं शोध निदेशक की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ। अपने उद्घाटन भाषण में मुख्य अतिथि उपमहानिदेशक (उपकार) डा. परिमेन्द्र सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में कृषि क्षेत्र अनेक चुनौतियों का सामना कर रहा है, जिनमें जलवायु परिवर्तन, मृदा उर्वरता में गिरावट, उत्पादन लागत में वृद्धि तथा बाजार की अनिश्चितताएं प्रमुख हैं। इन परिस्थितियों में आवश्यक है कि किसान आधुनिक एवं वैज्ञानिक तकनीकों को अपनाते हुए प्राकृतिक खेती की ओर अग्रसर हों। डा० संजय कुमार ने कहा कि प्राकृतिक खेती न केवल पर्यावरण के अनुकूल है, बल्कि इससे उत्पादन लागत में कमी एवं उत्पाद की गुणवत्ता में वृद्धि संभव है। उन्होंने किसानों से आह्वान किया कि वे मृदा स्वास्थ्य कार्ड के आधार पर संतुलित उर्वरक प्रबंधन अपनाएं तथा जैविक एवं देशी संसाधनों का अधिकतम उपयोग करें। डा० पंकज सिंह इस बात पर भी जोर दिया कि कृषि में तकनीकी नवाचार, यंत्रीकरण एवं डिजिटल प्लेटफॉर्म का उपयोग समय की मांग है।

विशिष्ट अतिथि कृषि उपनिदेशक डा. पी.के.कनौजिया ने अपने संबोधन में विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं अनुदानों की जानकारी किसानों को दी। उन्होंने बताया कि सरकार प्राकृतिक खेती, सूक्ष्म सिंचाई, फसल विविधीकरण एवं किसान उत्पादक संगठन को बढ़ावा देने के लिए विशेष प्रयास कर रही है। के.वी.के. मसौधा के अध्यक्ष डा.वी.पी. शाही ने किसानों को सलाह दी कि वे रासायनिक उर्वरकों के अंधाधुंध प्रयोग से बचें तथा जैविक विकल्पों को अपनाएं, जिससे भूमि की दीर्घकालिक उत्पादकता बनी रहे। शोध निदेशक प्रो० शम्भू प्रसाद ने वैज्ञानिक दृष्टिकोण से प्राकृतिक खेती के सिद्धांतों की विस्तार से व्याख्या की। उन्होंने जीवामृत, बीजामृत, घनजीवामृत, आच्छादन (मल्चिंग) एवं वाफसा जैसे प्रमुख तत्वों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि ये तकनीकें मृदा में सूक्ष्मजीवों की सक्रियता बढ़ाती हैं और फसल की वृद्धि में सहायक होती हैं।

संक्षेप

## लाखों की चोरी का 24 घंटे में हुआ खुलासा

रायबरेली। डीह थाना के परशदेपुर क्षेत्र में बीते बृहस्पतिवार की रात हुई चोरी का अपर पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिन्हा ने खुलासा कर दो युवकों को जेल भेज दिया है, पुलिस ने पकड़े गए युवकों के पास से चोरी किए गए जेवरात सहित तीन बोरी धान की बरामदगी की है। बीते बृहस्पतिवार की रात को परशदेपुर चैकी क्षेत्र के हाजीपुर गांव निवासी हरेंद्र सिंह के मकान में चोरी हुई थी जिसमें चोरों ने दरवाजा तोड़कर घर के अंदर घुसे थे और कमरे में रखी अलमारी का लॉक तोड़कर लगभग बीस लाख के सोने चांदी के जेवरात सहित दस बोरी धान लेकर फरार हो गए। चोरी की वारदात उस समय हुई जब परिजन एक शादी समारोह में शामिल होने गए थे, वापस लौटने पर घर में चोरी होने की जानकारी हुई तो पीड़ित ने डीह पुलिस को घर में चोरी होने की तहरीर दी। पुलिस ने मामले की गहनता से छानबीन करते हुए दो संदिग्ध युवकों को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ की तो पकड़े गए युवकों ने चोरी की वारदात को अंजाम देने की बात कबूल की। पुलिस ने युवकों के पास से चोरी के लगभग 16 लाख रुपए कीमत के जेवरात व धान की 3 बोरी बरामद कर विजय कुमार उर्फ लल्लू पुत्र रामकुमार व एक बाल अपचारी निवासीगण हाजीपुर को जेल भेज दिया है।

## तीन नामजद समेत नौ के खिलाफ दहेज एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज

नसीराबाद रायबरेली। नसीराबाद थाना क्षेत्र के परैया नमकसार निवासी शालिनी कुमारी पुत्री श्री राम की तहरीर पर पुलिस ने तीन नामजद और पांच छह अज्ञात लोगों पर केस दर्ज किया है। मामले की विवेचना थाने के उपनिरीक्षक नयन सिंह को सौंपी गयी है। तहरीर में शालिनी ने बताया कि प्रतापगढ़ जिले के उदयपुर थाना क्षेत्र के पिंजरी गांव निवासी अनिल कुमार के साथ शादी तय हुई थी। गोदभराई व बरीक्षा की रश्म भी हो गई और इस रश्म में 71 हजार रुपये नगद व लगभग 11 हजार रुपये का सामान दिया गया और शादी की तारीख भी निश्चित कर दी गई। इसके बाद अनिल कुमार व उनके पिता कल्लू तथा उनकी मां ने शालिनी के पिता से दहेज में पल्सर मोटर साइकिल व एक लाख रुपये नगद और सोने की चेन की मांग कर रहे हैं। मांग पूरी न होने पर शादी करने से साफ मना कर दिया। बीते सात अक्टूबर 2025 को अनिल कुमार ने अपने माता-पिता और पांच छः अज्ञात लोगों के साथ पीड़िता के घर आकर दहेज की मांग की और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित युवती ने थाने जाकर शिकायत की पर कोई सुनवाई नहीं हुई। तब युवती ने मामले में न्याय के लिए मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत की। उसके बाद पुलिस ने अनिल ,कल्लू,उसकी पत्नी व पांच छह अज्ञात लोगों पर भारतीय न्याय संहिता बी एन एस की धाराओं तथा दहेज प्रतिषेध अधिनियम 1961 के तहत केस दर्ज किया गया है। थाना प्रभारी पवन कुमार सोनकर ने बताया कि केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

## उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल की सदस्यता का अभियान जारी

लालगंज रायबरेली। व्यापारियों की सेवा में सदैव अग्रसर भूमिका निभाने वाले उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के नगर अध्यक्ष विवेक शर्मा और जिला अध्यक्ष रोहित सोनी के नेतृत्व में सदस्यता अभियान अनवरत चालू है। तिकोना पार्क के प्रसिद्ध व्यवसायी रज्जन लाल गुप्ता को भी सदस्यता दिलाने का कार्य किया गया।

# देश की बेटियां सभी क्षेत्रों में लहरा रही परचम : अदिति सिंह

- पीएम श्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज रायबरेली में सम्पन्न हुआ वार्षिकोत्सव

रायबरेली। सदर विधान सभा क्षेत्र स्थित पीएम श्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज रायबरेली वार्षिकोत्सव एवं खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सदर विधायक अदिति सिंह ने शिरकत की। उन्होंने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि बालिकाएँ शिक्षा ग्रहण कर देश समाज और परिवार में सबका जीवन सुखमय बनाने में सहयोग करती है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की सरकार बालिका शिक्षा के लिए तमाम योजनाओं के माध्यम से उनका उत्साहवर्धन कर रही है तथा जन कल्याणकारी व्यवस्थाओं में महिलाओं की प्रतिभागिता इस बात का सबूत है कि राष्ट्र में अच्छे योगदान के लिए इनकी शिक्षा जरूरी है। विद्यालय की छात्राओं द्वारा सरस्वती पूजन स्वागत गीत एवं विभिन्न राष्ट्र भक्ति गीत ने लोगों का मन मोह लिया। छात्राओं द्वारा किए गए अच्छे प्रदर्शन के लिए विद्यालय द्वारा उन्हें पुरस्कृत किया गया। वहीं सदर विधायक ने उपस्थित छात्राओं से आत्मीय संवाद कर उन्हें संबोधित करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि देश की बेटियाँ शिक्षा, खेल, विज्ञान एवं हर क्षेत्र में अपना परचम लहराकर राष्ट्र का मान बढ़ा रही हैं उनका आत्मविश्वास, अनुशासन और संकल्प ही विकसित भारत की सशक्त नींव है। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या स्मिता मिश्रा ने अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया तथा विद्यालय की प्रगति रिपोर्ट साझा की। इस अवसर पर कुसुम उषा सिंह, पूर्णिमा श्रीवास्तव आदि शिक्षिकाएं एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।



# बालिकाओं को निडर ,साहसी बनाने का सशक्त माध्यम है मीना मंच : सीडीओ



रायबरेली। राज्य परियोजना समग्र शिक्षा लखनऊ के दिशा निर्देश पर पूर्व माध्यमिक विद्यालय चक अहमदपुर प्रांगण में जनपदीय बाल उत्सव प्रगति-2026 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि अंजु लता मुख्य विकास अधिकारी तथा अध्यक्षता राहुल सिंह जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा की गई। मुख्य विकास अधिकारी अंजु लता ने कहा कि बालिकाओं के अंदर आत्मविश्वास एवं आत्मनिर्भरता तथा उन्हें निडर साहसी और मुखर बनाने का सशक्त माध्यम मीना मंच कार्यक्रम साबित हुआ है। उन्होंने कहा की बालिकाएं जिस तरह से अपनी प्रस्तुति दे रही हैं निश्चित रूप से उनके अंदर मीना मंच से जुड़ने के कारण काफी बदलाव आए हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल सिंह ने कहा कि रायबरेली जनपद में सुगमकर्ताओं, ब्लॉक नोडल एवं जनपदीय नोडल के प्रयास से मीना मंच काफी सक्रिय है और प्रदेश स्तर पर रायबरेली का मीना मंच अपनी पहचान बना रहा है। उन्होंने कहा कि आज बालिकाएं स्वास्थ्य शिक्षा एवं सुरक्षा के प्रति सजग एवं जागरूक हो रही है। कार्यक्रम में राज्य परियोजना कार्यालय से यूनिसेफ प्रतिनिधि गौरव त्रिपाठी एवं अशोक शुक्ला ने कहा कि आज बालिकाएं खुलकर निर्णय लेने की क्षमता और नेतृत्व की क्षमता बढ़ाने में सक्रिय हो रही है। कार्यक्रम के दौरान मंडल स्तर पर चयनित सभी 10 बच्चों को मुख्य विकास अधिकारी एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा संयुक्त रूप से सम्मानित किया गया उसके बाद सेल्फी प्वाइंट एवं हस्ताक्षर अभियान तथा रंगोली का अवलोकन कर बच्चों का उत्साह बढ़ाया गया।

## सपा ने भाजपा पर एस आई आर में गड़बड़ी के आरोप लगाये, अखिलेश यादव तक पहुंचा अमेठी का मामला

अमेठी। समाजवादी पार्टी ने एस आई आर के दौरान भाजपा के बूथ लेवल एजेंटों द्वारा मुस्लिम मतदाताओं के नाम मतदाता सूचियों से काटने के लिए बी एल ओ पर दबाव बनाने और एस आई आर में गड़बड़ी के आरोप लगाए हैं। मतदाता सूचियों से पीडीए मतदाताओं के नाम काटने के लिए दिए गए आवेदनों के प्रमाण प्रस्तुत करते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी और सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से शिकायत की है। सपा के जिला अध्यक्ष राम उदित यादव का कहना है कि एस आई आर के दौरान भाजपा सपा समर्थक और पीडीए मतदाताओं के नाम मतदाता सूचियों से कटवाने की पूरी कोशिश में लगी हुई है। खासकर मुस्लिम मतदाताओं के नाम कटवाने के लिए भाजपा ने अपने बूथ लेवल एजेंटों को ट्रेनिंग दी है। अमेठी जिले में यह काम बड़े पैमाने पर हो रहा है। भाजपा के बूथ लेवल एजेंटों ने मुस्लिम मतदाताओं की सूची और फार्म भरकर दिए हैं ताकि बी एल ओ के वेरीफिकेशन के बाद उनके नाम मतदाता सूचियों से काटे जा सकें। जिला अध्यक्ष राम उदित यादव ने जगदीशपुर विधानसभा के बूथ संख्या 129बरसंडा में बी एल ओ को दिए गए इस तरह के फार्म भी दिखाए और कहा जनता में साख खो चुकी भाजपा एकदम बेईमानी पर उतर आई है।बाघ मीरा बूथ पर भी इसी तरह से शिकायत मिली है।बी एल ओ हर जगह दबाव में हैं। डर के मारे वे कुछ बताना नहीं चाहते। यदि निर्वाचन आयोग ने संज्ञान न लिया तो अधिकारी बूथ लेवल अधिकारियों से जबरन हस्ताक्षर कराकर मतदाता सूचियों से हजारों की संख्या में मतदाताओं के नाम कटा देंगे। सत्ता का दुरुपयोग करने की पूरी तैयारी है। समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव हीरालाल यादव ने बताया कि अमेठी ही नहीं सुल्तानपुर जिले में भी एस आई आर में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी करने की शिकायतें मिली हैं।सपा ने विरोध प्रदर्शन करते हुए ज्ञापन भी सौंपा है। अमेठी में भी जिला निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन दिया जा चुका है। अमेठी में मेरे पोलिंग बूथ टेंगहा पर भाजपा द्वारा गड़बड़ी की कोशिश पर विवाद के बारे में राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी को जानकारी दी गई है।

## दो महीने में भी नहीं खुल पाया बंद रास्ता, पीड़िता ने लगायी न्याय की गुहार



अमेठी। केशवपुर गांव के एक पीड़ित की समस्या का निस्तारण दो महीने में भी नहीं हो पाया है। रास्ते में हुए अवैध निर्माण को रोकने के मामले में जनसुनवाई में दी गई दर्खास्तें राजस्व कर्मियों ने रद्दी की टोकरी में डाल दी है। भादर ब्लॉक के ग्राम केशवपुर में पीड़िता निर्मला का आरोप है कि उसके घर तक जाने वाले रास्ते पर पक्की दीवार का निर्माण कर रास्ता बंद किया जा रहा है। पीड़िता के अनुसार यह रास्ता वर्षों से उपयोग में था, लेकिन अब जानबूझकर निर्माण कर उसका आवागमन रोका जा रहा है। रास्ता बंद होने से दैनिक जरूरतों और आपात स्थिति में भारी परेशानी हो रही है। पीड़िता ने बताया कि वह नौ नवंबर से जिले और तहसील के अधिकारियों की चौखट पर दौड़ रही है। उसकी दर्खास्त पर अभी तक कोई संतोषजनक कार्रवाई नहीं हुई है। दीवार के निर्माण पर तत्काल रोक लगाकर रास्ता बहाल कराने की मांग की है।

## घर में घुसकर 85 हजार नकद व जेवरात चोरी, इलाके में दहशत

शुकुल बाजार ,अमेठी। थाना शुकुल बाजार क्षेत्र के पूरे लड़ाई गांव में बीती रात चोरी की बड़ी घटना सामने आई है। अज्ञात चोरों ने एक रिहायशी मकान को निशाना बनाते हुए 85 हजार रुपये नकद के साथ-साथ घर में रखे बहू और पत्नी के कीमती जेवरात चोरी कर लिए। घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है और लोग सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चिंतित नजर आ रहे हैं। पीड़ित सुरेश चंद्र मिश्रा के अनुसार, घटना रविवार की रात की है। घर के सभी सदस्य सो रहे थे, तभी चोरों ने मौका पाकर घर में प्रवेश किया और अलमारी व बक्सों को खंगाल डाला। चोरी की जानकारी उन्हें रात करीब 2 बजे हुई, जब घर का सामान बिखरा पड़ा मिला। इसके बाद उन्होंने तत्काल डायल 112 पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास के इलाकों में खोजबीन की गई, लेकिन तब तक चोर फरार हो चुके थे। पुलिस द्वारा संभावित रास्तों पर भी तलाशी ली गई, पर कोई ठोस सुराग हाथ नहीं लग सका। इसके बाद सोमवार सुबह पीड़ित ने थाना शुकुल बाजार में घटना की लिखित तहरीर दी। थाना पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी गई है। आसपास के संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है और क्षेत्र में रात्रि गश्त बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि हाल के दिनों में चोरी की घटनाएं बढ़ी हैं, जिससे लोगों में भय का माहौल है। पुलिस ने जल्द ही घटना के खुलासे का भरोसा दिलाया है।

## हाई टेंशन तार से युवक झुलसा, मौत

मोतिगरपुर, सुलतानपुर। डीजे पर चढ़कर बीडीओ बना रहे युवक हाई टेंशन तार की चपेट में आकर से गम्भीर रुप से झुलस गए। इलाज के लिए मोतिगरपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने हालत नाजुक देखते हुए मेडिकल कालेज सुलतानपुर रेफर कर दिया। एक युवक की मौत हो गई, दूसरे का इलाज चल रहा है। रविवार को बढ़ौनाडीह गांव से कादीपुर कोतवाली क्षेत्र के मंगरावा गांव बरात जा रही थी, बताया जाता है कि बरात निकलते समय गांव में ही डीजे पर चढ़कर बीडीओ बना रहे रिश्तेदारी आए अंबेडकर नगर जिले के प्रखरपुर जलालपुर गांव निवासी रंजीत पुत्र वीरेंद्र हाई टेंशन तार की चपेट में आ गए। वहीं नीचे खड़े होकर डीजे को हाथ से पकड़े बढ़ौनाडीह गांव का शिवा (26 वर्ष) पुत्र संतोष उर्फ बुद्धू भी चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गए। आनन फानन में दोनों को इलाज के लिए मोतिगरपुर सीएचसी ले जाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने गंभीर हालत देखते हुए मेडिकल कॉलेज सुलतानपुर रेफर कर दिया। चिकित्सक ने शिवा को मृत घोषित कर दिया वहीं रंजीत का इलाज चल रहा है। सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद शाम को शव घर पहुंचा तो कोहराम मच गया। शाम को दियरा में गोमती किनारे शव का अंतिम संस्कार किया गया। शिवा दो बड़ी बहन विवाहित कुसुम व पिंकी और तीसरी छोटी बहन प्रीति का इकलौता भाई था। बहनें व मां गेना रो रो कर बदहवास हैं। पूरे गांव में मातम छाया है। शव पहुंचते ही अगल बगल गांव के लोग भी परिवार को ढांढस पहुंचाने बड़ी संख्या में जमा हो गए। मृतक शिवा के पिता संतोष उर्फ बुद्धू ई रिक्शा चलाकर परिवार का भरण पोषण करते हैं। अभी एक बिटिया का विवाह भी करना है। रोते हुए कहते हैं कि बुढ़ापे का सहारा एक बेटा था वह भी अब हमसे दूर चला गया।

## आगजनी केस में पुलिस ने दाखिल की झूठी रिपोर्ट, गवाही देने वाली महिला को बताया गैर मौजूद

सुलतानपुर। आगजनी के एक पुराने मामले में गवाही दे चुकी महिला के अस्तित्व पर ही पुलिस ने सवाल खड़ा कर दिया है। धनपतगंज थाने के सिपाही ने कोर्ट में रिपोर्ट दाखिल कर दी कि संबंधित महिला गांव में रहती ही नहीं है। एडीजे तृतीय निशा सिंह ने नाराजगी प्रकट करते हुए सिपाही को तलब कर स्पष्टीकरण देने का आदेश दिया है। कुड़वार थाना क्षेत्र के पूरे शुकुल, मौजा अगई की रहने वाली मीना कुमारी पत्नी श्यामलाल यादव ने आरोप लगाया था कि 21 अप्रैल 2009 की रात आरोपियों ने उनके मकान व सरिया में आग लगा दी थी। इसमें गृहस्थी का सामान जल गया था और एक गाय की मौत हो गई थी। मीना कुमारी की तहरीर पर नरायन, प्रदीप, सोनू और राजकुमार के खिलाफ केस दर्ज हुआ था। पुलिस ने राजकुमार के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की, जबकि अन्य आरोपितों को क्लीनचिट दे दी थी। अभियोजन पक्ष के अधिवक्ता विजेंद्र द्विवेदी के अनुसार 25 अक्टूबर 2017 को वादी मीना कुमारी सहित अन्य दो गवाहों की गवाही हो चुकी है। अभियोजन प्रार्थना पर आरोपी राम नरायन, प्रदीप और सोनू को विचारण के लिए तलब किया गया था। बाद में प्रदीप और सोनू को जेल जाने के बाद जमानत मिली थी। कोर्ट ने वादी मीना कुमारी को दोबारा गवाही के लिए बुलाया था लेकिन सिपाही अमित यादव ने अपनी रिपोर्ट में दावा किया कि गांव में मीना नाम की कोई महिला ही नहीं है। रिपोर्ट में यह भी लिखा कि ग्रामीणों और ग्राम प्रधान ने भी इस नाम की महिला के गांव में निवास न करने की बात कही है।

# एनएसबीवीएम में छात्राओं की विदाई समारोह का किया गया आयोजन

रायबरेली। न्यू स्टैंडर्ड बालिका विद्या मंदिर में कक्षा 12 की छात्राओं के लिए विदाई समारोह आयोजित किया गया।



इस विदाई कार्यक्रम में विद्यालय के संस्थापक प्रबन्धक डॉ. शशिकान्त शर्मा, त्रिपुला प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति, सलेथू प्रधानाचार्य राजीव सिंह, बीबीएम प्रधानाचार्य तारकेश्वर सिंह, हेड-मिस्ट्रेस संध्या अग्रवाल सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने माँ सरस्वती की मूर्ति पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। पूजन के पश्चात कक्षा 11 की छात्राओं ने अपने टीचर्स एवं सीनियर्स के लिए स्वागत गीत प्रस्तुत करते हुए बुकें भेंट कर अतिथि देवोभव की परम्परा का पालन कर रोली-टीका लगाकर उनका सम्मान किया। इस अवसर पर कक्षा 11 की छात्राओं ने जहाँ अपने सीनियर्स के लिए एक से बढ़कर एक धमाकेदार गीत नृत्य कर प्रस्तुत किये तो वहीं कक्षा 12 की छात्राओं ने भी अपने जूनियर्स के लिए शानदार प्रस्तुतियां दीं। आज के कार्यक्रम में कक्षा 11 की छात्राओं ने सीनियर्स को स्मृति चिन्ह भेंट किये। विद्यालय की ओर से मिस सेंसियर आस्था श्रीवास्तव, आर्टिस्ट आफ एनएसबीवीएम उमरा फातिमा, मिस बिब्लियोफाइल अर्पिता दीक्षित, द शाइनिंग स्टार लाइबा अंसारी व वैशणवी यादव, बेस्ट पर्सनालिटी अफीफा फातिमा, बेस्ट इन स्पोर्ट्स अनुप्रिया सिंह, मोस्ट पॉपुलर फातिमा खान एवं स्टूडेंट ऑफ द ईयर दिव्यांशी सिंह को प्रबन्धक व प्रधानाचार्य द्वारा प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

# आरेडिका ने अब तक किया 15369 डिब्बों का निर्माण



रायबरेली। आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना (आरेडिका) में महाप्रबंधक प्रशांत कुमार मिश्रा ने आरेडिका की वित्तीय वर्ष की उपलब्धियों पर वार्ता करते हुए बताया कि कोच उत्पादन में आरेडिका ने एक अप्रैल 2014 से अब तक कुल 15,369 डिब्बों का उत्पादन किया। महाप्रबंधक ने बताया कि चालू वर्ष में 1,679 डिब्बों का निर्माण किया गया है। कुल उत्पादन में से 1,600 डिब्बे करीब 95 फीसदी सामान्य एवं शयनयान श्रेणी के साधारण यात्रियों की सुविधा हेतु निर्मित, वंदेभारत चेयर कार उत्पादन बढ़ाने हेतु विशेष पहल, 16 डिब्बों वाली प्रथम वंदे भारत चेयर कार रेक का निर्माण फरवरी 2026 में प्रस्तावित है। आरेडिका की उपलब्धियों पर वार्ता के साथ ही महाप्रबंधक प्रशांत कुमार मिश्रा की पुस्तक टेल्स फ्रॉम रेल्स्ह का विधिवत विमोचन किया गया। इस अवसर पर रेल इंश्युजियास्ट सोसायटी के सक्रिय सदस्य, वरिष्ठ पत्रकार तथा आरेडिका के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। भारतीय रेलवे सेवा के वरिष्ठ अधिकारी और विख्यात रेलवे इतिहासकार पीके मिश्रा ने कहा कि टेल्स फ्रॉम रेल्स भारतीय रेल की आत्मा में उतरने वाली एक अद्वितीय साहित्यिक यात्रा है, जहाँ इस्पात पटरियाँ और भाप के इंजन केवल भौगोलिक दूरियाँ ही नहीं पार करते, बल्कि समय, समाज और साम्राज्य के नियमों को भी पुनर्लेखित किया। मात्र तकनीकी विकास से आगे बढ़ते हुए, बत्तीस कहानियों और निबंधों का यह संग्रह भूतिया श्रमिकों, आधी रात की डाक गाड़ियों और पटरियों के नीचे दबे बुद्ध की रहस्यमय खोज जैसे विलुप्त संसार को पुनर्जीवित करता है।

श्री मिश्रा आरेडिका में आयोजित व्याख्यानमाला में मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित कर रहे थे। वे वर्तमान में आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली के महाप्रबंधक हैं तथा रेल कोच फैक्ट्री, कपूरथला का अतिरिक्त प्रभार भी संभाल रहे हैं। पुस्तक विमोचन समारोह में साहित्यकार पद्मश्री विद्या बिंदु सिंह, पूर्व कुलपति किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी एवं निदेशक कैंसर संस्थान, लखनऊ, तथा रेल इंश्युजियास्ट सोसायटी के सदस्यों में संजय मुखर्जी (सेवानिवृत्त सदस्य, वित्त, रेलवे बोर्ड), अतुल्य सिन्हा (रेल साहित्य विशेषज्ञ), जस्टिस एस. पाल, प्रो. जोयदीप दत्ता, तपन कुमार पाल, वैभव, वियान, संदीप शर्मा, हरप्रीत सिंह, तमिश सिंह, पवन कोप्पा, विवेक खरे प्रधान मुख?य यांत्रिक इंजीनियर/आरेडिका सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# छात्रों को दी गयी भावपूर्ण विदाई




लालगंज, रायबरेली। नगर के सर्वश्रेष्ठ व बहुचर्चित अंग्रेजी माध्यम शिक्षण संस्थान एसजेएस पब्लिक स्कूल लालगंज में कक्षा 12 के छात्रों के सम्मान में भव्य एवं गरिमामय विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक अग्रज सिंह व सह प्रबंधिका डॉ अनुश्री सिंह द्वारा मां वीणा वादिनी की पूजा अर्चना तथा माल्यार्पण के साथ किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या अंजू सिंह ने प्रबंधक तथा प्रबंधिका को फूलों का गुलदस्ता प्रदान कर उनका स्वागत किया। तत्पश्चात अपने स्वागत भाषण के साथ उन्होंने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें जीवन में अनुशासन, परिश्रम और संस्कारों के महत्व से अवगत कराया। इस अवसर पर प्रधानाचार्या व प्रबंध समिति द्वारा कक्षा 12 के छात्रों को स्मृति चिन्ह व उपहार प्रदान किए गए। इसके उपरांत विद्यार्थियों के साथ भावनात्मक फोटो सेशन आयोजित किया गया जिसमें शिक्षकों और छात्रों की यादें कैमरे में कैद हुईं। कार्यक्रम में कक्षा 11 के छात्रों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुतियां दी गईं। नृत्य संगीत और नाट्य प्रस्तुतियों ने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया इसी के साथ अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी प्रभावशाली मंचन किया गया जिसने समारोह को यादगार बना दिया। इस अवसर पर विद्यालय की सह प्रबंधिका डॉ अनुश्री सिंह ने अपने प्रेरक अभिभाषण में छात्रों को आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने तथा विद्यालय की गरिमा बनाए रखने का संदेश दिया, वहीं विद्यालय के प्रबंधक अग्रज सिंह ने विद्यार्थियों को जीवन के नए पड़ाव के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सफलता के साथ-साथ नैतिक मूल्यों को अपनाना ही सच्ची उपलब्धि है। समारोह के अंत में विद्यालय की प्रधानाचार्या द्वारा धन्यवाद भाषण प्रस्तुत किया गया जिसमें उन्होंने सभी अतिथियों, शिक्षकों एवं छात्रों के सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया।

# बूथों पर प्रतिदिन दो घंटे बैठेंगे बीएलओ : डीएम

## मतदाताओं को अब नहीं होगी असुविधा: हर्षिता माथुर

रायबरेली। जिलाधिकारी व जिला निर्वाचन अधिकारी हर्षिता माथुर ने बताया कि जनपद में समाविष्ट छः विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में विशेष प्रगाढ पुनरीक्षण एसआईआर में नोटिसों की सुनवाई का काम जारी है। अब तक करीब 40 हजार से अधिक नोटिसों की सुनवाई का काम पूरा हो चुका है। काम में तेजी लाने व मतदाताओं की सहूलियत के लिए जनपद के 2451 बूथों पर बीएलओ प्रतिदिन दो घंटे बैठेंगे। इस दौरान अनंतिम मतदाता सूची देखने के साथ ही फार्म छह, सात और आठ भी भरवाए जाएंगे। एसआईआर से संबंधित जानकारी भी लोग बीएलओ से ले सकेंगे। जनपद में छह तहसील सहित 42 केंद्रों पर नोटिसों की सुनवाई का काम जारी है। इस दौरान फार्म छह, सात और आठ भरे जा रहे हैं। अब तक लगभग 75 हजार लोगों ने फार्म छह भरे हैं। फिलहाल भारत निर्वाचन आयोग ने बीएलओ व एसआईआर से जुड़े अधिकारियों को राहत देते हुए एक माह का अतिरिक्त समय दिया है। वहीं मतदाताओं को भी राहत देते हुए निर्वाचन आयोग ने सभी बीएलओ को दो घंटे बूथ पर बैठने का आदेश दिया है। जनपद के 2451 बूथों पर सभी बीएलओ प्रतिदिन दो घंटे मौजूद रहेंगे। इस दौरान वह लोगों के फार्म छह सात व आठ भरवाएंगे। वहीं मतदाताओं को अपनी समस्याओं को लेकर इधर-उधर भटकना नहीं पड़ेगा। प्रत्येक बीएलओ को मतदाता अनंतिम सूची दी गई है।

# एक करोड़ की निधि से रोशन होंगे गांव

- रामभजन का भगीरथ प्रयास लाया रंग, आधा दर्जन गांवों को मिलेगी लो वोल्टेज से निजात

चांदा, सुलतानपुर। विकास खण्ड-प्रतापपुर कमैचा के साढ़ापुर, भीटी, गोपालपुर, हंडिया सरपतहा, अमहा, बाभनपुर, मरछे, राजपुर गावो आधा दर्जन से ज्यादा ट्रांसफार्मर की क्षमता में वृद्धि सरायगोपाल गांव की मुस्लिम बस्ती, ब्राह्मण बस्ती एवं दलित बस्ती में एलटी लाइन को बदलने के साथ साथ केवल डालने की स्वीकृति मुख्यमंत्री इमर्जेंसी निधि मिल जाने से ग्रामीणों ने खुशी का इजहार किया। अखिल भारतीय किसान संघ, अयोध्या मंडल, के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रामभजन के अनुरोध पर मुख्यमंत्री इमर्जेंसी निधि से एक करोड़ की धनराशि स्वीकृत किया गया है। शासन ने इस बाबत पत्र जारी कर दिया है। इसके पूर्व पतुलकी, सेमरी



कला एवं खुर्द, मढ़ैया खरगीपुर, रामनगर जैसे दर्जनों गांवों में रामभजन के प्रयास पर ट्रांसफार्मरों की क्षमता वृद्धि नए ट्रान्सफर की स्थापना कराई जा चुकी है। ट्रांसफार्मर की क्षमता वृद्धि से इलाकाई लोगों को जहां लो वोल्टेज की समस्या से निदान मिलेगा, वहीं ट्रांसफार्मर के बार-बार जल जाने से भी मुक्ति मिल सकेगी। सराय गोपाल के बृजेश यादव, गोपालपुर के राकेश यादव, रामनगर के पूर्वप्रमुख अखिलेश सिंह हंडिया के पंकज चौरसिया ने खुशी व्यक्त किया।

# महा त्रिशूल सनातन हिन्दू यात्रा का कूरेभार में भव्य स्वागत

कूरेभार, सुलतानपुर। मध्यप्रदेश से रामनगरी अयोध्या ले जाए जा रहे 60 फीट ऊंचे महा त्रिशूल के साथ निकली महा त्रिशूल सनातन हिन्दू यात्रा का सोमवार शाम कूरेभार में ऐतिहासिक और भव्य स्वागत किया गया। शाम करीब पांच बजे जैसे ही यात्रा अयोध्या जनपद से सटे कूरेभार पहुंची, पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल बन गया। कूरेभार थाने के समीप स्टाल लगाकर यात्रा में शामिल सनातनियों को भोजन कराया गया, वहीं आमजन के बीच प्रसाद वितरण भी किया गया।

यात्रा के स्वागत-सम्मान का नेतृत्व बॉबी सिंह, प्रदेश उप सचिव जनसत्ता दल लोकतांत्रिक ने किया।

थाना परिसर के सामने दर्जनों कार्यकताओं और श्रद्धालुओं के साथ उन्होंने महा त्रिशूल की विधिवत भव्य आरती उतारी। इस दौरान जय श्रीराम के गगनभेदी उद्घोष से पूरा कस्बा



गुंजायमान रहा। श्रद्धालुओं ने फूल-मालाओं से महा त्रिशूल का अभिनंदन किया और यात्रा के उद्देश्य की सराहना की।यात्रा का नेतृत्व कर रहे अजीत योगी ने कहा कि यह यात्रा सनातन संस्कृति के प्रति जनजागरण और सामाजिक एकता के संदेश को लेकर निकाली गई है। उन्होंने बताया कि महा त्रिशूल आस्था, शक्ति और सांस्कृतिक चेतना का प्रतीक है, जिसे रामनगरी अयोध्या तक पहुंचाया जा रहा है, ताकि देशभर के सनातनी इससे प्रेरणा लें। कार्यक्रम के दौरान कूरेभार प्रधान प्रतिनिधि सुरेश कुमार, व्यापार मंडल अध्यक्ष सुजीत कसौधन, समाजसेवी आलोक तिवारी, किशन सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। कस्बावासियों ने यात्रा का गर्मजोशी से स्वागत करते हुए व्यवस्था में सहयोग किया। यात्रा के आगमन से क्षेत्र में धार्मिक उल्लास देखने को मिला और देर तक श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही।

संक्षेप

## कॉरिडोर निर्माण के लिए हुई सातवीं रजिस्ट्री

**मथुरा।** वृन्दावन बांके बिहारी मंदिर कॉरिडोर निर्माण के लिए सोमवार को सातवीं रजिस्ट्री की गई। इसके साथ ही कॉरिडोर निर्माण की दिशा में 900 वर्ग मीटर भूमि का अधिग्रहण प्रशासन द्वारा अब तक कर लिया गया है।

समाजसेवी राधा कृष्ण पाठक ने अपने बांके बिहारी मंदिर के समीप दाऊजी तिराहा पर दाऊजी मंदिर के सामने स्थित 102 वर्ग मीटर के मकान को ठाकुर बांके बिहारी महाराज के हित में रजिस्ट्री कर सौंप दिया। इस संपत्ति में चार दुकान भी मौजूद हैं। उन्होंने यह रजिस्ट्री एडीएम वित्त एवं राजस्व पंकज वर्मा और तहसीलदार जितेंद्र चाहर की मौजूदगी में की। इस दौरान रजिस्ट्री कार्यालय के लिपिक राधारमण भी मौजूद रहे। रजिस्ट्री करने के बाद राधा कृष्ण पाठक ने बताया कि बांके बिहारी महाराज के श्रद्धालुओं के सुविधार्थ उन्होंने अपने मकान को बांके बिहारी महाराज के कॉरिडोर निर्माण के निमित्त दे दिया है। उन्हें ठाकुर जी द्वारा इस पवित्र कार्य को करने के लिए प्रेरणा दी गई।

# गोविन्देश्वर पार्क में हुआ विराट हिन्दू सम्मेलन

जिला संवाददाता

**मथुरा।** श्रीकृष्ण जन्म स्थान मंदिर के समीप स्थित गोविंदेश्वर पार्क में गोविंद नगर हिंदू सम्मेलन आयोजन समिति द्वारा आयोजित विराट हिंदू सम्मेलन में अतिथियों एवं आयोजन समिति द्वारा भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। सम्मेलन में मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अजीत महापात्र राष्ट्रीय संयोजक गौ सेवा ने हिंदू समाज को एकजुट होने ,सामाजिक समरसता, जातिगत भेदभाव मिटाना एवं हिंदू विरासत की रक्षा व सांस्कृतिक चेतना जागरूक करना एवं संघ द्वारा 100 वर्ष में किये गये प्रयासों के संबंध में बताते हुए वर्तमान परिस्थितियों में विशेष जागरूक होने का आवाहन किया।

सम्मेलन में निधि अग्रवाल द्वारा मातृशक्ति का प्रतिनिधित्व करते हुए संघ द्वारा चलाये गये पांच सूत्री सिद्धांतों के बारे में जानकारी देते हुए उनका अनुकरण करने का अनुरोध किया, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि



महामंडलेश्वर श्रीस्वामी राधा प्रसाद देव जू महाराज वह महंत मोहिनी बिहारी शरण महाराज ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए हिंदू समाज को एकजुट रहने तथा जातियों में ना बटकर समग्र हिंदू समाज को मिलकर सशक्त रूप से सनातन धर्म की रक्षा करने के लिए प्रेरित करते हुए आशीर्वचन दिया। सम्मेलन में सिटी जूनियर हाई स्कूल एवं लिटिल एंजेल पब्लिक स्कूल की छात्राओं ने देशभक्ति गीतों व नृत्य द्वारा मनोहारी मंचन किया तथा वंदे मातरम गीत के 150 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भावपूर्ण गीत का मंचन किया। कार्यक्रम का संचालन चारु सिंघल द्वारा किया गया, कार्यक्रम के अंत में अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य प्रवीण अग्रवाल द्वारा धर्म व संप्रदाय सारगर्वित व्याख्या करते हुए सभी श्रोताओं से नई पीढ़ी को भारतीय संस्कृति व संस्कारों को सीखाने का अनुरोध किया एवं सभा में सभी उपस्थित जनों को कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए धन्यवाद दिया। अतिथियों का पार्षद नीरज वशिष्ठ ,अखिलेश अग्रवाल, पंकज शर्मा ,मनोज अग्रवाल, चंद्र मोहन बंसल, जगदीश राजपूत, हरीश शर्मा, गौरव आदि ने पटुका पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों एवं सदस्यों द्वारा भारत माता की आरती की गई। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से रोशन लाल अग्रवाल, एस.के. शर्मा, रामलीला सभा के सभापति जयंती प्रसाद अग्रवाल ,ओमप्रकाश बंसल, राधेश्याम बंसल, डॉक्टर संजय, नवीन मित्तल, उमेश शर्मा, अरुण अग्रवाल, बृजेश शर्मा, रमनलाल गुप्ता, बृजेन्द्र सिंह, शिवम, हिमाशुं अग्रवाल, अनीस ,एवं हजारों की संख्या मै क्षेत्र के गणमान्य निवासियों द्वारा सहभागिता की। कार्यक्रम का समापन भोजन प्रसादी के साथ हुआ।

## आर.सी. जारी कर बकायेदारों से की जायेगी ऋण वसूली: डीएमओ

**बहराइच।** जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी मो. खालिद ने बताया कि उ.प्र. अल्पसंख्यक वित्तीय एवं विकास निगम द्वारा वर्ष 1995 में प्रारम्भ की गई टर्म लोन योजना अन्तर्गत अल्पसंख्यक समुदाय के 1094 लोगों को रोजगार करने के लिए धनराशि रू. 377.92 लाख का ऋण दिया गया था, समय से ऋण जमा न होने के कारण मूलधन सहित ब्याज बढ़कर धनराशि रू. 1893.55 लाख हो गयी है, विभाग द्वारा बकायेदारों से सम्पर्क करने के बावजूद, भी बकाया धनराशि जमा नहीं की जा रही है। इस स्थिति पर प्रबन्ध निदेशक, उ.प्र. अल्पसंख्यक वित्त एवं विकास निगम द्वारा जनपद में ऋण की वसूली नगण्य होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की गई है। श्री खालिद ने डिफाल्टर ऋणधारकों निर्देशित किया है कि 25 फरवरी 2026 तक बकाया सभी ऋण किश्ते गेंद घर स्थित जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी के कार्यालय में जमा करा दें अन्यथा की स्थिति में बकाये की धनराशि की वसूली हेतु भू-राजस्व की भाँति आर.सी. जारी करने की कार्यवाही की जायेगी।

## कार्यकत्रियों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित



**टूंडला।** ब्लॉक टूंडला में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति अभियान के अंतर्गत आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण बाल विकास परियोजना के तत्वावधान में आयोजित किया गया,जिसमें ब्लॉक की समस्त आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों ने भाग लिया।

प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनरों द्वारा कृमि संक्रमण के कारण लक्षण बचाव के उपाय तथा एल्बेंडाजोल दवा के सुरक्षित वितरण के तरीकों की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही कार्यकत्रियों को बच्चों को दवा खिलाने की सही विधि संभावित दुष्प्रभावों की पहचान और प्राथमिक उपचार के बारे में भी प्रशिक्षित किया गया। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति अभियान का उद्देश्य बच्चों में कृमि संक्रमण को रोककर उनके शारीरिक और मानसिक विकास को बेहतर बनाना है। उन्होंने सभी कार्यकत्रियों से अभियान को पूरी गंभीरता और जागरूकता के साथ लागू करने की अपील की। तीन दिवसीय प्रशिक्षण में आगामी 13 फरवरी से आयोजित अभियान के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

## जीआरपी ने दो शराब तस्करों को किया गिरफ्तार

**टूंडला।** जीआरपी पुलिस ने दो शराब तस्करो को प्लेटफार्म से गिरफ्तार किया है। जिनके पास से 40 इंग्लिश के क्वार्टर बरामद हुए। रेलवे स्टेशन टूंडला पर जीआरपी थाना प्रभारी मोनू कुमार आर्य के नेतृत्व में चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। उसी दौरान प्लेटफार्म सात पर दो व्यक्ति खड़े हुए दिखाई दिए। पुलिस ने जब पूछताछ की तो घबराकर भगाने लगे तभी पुलिस गिरफ्तार कर थाने लाई। जहां उनकी तलाशी लेने पर उनके बैग से 40 इंग्लिस के क्वार्टर बरामद किए है। पकड़े गये व्यक्ति ने अपना नाम दीपक नाथ पुत्र बिष्णु नाथ निवासी कारीपुरा थाना मटिया जिला गोलपुरा असम एवं नूर अली पुत्र हाफिज अली निवासी पुपर जुतिया फंगारा थाना बैहाटा जिला कामरूप असम बताया है। पुलिस ने जिन्हें जेल भेजा है।

## संस्कृति विवि के सैकड़ों विद्यार्थी बैठे बौद्धआईकेएस परीक्षा में



**मथुरा।** विश्वविद्यालय परिसर में भारत की पारंपरिक ज्ञान प्रणालियों के बारे में जागरूकता पैदा करने और छात्रों की भारतीय ज्ञान, मूल्यों और दर्शन की समझ का आकलन करने के उद्देश्य से भारत बौद्ध आईकेएस भारतीय ज्ञान प्रणाली परीक्षा का आयोजन विद्या भारती उच्च शिक्षा संस्थान द्वारा किया गया। परीक्षा में संस्कृति विवि के 273 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

भारत बौद्धआईकेएस भारतीय ज्ञान प्रणाली परीक्षा का उद्देश्य छात्रों के बीच भारत की समृद्ध बौद्धिक, सांस्कृतिक और दार्शनिक विरासत के बारे में जागरूकता, समझ और प्रशंसा को बढ़ावा देना है। इस परीक्षा का लक्ष्य प्रतिभागियों के पारंपरिक भारतीय ज्ञान, मूल्यों, नैतिकता और सीखने की स्वदेशी प्रणालियों के ज्ञान का मूल्यांकन करना है, साथ ही आलोचनात्मक सोच और सांस्कृतिक गौरव को प्रोत्साहित करना है। यह भारतीय ज्ञान प्रणाली को समकालीन शिक्षा के साथ एकीकृत करने, समग्र विकास और भारत की सभ्यतागत विरासत के साथ गहरा संबंध बनाने का भी प्रयास करता है। बौद्धआईकेएस परीक्षा कुलाधिपति, डॉ. सचिन गुप्ता और सीईओ, डॉ. मीनाक्षी शर्मा के मार्गदर्शन और प्रेरणा से सफलतापूर्वक आयोजित की गई। परीक्षा में छात्रों की उत्साहपूर्ण भागीदारी और संकाय और कर्मचारियों के सदस्यों का सहयोग देखने को मिला। पूरी परीक्षा प्रक्रिया शांतिपूर्ण और व्यवस्थित तरीके से संपन्न हुई, जो संस्कृति यूनिवर्सिटी की शैक्षणिक उत्कृष्टता और भारत की कालातीत ज्ञान परंपराओं को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता को दशार्ती है। परीक्षा के सुचारू और प्रभावी संचालन के लिए डीन छात्र कल्याण , डॉ. डी. एस. तोमर को समन्वयक नियुक्त किया गया, जबकि स्कूल ऑफ टूरिज्म एंड हॉस्पिटैलिटी के प्रमुख रतीश कुमार शर्मा नोडल अधिकारी के रूप में कार्यरत रहे। उनकी कुशल योजना, समन्वय और प्रशासनिक पर्यवेक्षण ने परीक्षा से संबंधित सभी गतिविधियों का निर्बाध निष्पादन सुनिश्चित किया।

## एसएसपी ने एसओजी प्रभारी सहित आठ चौकी इंचार्ज के कार्यक्षेत्र में किया बदलाव

**मथुरा।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने देर रात जनपद की कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से विभिन्न थानों और चैकियों पर तैनात 22 उपनिरीक्षकों के स्थानांतरण किए हैं। इस प्रशासनिक फेरबदल से पुलिसिंग व्यवस्था में तेजी लाने और अपराध नियंत्रण को प्रभावी बनाने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है।

एसएसपी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार मगोर्रा में तैनात उपनिरीक्षक हरेन्द्र कुमार को चैकी प्रभारी बारहमासी थाना मांट, बलदेव में तैनात उपनिरीक्षक लोकेश कुमार को चैकी प्रभारी मानागढ़ी थाना नौहझील, महिला उपनिरीक्षक मीनू को थाना मगोर्रा से थाना गोविन्द नगर, चैकी प्रभारी सतोहा विकास कुमार शर्मा को यहां से हटाकर हाइवे थाने में तैनात किया गया है। औद्योगिक क्षेत्र के चैकी प्रभारी योगेश गौतम को भी हाइवे थाने में

तैनाती दी गई है। सुरीर में तैनात विनीत चैधरी को सतोहा का चैकी प्रभारी बनाया गया है। मांट की बारहमासी पुलिस चैकी प्रभारी अवधेश पुरोहित को सुरीर, मनोज कुमार को सुरीर से मगोर्रा, यूपी 112 में तैनात मुनीष कुमार व चरन सिंह को सदर बाजार व प्रभारी आरटीआई सैल बनाया गया है। हाल में फरह थाने के ओल क्षेत्र में तैनात प्रभारी के स्थान पर सिविल लाइन चैकी प्रभारी अरविंद कुमार को भेजा गया है। शेरगढ़ में तैनात संदीप कुमार औद्योगिक चैकी क्षेत्र प्रभारी होंगे। पुलिस लाइन से मौनू सिंह को सिविल लाइन चैकी प्रभारी मानागढ़ी, संदीप राणा को थाना एएचटीयू बलदेव में तैनात उज्जवल शर्मा को चैकी प्रभारी कस्बा राया और यहां तैनात रविन्द्र बाबू को शहर कोतवाली सदर थाने में तैनात महिला उपनिरीक्षक रीता गौतम को भी शहर कोतवाली भेजा गया है। महावन थाने में तैनात रामतीर्थ और ओमकार को क्रमशः बलदेव व सुरीर पुलिस लाइन में तैनात उपनिरीक्षक संदीप कुमार को एसओजी टीम का प्रभारी बनाया गया है। कोसीकलां की गढ़ी बरबारी चैकी प्रभारी रजनीश नैंन को पुलिस लाइन और गोविन्द नगर से नकुल कुमार को इसी चैकी का प्रभारी पद पर तैनात किया गया है।

## जिला पंचायत अध्यक्ष ने मृतक के परिजनों से मिलकर जतायी संवेदना



**मथुरा।** बैकुण्ड गार्डन में समाजसेवी टीकमराम चतुवेर्दी के दुखद निधन पर जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चैधरी ने सोमवार को पहुंचकर शोक संतप्त परिवारीजनों से मुलाकात की तथा परिजनों को ढांढस बंधाते हुए कहा कि इस दुखद समय में मैं आपके परिवार के साथ खड़ा हूं।

बैकुण्ठ गार्डन निवासी यश चतुवेर्दी, हेमंत चतुवेर्दी, सचिन चतुवेर्दी बछगांव के पूज्यनीय पिता टीकमराम चतुवेर्दी लम्बे समय से बीमार चल रहे थे। विगत दिवस उनका निधन हो गया। जिससे परिवार और गांव में शोक की लहर दौड़ गई। आज जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चैधरी ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए दुःख की घड़ी में परिवार को धैर्य एवं संबल प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की।

# ब्रज धरोहर रंगयात्रा सम्मान पुरस्कार समारोह में कवि और गीतकार को किया सम्मानित

जिला संवाददाता

**मथुरा।** ब्रज प्रांत की साहित्यिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक सेवा में समर्पित जागृति कला संगम द्वारा ब्रज धरोहर रंग यात्रा सम्मान पुरस्कार समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में शहनाई वादन के उपरांत वेदांत कौशिक द्वारा शंखनाद के मध्य वैदिक मंत्र उच्चारण का पाठन किया गया साथ ही सौरभ कौशिक एवं महिमा कौशिक द्वारा मंगलाचरण आराधना की।

बृज धरोहर रंग यात्रा सम्मान प्रख्यात कवि शिरोमणी, गीतकार पंडित रविंद्र मोहन त्रिपाठी को नागरिक अभिनंदन के दौरान रंग यात्रा के निदेशक पंडित लोकनाथ कौशिक एवं संस्था के पदाधिकारी द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्रज के सुविख्यात कवि एवं गीतकार राधा गोविंद पाठक ने की। नागरिक



अभिनंदन में विशेष रूप से जेपी शर्मा स्मृति मंच आगरा, दयाल कलामंची आगरा, जन सांस्कृतिक मंच आगरा, संत गया प्रसाद स्मारक मंडल श्रीधाम गोवर्धन, सेवायाम-कथायाम रत्न मोती संस्कृत महाविद्यालय गोकुल, बृजेश जागृति रंग मंडल सहित काफी संख्या में संस्था एवं समाज सेवायों द्वारा मुख्य अतिथि पंडित रामेंद्र मोहन त्रिपाठी का सम्मान किया गया। संस्था के निदेशक पंडित लोकेंद्र नाथ कौशिक ने कार्यक्रम में बताया संस्था अब तक 39 साहित्यकार, गीतकार, एवं विभिन्न विधाओं में मर्वज्ञ लोगों का सम्मान कर चुकी है और यह 40 वा सम्मान समारोह है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रख्यात कवि राधा गोविंद पाठक ने काव्य पाठ कर सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम के अंत में नागरिक अभिनंदन से अभिभूत होकर मुख्य अतिथि पंडित रामेंद्र मोहन त्रिपाठी ने अपने उद्बोधन ने कहा मैं जागृति कला संगम द्वारा किया गया सम्मान से अविभूत हूं, संस्था द्वारा किया गया मेरा सम्मान मुझे हमेशा याद रहेगा, मैं और मेरा परिवार इस संस्था का हृदय से आभार व्यक्त करता है, मैं इस सम्मान को हमेशा याद रखूंगा। कार्यक्रम का सफल संचालन कवित्री वेणु उपाध्याय द्वारा किया गया। इस अवसर पर विशेष रूप से मनीष पाल, अवधेश शर्मा, अर्जुन सिंह, अक्षय सत्संगी, मृत्युंजय पाठक मौजूद थे।

# जिलाधिकारी ने की समाज कल्याण विभाग की संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा

जिला संवाददाता

**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी रमेश रंजन ने सोमवार को अपने कक्ष में समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की, बैठक के दौरान उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए की सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम पायदान पर खड़े पात्र व्यक्ति तक पारदर्शिता के साथ पहुंचना चाहिए, जिलाधिकारी को बताया कि सामूहिक विवाह योजना के निर्धारित लक्ष्य पूर्ण हो चुके हैं, साथ ही जिलाधिकारी ने सख्त हिदायत दी की सामूहिक विवाह में कोई भी अपात्र या फर्जी व्यक्ति शामिल न होने पाए, उन्होंने अपील की है की इच्छुक लाभार्थी रजिस्ट्रार कार्यालय में जाकर अपना पंजीकरण अवश्य कराऐं, ताकि पारदर्शिता बनी रहे। निराश्रित महिला पेंशन योजना की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि इसमें किसी प्रकार की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी, उन्होंने कैंप लगाकर विधवा पेंशन के फार्म भरवाने के निर्देश दिए, ताकि अधिक से अधिक महिलाएं लाभांवित हो सके, उन्होंने सभी खंड विकास अधिकारियों को निर्देश दिए।




वृद्धावस्था पेंशन हेतु अपने-अपने क्षेत्र में कैंप लगाए और लम्बित मामलों का तत्काल निस्तारण करें, उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि प्रत्येक माह के प्रथम सोमवार को समाज कल्याण विकास की योजना की गहन जांच करें और विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

उन्होंने जिला प्रोवेशन अधिकारी को निर्देशित किया कि निमार्णाधीन बाल ग्रह का कार्य शीघ्र प्रारंभ कराऐं, साथ ही कन्या सुमंगला योजना के विषय में जिला प्रोवेशन अधिकारी को निर्देशित किया कि ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम विकास अधिकारियों और आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के माध्यम से विशेष शिविर लगाए जाए, ताकि कोई भी पात्र परिवार आवेदन से वंचित न रहे, उन्होंने कहा कि कन्या सुमंगला योजना केवल एक आर्थिक सहायता नहीं है, बल्कि बेटियों के प्रति समाज की सोच बदलने का माध्यम है, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी, इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वि0रा0 विशु राजा उपस्थित रहें।

# मथुरा में किसान महापंचायत संपन्न, एसडीएम महावन को सौंपा लिखित मांग पत्र

**मथुरा।** राया-ःजनपद मथुरा मे यमुनाएक्सप्रेस वे राया कट पर किसानों ने महापंचायत का आयोजन किया। पंचायत का आयोजन जिला अध्यक्ष मथुरा मीरा सिंह के नेतृत्व मे किया. पंचायत का संचालन ललित शर्मा ने किया। किसान महापंचायत मे मुख्य अतिथि अंतराष्ट्रीय ख्वाती प्राप्त भाकियू टिकैत के राष्ट्रीय प्रवक्ता चै राकेश टिकैत विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय महासचिव युद्धवीर सिंह, राष्ट्रीय महासचिब ठाकुर राजवीर सिंह जादौन, प्रदेश अध्यक्ष उत्तरप्रदेश प्रदेश पंडित राजपाल शर्मा महिला प्रकोष्ठ से प्रदेश अध्यक्षा बबली त्यागी पहुंचे। किसान महापंचायत मे किसानों को सम्बोधित करते हुए बताया की अब समय आ गया की किसानों को अब एक जुट होना पड़ेगा फसल और नस्ल



को बचाने के लिए एक बार फिर देश मे एक बड़े आंदोलन की जरुरत है. अमेरिका से हुई ट्रेड डील भारत के लिए एक बड़ा दंश है भारत की संसद मे फैसले अमेरिका मे बैठकर किये जाते है।

बर्तमान सरकार अमेरिका मे बैठे हुकमरन चला रहे है अमेरिका से ट्रेड डील में यह भी स्पष्ट किया गया कि भारत कच्चा तेल अब रस से न खरीद कर अमेरिका वेनेजुएला से खरीदेगा उन्होंने यह भी स्पष्ट किया के अगर कच्चा तेल रस से ना खरीद कर वेनेजुएला और अमेरिका से खरीदा गया तो भारत की अर्थव्यवस्था पर हजारों करोड़ों रुपए का अतिरिक्त भोज पड़ेगा इस बोझ से किस सरदारी तबाह हो जाएगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट कहा कि भारत के व्यापारिक और आंतरिक मामलों पर अमेरिका अपनी नजर बना के रखेगा किसानों को समझाते हुए उन्होंने कहा किसानों को एकजुट होकर के इस ट्रेड डील का विरोध करना होगा। पंचायत में किसानों को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय महासचिव युद्ध वीर सिंह राष्ट्रीय महासचिब ठाकुर राजवीर सिंह जादौन ने संयुक्त रूप से किसानों को संबोधित करते हुए कहा के अमेरिका से हुई ट्रेड डील किसानों के लिए बहुत बड़ा अभिशाप है जो भारत देश में किसानी को खत्म कर देगा ऐसे ही अभी 34 डील और होनी है इस तरह की डील भारतवर्ष में किसान सरदारी को खत्म कर देगी किसान और किसी को बचाने के लिए गांव-गांव जाकर संगठन को खड़ा करना होगा। राष्ट्रपति के नाम मांग पत्र जिलाधिकारी की अनुपस्थिति मे किसानों की समस्याओ का लिखित मांग पत्र उपजिलाधिकारी महावन को सौपा।

## भाकियू की ऑटो चालकों से अवैध वसूली न रोकने पर आंदोलन की चेतावनी


**टूंडला।** भारतीय किसान यूनियन भानू द्वारा टूंडला में ऑटो चालकों से हो रही अवैध वसूली के विरोध में जय भवानी वाटिका नगला सिकंदर में एक बैठक का आयोजन किया गया ।बैठक की अध्यक्षता जिला प्रभारी शीलू सिकरवार ने कहा कि टूंडला में ऑटो चालकों से हो रही अवैध वसूली पर शीघ्र रोक नहीं लगाई गई, तो दिनांक 17 फरवरी 2026 को टूंडला नगर पालिका में एक बड़ा आंदोलन किया जाएगा। इसके पश्चात भी यदि समस्या का समाधान नहीं हुआ, तो आंदोलन को अनिश्चितकालीन रूप दिया जाएगा, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन एवं प्रशासन की होगी। साथ ही सभी किसान साथियों, मजदूर वर्ग एवं ऑटो चालकों से अपील की गई कि वे अभी से आंदोलन की तैयारी में जुट जाएं और 17 फरवरी को अधिक से अधिक संख्या में टूंडला नगर पालिका पहुंचकर आंदोलन को सफल बनाएं ।बैठक में जिला अध्यक्ष दीपक सोलंकी, राष्ट्रीय अध्यक्ष मजदूर मोर्चा सुंदर यादव, राष्ट्रीय संगठन मंत्री हित गोपाल उपाध्याय, तहसील अध्यक्ष टूंडला सूरज जादौन, अर्पित सिसोदिया, प्रदीप परिहार, राहुल तोमर सहित सैकड़ों की संख्या में ऑटो चालक उपस्थित रहे।

## सफाई व्यवस्था को लेकर नगर आयुक्त ने दी कड़ी चेतावनी




**फिरोजाबाद।** वार्ड नंबर-62, नगला गूलरिया के निवासियों को सोमवार सुबह उस समय प्रशासनिक सक्रियता देखने को मिली,जब नगर आयुक्त द्वारा क्षेत्र की सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया गया। सुबह किए गए इस निरीक्षण के दौरान क्षेत्र में स्वच्छता के मानकों में भारी कमियां पाई गईं जिसे लेकर नगर आयुक्त ने सख्त रुख अपनाया है ।नगर आयुक्त प्रशांत नागर ने निरीक्षण के दौरान न केवल गलियों की साफ-सफाई का जायजा लिया, बल्कि स्थानीय लोगों से सीधा संवाद भी किया। क्षेत्रवासियों ने सफाई व्यवस्था के प्रति अपना असंतोष व्यक्त करते हुए बताया कि नियमित सफाई न होने से उन्हें कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है ।मौके पर मौजूद क्षेत्रीय सफाई नायक और स्वच्छता निरीक्षक को कार्य में लापरवाही बरतने पर कड़ी फटकार लगाई गई। नगर आयुक्त ने उन्हें चेतावनी देते हुए निर्देशित किया किसफाई व्यवस्था में तत्काल सुधार सुनिश्चित किया जाए ।कूड़े के उठान और नालियों की सफाई के लिए विशेष अभियान चलाया जाए ।यदि आगामी निरीक्षण के दौरान सफाई व्यवस्था में अपेक्षित सुधार नहीं पाया गया, तो संबंधित स्वच्छता निरीक्षक और सफाई नायक के विरुद्ध कठोर दंडात्मक एवं प्रतिकूल कार्यवाही अमल में लाई जाएगी ।इस निरीक्षण से विभाग में हड़कंप मचा हुआ है और उम्मीद जताई जा रही है कि आने वाले दिनों में क्षेत्र की स्वच्छता स्थिति में सुधार होगा।

## केन्द्रीय कृषि मंत्री ने पत्नी संग लगाई गोवर्धन परिक्रमा




**मथुरा।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चैहान सोमवार को अपनी पत्नी साधना सिंह के साथ आस्था की नगरी गोवर्धन पहुंचे। यहां उन्होंने ब्रज वसुंधरा के समक्ष ब्रजरज को नमन किया। गिरिराज महाराज को प्रणाम किया और ब्रजरज मस्तक पर सजाकर ई रिक्शा से गोवर्धन परिक्रमा प्रारंभ की। उनके आगमन पर स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकताओं ने स्वागत किया ।परिक्रमा से पूर्व कृषि मंत्री ने भावुक स्वर में कहा, वर्षों से ब्रजरज को मस्तक पर सजाने आता रहा हूं। जब ्यराधे राधे्ल बोलते हैं और कृष्ण कन्हैया का ध्यान करते हैं तो स्वाभाविक रूप से गिरिराज धरण आने का मन करता है। इस बार आने में देरी हुई, लेकिन बहुत दिनों से इच्छा थी कि गिरिराजजी की परिक्रमा करूं। गोवर्धन आना मेरा सौभाग्य है। अमेरिका के साथ हुए हालिया समझौते पर बोलते हुए कृषि मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश की कूटनीति विकासोन्मुख है। किसानों के हितों की पूरी रक्षा की गई है। उन्होंने दावा किया कि इस समझौते में गेहूं, धान सहित प्रमुख अनाज पूरी तरह सुरक्षित रखे गए हैं। फल, सब्जियां, डेयरी उत्पाद और मसालों के निर्यात को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा, डेयरी उत्पाद और मसाले शून्य प्रतिशत ड्यूटी पर निर्यात किए जा सकेंगे। इससे किसानों को अमेरिका, यूरोप के 27 देशों सहित बड़े वैश्विक बाजार मिलेंगे, जिससे निर्यात और आय दोनों बढ़ेंगे। चैहान ने कहा कि यह समझौता किसान महिलाओं और युवाओं के सपनों को पंख देने वाला साबित होगा। इससे कृषि आधारित उद्यम, प्रोसेसिंग और वैल्यू एडिशन के नए अवसर खुलेंगे। विपक्ष पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा, हमारे लिए राष्ट्रहित सर्वोपरि है। जबकि कुछ दलों के लिए राजनीति पहले है। भाजपा और प्रधानमंत्री का विरोध करते करते वे देश का विरोध करने लगते हैं। आज भारत विश्व की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। मोहन भागवत द्वारा वीर सावरकर को सम्मान देने के प्रश्न पर कृषि मंत्री ने इसे सर्वथा उचित बताते हुए कहा कि उन्हें सम्मान मिलना चाहिए। एसडीएम प्रजाक्ता त्रिपाठी और श्रीग्रुप के सुदीप अग्रवाल ने बुके भेंट किया। पूर्व विधायक कारिंदा सिंह, विधायक प्रतिनिधि राजा ठाकुर, सियाराम शर्मा, कान्हा शर्मा, पवन मुखिया, अंशु कौशिक, दीपक अग्रवाल और पंकज मुखिया ने दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया।

## संक्षेप

### टाटा के नये मैन्युफैक्चरिंग प्लांट में कामकाज शुरू

तमिलनाडु। टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स लिमिटेड और उसकी सहयोगी कंपनी जगुआर लैंड रोवर ऑटोमोटिव पीएलसी (जेएलआर), ने आज तमिलनाडु के रानीपेट जिले के पनापक्कम में अपनी नई मैन्युफैक्चरिंग यूनिट के संचालन की घोषणा की। यह सुविधा टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स लिमिटेड (टीएमपीवी) और जेएलआर दोनों ब्रांडों के लिए अगली पीढ़ी के वाहनों (इलेक्ट्रिक वाहनों सहित) के उत्पादन हेतु विकसित किए जा रहे एक 'ग्रीनफील्ड प्लांट' के पहले चरण को दर्शाती है। इस प्लांट से बाहर निकलने वाला पहला वाहन जेएलआर की स्थानीय स्तर पर निर्मित 'रेंज रोवर इवोक' है, जो अपनी आधुनिक लग्जरी और बेहतरीन कारीगरी के लिए दुनिया भर में मशहूर है।

### जेनेन्दर आनंद एनपीआईएआर कारोबार के उपाध्यक्ष नियुक्त

नई दिल्ली। निप्पॉन पेंट इंडिया ने जेनेन्दर आनंद को निप्पॉन पेंट इंडिया ऑटोमोटिव रीफिनिश (एनपीआईएआर) कारोबार के उपाध्यक्ष के तौर पर नियुक्त करने की आज घोषणा की। इस भूमिका में आनंद निप्पॉन पेंट नेपाल एवं निप्पॉन पेंट इंडोकोटे कारोबार सहित भारत के लिए ऑटोमोटिव रीफिनिश पोर्टफोलियो को नेतृत्व प्रदान करेंगे और संपूर्ण रणनीतिक निर्देशन, गवर्नेंस और नेतृत्व अंतर्दृष्टि उपलब्ध कराएंगे। जेनेन्दर की नियुक्ति से हमारी भारत यात्रा के एक महत्वपूर्ण चरण में हमारे नेतृत्व की गहराई को मजबूती मिलेगी। जैसा कि हम एक एकीकृत और अनुशासित परिचालन रूपरेखा के तहत हमारे भारतीय ऑटोमोटिव रीफिनिश, नेपाल और इंडोकोटे कारोबार का विस्तार कर रहे हैं, उच्च निष्पादन वाली टीमों का गठन कर उन्हें एकीकृत करने की उनकी क्षमता के साथ सभी ऑटोमोटिव एवं औद्योगिक पारितंत्रों में उनका गहरा अनुभव हमारे लिए मूल्यवान साबित होगा।

### भारत की वैश्विक ताकत का प्रमाण है अमेरिका व्यापार समझौता : रामदेव

मुंबई। बाबा रामदेव ने विदेश नीति में संतुलन बनाए रखने की आवश्यकता पर भी जोर दिया और कहा कि भारत आज वैश्विक मंच पर आत्मविश्वास के साथ अपनी बात रख रहा है, साथ ही सम्मान और कूटनीति को भी बनाए हुए है। बाबा रामदेव के विचारों ने वैश्विक अर्थव्यवस्था और राजनीति में भारत के बढ़ते प्रभाव को रेखांकित किया और एक मजबूत राष्ट्र निर्माण में नेतृत्व, नवाचार और अनुशासन की भूमिका को उजागर किया। इस सम्मान के माध्यम से जी संवाद विद रियल हीरोज 2026 ने उन व्यक्तियों को सम्मानित करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई, जिनके प्रयास प्रगति को प्रेरित करते हैं, राष्ट्रीय गौरव को मजबूत करते हैं और भारत की वैश्विक पहचान को सशक्त बनाते हैं।

### जी5 हिंदी ने केनेडी का ट्रेलर किया रिलीज

नयी दिल्ली। जी5 ने अपनी बहुप्रतीक्षित नोयर थ्रिलर फिल्म केनेडी का दमदार ट्रेलर रिलीज किया है। इस फिल्म का निर्देशन मशहूर फिल्मकार अनुराग कश्यप ने किया है। अंतरराष्ट्रीय फिल्म समारोहों में सराहना और प्यार पाने के बाद, केनेडी अब भारतीय दर्शकों के सामने आने के लिए तैयार है। यह फि ल्म 20 फरवरी को खास तौर पर जी5 पर प्रीमियर होगी। केनेडी एक दमदार मुंबई नॉयर फिल्म है जो केनेडी उदय शेट्टी की कहानी बताती है, वह एक पूर्व पुलिसवाला है, जो अब कॉन्ट्रैक्ट किलर बन चुका है। वह एक कैब ड्राइवर के तौर पर दोहरी ज़िंदगी जीता है, और भ्रष्ट पुलिस कमिश्नर रशीद खान के लिए हत्याएँ करता है। एक ऐसे शहर में अपने गुनाहों से मुक्ति की तलाश करता है, जो उसे उसके अतीत से भागने नहीं देता।

### रोबोटिक व साइंस 3डी मॉडल प्रदर्शनी का सफल आयोजन

लखनऊ। सिटी इंटरनेशनल स्कूल, बालागंज, लखनऊ में यूथ बाजार, रोबोटिक एवं विज्ञान 3डी मॉडल प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों की रचनात्मकता, वैज्ञानिक सोच और कार्य कौशल को बढ़ावा देना रहा। प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने रोबोटिक व विज्ञान के कार्यशील मॉडल और 3डी प्रोजेक्ट प्रस्तुत किए। बच्चों ने अपने मॉडलों के माध्यम से विज्ञान के सिद्धांतों को आसान भाषा में समझाया। उपस्थित अभिभावकों और अतिथियों ने बच्चों के ज्ञान और प्रस्तुति की सराहना की। यूथ बाजार इस आयोजन का मुख्य आकर्षण रहा। इसमें बच्चों ने अपने हाथों से बनाए गए उत्पाद जैसे सजावट की वस्तुएँ, पेपर बैग, ज्वेलरी आइटम तथा कुछ खाने की चीजें तैयार कर स्टॉल पर बेचीं।



# सेंसेक्स में 485 अंकों की उछाल



मुंबई। प्रमुख शेयर सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में सोमवार को लगातार दूसरे कारोबारी सत्र में तेजी जारी रही। भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर उत्साह और सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों, टिकाऊ उपभोक्ता वस्तुओं तथा रियल्टी शेयरों में जोरदार लिवाली से बाजार को समर्थन मिला।

इस दौरान तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 485.35 अंक या 0.58 प्रतिशत बढ़कर 84,065.75 अंक पर बंद हुआ। दिन के कारोबार के दौरान सेंसेक्स एक समय 734.28 अंक तक चढ़कर 84,314.68 अंक के उच्चस्तर पर पहुंच गया था। दूसरी ओर पचास शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 173.60 अंक या 0.68 प्रतिशत बढ़कर 25,867.30 अंक पर बंद हुआ। सत्र के दौरान सूचकांक 228.55 अंक की तेजी के साथ एक वक्त 25,922.25 अंक के ऊपरी स्तर पर पहुंच गया था। सेंसेक्स के शेयरों में भारतीय स्टेट बैंक, टाइटन, अल्ट्राटेक सीमेंट, टाटा स्टील, इटर्नल, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड, कोटक महिंद्रा बैंक, इंडिगो, ट्रेंट, महिंद्रा एंड महिंद्रा, लार्सन एंड टुब्रो, सन फार्मास्युटिकल्स और एशियन पेंट्स में उल्लेखनीय तेजी हुई। पावरग्रिड, एनटीपीसी, आईटीसी, आईसीआईसीआई बैंक, इन्फोसिस, एचडीएफसी बैंक, टेक महिंद्रा, मारुति सुजुकी इंडिया और एक्सिस बैंक के शेयर नुकसान में रहे। बीएसई स्मॉलकैप सेलेक्ट सूचकांक 2.31 प्रतिशत और मिडकैप सेलेक्ट सूचकांक 1.27 प्रतिशत चढ़ा। व्यापार समझौते से मिले सकारात्मक संकेतों और विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की वापसी ने बाजार में जोखिम लेने की भावना को बढ़ावा दिया। निवेशक आगामी परिणामों पर करीब से नजर रख रहे हैं। सरकारी बैंकों का प्रदर्शन उम्मीद से बेहतर रहने के कारण उन्होंने अन्य क्षेत्रों से बेहतर प्रदर्शन किया। उन्होंने आगे बताया कि हालिया गिरावट के बाद टिकाऊउपभोक्ता वस्तुओं और रियल एस्टेट शेयरों में लिवाली देखी गई। सीमेंट, पूंजीगत वस्तुओं, कपड़ा और उपभोक्ता विवेकाधीन वस्तुओं में भी निवेशकों की दिलचस्पी बढ़ी। क्षेत्रवार सूचकांकों में पीएसयू बैंक सबसे अधिक 2.83 प्रतिशत चढ़ा। उसके बाद टिकाऊ उपभोक्ता वस्तुओं में 2.76 प्रतिशत, रियल्टी में 2.64 प्रतिशत और जिंस में 2.06 प्रतिशत की तेजी रही। इसके अलावा औद्योगिकी वस्तुओं, दूरसंचार, पूंजीगत वस्तुओं और धातुओं में भी तेजी रही। उत्साहजनक वैश्विक संकेतों और भारत-अमेरिका व्यापार ढांचे के प्रति सकारात्मकता से बाजार मजबूती के साथ बंद हुए। उन्होंने कहा कि लिवाली का रुझान व्यापक था और रियल्टी, धातु तथा फार्मा में उल्लेखनीय तेजी हुई।

# चांदी छह प्रतिशत बढ़कर 2.72 लाख रुपये पर, सोने में भी बढ़त

नयी दिल्ली। मजबूत वैश्विक रुख और कमजोर डॉलर के कारण सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में चांदी की कीमतें छह प्रतिशत से अधिक बढ़कर 2.72 लाख रुपये प्रति किलोग्राम हो गईं, जबकि सोना लगभग एक प्रतिशत बढ़कर 1.58 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया।



स्थानीय कारोबारियों के अनुसार, चांदी शुक्रवार के 2,55,000 रुपये प्रति किलोग्राम के बंद भाव से 17,000 रुपये, या 6.66 प्रतिशत बढ़कर 2,72,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी कर सहित) हो गई। इसके अलावा, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1300 रुपये, या 0.83 प्रतिशत बढ़कर 158,500 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी कर सहित) हो गया। पिछले सत्र में यह 157,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। सोमवार को डॉलर में गिरावट और सटोरिया लिवाली के कारण सोने में तेजी रही। डॉलर इंडेक्स लगभग 0.30 प्रतिशत के नुकसान के साथ 97 के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जिससे सर्राफा की कीमतों को समर्थन मिल रहा है। उन्होंने कहा कि व्यापक वैश्विक वृहद आर्थिक अनिश्चितता और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की भू-राजनीतिक और शुल्क से संबंधित मुद्दों पर बार-बार और अप्रत्याशित बयानबाजी कीमती धातुओं के लिए सुरक्षित-निवेश परिसंपत्ति के रूप में मांग को बढ़ावा देती है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में, हाजिर चांदी 2.19 डॉलर, या 2.81 प्रतिशत बढ़कर 80.21 डॉलर प्रति औंस हो गई, जबकि सोना एक प्रतिशत बढ़कर 5,012.94 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था। कीमती धातुओं में निवेशकों की भावना को चीन से आए सप्ताहांत के आंकड़ों से और बढ़ावा मिला, जिसमें दिखाया गया कि पीपल्स बैंक ऑफ चाइना ने ऊंची कीमतों के बावजूद जनवरी में लगातार 15वें महीने सोने की खरीदारी जारी रखी। आंकड़ों के मोर्चे पर, व्यापारी बुधवार को जारी होने वाले अमेरिका के मासिक रोजगार आंकड़े (नॉनफार्म पेरोल और बेरोजगारी दर) का इंतजार कर रहे हैं। इसके अलावा, शुक्रवार को जारी होने वाले अमेरिकी महंगाई आंकड़ों पर भी बारीक नज़र रखी जाएगी कि ये दोनों आंकड़े, डॉलर की दिशा तय करने और कीमती धातुओं के लिए नए संकेत देने में अहम भूमिका निभा सकती हैं।

# आयकर कानून का नया नियम अनुपालन बोझ को करेगा कम

नयी दिल्ली। नये आयकर कानून के लिए जारी नियमों का मसौदा एवं फॉर्म को काफी सरल बनाया गया है। इसमें नियमों की संख्या लगभग 35 प्रतिशत घटाकर 333 कर दी गयी है जबकि फॉर्म की संख्या में 50 प्रतिशत से अधिक की कटौती की गयी है।

इस पहल का मकसद करदाताओं के लिए प्रावधानों को सरल बनाना, अनुपालन बोझ को कम करना और व्यवस्था को करदाताओं के अनुकूल बनाना है। आयकर विभाग के सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नये मसौदा नियम और फॉर्म पर लोगों के सुझाव आने के बाद इसे मार्च के पहले सप्ताह में अधिसूचित किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि कर विभाग ने बीते सप्ताह शनिवार को नये आयकर कानून, 2025 के तहत नियमों का मसौदा एवं फॉर्म जारी किये थे। आयकर विभाग ने 22 फरवरी तक आयकर नियम, 2026 के मसौदा नियम और फॉर्म पर संबंधित पक्षों से सुझाव मांगे हैं। नया आयकर कानून, 2025 एक अप्रैल, 2026 से लागू होगा। यह छह दशक से अधिक पुराने आयकर कानून, 1961 की जगह लेगा। आयकर विभाग के सूत्रों ने नियमों के मसौदे और फॉर्म के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि आयकर नियम और फॉर्म को युक्तिसंगत बनाया गया है। प्रस्तावित आयकर नियम, 2026 के तहत नियमों की संख्या घटाकर 333 जबकि फॉर्म की संख्या घटाकर 190 की गयी है।

# रुपया नौ पैसे टूटकर 90.74 प्रति डॉलर पर

मुंबई। रुपया सोमवार को उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में नौ पैसे टूटकर 90.74 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि व्यापारी भारत-अमेरिका अंतरिम व्यापार ढांचे के विवरण का आकलन करते नजर आए। रुपये में भारी अस्थिरता देखी गई क्योंकि घरेलू शेयर बाजार में सकारात्मक रुझान और विदेशी पूंजी के प्रवाह से मिल रहे समर्थन पर निवेशकों के जोखिम से बचने के रवैये का असर पड़ा।



अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 90.66 पर खुला। फिर थोड़ा मजबूत होकर 90.37 प्रति डॉलर तक पहुंच गया जो पिछले बंद भाव से 28 पैसे की बढ़त है। हालांकि, इसने जल्द अपनी बढ़त खो दी और 90.77 प्रति डॉलर के दिन के निचले स्तर पर पहुंच गया। अंत में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 90.74 (अस्थायी) पर बंद हुआ जो पिछले बंद भाव से नौ पैसे कम है। रुपया शुक्रवार को 31 पैसे टूटकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 90.65 पर बंद हुआ था। भारत और अमेरिका ने अंतरिम व्यापार समझौते के लिए एक रूपरेखा तैयार करने की शनिवार को घोषणा की थी जिसके तहत दोनों पक्ष द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा देने के लिए कई वस्तुओं पर आयात शुल्क कम करेंगे। दोनों पक्षों की ओर से जारी संयुक्त बयान के अनुसार, भारत ने अगले पांच वर्ष में 500 अरब अमेरिकी डॉलर के अमेरिकी ऊर्जा उत्पाद, विमान व विमान के कलपुर्जे, कीमती धातुएं, प्रौद्योगिकी उत्पाद और कोकिंग कोयला खरीदने का इरादा व्यक्त किया है। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.05 प्रतिशत की गिरावट के साथ 97.58 पर रहा। घरेलू शेयर बाजारों में सेंसेक्स 485.35 अंक चढ़कर 84,065.75 अंक पर जबकि निफ्टी 173.60 अंक की बढ़त के साथ 25,867.30 अंक पर बंद हुआ।

# ईपीएफओ का नया ऐप सदस्यों को यूपीआई के जरिये पीएफ का पैसा निकालने की सुविधा देगा

नयी दिल्ली। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के अंशधारक इस साल अप्रैल में पेश होने वाले एक नए मोबाइल एप्लिकेशन के जरिये यूपीआई (यूपीआई) भुगतान गेटवे का उपयोग करके अपने पीएफ का पैसा सीधे बैंक खातों में पा सकेंगे। एक शीर्ष सूत्र ने यह जानकारी दी।

सूत्र ने बताया कि श्रम मंत्रालय एक ऐसी परियोजना पर काम कर रहा है, जिसके तहत ईपीएफ का एक निश्चित हिस्सा सुरक्षित कर दिया जाएगा, जबकि एक बड़ा हिस्सा यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) के जरिये बैंक खाते के माध्यम से निकासी के लिए उपलब्ध होगा। सूत्र ने आगे बताया कि ईपीएफओ एक नया मोबाइल ऐप पेश करेगा, जिसके जरिये सदस्य यूपीआई गेटवे का उपयोग करके पैसे निकालने के साथ ही पासबुक शेष राशि जैसी अन्य सेवाओं का लाभ उठा सकेंगे। इस समय सदस्य अपने ईपीएफ खातों तक पहुंचने और सेवाओं का लाभ उठाने के लिए या तो यूनिवर्सल अकाउंट नंबर (यूएएन) पोर्टल या उमंग ऐप का उपयोग करते हैं। ये सेवाएं दोनों मंच पर उपलब्ध रहेंगी, जबकि नया समर्पित ऐप ईपीएफओ ग्राहकों के लिए सेवाओं की पहुंच और वितरण में सुधार करेगा। सूत्र ने बताया कि अंशधारक मोबाइल ऐप के जरिये अपने बैंक खातों में हस्तांतरण के लिए उपलब्ध पात्र ईपीएफ शेष राशि देख सकेंगे।

# वित्त वर्ष 2026-27 में भारत की जीडीपी 6.4 प्रतिशत बढ़ने का अनुमान, जी-20 देशों में सबसे तेजः मूडीज

नयी दिल्ली। भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर आगामी वित्त वर्ष में 6.4 प्रतिशत रहने का अनुमान है जो घरेलू खपत में मजबूती, नीतिगत उपायों और स्थिर बैंकिंग प्रणाली के दम पर जी-20 अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेज होगी। रेटिंग एजेंसी मूडीज रेटिंग्स ने सोमवार को एक रिपोर्ट में यह बात कही।

मूडीज ने अपनी बैंकिंग प्रणाली परिदृश्य रिपोर्ट में कहा कि परिसंपत्ति गुणवत्ता मजबूत बनी रहेगी। हालांकि सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों (एमएसएमई) में कुछ दबाव देखने को मिल सकता है। इसके बावजूद, बैंकों के पास ज ण नुकसान को झेलने के लिए पर्याप्त भंडार मौजूद है। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि मजबूत व्यापक आर्थिक परिस्थितियों और संरचनात्मक सुधारों के समर्थन से 2026 में बैंकों के लिए परिचालन माहौल मजबूत बना रहेगा। मूडीज ने कहा कि हमारा अनुमान है कि वित्त वर्ष 2026-27 में भारत की वास्तविक जीडीपी दर 6.4 प्रतिशत रहेगी जो मजबूत घरेलू खपत एवं नीतिगत उपायों के कारण जी-20 अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेज होगी। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि सितंबर 2025 में माल एवं सेवा कर (जीएसटी) का युक्तिकरण और इससे पहले व्यक्तिगत आयकर की सीमा बढ़ाए जाने से उपभोक्ताओं की वहन क्षमता सुधरेगी एवं खपत आधारित वृद्धि को समर्थन मिलेगा। वित्त वर्ष 2026-27 के लिए मूडीज का यह अनुमान वित्त मंत्रालय की आर्थिक समीक्षा में जताई गई 6.8-7.2 प्रतिशत की सीमा से कम है। आधिकारिक अनुमानों के अनुसार, चालू वित्त वर्ष (2025-26) में भारत की वृद्धि दर 7.4 प्रतिशत रहने की संभावना है जो 2024-25 में दर्ज 6.5 प्रतिशत से अधिक है। मूडीज ने कहा कि मुद्रास्फीति नियंत्रण में रहने और वृद्धि की गति मजबूत बने रहने से वह उम्मीद करता है कि भारतीय रिजर्व बैंक 2026-27 में मौद्रिक नीति में और ढील तभी देगा।



# बिहार को देश के विकसित राज्यों की श्रेणी में लाने का लक्ष्य : बिजेंद्र यादव

पटना। बिहार के वित्त मंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव ने सोमवार को कहा कि राज्य का बजट आकार पिछले कुछ वर्षों में उल्लेखनीय रूप से बढ़ा है।

जो वर्ष 200405 के 23,885 करोड़ रुपये से बढ़कर वर्ष 202627 में 3,47,589.76 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। उन्होंने कहा कि यह वृद्धि राज्य के विकास, अवसंरचना और सामाजिक क्षेत्रों में निवेश करने की बढ़ी हुई क्षमता को दर्शाती है। वित्त मंत्री ने कहा सात निश्चय-3 (वर्ष 20252030) के संकल्प के साथ सरकार बिहार को देश के विकसित राज्यों की श्रेणी में लाने का लक्ष्य रखा गया है। वित्त मंत्री विधानसभा में बजट पर सरकार का पक्ष रखते हुए कहा कि एक तरफ जहां भारत विश्व की अर्थव्यवस्था में सबसे तेज गति से आगे बढ़ रहा है, वहीं दूसरी ओर बिहार की आर्थिक वृद्धि दर भी तेज गति से बढ़ने वाले राज्यों में शामिल है। वर्ष 202526 के लिए अनुमान है कि बिहार की अर्थव्यवस्था 14.9 प्रतिशत की दर से आगे बढ़ेगी। न्याय के साथ विकास के सिद्धांत पर चलते हुए बिहार सरकार ने सात निश्चय-। और सात निश्चय-2 के माध्यम से रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और आधारभूत संरचना में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं।

## सैमसंग ने लॉन्च किया गैलेक्सी एफ70ई 5जी

नयी दिल्ली। सैमसंग ने आज गैलेक्सी एफ70ई 5जी को लॉन्च किया है। यह नई गैलेक्सी एफ70 सीरीज का पहला स्मार्टफोन है, जिसे खासतौर पर युवा जेन जी यूजर्स के लिए बनाया गया है। इसमें बेहतरीन कैमरा अनुभव, अल्ट्रा स्मूद डिस्प्ले और प्रीमियम लेदर फिनिश दी गईहै, ताकि रोजाना क्रिएट करने, शेयर करने और खुद को एक्सप्रेस करने वाले युवा इसे पसंद करें। नया गैलेक्सी एफ70ई 5जी सैमसंग की उस मजबूत सोच को दिखाता है कि हम अपने पैसे को महत्व देने वाले युवाओं को ऐसे नए-नए फीचर्स देकर आगे बढ़ने में मदद करना चाहते हैं। इस फोन में अपने सेगमेंट का सबसे अच्छा कैमरा है, जो बहुत तेज और साफ पोर्ट्रेट फोटो खींचता है। गैलेक्सी एफ70ई 5जी हमारे एनर्जी से भरपूर जेन जी दोस्तों की बड़ी-बड़ी चाहतों और सपनों को पूरा करने के लिए पूरी तरह तैयार है।

## पेज एक का शेष

### टी-20 वर्ल्ड

भी खारिज किया कि आईसीसी से कार्वाई की चेतावनी मिलने के कारण पीसीबी दबाव में है। उन्होंने कहा आपको पता है कि हम इन धमकियों से डरने वालों में से नहीं है। सभी हमारे फील्ड मार्शल (असीम मुनीर) को जानते हैं। हम किसी प्रतिबंध से नहीं डरते। सूत्रों के अनुसार नकवी इस मुद्दे पर हालिया घटनाक्रम की जानकारी प्रधानमंत्री को देंगे और बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के अनुरोध के बाद उनसे बहिष्कार का फैसला वापिस लेने की गुजारिश करेंगे। भारत के खिलाफ मैच 15 फरवरी को कोलंबो में खेला जाना है। सूत्र ने कहा नकवी प्रधानमंत्री को बांग्लादेश, श्रीलंका और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) क्रिकेट बोर्ड तथा आईसीसी के साथ हुई अपनी बातचीत की जानकारी देंगे और उन्हें इस संकट से अवगत कराएंगे। सूत्र ने कहा कि ख्वाजा के साथ हुई बातचीत में नकवी ने कई मुद्दे उठाए। इसमें भारत पाक क्रिकेट की बहाली और बांग्लादेश समेत त्रिकोणीय श्रृंखला का आयोजन शामिल है ताकि विश्व कप से बाहर होने से बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड को हुए नुकसान की भरपाई हो सके। भारत . पाक द्विपक्षीय क्रिकेट आईसीसी के दायरे में नहीं है जबकि त्रिकोणीय श्रृंखला की मांग खारिज कर दी गई है। भारत ने एक दशक से अधिक समय से कोई त्रिकोणीय श्रृंखला नहीं खेली है। आईसीसी अगले अंडर 19 विश्व कप की मेजबानी बांग्लादेश को दे सकती है।

### प्रौद्योगिकी का

तो प्रधानमंत्री ने कहा कि पहला गुण है निडरता। मोदी ने कहा कि नेतृत्व तब शुरू होता है जब कोई व्यक्ति दूसरों का इंतजार किए बिना कार्य करने का निर्णय लेता है। उन्होंने कूड़ा उठाने का उदाहरण दिया, ताकि दूसरे लोग भी ऐसा करने के लिए प्रेरित हों। प्रधानमंत्री ने कहा, लीडर का मतलब चुनाव लड़ना, राजनीतिक पार्टी बनाना, पार्टी में जाना, लच्छेदार भाषण देना नहीं है। उन्होंने कहा कि अच्छे नेता लोगों का मार्गदर्शन करने से पहले उन्हें समझते हैं। उन्होंने कहा, नेता बनने के लिए, पहल करने की सोच विकसित करें। नेतृत्व का एक प्रमुख गुण कम से कम 10 लोगों को अपने विचार स्पष्ट और प्रभावी ढंग से समझाने की क्षमता है। करियर विकल्पों के बारे में उन्होंने कहा कि लगातार बदलती आकांक्षाएं परिवारों को भ्रमित करती हैं, लेकिन सफल लोगों से प्रेरित होना स्वाभाविक है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि दूसरों की केवल उपलब्धियों को ही नहीं देखना चाहिए, बल्कि सफलता के पीछे किए गए प्रयास और अनुशासन को भी देखना चाहिए। एक छात्र की पढ़ाई और रुचियों के बीच संतुलन बनाने संबंधी चिंता को दूर करने की कोशिश करते हुए, मोदी ने कहा कि दोनों ही उपयोगी हैं और एक दूसरे के पूरक हो सकते हैं। स्टार्टअप से संबंधित एक अन्य छात्र के प्रश्न का उत्तर देते हुए उन्होंने कहा कि सबसे पहले इस बात पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए कि आप क्या करना चाहते हैं, चाहे वह प्रौद्योगिकी में नवाचार हो या ड्रोन या विद्युत प्रणालियों जैसे व्यावहारिक समाधान। प्रधानमंत्री ने बच्चों को प्रौद्योगिकी या वित्त में कुशल मित्रों के साथ छोटी टीम बनाने की सलाह दी। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह देखकर उन्हें प्रसन्नता हुई कि देश के 10वीं और 12वीं कक्षा के छात्र भी विकसित भारत 2047 के सपने को अपने मन में संजोए हुए हैं।

### राज्यपाल ने

सुधार, सार्वजनिक परिवहन, सामाजिक सुरक्षा, महिला सशक्तिकरण, शहरी आवास और श्रमिक कल्याण तक सरकार की नीतियों और उनके ठोस परिणामों को क्रमबद्ध रूप से प्रस्तुत किया। राज्यपाल ने ऊर्जा क्षेत्र में हुए व्यापक सुधारों को रेखांकित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में बिजली आपूर्ति व्यवस्था में ऐतिहासिक परिवर्तन दर्ज किया गया है। राज्यपाल ने कृषि क्षेत्र में हुई ऐतिहासिक प्रगति का विस्तृत विवरण प्रस्तुत करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश आज उत्पादन, उत्पादकता और कृषि अर्थव्यवस्था तीनों मोर्चों पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। बागवानी क्षेत्र में भी प्रदेश ने नई ऊंचाइयां छुई हैं। राज्यपाल ने चीनी उद्योग और गन्ना किसानों को लेकर सरकार की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश ने गन्ना मूल्य भुगतान के क्षेत्र में अभूतपूर्व कीर्तिमान स्थापित किए हैं। उन्होंने बताया कि वर्ष 2017 के बाद से अब तक किसानों को ?3,04,321 करोड़ से अधिक का भुगतान किया गया है, जो 1995 से 2017 के बीच हुए कुल भुगतान 2,13,519 करोड़ रुपये से 90,802 करोड़ रुपये अधिक है। राज्यपाल ने पशुपालन और ग्रामीण अर्थव्यवस्था के सुदृढ़ीकरण पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में गो-कल्याण को केवल संरक्षण नहीं, बल्कि स्थायी आजीविका के सशक्त माध्यम के रूप में विकसित किया गया है। राज्यपाल ने वनों और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में प्रदेश की उल्लेखनीय उपलब्धियों को रेखांकित करते हुए बताया कि वर्ष 2017 के बाद से अब तक 242.13 करोड़ पौधों का रोपण किया जा चुका है, जिसके परिणामस्वरूप प्रदेश का वनावरण बढ़कर 9.96 प्रतिशत तक पहुंच गया है। राज्यपाल ने कहा कि सामाजिक न्याय की भावना को केंद्र में रखते हुए सरकार ने बाबा साहेब अंबेडकर रोजगार प्रोत्साहन योजना में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए 23 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित किया है। शहरी विकास और आवास क्षेत्र में हुई प्रगति पर राज्यपाल ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत 36.37 लाख आवासों का निर्माण किया गया है।

### निजी क्षेत्र की

पर उतारने की आवश्यकता है। इसके लिए निजी क्षेत्र की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाए, ताकि इको-टूरिज्म को एक सशक्त और टिकाऊ उद्योग के रूप में विकसित किया जा सके। सोमवार को हुई उत्तर प्रदेश इको टूरिज्म विकास बोर्ड की बैठक मेंमुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि चयनित इको-टूरिज्म स्थलों पर पर्यटकों के लिए अच्छे होटल और स्तरीय रेस्टोरेंट, गुणवत्तापूर्ण आवासीय सुविधाएं और आधुनिक बुनियादी ढांचा विकसित किया जाए, जिससे राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों को आकर्षित किया जा सके। उन्होंने कहा कि गोरखपुर का कुसम्ही जंगल, अयोध्या का कुमारगंज क्षेत्र, गाजीपुर का कामाख्या वन पार्क तथा लखीमपुर खीरी की महेशपुर रेंज जैसे संभावनाशील क्षेत्रों को पीपीपी मॉडल के माध्यम से विकसित किया जाए और स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर सृजित किए जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश की जैवविविधता, प्राकृतिक संपदा, वेटलैंड, झीलें, वन्यजीव और नदी तंत्र केवल पर्यटन का विषय नहीं, बल्कि प्रदेश के भविष्य का आधार हैं।

### संवाद से

से जनता जनार्दन को समर्पित किया जाता है। सभी सदस्य इस पर चर्चा करते हैं। सीएम योगी ने कहा कि 2026-27 का सामान्य बजट 11 फरवरी को प्रस्तुत होगा। इसके उपरांत इस पर चर्चा होगी। बजट सत्र 9 फरवरी से 20 फरवरी तक चलेगा। सीएम योगी ने कहा कि पहली बार कोई राज्य सरकार अपनी आर्थिक उपलब्धियों को लेकर यह कदम उठाएगी। हमने यूपी को बीमारूपन से उबारकर भारत की इकॉनमी के ब्रेकथ्रू के रूप में स्थापित किया है। इन सभी कारकों और यूपी के आर्थिक उन्नयन की इस यात्रा को जानने का अधिकार जनप्रतिनिधियों व जनता जनार्दन को भी होना चाहिए। हमने कितना आर्थिक उन्नयन किया है, यूपी में प्रति व्यक्ति आय में क्या वृद्धि हुई है, रोजगार सृजन की स्थिति क्या है, वित्तीय प्रबंधन में कैसे हमने विषम परिस्थितियों से उबार कर पिछले पांच वर्षों से लगातार यूपी को रेवेन्यू सरप्लस स्टेट के रूप में स्थापित किया है। इन सभी बिंदुओं को लेकर आर्थिक सर्वेक्षण की रिपोर्ट भी सदन में प्रस्तुत होगी। सदस्यों के लिए डेटा प्रस्तुत करने और चर्चा के लिए यह रिपोर्ट महत्वपूर्ण दस्तावेज होगी। सीएम योगी ने कहा कि विधानमंडल लोकतंत्र का महत्वपूर्ण आधार स्तंभ है। यह कार्यवाही को बाधित करके नहीं, बल्कि संवाद से चलता है। किसी भी सदस्य को कोई मुद्दा उठाना है तो संवाद करे, क्योंकि सरकार संवाद से समस्या के समाधान में विश्वास करती है। हर सदस्य के बहुमूल्य सुझावों को स्वीकार करने के साथ ही सरकार हर मुद्दे पर चर्चा करते हुए राज्य के हित में आवश्यक कदम उठाने को सदैव तत्पर है। सीएम ने विपक्षी सदस्यों से अपील की कि कार्यवाही को बाधित न किया जाए, अनावश्यक शोरगुल से बचा जाए। सीएम योगी ने कहा कि पिछले 9 वर्षों के दौरान विधानमंडल में कार्यवाही के नए कीर्तिमान स्थापित हुए हैं। बजट सत्र पर प्रदेश-देश की निगाहें होंगी।

### एसआईआर में

प्रक्रिया में प्रशिक्षित और नियोजित किया जा सकता है। पीठ ने स्पष्ट किया कि मतदाता सूची में संशोधन के सिलसिले में अंतिम निर्णय हमेशा मतदाता सूची अधिकारियों द्वारा ही लिया जाएगा। उसने कहा कि इन 8,505 अधिकारियों की नियुक्ति का तरीका और कामकाज निर्वाचन आयोग द्वारा तय किया जाएगा। सुनवाई के दौरान ममता की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता श्याम दीवान ने एसआईआर प्रक्रिया में सूक्ष्म पर्यवेक्षकों की नियुक्ति और बड़े पैमाने पर योग्य मतदाताओं के नाम हटाए जाने को लेकर आशंकाएं व्यक्त कीं।

### दिल्ली : दो

संज्ञान लिया है जिसमें कहा गया है कि दिल्ली पुलिस के आंकड़ों के अनुसार, जनवरी 2026 के पहले दो हफ्तों में राष्ट्रीय राजधानी में 807 लोग लापता हो गए। इनमें 191 नाबालिग और 616 वयस्क शामिल हैं। पुलिस ने 235 लोगों का पता लगा लिया है और 572 लोग अब भी लापता हैं।

### धामी ने की

टेक्निकल पद के अधिकारियों की नियुक्ति करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कुंभ क्षेत्र में बने सभी पुलों का ऑडिट किया जाए और घाटों का सौंदर्यकरण तथा आवश्यकता अनुसार पुनर्निर्माण कार्य सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि हर की पैड़ी समेत सभी घाटों में श्रद्धालुओं के स्नान की सुगम व्यवस्था हो।

### सीएम योगी ने

है, जबकि शिवांशु का कक्षा नौ में दाखिला दिलाने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के निर्देश पर सीडीओ अभिषेक कुमार ने विकास भवन में संबंधित परिवार से मुलाकात की। इस दौरान परिवार को 50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई। साथ ही खाद्यान्न किट में आटा, चावल, दाल, तेल, बिस्किट, हल्दी, धनिया, मिर्च, भुना चना, नमक, माचिस व आलू उपलब्ध कराए गए। इसके अतिरिक्त सीएसआर किट के तहत पानी की बोतल, छाता, टॉर्च (बैट्री सहित) व मच्छरदानी दी गई। दोनों बच्चों को स्कूल बैग, ज्योमेट्री बॉक्स, स्कूली ड्रेस, जूते, मौजे व स्वेटर, कंबल भी प्रदान किए गए। बाद में परिवार को सरकारी वाहन से उनके घर भिजवाया गया।

### मणिपुर में हिंसा

और उखरुल जिले में हुई दुर्भाग्यपूर्ण लिटान घटना में घायल हुए लोगों से मुलाकात की और उनके शीघ्र स्वस्थ होने के लिए सभी आवश्यक चिकित्सा सहायता का आश्वासन दिया। गलतफहमी के कारण हुई इस घटना के बाद हालात अब नियंत्रण में है। मैं सभी समुदायों से संयम बरतने, कानून का पालन करने और शांति एवं सद्भाव बनाए रखने की अपील करता हूं। सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो फुटेज में हथियारबंद लोग गांव में मकानों और वाहनों को आग लगाते हुए और उग्रवादी अत्याधुनिक हथियारों से हवा में गोली चलाते हुए दिखाई दे रहे हैं। वीडियो क्लिप की प्रामाणिकता की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं कर सका। कानून व्यवस्था बनाए रखने और संदिग्ध व्यक्तियों की आवाजाही को रोकने के लिए महादेव, लंबुई और शांगकाई तथा लिटान की ओर जाने वाले अन्य क्षेत्रों में अतिरिक्त सुरक्षा कर्मियों को तैनात किया गया है।




# जिम्बाब्वे ने ओमान को आठ विकेट से हराया

## ओमान को 103 रन पर आउट करने के बाद जिम्बाब्वे ने 13.3 ओवर में दो विकेट गंवाकर 106 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की

एजेंसी



कोलंबो। ब्लेसिंग मुजरबानी की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद ब्रायन बेनेट की 36 गेंद में नाबाद 48 रन की पारी से जिम्बाब्वे ने आईसीसी टी20 विश्व कप ग्रुप बी मैच में सोमवार को यहां 45 गेंद शेष रहते ओमान को आठ विकेट से शिकस्त दी। ओमान को 103 रन पर आउट करने के बाद जिम्बाब्वे ने 13.3 ओवर में दो विकेट गंवाकर 106 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। मुजरबानी ने चार ओवर में 16 रन देकर तीन विकेट लेते हुए ओमान के शीर्ष क्रम को झकझोरा। उन्हें रिचर्ड नगारवा का (चार ओवर में 17 रन पर तीन विकेट) का अच्छा साथ मिला। एक अन्य तेज गेंदबाज ब्रैड इवांस ने 3.5 ओवर में 18 रन पर तीन विकेट लेते हुए जिम्बाब्वे के निचले क्रम को आउट किया। ओमान ने 27 रन पर पांच विकेट गंवा दिये थे और टीम पर काफी कम स्कोर पर आउट होने का खतरा मंडरा रहा था।

विनायक शुक्ला (21 गेंद में 28 रन), सूफियान महमूद (39 गेंद में 25) और नदीम खान (18 गेंद में 20) की उपयोगी पारियों से टीम ने 100 रन के आंकड़े को पार किया। इन तीनों के अलावा कोई अन्य बल्लेबाज दोहरे अंक में रन बनाने में नाकाम रहा। विनायक और सूफियान ने छठे विकेट के लिए 42 रन की साझेदारी कर ओमान को जल्दी आउट होने बचाया तो वहीं नदीम ने आखिरी ओवरों में कुछ बड़े शॉट के साथ टीम के स्कोर को 100 रन के पार पहुंचाने में अहम योगदान दिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए जिम्बाब्वे ने तेज शुरुआत की। सलामी बल्लेबाज तादिवांशे मारुमनी ने 11 गेंदों में 21 रन की तेज पारी खेली, लेकिन महमूद की गेंद पर वसीम अली ने शानदार कैच लेकर उन्हें पवेलियन भेज दिया। महमूद ने उसी ओवर में डियोन मायर्स को खाता खोले बिना आउट कर दिया। इसके बाद बेनेट और अनुभवी विकेटकीपर ब्रेंडन टेलर (30 गेंदों में 31 रन, रिटायर्ड हर्ट) ने तीसरे विकेट के लिए 68 रन की साझेदारी कर जिम्बाब्वे को 13.3 ओवर में ही जीत दिला दी। बाईस साल के बेनेट पिछले कुछ समय से शानदार लय में है। उन्होंने इससे पहले घरेलू सरजमीं पर तीन अर्धशतक और एक शतक लगाकर जिम्बाब्वे को इस विश्व कप में जगह दिलाई थी। अनुभवी टेलर भी पीछे नहीं रहे और उन्होंने कुछ बेहतरीन शॉट्स खेलते हुए टीम को आसान जीत दिलाई।

जिम्बाब्वे की टीम टी20 विश्व कप के पिछले सत्र में बाहर रहने के बाद मौजूदा टूर्नामेंट में खुद को साबित करने उतरी है। जिम्बाब्वे के कप्तान सिकंदर रजा ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया जिसे मुजरबानी और नगारवा ने सही साबित किया। मुजरबानी ने अपने शुरुआती दो ओवर में तीन जबकि नगावरा ने एक विकेट लिये जिससे चार ओवर के बाद ओमान का स्कोर चार विकेट पर 17 रन हो गया। पावरप्ले के बाद गेंदबाजी के लिए आये रजा ने वसीम अली (तीन) को बोल्ड कर 27 रन तक ओमान की आधी टीम को पवेलियन की राह दिखा दी। विनायक और महमूद ने इसके बाद पारी को संभालने की कोशिश की। दोनों की 42 रन की अहम साझेदारी को नगावरा ने विनायक को विकेटकीपर ब्रेंडन टेलर के हाथों कैच कराकर तोड़ा। इवांस ने महमूद को डीप स्क्वायर लेग पर कैच कराकर ओमान को 76 रन पर आठवां झटका दिया। नदीम ने इसके बाद निचले क्रम के बल्लेबाजों के साथ कुछ बड़े शॉट के दम पर टीम के स्कोर को 100 रन के पार पहुंचाया। वहीं दूसरी ओर टी-20 वर्ल्ड कप 2026 में साउथ अफ्रीका ने सबसे बड़ा स्कोर बना दिया है। टीम ने 9वें मैच में कनाडा को 214 रन का टारगेट दिया है। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में कनाडा ने टॉस जीतकर बॉलिंग चुनी।

ग्रुप-डी के इस मुकाबले में साउथ अफ्रीका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 4 विकेट खोकर 213 रन बना दिए। कप्तान ऐडन मार्करम ने 32 बॉल पर 59 रन की पारी खेली। डेविड मिलर ने 39 और ट्रिस्टन स्टब्स ने 34 रन बनाए। कनाडा के अंश पटेल ने 3 विकेट लिए। जवाब में कनाडा का स्कोर 6 ओवर के बाद 4 विकेट के नुकसान पर 50 रन है। नवनीत धालीवाल और हर्ष ठाकर पिच पर हैं। कप्तान दिलप्रीत बाजवा शून्य के स्कोर पर पवेलियन लौट गए। लुंगी एनगिडी ने 3 विकेट लिए। कागिसो रबाडा को एक विकेट मिला। कागिसो रबाडा ने पावरप्ले के आखिरी स्टेज में अफ्रीका को एक और बड़ी सफलता दिला दी। 5.4 ओवर पर उन्होंने श्रेयस को क्लीन बोल्ड कर दिया। 141 किमी/घंटा की रफ्तार से डाली गई गेंद अंदर की ओर आई और सीधे स्टंप्स से टकरा गई।

उन्होंने श्रेयस 11 गेंदों पर 9 रन बनाकर आउट हुए, जिसमें 2 चौके शामिल रहे। लुंगी एनगिडी ने अपने स्पेल का दूसरा ओवर भी शानदार डाला। ओवर की शुरूआत सिंगल से हुई, लेकिन 2.3 पर युवराज समरा पवेलियन लौट गए। इसके बाद निकोलस किरटन क्रीज पर आए और एक चौका जरूर जड़ा, लेकिन ज्यादा देर टिक नहीं सके। एनगिडी की शॉर्ट गेंद में मिड-ऑन पर रबाडा को कैच दे बैठे। 3 ओवर के बाद कनाडा का स्कोर 26/3 रहा। टीम को अब 102 गेंदों में 188 रन की जरूरत है। 214 रन का पीछा कर रही कनाडा की टीम को पहली ही बॉल पर झटका लग गया। कप्तान दिलप्रीत बाजवा शून्य के स्कोर पर पवेलियन लौटे गए। आखिरी ओवर में साउथ अफ्रीका ने जोरदार फिनिश किया। जसकरन सिंह के ओवर में कुल 21 रन बने और टीम 20 ओवर में 213/4 तक पहुंच गई। ओवर की शुरूआत ही डेविड मिलर के सिक्स से हुई। फुल टॉस गेंद को उन्होंने डीप मिडविकेट के ऊपर भेज दिया। अगली बड़ी हिट 19.2 पर आई, जब मिलर ने शॉर्ट गेंद को डीप बैकवर्ड स्क्वायर लेग के ऊपर से सिक्स के लिए भेजते हुए टीम को 200 के पार पहुंचाया। ओवर की आखिरी गेंद पर ट्रिस्टन स्टब्स ने भी छक्का जड़ दिया। डेविड मिलर 39 (3 सिक्स) और ट्रिस्टन स्टब्स 34 (2 सिक्स) बनाकर नाबाद लौटे।

# हैलेंड के गोल से मैनचेस्टर सिटी ने लीवरपूल को हराया



लंदन। एर्लिंग हैलेंड के अंतिम लम्हों में पेनल्टी पर दागे गोल की बदौलत मैनचेस्टर सिटी ने इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में लीवरपूल को 2-1 से हराकर खिताब की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखा। नॉर्वे के हैलेंड ने दूसरे हाफ के इंजरी टाइम में गोल दागकर रविवार को अपनी टीम की जीत सुनिश्चित की। मैनचेस्टर सिटी की टीम 25 मैच में 50 अंक के साथ दूसरे स्थान पर है। अब उसके और शीर्ष पर चल रहे आर्सेनल के बीच छह अंक का अंतर है। लीवरपूल को 74वें मिनट में डोमिनिक जोबोस्लाई ने बढ़त दिलाई थी जिसके 10 मिनट बाद बर्नार्डो सिल्वा ने स्कोर 1-1 कर दिया। हैलेंड ने इसके बाद पेनल्टी पर गोल दागकर अपनी टीम की जीत सुनिश्चित की। एक अन्य मुकाबले में क्रिस्टल पैलेस ने ब्राइटन को 1-0 से हराकर 12 मैच से चले आ रहे जीत के इंतजार को खत्म किया। वहीं दूसरी ओर क्रिस्टियानो रोनाल्डो के फुटबॉल करियर में ऐसा भी वक्त आएगा जब वह खिताब नहीं जीता है लेकिन उनके क्लब अल-नासर को उम्मीद है कि 41 साल का यह दिग्गज बुधवार को मैदान पर वापसी कर अपनी टीम को ट्रॉफी के करीब पहुंचाने में मदद करेगा। अल-नासर का मुकाबला एशियन चैंपियंस लीग टू के क्वार्टरफाइनल में जगह पक्की करने के लिए तुर्कमेनिस्तान के अर्काडाग से होगा। पुर्तगाल के फुटबॉल खिलाड़ी रोनाल्डो सऊदी प्रो लीग में अल-नासर के पिछले दो मैचों में नहीं खेले। कुछ खबरों के मुताबिक वह क्लब की फंडिंग व्यवस्था से खुश नहीं थे। वह पिछले महीने ट्रांसफर विंडो में प्रतिद्वंद्वी अल-हिलाल से करीम बेंजेमा को मिले करार के मुद्दे पर खुश नहीं है। अल-नासर, अल-हिलाल, अल-इत्तिहाद और अल-अहली क्लब सऊदी अरब के सरकारी निवेश फंड के तहत आते हैं। सऊदी प्रो लीग (एसपीएल) ने कहा कि कोई भी खिलाड़ी क्लब या लीग से बड़ा नहीं होता। लीग ने कहा सऊदी प्रो लीग एक सरल सिद्धांत पर काम करती है। हर क्लब समान नियमों के तहत स्वतंत्र रूप से संचालित होता है। क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने अल-नासर से जुड़ने के बाद क्लब के विकास और महत्वाकांक्षा में अहम भूमिका निभाई है, लेकिन कोई भी व्यक्ति (चाहे वह कितना भी बड़ा क्यों न हो) अपने क्लब से बाहर के फैसले तय नहीं करता। अल-नासर ने पांच बार बैलन डी ओर जीत चुके रोनाल्डो की गैरमौजूदगी के बावजूद शुक्रवार को मौजूदा चैंपियन अल-इत्तिहाद को 2-0 से हरा दिया।



## किसी भी टीम को दबाव में डाल सकते हैं : स्कॉटलैंड

कोलकाता। इटली के खिलाफ शानदार जीत से उत्साहित स्कॉटलैंड के कप्तान रिची बेरिंगटन का मानना है कि उनकी टीम में शनिवार को यहां होने वाले टी20 विश्व कप ग्रुप सी मैच में दो बार के चैंपियन इंग्लैंड को हराने की क्षमता है जिसने टूर्नामेंट में खराब शुरुआत की है। स्कॉटलैंड ने वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले मैच में मिली हार से शानदार वापसी करते हुए सोमवार को 207 रन बनाए और फिर इटली को 134 रन पर समेटकर ईडन गार्डन्स में 73 रन से जीत हासिल की। दूसरी ओर इंग्लैंड का नेपाल के खिलाफ पहला मैच काफी तनावपूर्ण रहा जहां पूर्व चैंपियन ने 184 रन का बचाव करते हुए सिर्फ चार रन से जीत हासिल की। बेरिंगटन ने यहां मैच के बाद संवाददाताओं से कहा, टूर्नामेंट की शुरुआत से ही यह सपना था। उस मैच (इंग्लैंड बनाम नेपाल) की परवाह किए बिना। हमने अतीत में एक टीम के रूप में दिखाया है। अगर हम अपनी ताकत पर टिके रहते हैं और अच्छा प्रदर्शन करते हैं तो हम किसी पर भी दबाव डाल सकते हैं। बेशक हम जानते हैं कि इंग्लैंड के खिलाफ यह मुश्किल होगा।

## संक्षेप

### कर्नाटक रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल में

मुंबई। भारतीय बल्लेबाज लोकेश राहुल के 24वें प्रथम श्रेणी शतक की बदौलत कर्नाटक ने सोमवार को यहां 42 बार के चैंपियन मुंबई को चार विकेट से हराकर रणजी ट्रॉफी के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। राहुल ने 182 गेंद में 14 चौकों और एक छक्के से 130 रन की पारी खेली जिससे कर्नाटक ने 325 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए छह विकेट पर 325 रन बनाकर जीत दर्ज की। बेंगलुरु में अगले हफ्ते होने वाले सेमीफाइनल में कर्नाटक की भिड़ंत अब उत्तराखंड से होगी। भारत की टेस्ट और एकदिवसीय टीम के अहम सदस्य राहुल को रविचंद्रन स्मरण (नाबाद 83, 123 गेंद, 11 चौके) के रूप में उम्दा जोड़ीदार मिला। दोनों ने मैच के चौथे दिन चौथे विकेट के लिए 147 रन की साझेदारी करके कर्नाटक की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। राहुल की पारी की बदौलत आठ बार का चैंपियन कर्नाटक लंच तक तीन विकेट पर 265 रन बनाकर बेहद मजबूत स्थिति में था। राहुल हालांकि लंच के तुंरत बाद तुषार देशपांडे का शिकार बने। देशपांडे और तनुष कोटियान ने इसके बाद कर्नाटक का स्कोर छह विकेट पर 285 रन कर दिया। बाइस साल के स्मरण ने इसके बाद अपना विकेट बचाने को तरजीह जबकि विद्याधर पाटिल ने 30 गेंद में चार चौकों और एक छक्के से नाबाद 31 रन की पारी खेलकर कर्नाटक को लक्ष्य तक पहुंचा दिया।

### नीदरलैंड के सामने नामीबिया की चुनौती

नयी दिल्ली। पाकिस्तान को कड़ी टक्कर देने के बाद नीदरलैंड मंगलवार को यहां टी20 विश्व कप ग्रुप-ए में एसोसिएट देशों के अहम मुकाबले में नामीबिया के खिलाफ अपने दमखम की परीक्षा देगा। नीदरलैंड की टीम इस भरोसे के साथ दिल्ली पहुंची है कि वह उंची रैंकिंग वाली टीमों को परेशान कर सकती है। श्रीलंका में टूर्नामेंट के पहले मैच में पूर्व चैंपियन पाकिस्तान को झकझोरने के बाद यह टीम अपने आत्मविश्वास को जीत में बदलना चाहेगी। नामीबिया अपने अभियान की शुरुआत एक ऐसी टीम के खिलाफ करेगा जो पहले ही कड़े मुकाबले खेल चुकी है। पाकिस्तान के खिलाफ नीदरलैंड की करीबी हार ने कुछ कमजोरियां भी उजागर की हैं, जिनका फायदा नामीबिया उठा सकता है। पाकिस्तान के खिलाफ नीदरलैंड का 147 रन का स्कोर किसी एक बल्लेबाज पर निर्भर नहीं था। कप्तान स्कॉट एडवर्ड्स ने 37 रन बनाकर पारी संभाली, जबकि बास डी लीडे (30) और कॉलिन एकरमैन (14 गेंदों में 20) ने मध्य ओवरों में तेजी दी।

# विश्व टूर में बदलाव : इंडिया ओपन बैडमिंटन का दर्जा बरकरार

एजेंसी



कुआलालंपुर। विश्व बैडमिंटन महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) द्वारा सोमवार को घोषित भविष्य के कार्यक्रम में भारत को बड़ा झटका लगा है क्योंकि देश में होने वाले आयोजनों की संख्या चार से घटकर

**❍ सैयद मोदी टूर्नामेंट का घटा दर्जा**

दो कर दी गयी है जिसमें इस साल आयोजन संबंधी समस्याओं के बावजूद इंडिया ओपन ने अपना सुपर 750 दर्जा बरकरार रखा है लेकिन सैयद मोदी अंतरराष्ट्रीय सुपर 300 का दर्जा घटाकर सुपर 100 कर दिया गया। विश्व टूर कार्यक्रम से जिन टूर्नामेंटों को हटाया गया है उनमें गुवाहाटी और ओडिशा में आयोजित सुपर 100 टूर्नामेंट शामिल हैं।

इन टूर्नामेंटों को 2023 में शुरू किया गया था। लखनऊमें सैयद मोदी अंतरराष्ट्रीय का आयोजन राष्ट्रमंडल खेल चैंपियन सैयद मोदी की स्मृति में होता है। यह साल 2018 से विश्व टूर सुपर 300 स्तर का टूर्नामेंट रहा है। 2009 में ग्रां प्री टूर्नामेंट के रूप में शुरू हुआ यह आयोजन अब अगले सत्र से सर्किट में शामिल आठ सुपर 100 टूर्नामेंटों में से एक होगा।

भारतीय बैडमिंटन संघ (बीएआई) के महासचिव संजय मिश्रा ने पीटीआई से कहा, पिछली बार विश्व टूर टूर्नामेंटों के लिए 32 देशों ने आवेदन किया था। इस बार 56 देशों ने आवेदन किया है। स्वाभाविक रूप से टूर्नामेंट की संख्या सीमित है, इसलिए बीडब्ल्यूएफ खेल को नए क्षेत्रों तक ले जाना चाहता है। उन्होंने कहा, चीन को भी सिर्फ तीन टूर्नामेंट मिले हैं। हमने बीडब्ल्यूएफ से कहा था कि हम उन टूर्नामेंट की मेजबानी जारी रखना चाहते है, जिन्हें हम पहले से आयोजित करते आ रहे हैं। बीडब्ल्यूएफ के पास हालांकि बहुत ज्यादा अनुरोध थे और वे चाहते थे कि अधिक संख्या में देश विश्व टूर स्तर के टूर्नामेंट की मेजबानी करें। छोटे देश सुपर 100 जैसे टूर्नामेंट आसानी से आयोजित कर सकते हैं क्योंकि इसमें कम राशि की जरूरत होती है। मिश्रा ने आगे कहा हमें एक सुपर 100 टूर्नामेंट मिल रहा था, इसलिए हमने सोचा कि इसे लखनऊमें आयोजित करना बेहतर रहेगा, क्योंकि सैयद मोदी अंतरराष्ट्रीय हमारे सबसे पुराने टूर्नामेंटों में से एक है।

बीडब्ल्यूएफ ने हालांकि अपनी तरफ से सैयद मोदी टूर्नामेंट के स्तर को कम करने या ओडिशा और गुवाहाटी के टूर्नामेंटों को कैलेंडर से हटाने के पीछे के कारण स्पष्ट नहीं किए हैं। दिल्ली में आयोजित होने वाले इंडिया ओपन को 2023 में सुपर 750 का दर्जा दिया गया था। वह अपनी ग्रेड दो, लेवल तीन स्तर बनाए रखेगा और 2027-30 के नए चक्र में भी पांच सुपर 750 टूर्नामेंटों में शामिल रहेगा। इस साल इंडिया ओपन विवादों में भी रहा था।

## एन अजीत ने आईडब्ल्यूएलएफ राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में राष्ट्रीय स्नैच रिकॉर्ड तोड़ा

मोदीनगर। रेलवे खेल संवर्धन बोर्ड (आरएसपीबी) के एन अजीत ने आईडब्ल्यूएलएफ राष्ट्रीय युवा, जूनियर और सीनियर भारोत्तोलन चैम्पियनशिप में पुरूषों के 71 किलो सीनियर वर्ग में 32 किलो वजन उठाकर स्नैच का नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया। अजीत ने स्नैच में 145 किलो और क्लीन एंड जर्क में 175 किलो वजन उठाया।

आरएसपीबी के टी माधवन 317 किलो वजन उठाकर दूसरे स्थान पर रहे। महाराष्ट्र के यश खंडागले को कांस्य पदक मिला। जूनियर वर्ग में महाराष्ट्र के यश खंडागले को स्वर्ण पदक मिला जिन्होंने 300 किलो वजन उठाया। एसएससीबी के अभिनव गोगोइ दूसरे और पश्चिम बंगाल के कल्लोल मल तीसरे स्थान पर रहे। युवा वर्ग में अभिनव गोगोइ ने स्वर्ण, एसएससीबी के रिचिन सी ने रजत और उत्तर प्रदेश के अंबुज शुक्ला ने कांस्य पदक जीता।

## राष्ट्रीय दृष्टिबाधित में मुख्यमंत्री सैनी की 21 लाख सहायता

गुरुग्राम। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सोमवार को यहां दृष्टिबाधित खिलाड़ियों के नागेश ट्रॉफी पुरुष राष्ट्रीय टी20 क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन करने के बाद 21 लाख रुपये की वित्तीय सहायता की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने ताऊदेवी लाल स्टेडियम के क्रिकेट मैदान में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि यह टूर्नामेंट केवल एक खेल आयोजन नहीं, बल्कि आत्मविश्वास, संकल्प, साहस और समान अवसरों का उत्सव है। सैनी ने कहा, खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिले, इसके लिए प्रशिक्षण सुविधाओं, वित्तीय सहायता और रोजगार के अवसरों का विस्तार किया जा रहा है।

# रणजी ट्रॉफी : बंगाल सेमीफाइनल में पहुंचना

एजेंसी



कल्याणी (पश्चिम बंगाल)। सुदीप कुमार घरामी ऐतिहासिक तिहरा शतक बनाने से बेहद करीब आकर चूक गए लेकिन उनकी 596 गेंद और करीब 15 घंटे की बल्लेबाजी से बंगाल ने रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल के चौथे दिन अपनी पहली पारी में बड़ा स्कोर बनाने के बाद सेमीफाइनल की टिकट लगभग पक्की कर ली है।

डिफेंस में चट्टान की तरह मजबूत और एकाग्रता में अथक इस 26 साल के बल्लेबाज ने 930 मिनट की मैराथन पारी के दौरान 31 चौके और छह छक्के लगा कर 299 रन बनाये जिससे बंगाल ने अपनी पहली पारी में 629 रन बनाये। पहली पारी में 295 रन पर सिमटने वाली आंध्र ने दूसरी पारी में 64 रन तक तीन विकेट गंवा दिये है और बंगाल को दोबारा बल्लेबाजी के लिए 270 रन और बनाने होंगे। बंगाल को मैच जीतने के लिए सात विकेट चाहिए लेकिन अगर मुकाबला ड्रॉ रहा तो पहली पारी में बढ़त के आधार पर टीम सेमीफाइनल में पहुंचेगी।

बंगाल क्रिकेट अकादमी में खेले गए इस मुकाबले में घरामी की यह पारी बंगाल के प्रथम श्रेणी इतिहास की सर्वश्रेष्ठ पारियों में शुमार हो गयी हालांकि इसका अंत बेहद निराशाजनक रहा जब शेख रशीद की बेहद नीचे रही गेंद उनके ऑफ स्टंप से टकरा गयी। वह 299 रन पर आउट होने वाले पहले भारतीय और प्रथम श्रेणी क्रिकेट के इतिहास में तीसरे बल्लेबाज़ बन गए। इस सूची में उनसे पहले मार्टिन क्रो और माइक पॉवेल शामिल हैं। डॉन ब्रैडमैन और शांतनु सुगवेकर 299 रन पर नाबाद रहे थे।

# विश्व कप : अमेरिका और पाकिस्तान आमने-सामने



एजेंसी

कोलंबो। पाकिस्तान मंगलवार को यहां टी20 विश्व कप में जब अमेरिका से भिड़ेगा तो 20 महीने पहले इस टीम के खिलाफ मिली शर्मनाक हार का बदला लेने की कोशिश करेगा। वर्ष 2024 में विश्व कप में पदार्पण करते हुए अमेरिका ने पाकिस्तान पर यादगार जीत के साथ बड़े मंच पर अपनी मौजूदगी दर्ज कराई थी। मौजूदा टूर्नामेंट के पहले मैच में भारत से हारने के बाद अमेरिका की टीम यहां सिंहलीज स्पोर्ट्स क्लब में पाकिस्तान के खिलाफ एक और जीत दर्ज करने के लिए अतिरिक्त प्रेरित होगी। दोनों ही टीम को बल्लेबाजी विभाग में काफी काम करना है। पाकिस्तान नीदरलैंड के खिलाफ 148 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए अच्छी स्थिति में था लेकिन बीच के ओवरों में बल्लेबाजों के खराब प्रदर्शन के कारण टीम मुश्किल में पड़ गई। फहीम अशरफ की बदौलत हालांकि टीम जीत हासिल करने में सफल रही। अमेरिका ने वानखेड़े में मौजूदा चैंपियन भारत को दबाव में डाल दिया था लेकिन प्रभावशाली गेंदबाजी प्रदर्शन के बाद उनके बल्लेबाज उम्मीदों पर खरे नहीं उतर पाए। पाकिस्तान की टीम में सभी की नजरें बाबर आजम पर होंगी जिन्होंने सबसे छोटे प्रारूप में वापसी की है। सलामी बल्लेबाज सईम अयूब से भी बल्ले से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी। अयूब हाल के दिनों में स्पिनर के तौर पर अधिक सफल रहे हैं। कप्तान सलमान अली आगा का भी मानना है कि उनके खिलाड़ियों को नीदरलैंड के खिलाफ मैच की तुलना में दबाव से बेहतर तरीके से निपटना होगा।

## जम्मू कश्मीर रणजी सेमीफाइनल में

इंदौर। तेज गेंदबाज आकिब नबी के करियर के सर्वश्रेष्ठ 12 विकेट से जम्मू कश्मीर ने रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल मैच के चौथे दिन सोमवार को यहां मध्य प्रदेश को 56 रन से हराकर पहली बार सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की की। पहली पारी में सात विकेट चटकाने वाले 29 साल के नबी ने दूसरी पारी में पांच विकेट झटके जिससे जीत के लिए 291 रन के लक्ष्य का पीछा कर रही 2021-22 की चैंपियन मध्य प्रदेश की टीम 234 रन पर आउट हो गयी। जम्मू कश्मीर के सामने सेमीफाइनल में बंगाल और आंध्र के बीच खेले जा रहे क्वार्टर फाइनल से आगे बढ़ने वाली टीम की चुनौती होगी। दूसरे सेमीफाइनल में उत्तराखंड की टक्कर कर्नाटक से हागी। आकिब ने बीते दिन 23 रन देकर तीन विकेट लिये थे जिससे मध्य प्रदेश का स्कोर दूसरी पारी में पांच विकेट पर 84 रन था। आकिब ने मैच के चौथे दिन रामवीर गुर्जर (11) और फिर मध्य प्रदेश की आखिरी उम्मीद सारांश जैन (81 गेंद में 64 रन) को आउट कर मैच में दूसरी बार पांच विकेट झटकने का कारनामा पूरा किया।

# यूएई पर स्थिति मजबूत करने उतरेगा न्यूजीलैंड

एजेंसी




चेन्नई। न्यूजीलैंड मंगलवार को यहां टी20 विश्व कप में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को हराकर लगातार दूसरी जीत के साथ ग्रुप डी के शीर्ष पर अपनी जगह मजबूत करने के इरादे से उतरेगा। न्यूजीलैंड ने रविवार को अफगानिस्तान को पांच विकेट से हराकर दो महत्वपूर्ण अंक हासिल किए और अब वे अपेक्षाकृत आसान प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ बेहतर प्रदर्शन करना चाहेंगे।

अफगानिस्तान के खिलाफ जीत ने न्यूजीलैंड के लंबे और अनुभवी बल्लेबाजी क्रम की उपयोगिता को दिखाया। टीम ने धीमी पिच पर 183 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 14 रन पर दो विकेट गिरने के बावजूद आसानी से पांच विकेट से जीत हासिल की। मिचेल सेंटनर की अगुवाई वाली टीम अपने बल्लेबाजी क्रम के दो महत्वपूर्ण खिलाड़ियों फिन एलेन और रचिन रविंद्र से आत्मविश्वास बढ़ाने वाले प्रदर्शन की उम्मीद करेगी। एलेन और रविंद्र पिछले मैच में मुजीब उर रहमान की स्पिन का शिकार हो गए थे लेकिन यूएई के पास उस तरह के स्तरीय गेंदबाज नहीं हैं।

शीर्ष क्रम के ये दोनों बल्लेबाज दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ महत्वपूर्ण मैच से पहले यूएई की टीम के खिलाफ बड़ा स्कोर बनाने की कोशिश करेंगे। टीम को ग्लेन फिलिप्स से एक बार फिर अच्छी पारी की उम्मीद होगी जिन्होंने न्यूजीलैंड को मुजीब के दोहरे झटकों से उबारने में अहम भूमिका निभाई थी। आक्रामक बल्लेबाजी के लिए पहचाने जाने वाले फिलिप्स ने यहां परिस्थितियों और गेंदबाजों को समझने के बाद हाथ खोले।

## सूर्या की कप्तानी ने मेरा काम आसान किया : गंभीर

नयी दिल्ली। भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने सूर्यकुमार यादव की संयमित नेतृत्व क्षमता की तारीफ करते हुए कहा कि टी20 प्रारूप में कप्तान के तौर पर वह सभी कसौटी पर खरे उतरते हैं और इससे उनका दबाव भरा काम थोड़ा आसान हो जाता है। स्टार स्पोर्ट्स द्वारा साझा किए गए एक छोटे वीडियो में गंभीर ने कहा कि मौजूदा टी20 विश्व कप में सूर्यकुमार जैसे आक्रामक बल्लेबाज का कप्तान होना भारत के लिए सौभाग्य की बात है। इस वीडियो में यह नहीं पता चल रहा है कि गंभीर ने यह बयान कब दिया है। गंभीर ने कहा, सूर्यकुमार ने इस प्रारूप में मेरा काम बहुत आसान कर दिया है। वह लोगों के लिए एक बेहतरीन कप्तान हैं।

# टी-20 : स्कॉटलैंड ने इटली को 73 रन से रौंदा

एजेंसी




कोलकाता। सलामी बल्लेबाज जॉर्ज मुन्से के आक्रामक अर्धशतक और माइकल लीस्क के ऑलराउंड खेल से स्कॉटलैंड ने आईसीसी टी20 विश्व कप के ग्रुप सी मैच में सोमवार को यहां इटली को 73 रन से रौंदकर पहली जीत दर्ज की। स्कॉटलैंड के 208 रन के बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए इटली की टीम ऑफ स्पिनर लीस्क (17 रन पर चार विकेट) के करियर की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी के सामने बेन मानेंती (52) के अर्धशतक और हैरी मानेंती (37) के साथ उनकी चौथे विकेट की 73 रन की साझेदारी के बावजूद 16.4 ओवर में 134 रन पर सिमट गई।

स्कॉटलैंड ने इससे पहले बाएं हाथ के बल्लेबाज मुन्से की 54 गेंद में दो छक्कों और 14 चौकों से 84 रन की पारी और माइकल जोन्स (37) के साथ पहले विकेट की उनकी 126 रन की साझेदारी से चार विकेट पर 207 रन बनाए और मौजूदा टूर्नामेंट में 200 रन के आंकड़े को पार करने वाली पहली टीम बनी। ब्रेंडन मैकमुलेन (नाबाद 41, 18 गेंद, चार छक्के) और लीस्क (नाबाद 22, पांच गेंद, दो छक्के, दो चौके) ने अंत में ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की। लीस्क ने अंतिम ओवर में थॉमस ड्रेका पर दो छक्के और दो चौके से 22 रन जुटाए।

# मार्च तक खत्म हो जायेगी नक्सलवाद की समस्या

## माओवाद से समाज को कभी लाभ नहीं हुआ, विनाश ही हुआ है : शाह



जगदलपुर। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि माओवाद ने कभी किसी समाज को लाभ नहीं पहुंचाया और जहां भी यह मौजूद रहा, उसने तबाही फैलाई। उन्होंने इस संबंध में कोलंबिया, पेरू और कंबोडिया जैसे देशों का उदाहरण दिया।

शाह ने छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले के मुख्यालय जगदलपुर में बस्तर पंडुम 2026 सांस्कृतिक कार्यक्रम के समापन समारोह को संबोधित करते हुए, दोहराया कि देश से नक्सलवाद की समस्या 31 मार्च तक पूरी तरह खत्म हो जाएगी। उन्होंने नक्सलियों से आत्मसमर्पण करने और मुख्यधारा में शामिल होने की अपील की और उन्हें सम्मानजनक पुनर्वास का वादा किया। उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ सरकार की माओवादी पुनर्वास नीति सबसे आकर्षक है। उन्होंने इसको लेकर भी चिंता जताई कि जो नक्सली अभी भी डटे हुए हैं, उनमें युवा आदिवासी लड़कियां भी शामिल हैं। शाह ने कहा, उन्हें (युवा आदिवासी लड़कियों को) पुनर्वास के लिए भेजा जाना चाहिए क्योंकि उनके सामने पूरी जिंदगी पड़ी है। शाह ने आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों को किसी भी तरह का नुकसान नहीं पहुंचाए जाने का आश्वासन देते हुए चेतावनी दी कि जो लोग गोली चलाना जारी रखेंगे, आईईडी लगाएंगे और विद्यालयों एवं अस्पतालों को आग लगाएंगे, उन्हें बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि सशस्त्र हिंसा का कड़ा जवाब दिया जाएगा। अगर कोई हथियार उठाएगा, तो जवाब भी हथियारों से ही दिया जाएगा। माओवाद ने किसी भी समाज को लाभ नहीं पहुंचाया और जहां भी यह मौजूद रहा, वहां विनाश फैलाया, जिसमें कोलंबिया, पेरू और कंबोडिया जैसी देश भी शामिल हैं। शाह ने शेष सशस्त्र नक्सलियों से आत्मसमर्पण करने की अपील करते हुए कहा कि हम किसी से लड़ना नहीं चाहते। हमारी लड़ाई अपने आदिवासी भाइयों और बहनों की रक्षा के लिए है। जब आईईडी लगाए जाते हैं, तो निर्दोष बच्चों की जान जा सकती है या वे स्थायी रूप से अपंग हो सकते हैं। यह क्रूरता कहां से आती है?

उन्होंने कहा कि माओवादियों ने दशकों तक स्कूल बंद रखे, जिससे कई पीढ़ियां शिक्षा से वंचित रहीं और बड़े पैमाने पर निरक्षरता फैली। शाह ने कहा, हालांकि बस्तर अब तेज विकास के रास्ते पर है। स्कूल फिर से खुल रहे हैं, सड़कें बन रही हैं, मोबाइल टावर लगाए जा रहे हैं, डाकघर खोले जा रहे हैं और गांवों तक बिजली एवं पेयजल पहुंचाया जा रहा है। हमारा संकल्प है कि अगले पांच वर्षों में बस्तर देश का सबसे विकसित आदिवासी बहुल संभाग बने। शाह ने कहा कि सरकार ने बस्तर इलाके में विकास को तेज करने के लिए एक रोडमैप तैयार किया है, जिसमें सात जिले हैं। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य दिसंबर 2027 तक सभी गांवों में बिजली पहुंचाना, हर गांव में मोबाइल कनेक्टिविटी सुनिश्चित करना और हर पांच किलोमीटर के अंदर एक डाकखाना या बैंक शाखा खोलना है। उन्होंने कहा, आदिवासियों से 3,100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदा जाएगा, घरों को रसोई गैस सिलेंडर दिये जाएंगे और हर घर में नल के पानी का कनेक्शन सुनिश्चित किया जाएगा। नक्सलवाद कम होने के साथ, बस्तर की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए एडवेंचर टूरिज्म, होमस्टे, कैनोपी वॉक और ग्लास ब्रिज जैसी नयी पर्यटन पहल विकसित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि बस्तर में आदिवासी युवाओं के लिए रोजगार सृजित करने के उद्देश्य से 118 एकड़ में एक नया औद्योगिक क्षेत्र स्थापित किया जा रहा है।

# महिलाओं के लिए राजद ने कुछ नहीं किया: नीतीश



पटना। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को विधानपरिषद में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) पर आरोप लगाया कि सत्ता में रहते हुए उसने महिलाओं के लिए कोई काम नहीं किया। यह टिप्पणी विपक्षी सदस्यों द्वारा राज्य में कथित रूप से बढ़ते दुष्कर्म के मामलों को लेकर प्रदर्शन के बीच की गई। सदन की कार्यवाही शुरू होते ही राबड़ी देवी के नेतृत्व में विपक्षी सदस्य दुष्कर्म की हाल की घटनाओं पर मुख्यमंत्री की प्रतिक्रिया की मांग करते हुए नारेबाजी करने लगे। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में दुष्कर्म की घटनाएं आम बात बन गई हैं। हंगामे के बीच सदन में मौजूद मुख्यमंत्री बोलने के लिए खड़े हुए। राजद पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा, जब वे लोग सत्ता में थे, तब इन्होंने कोई काम नहीं किया। महिलाओं के लिए कुछ नहीं किया। 2005 में हमारे सत्ता में आने के बाद बिहार का सर्वांगीण विकास हुआ है और राज्य हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है।

उन्होंने उपसभापति रामबचन राय से हंगामा कर रहे सदस्यों के खिलाफ कार्रवाई करने का अनुरोध भी किया। हंगामे के दौरान मुख्यमंत्री और विधानपरिषद में नेता प्रतिपक्ष राबड़ी देवी के बीच तीखी नोकझोंक भी देखी गई, लेकिन माइक्रोफोन बंद होने के कारण उनकी बात सुनाई नहीं दी। हंगामा जारी रहने पर उपसभापति रामबचन राय ने सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी। सदन के बाहर संवाददाताओं से बातचीत में राबड़ी देवी ने आरोप लगाया, राज्य में कानून-व्यवस्था पूरी तरह विफल हो गई है और हर दिन हत्या एवं दुष्कर्म की घटनाएं हो रही हैं। यह सरकार अक्षम है। उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और गृह विभाग संभाल रहे उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से इस्तीफा देने की मांग की। राबड़ी देवी ने दावा किया, गृह मंत्री ने खुद कहा था कि अगर ऐसी कोई घटना होती है, तो वह 24 घंटे के भीतर इस्तीफा दे देंगे।

## संक्षेप

### यमुना के डूब क्षेत्र में अनधिकृत निर्माण को लेकर एनजीटी का एमसीडी व अन्य को नोटिस

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण (एनजीटी) ने यमुना नदी के डूब क्षेत्र में अनधिकृत निर्माण के आरोपों वाली याचिका के संबंध में दिल्ली नगर निगम (एमसीडी), दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) और अन्य से जवाब मांगा है। एनजीटी यहां वजीराबाद गांव के एक निवासी द्वारा दायर एक पत्र याचिका पर सुनवाई कर रहा था जिसमें आरोप लगाया गया है कि मजनू का टीला क्षेत्र में नदी के डूब क्षेत्र में एक बहुमंजिला इमारत का निर्माण किया जा रहा है। एनजीटी के अध्यक्ष न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव और विशेषज्ञ सदस्य ए सेंथिल वेल की पीठ ने पांच फरवरी को एक आदेश में कहा कि याचिका में पर्यावरण मानदंडों के अनुपालन के संबंध में महत्वपूर्ण मुद्दे उठाए गए हैं। इसमें एमसीडी, डीडीए, दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) और संबंधित जिलाधिकारी (डीएम) को पक्षकार या प्रतिवादी के रूप में शामिल किया गया। अधिकरण ने कहा, रजिस्ट्री को निर्देश दिया जाता है कि वह उपरोक्त प्रतिवादियों को हलफनामे के माध्यम से जवाब दाखिल करने के लिए नोटिस जारी करे। हलफनामे में जिलाधिकारी उस व्यक्ति का विवरण देंगे जो कथित निर्माण कार्य कर रहा है और यह भी बताएंगे कि क्या उक्त निर्माण यमुना नदी के डूब क्षेत्र में है।

# हमें गुंडा राज स्वीकार्य नहीं है : सीजेआई

नयी दिल्ली। भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत ने सोमवार को कहा कि गुंडा राज अस्वीकार्य है और उन्होंने सात फरवरी को यहां एक जिला अदालत में अदालत कक्ष के अंदर मारपीट का आरोप लगाने वाले एक वकील को दिल्ली उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश से संपर्क करने के लिए कहा। एक वकील ने प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति एन वी अंजारिया की पीठ के समक्ष तत्काल सुनवाई के लिए अपनी याचिका का उल्लेख किया।

वकील ने कहा कि मैं तीस हजारी अदालत में अतिरिक्त जिला न्यायाधीश (एडीजे) हरजीत सिंह पाल की अदालत में पेश हुआ था। मैं आरोपी की ओर से पेश हुआ था। शिकायतकर्ता के वकील ने कई गुंडों के साथ मिलकर मुझ पर हमला किया... उन्होंने मुझे पीटा और न्यायाधीश वहीं बैठे थे। अदालत के सभी सदस्य वहां मौजूद थे। इस पर सीजेआई ने कहा, यह घटना सात फरवरी को हुई थी। क्या आपने इसकी सूचना दिल्ली उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश को दी है?

# बंगाल: मतदाता सूची संशोधन अभियान के बीच अधिवास प्रमाण पत्र आवेदनों में रिकॉर्ड वृद्धि




कोलकाता। कोलकाता नगर निगम (केएमसी) को पिछले डेढ़ महीने में अधिवास प्रमाण पत्र के लिए 18600 आवेदन प्राप्त हुए हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची के जारी विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के कारण आवेदनों में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। उन्होंने दावा किया कि इन लगभग 18,605 आवेदनों में से अधिकांश छह फरवरी तक जमा किए गए थे, जो सामान्य मासिक औसत 200 से कई गुना अधिक है। अधिकारियों और तृणमूल कांग्रेस के पार्षदों ने कहा कि एसआईआर प्रक्रिया शुरू होने के बाद से अधिवास प्रमाण पत्र की मांग में तेजी से वृद्धि हुई है क्योंकि यह दस्तावेज उन मतदाताओं के लिए निवास के महत्वपूर्ण प्रमाण के रूप में उभरा है, जिनके नाम सत्यापन प्रक्रिया के दौरान चिह्नित किए गए थे या छूट गए थे। अधिकारियों ने बताया कि प्राप्त कुल आवेदनों में से 18,482 आवेदनों को फील्ड सत्यापन के लिए कोलकाता पुलिस को भेज दिया गया। पुलिस ने अब तक 16,555 जांच रिपोर्टें प्रस्तुत की हैं, जिनके आधार पर निगम कार्यालयों से 14,590 अधिवास प्रमाण पत्र जारी किए गए हैं जबकि सत्यापन रिपोर्ट में प्रतिकूल परिणाम आने के बाद 1,287 आवेदन खारिज कर दिए गए। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के निर्देशों के बाद नगर निगम ने अपने मुख्यालय और पूरे नगर पालिका कार्यालयों में विशेष काउंटर खोले हैं ताकि पुनरीक्षण प्रक्रिया के दौरान निवासियों को आवश्यक दस्तावेज प्राप्त करने में कोई कठिनाई न हो।

# लेबनान में इमारत गिरने से मरने वालों की संख्या बढ़कर हुई 15

बेरूत। उत्तरी लेबनान के त्रिपोली शहर में एक इमारत गिरने से मरने वालों की संख्या बढ़कर 15 हो गई है। सरकारी मीडिया ने सोमवार को यह जानकारी दी। सरकारी समाचार एजेंसी नेशनल न्यूज एजेंसी के मुताबिक, आठ अन्य लोग घायल हो गए।

लेबनान की नागरिक सुरक्षा एजेंसी ने बताया कि कम से कम एक व्यक्ति को गोली लगी है। इमारत गिरने के बाद इलाके के निवासी उस स्थान के आसपास जमा हो गए जहां इमारत गिरी थी और उन्होंने हवा में गोलियां चलाईं। बाब तबबानेह इलाके में स्थित छह मंजिला इमारत रविवार दोपहर को ढह गई। लेबनान के दूसरे सबसे बड़े शहर त्रिपोली के निवासी लंबे समय से सरकारी उपेक्षा और घटिया बुनियादी ढांचे की शिकायत करते रहे हैं। त्रिपोली में खराब निर्माण के कारण इमारतों का ढहना कोई असामान्य बात नहीं है, लेकिन रविवार की घटना से लोगों में आक्रोश फैल गया। अधिकारियों ने इमारत गिरने के कारणों की जांच और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कानूनी कार्वाई का वादा किया है।

# भाजपा राष्ट्र को पहले, विपक्ष स्वार्थ को पहले रखता है: नवीन



पटना। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने सोमवार को कहा कि उनकी पार्टी राष्ट्र को पहले, संगठन को दूसरे और स्वयं को सबसे अंत में रखती है, जबकि विपक्ष के लिए स्वार्थ ही पहला और आखिरी होता है।


भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का पदभार ग्रहण करने के बाद अपने गृहनगर पटना की पहली यात्रा पर पहुंचे नवीन ने पार्टी की बिहार इकाई द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं ने उस दौर में जंगलराज को उखाड़ फेंकने में भूमिका निभाई, जब पर्चे बांटना भी जोखिम से भरा होता था। उन्होंने कहा, त्याग की वही भावना आज भी जारी है। मुझे केरल और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में जाने का अवसर मिला, जहां पार्टी कार्यकर्ता बिना किसी स्वार्थ के संघर्ष कर रहे हैं। भाजपा ऐसी पार्टी है जो राष्ट्र को पहले, पार्टी को दूसरे और स्वयं को सबसे अंत में रखती है। हमारे विरोधियों के लिए स्वार्थ ही पहला और आखिरी होता है। पैंतालीस वर्ष की उम्र में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने नवीन ने कार्यकर्ताओं को आश्वस्त करते हुए कहा, हमारे पास मजबूत वॉच टॉवर है। बूथ स्तर का कार्यकर्ता निश्चिंत रह सकता है कि उसके काम का संज्ञान लिया जा रहा है और वह प्रदेश इकाई का अध्यक्ष, यहां तक कि राष्ट्रीय अध्यक्ष भी बन सकता है। मैं आपके सामने इसका उदाहरण हूं। उन्होंने युवा कार्यकर्ताओं से कहा कि यदि कभी चीजें उनकी इच्छा के अनुसार न हों तो निराश न हों। उन्होंने कहा, वे बेहतर दिनों की उम्मीद रख सकते हैं। पार्टी ने अब तक क्षैतिज विस्तार देखा है।

# हिमंत मुसलमानों के खिलाफ भड़का रहे हैं: गौरव गोगोई

गुवाहाटी। कांग्रेस की असम इकाई के अध्यक्ष गौरव गोगोई ने सोमवार को राज्य के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा पर अपने वीडियो के जरिये मुसलमानों के खिलाफ नरसंहार भड़काने का आरोप लगाया और पुलिस से इस मामले में स्वतः संज्ञान लेने का आग्रह किया। गोगोई का परोक्ष तौर पर इशारा उस वीडियो की ओर था, जिसे अब डिलीट कर दिया गया है। असम इकाई ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा किया था। इसमें शर्मा कथित तौर पर राइफल से निशाना साधते हुए और दो लोगों की तस्वीर पर गोली चलाते हुए दिख रहे थे, जिनमें से एक ने टोपी पहनी हुई थी और दूसरे ने दाढ़ी रखी हुई थी। कैप्शन में पॉइंट-ब्लैंक शॉट लिखा था। असम के मुख्यमंत्री अपने वीडियो के जरिए मुसलमानों के खिलाफ नरसंहार भड़का रहे हैं शर्मा द्वारा एक विशेष समुदाय को निशाना बनाकर इस तरह के घृणास्पद वीडियो सोशल मीडिया पर साझा किए जाने के मामले में पुलिस को स्वतः संज्ञान लेना चाहिए।

# भारतीय-अमेरिकी कार्यपालक अधिकारी को सम्मान

न्यूयॉर्क। भारतीय-अमेरिकी नौवहन कार्यपालक कार्यकारी और सेफसी ग्रुप के चेयरमैन डॉ. एस. वी. अंचन को वैश्विक समुद्री उद्योग में उनके नेतृत्व और योगदान के लिए संयुक्त राष्ट्र की एक एजेंसी और बहरीन के प्रमुख उद्योग संगठन ने संयुक्त रूप से सम्मानित किया है। यह पुरस्कार आठ फरवरी को बहरीन चैंबर द्वारा आयोजित एक विशेष समारोह में प्रदान किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए अंचन ने कहा कि वे ऐसे नेताओं के साथ खड़े होकर सम्मानित महसूस कर रहे हैं, जो संबंधों को मजबूत करने, साझेदारियों को गहरा करने और सार्थक सहयोग बनाने के लिए काम कर रहे हैं। इस तरह के आयोजन उद्योग जगत के नेताओं को और अधिक योगदान देने तथा कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित करते हैं।




## इंटरटेनमेंट...

# किसी भी फिल्म से इंस्पायर्ड नहीं 'गोलमाल 5'




**मुंबई**। फिल्म गोलमाल 5 लगातार चर्चा में बनी हुई है। फिल्म की कहानी को लेकर सोशल मीडिया पर कई तरह की रिपोर्ट्स सामने आ रही थीं। कहा जा रहा है कि यह फिल्म दो और दो पांच से प्रेरित है। इसी बीच अब निर्देशक रोहित शेट्टी ने इन अटकलों पर विराम लगाते हुए साफ किया है कि गोलमाल 5 किसी भी क्लासिक बॉलीवुड फिल्म से प्रेरित नहीं है और इस तरह की खबरें पूरी तरह बेबुनियाद हैं। रोहित शेट्टी ने ऑफिशियल स्टेटमेंट जारी करते हुए कहा, हम ऑनलाइन और डिजिटल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर चल रही कुछ खबरों को लेकर स्पष्टता देना चाहते हैं, जिनमें यह कहा जा रहा है कि गोलमाल 5 फिल्म 'दो और दो पांच' से प्रेरित है या उसी पर आधारित है। हम साफ-साफ कहना चाहते हैं कि ये सभी रिपोर्ट्स गलत, भ्रामक और पूरी तरह असत्य हैं। हम सभी मीडिया हाउसेज, प्रकाशनों, पोर्टल्स और डिजिटल प्लेटफॉर्म्स से सख्त अनुरोध करते हैं कि वे बिना पुष्टि की गई जानकारी को प्रकाशित या प्रसारित न करें।

> रोहित शेट्टी ने जारी किया ऑफिशियल स्टेटमेंट, कहा- खबरें झूठी हैं, कानूनी कार्रवाई होगी

# वॉर ड्रामा के बाद अब कॉमेडी की ओर लौटेंगे वरुण धवन



**मुंबई**। वरुण धवन इन दिनों गंभीर सिनेमा और हल्की-फुल्की कॉमेडी के बीच बैलेंस बना रहे हैं। 'बॉर्डर 2' से उन्होंने अपनी अभिनय क्षमता का विस्तार किया है, वहीं 'है जवानी तो इश्क होना है' के जरिए वे एक बार फिर उसी मास ऑडियंस से जुड़ेंगे। इस फिल्म से वरुण एक बार फिर अपनी जड़ों की ओर लौटते दिख रहे हैं। 'है जवानी तो इश्क होना है' एक शुद्ध मसाला कॉमेडी है, जिसे उनके पिता और कॉमेडी किंग डेविड धवन निर्देशित कर रहे हैं। 'मैं तेरा हीरो, 'जुड़वां 2' और 'कुली नंबर 1' के बाद यह पिता-पुत्र की चौथी फिल्म होगी, जिससे दर्शकों को एक बार फिर क्लासिक डेविड स्टाइल एंटरटेनमेंट की उम्मीद है। ये फिल्म 5 जून को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। फिल्म में पूजा हेगड़े और मृणाल ठाकुर भी मुख्य भूमिकाओं में हैं, वहीं मृणाल का हालिया 'प्रेग्नेंट लुक' फिल्म की कहानी में बड़े ट्विस्ट का संकेत देता है। मृणाल के पास आने वाले समय में कई बड़े प्रोजेक्ट्स हैं।

> है जवानी तो इश्क होना है

# अरिजीत ने कोलकाता में किया लाइव कॉन्सर्ट

मुंबई। प्लेबैक सिंगिंग छोड़ने की घोषणा के कुछ ही दिनों बाद सिंगर अरिजीत सिंह ने रविवार को कोलकाता में लाइव परफॉर्मेंस दी। उन्होंने नेताजी इंडोर स्टेडियम में हुए लाइव कॉन्सर्ट में सितार वादक अनुष्का शंकर के साथ परफॉर्म किया। कॉन्सर्ट में परकशनिस्ट बिक्रम घोष भी मंच पर मौजूद थे। इसे अरिजीत की प्लेबैक सिंगिंग छोड़ने के ऐलान के बाद पहली पब्लिक परफॉर्मेंस माना जा रहा है। कॉन्सर्ट के दौरान अरिजीत ने बंगाली क्लासिक 'माया भोरा राती' गाया, जिसे मूल रूप से लक्ष्मी शंकर ने आवाज दी थी और पंडित रवि शंकर ने कंपोज किया था।

अनुष्का शंकर ने जब उन्हें मंच पर इंट्रोड्यूस किया, तो अरिजीत इमोशनल हो गए और कहा कि वह काफी नर्वस हैं। साथ ही उन्होंने उन्हें बुलाने के लिए धन्यवाद दिया। अनुष्का शंकर महान सितार वादक पंडित रवि शंकर की बेटी और ब्रिटिश-अमेरिकी सितार वादक और संगीतकार हैं। इसके बाद अरिजीत और अनुष्का ने 'ट्रेसेस ऑफ यू' का डुएट परफॉर्म किया।

> प्लेबैक सिंगिंग छोड़ने की घोषणा के बाद पहली पब्लिक परफॉर्मेंस में अनुष्का शंकर के साथ परफॉर्म किया

# फिल्म 'स्पिरिट' से प्रकाश राज नहीं हुए बाहर



**मुंबई**। दीपिका पादुकोण के बाद डायरेक्टर संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म स्पिरिट से एक्टर प्रकाश राज के बाहर होने की खबर सामने आई थी। हालांकि, इस पर प्रतिक्रिया देते हुए प्रकाश राज ने इसे गलत बताया है। दरअसल, रविवार को ओटीटी प्लेयर की एक रिपोर्ट में कहा गया था कि प्रकाश राज को फिल्म में एक अहम किरदार के लिए साइन किया गया था, लेकिन अब वह प्रोजेक्ट का हिस्सा नहीं हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक, शूटिंग के दौरान स्क्रिप्ट और एक सीन को फिल्माने के तरीके को लेकर डायरेक्टर और एक्टर के बीच तीखी बहस हुई थी। बाद में ये मतभेद और बढ़ गए। रिपोर्ट में यह भी दावा किया गया था कि सेट पर एक्टर का व्यवहार टीम के लिए चैलेंजिंग हो गया था, जिसके चलते मेकर्स ने उनसे अलग होने का फैसला लिया। हालांकि, हिंदुस्तान टाइम्स से बातचीत में प्रकाश राज ने इन दावों को खारिज करते हुए कहा, 'ये सब बेकार की बातें हैं। मुझे इसके बारे में कुछ भी पता नहीं है। उन्होंने साफ किया कि वह अब भी फिल्म का हिस्सा हैं। गौरतलब है कि फिल्म स्पिरिट पिछले साल मई के महीने में तब चर्चा में आई थी, जब इससे दीपिका पादुकोण बाहर हो गई थीं।

> एक्टर ने कहा- ये सब बेकार की बातें हैं, संदीप रेड्डी वांगा से बहस की अफवाहें थीं




आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी (पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com